अप्पटिसञ्ञा (स्त्री) : समझ का या ज्ञान का अभाव।

अप्पटिसन्धिक (वि.) : प्रतिसंधि (=पुनर्जन्म) के अयोग्य।

अप्पटिसम (वि.) : अप्रतिसम, जिसके समान कोई न हो।

अप्पणा (स्त्री) : किसी वस्तु पर ध्यान एकाग्र करना, अर्पणा।

अप्पणिहित (वि.) : इच्छा-रहित, कामना-रहित।

अप्पतिट्ठ (वि.) : असहाय, बेसहारा।

अप्पतिस्सव (वि.) : विद्रोही।

अप्पतीत (वि.) : अप्रसन्न, नाखुश, निराश।

अप्पदुट्ठ (वि.) : अक्रुद्ध, अदुष्ट, अप्रदुष्ट।

अप्पधंसीय (वि.) : ध्वंश न करने योग्य।

अप्पमञ्ञा (स्त्री) : मैत्री, करूणा, मुदिता तथा उपेक्षा आदि चारों असीम भावनाएं।

अप्पमत्त (वि.) : जागरूक, अप्रमादी, अप्रमत्त, आलसरहित।

अप्पमाण (वि.) : असीम।

अप्पमेय्य (वि.) : अप्रमेय, जो मापा न जा सके।

अप्पवत्ति (स्त्री.) : अप्रवृत्ति, अभाव।

अप्पसाद (पु.) : अप्रसाद, असंतोष, असमाधान।

अप्पसत्थ (वि.) : अप्रशंसित।

अप्पसन्न (वि.) : अप्रसन्न।

अप्पसारम्भ (वि.) : विशेष कष्टकर नहीं।

अप्पस्सक (वि.) : निर्धन, गरीब, दरिद्री।

अप्पस्साद (वि.) : अल्प-आस्वाद।

अप्पहीन (वि.) : अप्रहीन, अविनष्ट।

अप्पाणक (वि.) : प्राण-रहित, कीडे-मकौडों रहित।

अप्पातङ्क (वि.) : आतंक-रहित, रोग-रहित।

अप्पिच्छ (वि.) : अल्पेच्छ, आसानी से संतुष्ट होनेवाला।

अप्पिय (वि.) : अप्रिय।

अप्पेकदा (क्रि.वि.) : कभी-कभी।

अप्पेव / अप्पेव नाम (अ.) : अच्छा है, यदि ऐसा है।

अप्पेसक्क (वि.) : अधिक प्रभावशाली नहीं।

अप्पोसुक्क (वि.) : (अप्प+उसुक्क) अल्प-उत्सुक, अनुत्साही।

अप्फुट (वि.) : अस्पृष्ट, जो छुआ नहीं गया।

अप्फोटेति (क्रि.) : उंगलियां चटखाता है, ताली बजाता है।

अफल (वि.) : निष्फल, व्यर्थ।

अफस्सित (वि.) : जिसे स्पर्श नहीं किया, अस्पर्शित।

अफासु (वि.) : असुविधा, कठिनाई।

अफेग्गुक (वि.) : दुर्बल नहीं, सबल, मजबूत।

अबद्ध / **अबन्धन** (वि.) : बन्धन-मुक्त, स्वतंत्र।

अबल (वि.) : कमजोर, दुर्बल।

अबला (स्त्री.) : औरत, स्त्री।

अबब (नपुं.) : १. संख्या विशेष, २. एक नरक-लोक।

अब्बण (वि.) : व्रण-रहित, घाव-रहित।

अब्बत (वि.) : अ-व्रत, व्रत-विहीन।

अबाध (वि.) : बाधा-रहित, निरोगी, रोगमुक्त।

अब्बुद (नपुं.) : १. गर्भाधान के पहले या दूसरे महीने में गर्भ की स्थिति, २. फोडा, ३. एक नरक-लोक।

अब्बूहति (क्रि.) : बाहर निकालता है, खींचकर निकालता है।

अब्बूळ्ह (वि.) : बाहर निकाला गया, खींचा गया।

अब्बोकिण्ण (वि.) : सतत, लगातार, विघ्न-रहित।

अब्बोच्छिन्न (वि.) : सतत, बाधा-रहित ।

अब्बोहारिक (वि.) : अव्यावहारिक, गैरकानूनी।

अब्भ (नपुं.) : आकाश, बादल।

अब्भपटल (नपुं.) : बादलों का समूह।

अब्भक (नपुं.) : सीसा, अबरक।

अब्भक्खाति (क्रि.), निंदा करता है, विरुद्ध बोलता है।

अब्भक्खान (नपुं.) : मिथ्या दोषारोपण।

अब्भञ्जति (क्रि.) : तेल की मालिश करता है।

अब्भञ्जन (नपुं.) : मालिश करना, तेल / उबटन लगाना।

अब्भतीत (वि.) : जो गुजर गया।

अब्भनुमोदति (क्रि.) : अत्यधिक संतोष प्रकट करता है।

अब्भनुमोदना (स्त्री.) : अत्यधिक संतोष प्रकट करना।

अब्भन्तर (नपुं.) : भीतर, अंदर।

अब्भन्तर-जातक : बिबांदेवी के लिए सारिपुत्त द्वारा आम्ररस प्राप्त किए जाने के संबंध में जातक-कथा (२८१)।

अब्भागत (वि.) : अतिथि, मेहमान, पधारा हुआ।

अब्भागमन (नपुं.) : आगमन, पदार्पण।

अब्भाघात (नपुं.) : वध-स्थल।

अब्भाचिक्खति (क्रि.) : दोषारोपण करता है।

अब्भाचिक्खन (नपुं.) : आक्षेप, आरोप, दोषारोपण।

अब्भान (नपुं.) : आवाहन, प्रायश्चित करने के बाद भिक्षु को संघ में वापिस लेना।

अब्भाहत (वि.) : आक्रमित, जिस पर आक्रमण किया गया।

अब्भुक्किरण (नपुं.) : बाहर खींचना, सींचना।

अब्भुक्किरति (क्रि.) : बाहर खींचता है, सींचता है।

अब्भुगच्छति (क्रि.) : ऊपर जाता है।

अब्भुग्गत (वि.) : ऊपर उठा, उभरा हुआ।

अब्भुगमन (नपुं.) : ऊपर उठना।

अब्भुग्गिरति (क्रि.) : (कुछ) उठाता है या उठाकर धमकाता है।

अब्भुग्गिरण (नपुं.) : (कुछ) उठाना या उठाकर धमकाना।

अब्भुट्ठान (नपुं.) : उठना, समृद्ध होना, बढना।

अब्भुत (वि.) : आश्चर्यजनक, विस्मयकारी, विलक्षण, अद्भुत।

अब्भुतधम्म : धर्म के नौ अंगों में से एक, आश्चर्यकर-प्रकरण।

अब्भुदेति (क्रि.) : ऊपर उठता है, अभ्युदय होता है, उन्नति करता है।

अब्भुन्नत (वि.) : ऊपर उठा, उन्नत।

अब्भुम्मे (अ.) : ओह! हाय!

अब्भुय्याति (क्रि.) : चढाई करता है, आक्रमण करता है।

अब्भुसूयक (वि.) : उत्साही।

अब्भेति (क्रि.) : आवाहन करता है।

अब्भोकास (पु.) : खुला आकाश, खुली जगह, खुला मैदान।

अब्भोकासिक (वि.) : खुले आसमान के नीचे रहनेवाला।

अब्भोकिण्ण (वि.) : भीड़-भाड़ वाला।

अब्भोकिरण (नपुं.) : अभिचिंतन ।

अब्भोकिरति (क्रि.) : सिंचन करता है, अभिषेक करता है ।

अभब्बो (वि.) : अयोग्य, अक्षम, असमर्थ।

अभय (वि.) : भय-रहित, निर्भय।

अभाव (पु.) : लोप, अदर्शन, न होना।

अभावित (वि.) : अनभ्यस्त, जिसका अभ्यास (भावना) नहीं किया, अविकसित।

अभिकङ्खति (क्रि.) : इच्छा करता है, कामना करता है।

अभिकङ्खन (नपुं.) : इच्छा, कामना।

अभिकिण्ण (वि.) : बिखरा हुआ, फैला हुआ।

अभिकिरण (नपुं.) : बिखराना, फैलाना।

अभिकिरति (क्रि.) : बिखेरता है, फैलाता है।

अभिकीळति (क्रि.) : खेलता है।

अभिकूजति (क्रि.) : गुंजा देता है, कूजन करता है, चहकता है।

अभिकूजन (नपुं.) : गुंजन, चहकना ।

अभिकूजित (वि.) : गुंजित।

अभिक्कन्त (वि.) : १. उन्नत, आगे बढा हुआ, २. अत्यंत सुंदर, बहुत ही सुंदर।

अभिक्कम (पु.) : आगे बढ़ना।

अभिक्कमति (क्रि.) : चल देता है, आगे बढ़ता है।

अभिक्खण (वि.) : निरंतर, नित्य।

अभिक्खणं (क्रि.वि.) : निरंतर, लगातार।

अभिक्खणति (क्रि.) : खोदता है।

अभिक्खणन (नपुं.), खोदना।

अभिगज्जति (क्रि.) : गर्जता है।

अभिगज्जन (नपुं.) : गर्जना, दहाड़ना।

अभिगिज्झति (क्रि.) : तरसता है, लालच करता है।

अभिगिज्झन (नपुं.) : लालच, अभिप्सा।

अभिघात (पु.) / : १. हत्या, प्रहार; २. संपर्क।

अभिघातन (नपुं) : हत्या करना।

अभिघाती (पु.) : घात करने वाला, नाश करने वाला, शत्रु।

अभिचेतसिक (वि.) : चित्त-संबंधी।

अभिचेतेति (क्रि.) : सोचता है।

अभिजच्च (वि.) : अभिजात, उच्चकुलोत्पन्न।

अभिजप्पति (क्रि.) : जाप करता है, इच्छा करता है, प्रार्थना करता है।

अभिजात (वि.) : कुलीन।

अभिजाति (स्त्री.) : १. पुनर्जन्म, २. वर्ग-विशेष।

अभिजानन (नपुं.) : पहचानना, याद करना।

अभिजानाति (क्रि.) : सम्यक प्रकार से जानता है।

अभिजायति (क्रि.) : उत्पन्न होता है, पैदा होता है।

अभिजिगिंसति (क्रि.) : जीतने की इच्छा करता है।

अभिज्जमान (वि.) : जो टूटे नहीं, जो पृथक न हो, विलग करने के अयोग्य।

अभिज्झा (स्त्री.) : अत्यंत लोभ।

अभिज्झायति (क्रि.) : इच्छा करता है।

अभिञ्ञ (वि.) : जानकार।

अभिञ्ञा (स्त्री.) : अभिज्ञा, विशेष प्रकार का ज्ञान ।

अभिञ्ञाण (नपुं.) : अभिज्ञान, पहचान।

अभिञ्ञाय (पू.क्रि.) : भली प्रकार जान कर, अच्छी तरह जान कर।

अभिञ्ञात (वि.) : प्रसिद्ध, सुविदित, अच्छी तरह ज्ञात ।

अभिञ्ञेय्य (वि.) : पूरी पहचान करने योग्य, अच्छी तरह जानने योग्य।

अभिण्ह-जातक : कुत्ते और हाथी की कथा, जो अभिन्न मित्र बन गये थे (२७)।

अभिण्ह (वि.) : लगातार।

अभिण्हं (क्रि.वि.) : प्रायः।

अभिण्हसो (क्रि.वि.) : सदैव, हमेशा।

अभितत्त (वि.) : तपा हुआ, तपाया हुआ, अभितप्त।

अभितपति (क्रि.) : १. तपता है, २. चमकता है।

अभिताप (पु.) : भयंकर गरमी, भयंकर उष्णता।

अभिताळित (वि.) : ताडित, पीटा गया (वाद्य आदि)।

अभिताळेति (क्रि.) : ताडता है, पीटता है।

अभितिट्ठति (क्रि.) : बाजी मार ले जाता है, आगे बढ़ जाता है।

अभितुण्ण (वि.) : सताया हुआ, व्याकुल।

अभितुदति (क्रि.) : आघात करता है, चुभोता है, पीड़ा देता है।

अभितो (अ) : चारों ओर से।

अभितोसेति (क्रि.) : अच्छी तरह संतुष्ट करता है।

अभित्थनति / **अभित्थनेति** (क्रि.) : गर्जना करता है, गरजता है।

अभित्थरति (क्रि.) : जल्दी करता है।

अभित्थवति (व.क्रि.), प्रशंसा करता है, स्तुति करता है।

अभित्थवन (नपुं.) : प्रशंसा, स्तुती।

अभित्थुत (वि.) : प्रशंसित।

अभित्थुनाति (क्रि.) : प्रशंसा करता है।

अभिदोस (पु.) : गत-संध्या, बिती शाम।

अभिदोसिक (वि.) : गत-संध्यासंबंधी।

अभिधमति (क्रि.) : बजाता है।

अभिधम्म (पु.) : विशेष धम्म, तात्त्विक धम्म, अभिधम्म पिटक की विश्लेषणात्मक देशना।

अभिधम्मपिटक : तीन पिटकों में से एक। इसके अंतर्गत सात ग्रंथ हैं - १. धम्मसङ्गणी, २. विभङ्ग, ३. धातुकथा, ४. पुग्गल पञ्ञत्ति, ५. कथावत्थु, ६. यमक, ७. पट्ठान।

अभिधम्मिक (वि.) : अभिधम्म का जानकार।

अभिधा (स्त्री.) / **अभिधान** (नपुं.) : नाम या संज्ञा।

अभिधानप्पदीपिका : बारहवी शताब्दी में लिखा गया पालि-कोश। इसकी रचना संस्कृत अमर-कोश के ढंग पर हुई है।

अभिधावति (क्रि.), दौड़ता है ।

अभिधेय्य (नपुं.) : अर्थ, (वि.) : नामवाला।

अभिनत (वि.) : नत, झुका हुआ।

अभिनदति (व.क्रि.), नाद करता है, करता है, ध्वनि करता है।

अभिनदित (कृ.) : आवाज, ध्वनि।

अभिनन्दति (क्रि.) : आनंदित होता है, संतुष्ट होता है।

अभिनन्दन (वि.) : आनंद, प्रसन्नता, संतोष।

अभिनमति (क्रि.) : झुकता है।

अभिनयन (नपुं.) : १. लाना, २. पूछताछ ।

अभिनय (नपुं.) : नाटक ।

अभिनव (वि.) : नूतन, ताजा।

अभिनादित (वि.) : निनादित, गुंजित।

अभिनिकूजित (वि.) : (पक्षियों की आवाज से) गुंजित।

अभिनिक्खमति (क्रि.) : अभिनिष्क्रमण करता है, गृहत्याग करता है।

अभिनिक्खमन (नपुं.) : अभिनिष्क्रमण, गृहत्याग।

अभिनिक्खिपति (क्रि.) : रख देता है।

अभिनिक्खिपन (नपुं.) : रख देना।

अभिनिपज्जति (क्रि.) : लेट जाता है।

अभिनिपतति (क्रि.) : नीचे गिरता है, आगे बढता है।

अभिनिपात (पु.) / **अभिनिपातन** (पु.) : गिर जाना, आगे बढ़ाना, चढाई, आक्रमण।

अभिनिप्पीळेति (क्रि.) : पीड़ा देता है, पीड़ता है।

अभिनिप्फज्जति (क्रि.) : उत्पन्न होता है, समर्थ होता है।

अभिनिप्फत्ति (स्त्री.) : अभिनिष्पत्ति, उत्पन्न होना, समर्थ होना।

अभिनिप्फादित (वि.) : निष्पन्न किया हुआ

अभिनिप्फादेति (क्रि.) : अभिनिष्पादन करता है, उत्पन्न करता है।

अभिनिब्बत्त (वि.) : उत्पन्न, जन्म ग्रहण किया हुआ।

अभिनिब्बत्ति (स्त्री.) : जन्म ग्रहण करना, उत्पत्ति।

अभिनिब्बत्तेति (क्रि.) : जन्म ग्रहण करता है।

अभिनिब्बिदा (स्त्री.) : वैराग्य।

अभिनिब्बुत (वि.) : पूर्ण शांत, पूरी तरह बुझा हुआ।

अभिनिमन्तेति (क्रि.) : निमंत्रण देता है।

अभिनिम्मिणाति (क्रि.) : उत्पन्न करता है, निर्माण करता है।

अभिनिरोपन (नपुं.) : अपने चित्त को लगाना, मन को केंद्रित करना।

अभिनिरोपेति (क्रि.) : (अपने चित्त में) स्थान देता है, टिकाता है।

अभिनिविसति (क्रि.) : आसक्त होता है, चिपकता है।

अभिनिवेस (पु.) : झुकाव, आसक्ति।

अभिनिसीदति (क्रि.) : पास बैठता है।

अभिनिस्सट (वि.) : निकाल दिया गया, बाहर किया गया।

अभिनीत (वि.) : लाया गया।

अभिनीहट (वि.) : बाहर लाया गया।

अभिनीहरति (क्रि.) : बाहर लाता है।

अभिनीहार (पु.) : संकल्प, अधिष्ठान।

अभिपत्थित (वि.) : वांछित, प्रार्थित।

अभिपत्थेति (क्रि.) : कामना करता है, इच्छा करता है।

अभिपालेति (क्रि.) : पालन करता है, संरक्षण करता है।

अभिपीळेति (क्रि.) : पीड़ा पहुंचाता है, पीड़ता है।

अभिपुच्छति (क्रि.) : पूछता है।

अभिपूरति (क्रि.) : भर जाता है, पूरा होता है।

अभिप्पकिरति (क्रि.) : बिखेरता है, फैलाता है।

अभिप्पकिण्ण (वि.) : बिखेरा हुआ, फैलाया हुआ।

अभिप्पमोदति (क्रि.) : आनंदित होता है, प्रमुदित होता है।

अभिप्पसाद (पु.) : श्रद्धा, भक्ति, विश्वास।

अभिप्पसारेति (क्रि.) : पसारता है, फैलाता है।

अभिप्पसीदति (क्रि.) : श्रद्धावान होता है।

अभिभवति (क्रि.) : जीत लेता है, पराजित करता है ।

अभिभवन (नपुं.) : जीत, विजय।

अभिभवनीय (वि.) : जिसे जीत लेना चाहिए, पराजित करने योग्य।

अभिभू (वि.) : विजेता।

अभिभूत (वि.) : विजित।

अभिमङ्गल (वि.) : मंगल, शुभ, अनुकूल।

अभिमण्डित (वि.) : सजाया गया।

अभिमत (वि.) : इच्छित।

अभिमत्थति (क्रि.) : मथता है, हिलाता है।

अभिमद्दति (क्रि.) : मर्दन करता है।

अभिमद्दन (नपुं.) : मर्दन।

अभिमनाप (वि.) : बहुत अच्छा लगनेवाला, मन को भाने वाला।

अभिमान (पु.) : स्वाभिमान।

अभिमार (पु.) : डाकू।

अभिमुख (वि.) : उपस्थित, आमने-सामने।

अभियाचति (क्रि.) : याचना करता है, मांगता है।

अभियाचन (नपुं.) : याचना।

अभियाति (क्रि.) : विरुद्ध जाता है।

अभियुञ्जति (क्रि.) : १. अभ्यास करता है, २. अभियोग लगाता है, दोषारोपण करता है।

अभियुञ्जन (नपुं.) : १. अभ्यास, २. मुकदमा, अभियोग।

अभियोग (पु.) : अभ्यास, विधि, पालन।

अभियोगी (पु.) : अभ्यासी।

अभिरक्खति (क्रि.) : रक्षा करता है।

अभिरक्खा (स्त्री.) / **अभिरक्खन** (नपुं.) : रक्षा, देखभाल, पहरा।

अभिरति (स्त्री.) : प्रीति, आसक्ति।

अभिरद्धि (स्त्री.) : समाधान, संतोष।

अभिरमति (क्रि.) : रमण करता है, आनंद लेता है।

अभिरमण (नपुं.) : आनंद, रमण।

अभिराम (वि.) : अनुकूल।

अभिरुचि (स्त्री.) : इच्छा, कामना।

अभिरुचित (वि.) : सुखद, प्रिय।

अभिरुचिर (वि.) : अत्यंत सुंदर।

अभिरुद (वि.) : गूंजता हुआ।

अभिरूप (वि.) : सुंदर।

अभिरूहति (क्रि.), ऊपर चढता है।

अभिरूहन (नपुं.) : चढाई, ऊपर चढ़ना।

अभिरूळ्ह (वि.), आरूढ, सवार, चढ़ा हुआ।

अभिरोचेति (क्रि.) : पसंद करता है।

अभिरोपन (नपुं.) : चित्त की एकाग्रता, ध्यान देना।

अभिरोपेति (क्रि.), चित्त को एकाग्र करता है, ध्यान देता है।

अभिलक्खित (वि.) : चिन्हित, निशान किया हुआ।

अभिलक्खेति (वि.) : चिन्ह लगाता है।

अभिलाप (पु.) : बोलना, बातचीत।

अभिलासा (स्त्री.) : अभिलाषा, इच्छा।

अभिवञ्चन (नपुं.) : ठगी, वंचना।

अभिवट्ठ (वि.) : जिस पर वर्षा हुई हो।

अभिवड्ढति (क्रि.) : बढता है, वृद्धि होती है।

अभिवड्ढन (नपुं.) : वृद्धी, बढोतरी।

अभिवण्णित (वि.) : प्रशंसित।

अभिवण्णेति (क्रि.) : प्रशंसा करता है।

अभिवदति (क्रि.) : घोषणा करता है।

अभिवन्दति (क्रि.) : वंदना करता है।

अभिवस्सति (क्रि.) : बरसता है।

अभिवादन (नपुं.) : नमस्कार, प्रणाम।

अभिवादेति (क्रि.) : अभिवादन करता है, नमन करता है।

अभिवायति (क्रि.) : हवा चलती है।

अभिवारेति (क्रि.) : रोकता है, निवारण करता है।

अभिविजयति (क्रि.) : जीतता है, विजयी होता है।

अभिविञ्ञापेति (क्रि.) : प्रेरित करता है, उत्साहित करता है।

अभिवितरण (नपुं.) : दान, वितरण।

अभिवुट्ठ (वि.) : देखे - **अभिवट्ठ**

अभिविसिट्ठ (वि.) : अत्यंत विशेष।

अभिसङ्खत (वि.) : अभिसंस्कृत, रचा गया।

अभिसङ्खरोति (क्रि.) : रचता है।

अभिसङ्खार (पु.) : उपक्रम, संस्कार, संग्रह, संचय।

अभिसङ्खारिक (वि.) : संस्कार-संबंधी, संस्कार से उत्पन्न।

अभिसङ्खरण (नपुं.) : प्रबंध, व्यवस्था।

अभिसङ्ग (पु.) : आसक्ति।

अभिसङ्गी (वि.) : आसक्त, अनुरक्त।

अभिसज्जति (क्रि.) : क्रोधित होता है ।

अभिसज्जन (नपुं.) : क्रोध।

अभिसञ्चेतेति (क्रि.) : विचार करता है, सोचता है।

अभिसट (वि.) : समागत, जिसके पास गए हो, जिससे मिलने गए हो।

अभिसत्त (वि.) : अभिशप्त, शापित।

अभिसद्दहति (क्रि.) : श्रद्धा करता है।

अभिसन्तापेति (क्रि.) : जलाता है।

अभिसन्द (पु.) : उतराना, परिणाम, प्रवाह, निस्राव।

अभिसन्दन (नपुं.) : प्रवाह, धारा, परिणाम।

अभिसन्दहति (क्रि.) : जोड़ता है, मेल बिठाता है।

अभिसन्देति (क्रि.) : उतराना करवाता है, प्रवाहित करता है।

अभिसपति (क्रि.) : शाप देता है, शपथ देता है, कसम खाता है।

अभिसपन (नपुं.) : शाप, कसम।

अभिसमय (पु.) : स्पष्ट ज्ञान।

अभिसमागच्छति (क्रि.) : पूर्णरूप से समझ लेता है।

अभिसमाचारिक (वि.) : सदाचार संबंधी।

अभिसमेच्च (पू.क्रि.) : अच्छी तरह समझकर, भली प्रकार समझकर।

अभिसमेत (वि.) : हृदयंगम किया हुआ, संपूर्ण रूप से जाना हुआ, अनुभव किया हुआ।

अभिसमेति (क्रि.) : संपूर्ण रूप से हृदयंगम कर लेता है, जान लेता है, अनुभव करता है।

अभिसम्पराय (पु.) : पुनर्जन्म, परलोक।

अभिसम्बुज्झति (क्रि.) : संबोधि प्राप्त करता है, बुद्धत्व प्राप्त करता है।

अभिसम्बुद्ध (वि.) : संपूर्ण ज्ञानी।

अभिसम्बोधि (स्त्री.) : संपूर्ण ज्ञान, परिपूर्ण ज्ञान।

अभिसम्भव (वि.) : जिसे प्राप्त करना कठिन हो, दुष्प्राप्य।

अभिसम्भवति (क्रि.) : पाने में समर्थ होता है, सामना करने में समर्थ होता है।

अभिसम्भुनाति (क्रि.) : प्राप्त करता है।

अभिसर (पु.) : साथी, अनुयायी।

अभिसाप (पु.) : अभिशाप।

अभिसारिका (स्त्री.) : राज-सेविका।

अभिसिञ्चति (क्रि.) : अभिषेक करता है, सींचता है, (जल), छिड़कता है।

अभिसेक (पु.) : अभिषेक, सिंचन।

अभिहट (वि.) : लाया गया।

अभिहनति (क्रि.) : चोट पहुंचाता है, मारता है।

अभिहरति (क्रि.) : लाता हरता है, भेंट करता है।

अभिहार (पु.) : समीप लाना, भेंट करना।

अभिहित (वि.), जो कहा गया।

अभीत (वि.) : निर्भय, निडर।

अभूत (वि.) : असत्य, अयथार्थ, अवास्तव।

अभेज्ज (वि.) : अभेद्य, जो बांटा न जा सके, जो काटा न जाए।

अभोज्ज (वि.) : अखाद्य, जो खाने योग्य न हो।

अमच्च (पु.) : सचिव, अमात्य, मंत्री।

अमज्ज (नपुं.) : अमद्य, निरासव, मदिरारहित।

अमज्जप (वि.) : अमद्यप, जो शराबी नहीं।

अमत (नपुं.) : जो मरता नहीं, अमर, अमृत।

अमत्त (वि.) जिसे नशा नहीं चढा।

अमत्तञ्ञु (वि.) : अमात्रज्ञ, जिसे (भोजन की) मात्रा का ज्ञान न हो।

अमत्तेय्य (वि.) : माता के प्रति अगौरव, माता के प्रति अनादरभाव।

अमनुस्स (पु.) : अमनुष्य, भूत-प्रेत, देवता आदि।

अमम (वि.) : निर्लोभी।

अमर (वि.) : १. जो मरे नहीं, २. देवता ।

अमरत्त (नपुं.) : अमरत्त्व, मरण का अभाव।

अमरा (स्त्री.) : फिसलनी मछली।

अमल (वि.) : निर्मल, मल-रहित, विशुद्ध।

अमस्सुक (वि.), बिना दाढी के।

अमातापितिक (वि.) : मातृ-पितृ हीन, अनाथ।

अमातिक (वि.) : मातृहीन।

अमानुस (वि.) : अमनुष्य।

अमायावी (वि.) : अमायावी, जो मायावी नहीं, छल-कपट रहित।

अमावसी (पु.) : अमावस, अमावस्या।

अमित (वि.) : असीम, अमर्याद, अपरिमित।

अमिताभ (वि.) : अनंत आभा वाले, बुद्ध का एक नाम।

अमिता : सिंहहनु की दो बेटियों में से एक। सुद्धोदन की बहन। देवदत्त की मां।

अमितोदन : सिंहहनु का पुत्र। सुद्धोदन का भाई। महानाम तथा अनुरुद्ध का पिता ।

अमित्त (पु.) : अमित्र, शत्रु ।

अमिलात (वि.) : जो म्लान नहीं, जो मुरझाया नहीं।

अमिस्स (वि.) : अमिश्रित।

अमु (सर्व.) : अमुक ।

अमुच्छित (वि.) : निर्लोभी, लोभरहित, अमोहित।

अमुत्त (वि.) : अमुक्त, जो मुक्त नहीं, बन्धन-युक्त।

अमुत्र (क्रि.वि.) : अमुक जगह, अमुक स्थान पर।

अमोघ (वि.), निष्फल नहीं, व्यर्थ नहीं।

अमोह (पु.) : प्रज्ञा, मोह का अभाव।

अम्ब (पु.) : आम, आम का फल।

अम्बङ्कुर (पु.) : आम का अंकुर।

अम्बपक्क (नपुं.) : पका आम।

अम्बपान (नपुं.) : आम का पन्ना, आम से बनाया गया पेय।

अम्बपिण्डी (स्त्री.) : आमों का गुच्छा।

अम्बवन (नपुं.) : आम्रवन।

अम्बलट्ठिका (स्त्री.) : आम का पौधा।

अम्ब-जातक : १. सूखे के समय हिमालय में रहनेवाले एक तपस्वी ने जानवरों के लिए जल की व्यवस्था की थी। कृतज्ञ जानवर उसके लिए अनेक उपहार लाए थे (१२४); २. बुद्धिमान चाण्डाल से शिल्प सीखनेवाले ब्राह्मण की जातक कथा (४७४)।

अम्बचोर-जातक : अम्बवन में अपने लिए एक कुटी बनाकर रहनेवाले दुष्ट तपस्वी की जातक-कथा (३४४)।

अम्बपाली : वेसाली की प्रसिद्ध गणिका जिसने अपना अम्बवन बुद्ध-प्रमुख भिक्षुसंघ को दान दिया था।

अम्बर (नपुं.) : १. वस्त्र, कपड़ा, २. आकाश।

अम्बा (स्त्री.) : मां।

अम्बिल (वि.) : खट्टा।

अम्बु (नपुं.) : जल, पानी।

अम्बुचारी (पु.) : मछली, पानी में रहने वाला जीव।

अम्बुज (वि.) : १. जलज, पानी में जन्मा हुआ; (नपुं) : कमल।

अम्बुधर (पु.) : बादल।

अम्बुजिनी (स्त्री.) : कमल का तालाब।

अम्भो (अ.) : अरे पुरूष!, पुरूष के लिए संबोधन।

अम्म (अ.) : मां, माता के लिए संबोधन।

अम्मण (नपुं.) : धान का माप-विशेष।

अम्मा (स्त्री.) : मां।

अम्ह (सर्व.) : मैं।

अम्हि (क्रि.) : (मैं) हूँ।

अम्ह, अम्हा (क्रि.) : (हम) हैं।

अय (पु.) : आय, आमदनी, कमाई; (पु., नपुं.) : लोहा या तांबा।

अयकूट-जातक : बोधिसत्त्व ने जानवरों की हत्या बंद कराई थी, उस सम्बन्ध में जातक कथा (३४७)।

अयं (सर्व.) : यह।

अयथा (अ.) : अयथार्थ, मिथ्या।

अयन (नपुं.) : मार्ग, पथ।

अयस (नपुं.) : अपयश, असफलता।

अयिर (पु.) : स्वामी।

अयुत्त (वि.) : अयोग्य, अन्याय।

अयोकूट (पु.) : लोहे का हथौड़ा।

अयोखील (नपुं.) : लोहे का कीला।

अयोगुळ (पु.) : लोहे का गोला।

अयोघन (नपुं.), लोहे का घन, डंडा, मुद्गर।

अयोमय (वि.) : लोहे से बना हुआ।

अयोसङ्कु (पु.) : लोहे का कांटा।

अयोघर-जातक : बोधिसत्त्व द्वारा लोहे के घर में जन्म लेने की जातक कथा (५१०)।

अयोग्ग (वि.) : अयोग्य, अनुचित।

अयोज्झ (वि.) : जिसके विरुद्ध युद्ध न किया जा सके।

अयोनिसो (क्रि.वि.) : अनुचित तौर पर, बेढंग।

अय्य (पु.) : मालिक, स्वामी।

अय्यपुत्त (पु.) : मालिक का बेटा, स्वामी-पुत्र।

अय्यक (पु.) : पितामह, पिता के पिता, दादा।

अय्यका / अय्यिका (स्त्री.) : पितामही, दादी ।

अय्या (स्त्री.) : महोदया, स्वामिनी, मालकीन।

अर (नपुं.) : पहिये की तीली या आरा।

अरक-जातक : बोधिसत्त्व ने अपने शिष्यों को चार ब्रह्म-विहारों (मैत्री, करुणा, मुदिता और उपेक्षा), की शिक्षा दी थी। उस संबंध में जातक कथा (१६९)।

अरक्खिय (वि.) : जिसे सुरक्षित न रखा जा सकता हो।

अरक्खेय्य (वि.) : जिसे आरक्षा की आवश्यकता न हो।

अरघट्ट (नपुं.) : रहट।

अरज (वि.) : रज-रहित, निर्मल।

अरञ्ञ (नपुं.) : अरण्य, जंगल।

अरञ्ञक (वि.) : अरण्य में रहनेवाला, अरण्यवासी।

अरञ्ञगत (वि.) : जंगल में गया हुआ।

अरञ्ञवास (पु.) : अरण्यवास, अरण्य में निवास।

अरञ्ञविहार (पु.) : अरण्यविहार, वन में विहार, जंगल में रहना।

अरञ्ञ-जातक : पत्नि के मरने के बाद बोधिसत्त्व पुत्र के साथ हिमालय में जाकर तपस्वी जीवन बिताने लगे। वहां एक लड़की ने तरुण का शील भंग किया। उस संबंध में जातक कथा (३४८)।

अरञ्ञानी (स्त्री.) : बड़ा जंगल।

अरण (वि.) : शांत चित्त।

अरणि / अरणी (स्त्री.) : रगड़कर आग पैदा करने के लिए लकड़ी का एक टुकड़ा।

अरणिमथन (नपुं.) : आग पैदा करने के लिए लकड़ी के दो टुकड़ों को रगड़ना।

अरणिसहित (नपुं.) : रगड़ने के लिए ऊपर की लकड़ी।

अरति (स्त्री.) : अरुचि।

अरती : मार की तीन कन्याओं में से एक। अन्य दो है तण्हा (तृष्णा), और रगा (राग, आसक्ति)।

अरविन्द (नपुं.) : कमल, कंवल।

अरह (वि.) : योग्य, उचित।

अरहध्दज (पु.) : अर्हत-ध्वजा, भिक्षु का काषाय वस्त्र, चीवर।

अरहति (क्रि.) : योग्य होता है।

अरहत्त (नपुं.) : अर्हत्त्व।

अरहत्तफल (नपुं.) : अर्हत्त्वफल।

अरहत्तमग्ग (पु.) : अर्हत्त्व-प्राप्ति का मार्ग।

अरहन्त (पु.) : जिसने अर्हत्त्व-फल प्राप्त कर लिया।

अरि (पु.) : शत्रु, दुश्मन।

अरिंदम (पु.) : विजेता।

अरिञ्चमान (वि.) : न छोडते हुए, सतत प्रयास करने वाला।

अरिट्ठ (वि.) : अरिष्ट, निर्दयी, अभागा।

अरिट्ठ (पुं.) : १. नीम का पेड़, २. कौवा, ३. रीठे का पेड़।

अरित्त (नपुं.) : पतवार, (वि.) बेकार नहीं।

अरिय (वि.) :आर्य, श्रेष्ठ।

अरियकन्त (वि.) : श्रेष्ठों के अनुकूल।

अरियधन (नपुं.) : आर्यों का श्रेष्ठ धन।

अरियधम्म (पु.) : श्रेष्ठ धर्म।

अरियपुग्गल (पु.) : श्रेष्ठ व्यक्ति, जिसने आर्य-ज्ञान प्राप्त कर लिया हो।

अरियमग्ग (पु.) : श्रेष्ठ मार्ग।

अरियसच्च (नपुं.) : आर्य सत्य, श्रेष्ठ सत्य।

अरियसावक (पु.) : आर्य श्रावक, श्रेष्ठ जनों का शिष्य।

अरियूपवाद (पु.) : श्रेष्ठजनों का अपमान ।

अरिस (नपुं.) : बवासीर।

अरु (नपुं.) : जख्म, व्रण।

अरुचि (स्त्री.) : अप्रिय लगना, अच्छा न लगना।

अरुण (पु.) : सूर्योदय के समय की ललाई।

अरुणवण्ण (वि.) : लाल रंग का।

अरूप (वि.) : आकार-रहित।

अरूपकायिक (वि.) : आकार-रहित जीवों से संबंधित।

अरूपभव (पु.) : आकार-रहित अस्तित्व।

अरूपलोक (पु.) : आकार-रहित लोक।

अरूपावचर (वि.) : अरूपी से संबंधित।

अरूपी (पु.) : आकार रहित जीव।

अरे (अ.) : हे!, अरे! आदि संबोधन।

अरोग (वि.) : स्वस्थ, रोग-रहित, निरोग।

अरोगभाव (पु.) : स्वास्थ्य।

अल (पु., नपुं.) : बिच्छु का डंक, केकड़े का पंजा।

अलं (अव्यय) : पर्याप्त।

अलक्क (पु.) : पागल कुत्ता।

अलक्खिक (वि.) : अभागा, दुर्भाग्यग्रस्त।

अलक्खी (स्त्री.) : दुर्भाग्य।

अलगद्द (पु.) : सांप।

अलग्ग (वि.) : विलग, अनासक्त।

अलग्गन (नपुं.) : अनासक्ति।

अलङ्कत (वि.) : सजा हुआ, अलंकृत, मंडित।

अलङ्करण (नपुं.) : सजावट।

अलङ्कार (पु.) : गहना, आभरण।

अलज्जी (वि.) : लज्जा-रहित।

अलत्तक (नपुं.) : लाख (लाल रंग की)।

अलम्ब (वि.) : जो लटकता न हो।

अलम्बुस-जातक : अलम्बुसा नाम की अप्सरा द्वारा ऋषि-पुत्र सिंगी के लुभाये जाने की जातक कथा (५२३)।

अलस (वि.) : आलसी।

अलसता (स्त्री.) : आलस्य।

अलसक (नपुं.) : बदहजमी।

अलहुक (वि.) : भारी।

अलात (नपुं.) : लुआठी।

अलापु / अलाबु (नपुं.) : लौकी।

अलाभ (पु.) : हानि, नुकसान।

अलाला (अ.) : जो गूंगा नहीं।

अलि (पु.) : १. शहद की मक्खी, मधुमक्खी २. बिच्छू।

अलिक (नपुं.) : मिथ्या, झूठ।

अलीन (वि.) : अप्रमादी।

अलीनचित्त-जातक : बोधिसत्त्व ने अलीनचित्त नामक वाराणसी के राजा का जन्म ग्रहण किया था, उस संबंध में जातक कथा (१५६)।

अलोभ (पु.) : निर्लोभ-भाव, लोभ-रहितता।

अलोल (वि.) : लोलुप नहीं।

अल्ल (वि.) : भीगा, गीला।

अल्लदारु (नपुं.) : भीगी लकड़ी।

अलोलुप (वि.) : लोलुप नहीं।

अल्लकप्प : मगध के पास का एक प्रदेश। अल्पकप्प के क्षत्रियों ने भी भगवान बुद्ध के शरीर के धातुओं पर अपना अधिकार जताया था।

अल्लाप (पु.) : बातचीत, संलाप।

अल्लीन (वि.) : आसक्त।

अल्लीयति (क्रि.) : आसक्त होता है।

अल्लीयन (नपुं.) : आसक्ति।

अवकङ्खति (क्रि.) : आकांक्षा करता है।

अवकड्ढति (क्रि.) : पीछे की ओर खींचता है।

अवकड्ढन (नपुं.) : पीछे की ओर खींचना।

अवकड्ढित (वि.) : पीछे की ओर खींचा गया।

अवकन्तति (क्रि.) : काट डालता है।

अवकस्सति (व.क्रि.), पीछे की ओर खींचता है।

अवकारण (वि.) : बिखेरना।

अवकास / ओकास (पु.) : अवसर, स्थान, मौका।

अवकिरति (क्रि.) : उंडेलता है, बिखेरता है, फेंक देता है।

अवकिरिय (पू.क्रि.) : फेंक कर, बिखेर कर।

अवकुज्ज (वि.) : अधोमुख, औंधा।

अवकन्त (वि.) : पराभूत, काटा गया।

अवक्कन्ति (स्त्री.) : प्रवेश।

अवक्कमति (क्रि.) : प्रवेश करता है।

अवक्कम्म (पू.क्रि.) : प्रवेश कर के।

अवक्कार (पु.) : कूड़ा, कचरा।

अवक्कारपाति (स्त्री.) : कूड़ा फेंकने का बर्तन।

अवक्खित्त (वि.) : फेंका हुआ।

अवक्खिपति (क्रि.) : नीचे फेंकता है।

अवक्खिपन (नपुं.) : फेंकना, नीचे गिराना।

अवगच्छति (क्रि.) : प्राप्त करता है, समझता है।

अवगण्ड (पु.) : मुंह फुलाना।

अवगत (वि.) : परिचित।

अवगाहति (क्रि.) : डुबकी लगाता है।

अवगाह (पु.) : डुबकी।

अवगाहन (नपुं.) : डुबकी लगाना।

अवगाही (पु.) : डुबकी लगाने वाला।

अवगुण्ठन (वि.) : घुंघट, आवरण।

अवग्गह (पु.) : बाधा, रुकावट।

अवच (अ.) : नीचे।

अवचनीय (वि.) : जिसे कुछ कहना-सुनना न हो।

अवचर (वि.) : घूमने-फिरने वाला, विचरने वाला।

अवचरक (पु.) : गुप्तचर।

अवचरण (नपुं.) : व्यवहार, बर्ताव।

अवच्छिद्द (वि.) : छिद्र-युक्त।

अवजय (पु.) : हार, पराजय।

अवजात (वि.), दोगला, हरामी।

अवजानन (नपुं.) : अवहेलना, उपेक्षा, अनादर।

अवजानाति (क्रि.) : घृणा करता है, अवहेलना करता है, अवज्ञा करता है।

अवजिनाति (क्रि.) : पुनः जीत लेता है।

अवजित (वि.) : पुनः जीत लिया गया।

अवज्ज (वि.) : दोष-रहित, अनिंद्य।

अवज्झ (वि.) : अवध्य, जिसे मारा न जा सके।

अवञ्ञा (स्त्री.) : अवज्ञा, उपेक्षा, घृणा।

अवञ्ञात (वि.) : उपेक्षित, अवज्ञात, तिरस्कृत।

अवट्ठान (नपुं.) : अवस्था, स्थिति।

अवड्ढि (स्त्री.) : अवनति, हानि, नुकसान।

अवण्ण (पु.) : दुर्गुण।

अवतरण (नपुं.) : नीचे उतरना।

अवतार (पु.) : नीचे उतरने वाला।

अवतंस (पु.) : मुकुट-माला।

अवतिण्ण (वि.) : पतित, अवनत।

अवत्थरति (क्रि) : ढकता है, आच्छादित करता है, धर दबाता है।

अवत्थु (वि.) : निराधार ।

अवदात (वि.) : सफेद, साफ, उजला।

अवदान : देखें **अपदान**

अवदायति (क्रि.) : अनुकंपा करता है।

अवधारण (नपुं.) : ध्यान देना।

अवधारेति (क्रि.) : चुनाव करता है, स्वीकार करता है।

अवधि (पु.) : सीमा, मर्यादा।

अवनति (स्त्री.) : गिरावट, पतन।

अवनि (स्त्री.) : पृथ्वी, धरती।

अवबुज्झति (क्रि.) : समझता है।

अवबोध (पु.) : ज्ञान, बोध, समझ।

अवबोधेति (क्रि) : समझा देता है, बोध करा देता है।

अवभास (पु.) : प्रकाश, प्रकट होना।

अवभासति (क्रि.) : प्रकाशित होता है, चमकता है।

अवभासित (वि.) : प्रकाशित।

अवभुञ्जति (क्रि.) : खा डालता है।

अवमङ्गल (नपुं.) : दुर्भाग्य, अमंगल, अहित।

अवमङ्गल (वि.) : दुर्भाग्यशाली, अभागा।

अवमञ्ञति (क्रि.) : नीची नजर से देखता है, अवमानना करता है।

अवमञ्ञना (स्त्री.) : घृणा, अनादर, उपेक्षा।

अवमानेति (क्रि.) : घृणा करता है, उपेक्षा करता है।

अवयव (पु.) : अंग, भाग, हिस्सा।

अवरज्झति (क्रि.) : उपेक्षा करता है, चूक जाता है, घृणा करता है।

अवरुन्धति (क्रि.) : काबू करता है, कैद करता है, नियंत्रित करता है।

अवरोधक (पु.) : रुकावट डालने वाला, बाधक।

अवरोधन (नपुं.) : रुकावट, बाधा, अवरोध।

अवलक्खण (वि.) : कुरूप, अपशकुन वाला, अशुभसूचक।

अवलम्बति (क्रि.) : लटकता है, सहारा लेता है।

अवलम्बन (नपुं.) : सहारा, लटकना, शरण।

अवलम्बित (वि.) : सहारा लिया हुआ, लटका हुआ, शरण आया हुआ।

अवलिखति (क्रि.) : काट छाट करता है, टुकडे टुकडे कर डालता है।

अवलिम्पति (क्रि.) : लेप करता है, लेप लगाता है, लीपता है।

अवलेखन (नपुं.) : खुरचना।

अवलेपन (नपुं) : लेप।

अवलेखनकट्ठ (नपुं.) : खुरचने के लिए बांस की खपत्री।

अवलेहन (नपुं.) : चाटना।

अवस (वि.) : शक्ति-हीन, दुर्बल, कमजोर।

अवसर (पु.) : मौका।

अवसरति (क्रि.) : चल देता है, चला जाता है, पहुंच जाता है।

अवसान (नपुं.) : अंत।

अवसिञ्चति (क्रि) : सींचता है।

अवसिट्ठ (वि.) : अवशेष, बाकी, बचा हुआ।

अवसिस्सति (क्रि.) : बाकी बचता है।

अवसुस्सति (क्रि.) : सूख जाता है।

अवसुस्सन (नपुं.) : सूखना।

अवसेस (नपुं) : शेष, बाकी, बचा हुआ।

अवस्सं (वि.) : अनिवार्य तौर पर, अवश्य।

अवस्सय (पु.) : आश्रय, सहारा, मदद, सहयोग।

अवस्सावन (नपुं.) : छानना।

अवस्सित (वि.) : आश्रित, आधारित।

अवस्सुत (वि.) : चूने वाला, स्त्रावयुक्त, तृष्णा-युक्त।

अवहरण (नपुं.) : चोरी, हरण, अपहरण।

अवहरति (क्रि.) : चुराता है।

अवहसति (क्रि.) : मुंह चिढाता है।

अवहीयति (क्रि.) : पीछे छूट जाता है।

अवन्ति : बुद्ध के समय के सोलह जनपदों में से एक। अवन्ति की राजधानी उज्जेनि थी। यह आज मध्य प्रदेश का एक प्रसिद्ध धार्मिक नगर है और इसके इर्द गिर्द कई बौद्ध पुरातात्विक अवशेष है।

अवापुरण (नपुं.) : चाबी।

अवापुरति (क्रि.) : दरवाजा खोलता है।

अवारिय-जातक : बोधिसत्त्व द्वारा उपदिष्ट एक मूर्ख नाविक की जातक कथा (३७६)।

अविकम्पी (पु.) : स्थिर-चित्त, अविचल मन वाला।

अविक्खेप (पु.) : शांति, विक्षेप का अभाव।

अविग्गह (पु.) : अशरीरी, कामदेव।

अविज्जमान (वि.) : अविद्यमान, अनुपस्थित।

अविज्जा (स्त्री.) : अविद्या, अज्ञान, मूर्खता।

अविञ्ञाणक (वि.) : चेतना-रहित, बेहोश।

अविञ्ञात (वि.) : अज्ञात, अप्रसिद्ध, ज्ञात नहीं, अपरिचित।

अवितथ (वि.) : सत्य, यथार्थ।

अविदित (वि.) : अज्ञात।

अविदूर (वि.) : समीप, नजदीक।

अविदूरे-निदान : सिद्धार्थ गौतम का बोधिवृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त करने तक का गौतम-चरित्र अविदूरे-निदान कहलाता है।

अविद्दसु (पु.) : मूर्ख, अज्ञानी।

अविनासक (वि.) नाश न करने वाला।

अविनिब्भोग (वि.) : अस्पष्ट, जो पृथक न किया जा सके।

अविनीत (वि) : जो विनम्र नहीं, अविनम्र।

अविप्पवास (पु.) : उपस्थिती, ध्यान, वियोग का अभाव।

अविभूत (वि.) : अस्पष्ट।

अविरुद्ध (वि.) : अविरोधी, अनुकूल।

अविरूळ्हि (स्त्री.) : १. वृद्धि न होना, २. (पुनः) जन्म का निरोध।

अविरोध (पु.) : विरोध का अभाव, बाधा न होना, सौम्यता, नम्रता।

अविसंवादक (पु.) : वंचा न करने वाला, झूठ न बोलने वाला, सत्यवादी।

अविसग्गता (स्त्री.) : चित्त की स्थिरता, शांतचित्त होना।

अविस्सासनिय (वि) : अविश्वसनीय।

अविलम्बितं (क्रि.वि) : तुरंत, जल्दी, तेजी से, शीघ्रता से।

अविवय्ह (वि.) : विवाह के अयोग्य।

अविसंवाद (पु.) : सत्य, यथार्थ।

अविहित (वि.) : अकृत, जो कभी किया नहीं गया।

अविहिंसा (स्त्री.) : हिंसा का अभाव, दया, अहिंसा।

अविहेठक (वि.) : कष्ट न देने वाला, हैरान न करने वाला।

अवीचि (वि.) : बिना लहर के, (स्त्री.) : एक नरक-विशेष।

अवीतिक्कम (पु.) : नियम के अतिक्रमण का अभाव, नियम का उल्लंघन न करना।

अवुट्ठिक (वि.) : वर्षा का अभाव।

अवेक्खति (क्रि) : देखता है।

अवेच्च (पू.क्रि.) : जानकर, (क्रि.वि.) : निश्चित रूप से, पूर्णतया।

अवेच्चपसाद (पु.) : दृढ-श्रद्धा।

अवेभङ्गिक (वि.) : जो बांटा न जा सके, जो विभाजित न किया जा सके।

अवेर (नपुं.) : मैत्री; (वि.) : अवैर।

अवेरी (वि.) : शत्रुता रहित, मैत्रीपूर्ण।

अवेला (स्त्री.) : असमय, अनुचित समय।

अव्यत्त (वि.) : १. अव्यक्त, २. बुद्धिहीन, अज्ञानी।

अव्यय (नपुं.) : १. सभी वचनों, विभक्तियों, पुरुषों में एकरूप रहने वाला शब्द, २. हानि का अभाव ।

अव्ययेन (वि.) : बिना किसी खर्च के।

अव्ययीभाव : वह सामासिक पद जिसका किसी किसी अव्यय के साथ समास हो।

अव्याकत (वि.) : अव्याख्यात, जो नहीं कहा गया।

अव्यापज्झ (वि.) : रोष-रहित, दुःख-रहित।

अव्यापाद (वि.) : ईर्ष्या-रहित।

अव्यावट (वि.) : उपेक्षावान।

अव्हय (पु.) : नाम, बुलाना।

अव्हयति (क्रि.) : बुलाता है।

अव्हात (वि.) : बुलाया गया।

अव्हान (नपुं.) : नाम, बुलावा ।

असंवर (नपुं.) : असंयम, संयम का अभाव।

असकिं (वि.) : एक से अधिक बार।

असक्क (वि.) : असमर्थ।

असङ्किण्ण (वि.) : बिना मिलावट के, बिना भीड़-भाड़ वाला।

असङ्किय-जातक : बोधिसत्त्व की जागरूकता के कारण डाकू व्यापारियों को लूट न सके, इसके संबंधित जातक-कथा (७६)।

असङ्किलिट्ठ (वि.) : अलिप्त, बिना मैल के।

असङ्खतधातु (स्त्री.) : असंस्कृत धातु, अनिर्मित / अविरचित तत्त्व।

असङ्खेय्य (वि.) : अगणित, असीम, अमर्याद।

असङ्ग (पु.) : अनासक्ति।

असच्च (नपुं.) : असत्य।

असज्जमान (वि.) : अनासक्त, आसक्ति-रहित।

असञ्ञी (वि.) : चेतना-रहित, चेतनाहीन।

असञ्ञत (वि) : संयम-रहित, असंयमित।

असठ (वि.) : जो शठ नहीं, अदुष्ट।

असण्ठित (वि.) : जो स्थिर नहीं, चंचल।

असति (क्रि.) : खाता है।

असति (अधिकरण, सप्तमी विभक्ति) : न होने पर।

असतिया (क्रि.वि.) : अनजाने, असावधानी में।

असत्त (वि.) : अनासक्त।

असत्थ (वि.) : शस्त्र-रहित।

असदिस (वि.) : असदृश, अनुपम।

असदिस-जातक : असदिस राजकुमार की जातक-कथा (१८१)।

असद्धम्म (पु.) : १. अधर्म, २. मैथुन।

असन (नपुं.) : १. खाना, २. भोजन, ३. तीर, ४. पत्थर।

असनि (स्त्री.) : वज्र, बिजली।

असनि-पात (पु.) : वज्रपात, बिजली गिरना।

असन्त (वि.) : १. जिसका अस्तित्व न हो, २. दुष्ट, ३. अशांत।

असन्तासी (वि.) : निर्भय, भयरहित।

असन्तुट्ठ (वि.) : असंतुष्ट, असमाधानी।

असन्तुट्ठि (स्त्री.) : असंतोष, अप्रसन्नता।

असन्धिता (स्त्री.) : संधि का अभाव।

असन्धिमित्ता : सम्राट अशोक की पटरानी।

असपत्त (वि.) अजात-शत्रु, शत्रु-विहीन।

असप्पाय (वि.) : प्रतिकूल।

असप्पुरिस (पु.) : असत्पुरुष, दुष्ट व्यक्ति।

असबल (वि.) : बिना धब्बे के।

असब्भ (वि.) : असभ्य।

असम / **असमान** (वि.) : जो समान नहीं, अतुलनीय।

असमण (पु.) : जो समण नहीं।

असमाहित (वि.) : जिसका चित्त एकाग्र नहीं।

असमेक्खकारी (पु.) : जल्दबाज, बिना विचारे करने वाला।

असमोसरण (नपुं.) : न मिलना, अलगाव।

असम्पकम्पिय (वि.) : कंपन-रहित, अडौल।

असम्पजञ्ञ (नपुं.) : ज्ञान के अभाव की स्थिती।

असम्पत (वि.) : अप्राप्त।

असम्पदान-जातक : अस्सी करोड के धनी संख सेठ की जातक कथा (१३१)।

असम्मूळ्ह (वि.) : जो मूढ नहीं, जो मूर्ख नहीं।

असम्मोस / असम्मोस (पु.) : मूढ़ता का अभाव।

असयंवसी (वि.) : जो अपने आप के वश में न हो, जिसका अपने पर नियंत्रण न हो।

असय्ह (वि.) : जो सहन न किया जा सके।

असरण (वि.) : जिसके लिये कोई शरण नहीं।

असहाय (वि.) : अकेला, जिसका कोई सहायक नहीं।

असंवास (वि.) : सहवास के अयोग्य।

असंवुत (वि) : जो बंद नहीं, अनाच्छादित, जो वश में / नियंत्रण में नहीं।

असंसट्ठ (वि.) : मिलावट-रहित।

असंहारिम / असंहारिय (वि.) : जिसे हिलाया न जा सके, जिसको नष्ट न किया जा सके।

असात (वि.) : प्रतिकूल, (नपुं) : दुःख-कष्ट, परेशानी।

असातमन्त-जातक : मां की आज्ञानुसार तरुण ब्राह्मण ने बोधिसत्त्व से असातमंत्र सीखे, इस संबंध में जातक-कथा (६१)।

असातरूप-जातक : कोशल-नरेश तथा काशी-नरेश के परस्पर युद्ध करने के संबंध में जातक-कथा (१००)।

असाद (वि.) : अस्वादिष्ट।

असार (वि.) : सार-हीन, सत्त्व-हीन।

असारद्ध (वि.) : अनुत्तेजित।

असाहस (वि.) : दुस्साहस का अभाव।

असि (पु.) : तलवार।

असिग्गाहक (पु.) : तलवार धारी, जिसके हाथ में तलवार हो।

असिचम्म (नपुं.) : ढाल।

असिधारा (स्त्री.) : तलवार की धार।

असिपत्त (नपुं.) : तलवार का फल, तलवार का चपटा हिस्सा।

असित (नपुं., वि.) : १. भोजन, खाया हुआ; २. असंलग्न, स्वतंत्र; ३. जला हुआ, काला; ४. दरांती, हंसिया।

असित (काल-देवल) : शुद्धोदन का राजगुरू ।

असिताभु-जातक : राजा ने राजकुमार तथा उसकी पत्नि असिताभु को देशनिकाला किया, इस संबंध में जातक-कथा (२३४)।

असिलक्खण-जातक : तलवार को सूंघ कर उसके भाग्य संपन्न होने न होने की बात बताने वाले ब्राह्मण की जातक-कथा (१२६)।

असिथिल (वि.) : जो ढीला नहीं।

असिनिद्ध (वि.) : खुरदुरा, चिकना नहीं।

असीति (स्त्री.) : अस्सी, ८०।

असीतिम (वि.) : अस्सीवां।

असु (वि.) : अमुक।

असुचि (पु.) : गंदगी, विष्ठा; (वि.) गंदा, अशुद्ध।

असुद्ध (पु.) : अस्वच्छ, मैला, गंदा।

असुभ (वि.) : अशुभ, अमंगल

असुर (पु.) : देवताओं के विरोधी असुर।

असूर (वि.) : जो शूर नहीं, पराक्रमी नहीं।

असेख (वि.) : अशैक्ष, अर्हंत, अब जिसे शिक्षा की आवश्यकता नहीं।

असेचनक (पु.) : संतोषप्रद।

असेवना (स्त्री.) : संगति न करना, साथ न करना।

असेस (वि.) : अशेष, संपूर्ण।

असोक (वि.) : शोक-रहित, (पु.) एक वृक्ष-विशेष।

असोक : बिन्दुसार राजा का बेटा मगध सम्राट अशोक।

असोकाराम : पाटलिपुत्र का एक प्रसिद्ध बौद्ध विहार ।

असोभन (वि.) : कुरूप, अशोभनीय।

अस्नाति (क्रि.) : खाता है।

अस्मा (पु.) : पत्थर।

अस्मि (क्रि) : मैं हूँ।

अस्मिमान (पु.) : अहंकार।

अस्स (पु.) : घोड़ा, अश्व।

अस्सतर (पु.) : खच्चर।

अस्सपोतक (पु.) : बछेड़ा, घोड़े का बच्चा।

अस्समण्डल (नपुं.) : घुडदौड की भूमि।

अस्समेध (पु.) : अश्वमेध यज्ञ।

अस्सवाणिज (पु.) : घोडों का व्यापारी।

अस्ससेना (स्त्री.) : घुडसवार सेना।

अस्साजानिय (पु.) : अच्छी नसल का घोडा।

अस्सक (वि.) : गरीब, दरिद्र।

अस्सक-जातक : अस्सक राजा के संबंध में जातक-कथा (२०७)।

अस्सकण्ण (पु.) : १. साल-वृक्ष, २. पर्वत-विशेष।

अस्सत्थ (पु.) : अश्वत्थ, पीपल का पेड़, बोधि-वृक्ष।

अस्सद्ध (वि.) : अश्रद्ध, अश्रद्धावान।

अस्सम (पु.) : आश्रम।

अस्समण (पु.) : अश्रमण, जो श्रमण नहीं।

अस्सयुज (पु.) : असौज (महीना), आश्विन माह।

अस्सव (पु.) : स्वामी-भक्त, श्रद्धालु, सावधान।

अस्सवनता (स्त्री.) : ध्यान न देना, न सुनना।

अस्सवनीय (वि.) : जो सुनना अच्छा न लगे, अश्रवणीय, सुनने योग्य नहीं।

अस्ससति (क्रि.) : आश्वास लेता है।

अस्साद (पु.) : आस्वाद, भोग, रस।

अस्सादेति (क्रि.) : आस्वाद लेता है, आनंद उठाता है।

अस्सास (पु), आश्वास।

अस्सासक (वि.) : सांत्वना देने वाला।

अस्सासेति (क्रि.) : आश्वस्त करता है।

अस्सु (नपुं.) : अश्रु, आंसु।

अस्सुत (वि.) : अश्रुत, जो सुना नहीं गया।

अस्सुतवन्त (वि.) : अश्रुतवन्त, जिसने सुना नहीं, अज्ञानी, नासमझ।

अह (नपुं.) : दिन, दिवस।

अहं (सर्व.) : मैं।

अहंकार (पु.) : अहंकार, अभिमान, घमंड।

अहारिय (वि.) : अचल, स्थिर, अटल।

अहि (पु.) : सर्प, सांप।

अहिगुण्ठिक (पु.) : संपेरा।

अहिच्छत्तक (पु.) : खुम्भी, मशरूम, कुकुरमुत्ता।

अहिगुण्डिक-जातक : बनारस के एक संपेरे की जातक-कथा (३६५)।

अहिरिक (वि.) : लज्जा-रहित, बेशर्म।

अहिवातकरोग (पु.) : महामारी, प्लेग (बीमारी)।

अहुहालिय (नपु.) : उंची हंसी, जोर की हंसी।

अहेतुक (वि.) : अहेतुक, बिना हेतु के।

अहो (अ.) : आश्चर्य-बोधक शब्द।

अहोगङ्ग : उत्तर भारत का एक पर्वत।

अहोरत्त (नपुं.) : दिन-रात।

अहोसि (भू.क्रि) : (वह) था।

अहोसिकम्म (नपुं.) : वह कर्म जो अब फलीभूत न होगा।

अंस (पु., नपुं.) : १. हिस्सा, २. कंधा।

अंसकूट (नपुं.) : कंधा ।

अंसु (पु.) : १. किरण, रोशनी; २. धागा, तंतु।

अंसुक (नपुं.) : कपड़ा, वस्त्र।

अंसुमाली (पु.) : सूर्य, सूरज।

आ

आ : (उपसर्ग) : संयुक्त व्यंजन के पूर्व आ ह्रस्व 'अ' हो जाता है।

आकङ्खति (क्रि.) : इच्छा करता है, चाहता है।

आकङ्खा (स्त्री.) : आकांक्षा, इच्छा।

आकड्ढति (क्रि.) : खींचता है।

आकड्ढन (नपु.) : खींचना।

आकप्प (पु.) : १. चाल-ढाल, २. पोशाक, पहनावा।

आकप्पसम्पन्न (वि.) : १. सदाचरणयुक्त, २. आकर्षक पोशाक वाला।

आकम्पित (वि.) : कांपता हुआ।

आकर (पु.) : खान (सोने-चांदी की)।

आकस्सति (क्रि.) : खींचता है, आकर्षित करता है।

आकार (पु.) : शक्ल, बनावट।

आकास (पु.) : आकाश, आसमान।

आकासगङ्गा (स्त्री.) : आकाशगंगा।

आकासचारी (वि.) : आकाश में विचरण करने वाला।

आकासट्ठ (वि.) : आकाशस्थित।

आकासतल (नपुं.) : किसी मकान की छत।

आकिञ्चञ्ञ (नपुं.) : 'कुछ नहीं' की अवस्था।

आकिण्ण (वि.) : भीड़-युक्त।

आकिरति (क्रि.) : फैला देता है।

आकुल (वि.) : उलझा हुआ।

आकोटन (नपुं.) : खटखटाना।

आखु (पु.) : चूहा।

आख्या (स्त्री.) : नाम, संज्ञा।

आख्यात (वि.) : कहा हुआ, बताया हुआ।

आख्यायिका (स्त्री.) : कहानी।

आगच्छति (क्रि.) : आता है।

आगत (कृ., वि.) : आया हुआ।

आगद (पु.) : वचन, भाषण।

आगन्तु (वि.) : आनेवाला।

आगन्तुक (पु.) : अतिथि, अपरिचित।

आगम (पु.) : १. आना, २. धर्म, धर्म-ग्रंथ, ३. मित्र की तरह आकर दो अक्षरों के बीच में बैठ जानेवाला तीसरा व्यंजन।

आगमन (नपुं.) : आना।

आगमेति (क्रि.) : प्रतीक्षा करता है।

आगम्म (पू.क्रि.) : पहुंचकर।

आगामी (वि.) : आने वाला।

आगामीकाल (पु.) : भविष्य।

आगारक / आगारिक (वि.) : घर वाला (भण्डागारिक, खजानची)।

आगाळ्ह (वि.) : मजबूत, कठोर।

आगिलायति (क्रि.) : पीड़ा देता है।

आगु (नपुं.) : दोष, अपराध।

आगुचारी (पु.) : अपराधी।

आघात (पु.) : १. रोष, घृणा, २. रगड़।

आघातन (नपुं.) : कसाई-खाना।

आचमति (क्रि.) : कुल्ला करता है, आब-दस्त लेता है।

आचमन (नपुं.) : (मुंह) धोना।

आचमनकुम्भी (स्त्री.) : मुंह धोने का पात्र।

आचय (पु.) : संग्रह।

आचरति (क्रि.) : आचरण करता है।

आचरिय (पु.) : आचार्य, शिक्षक।

आचरियधन (नपुं.) : आचार्य को दी जानेवाली फीस।

आचरियमुट्ठि (स्त्री.) : आचार्य का ज्ञान-विशेष।

आचरियवाद (पु.) : परंपरागत मत।

आचरियानी (स्त्री.) : स्त्री-आचार्या अथवा आचार्य की भार्या।

आचाम (पु.) : उबलते चावलों की मांड या पिच्छा।

आचार (पु.) : व्यवहार, आचरण।

आचारकुसल (वि.) : व्यवहार-कुशल, सदाचार-युक्त।

आचिक्खक (पु.) : कहने वाला, बताने वाला।

आचिक्खति (क्रि.) : कहता है, बताता है।

आचिण्ण (वि.) : अभ्यस्त।

आचिण्णकप्प (पु.) : रिवाज के अनुसार।

आचित (वि.) : संग्रहीत।

आचिनाति (क्रि.) : इकट्ठा करता है।

आचीयति (क्रि.) : ढेर हो जाता है।

आचेर (पु.) : 'आचरिय' का संक्षिप्त रूप, अध्यापक।

आजञ्ञ (वि.) : अच्छी नसल का।

आजञ्ञ-जातक : बोधिसत्त्व के श्रेष्ठ नसल के घोड़े की योनि में उत्पन्न होने की जातक कथा (२४)।

आजानन (नपुं.) : ज्ञान।

आजानाति (क्रि.) : जानता है।

आजानीय (पु.) : अच्छी नसल का घोड़ा।

आजि (स्त्री.) : युद्ध।

आजीव (पु.) : जीविका, जीविका का साधन।

आजीवक (पु.) : निर्वस्त्र रहनेवाले तपस्वियों का एक संप्रदाय।

आजीवन (नपुं.) : जीविका।

आट (पुं.) : पक्षी-विशेष।

आणा (स्त्री.) : आज्ञा।

आणासम्पन्न (वि.) : अधिकृत।

आणापक (पु.) : आज्ञा देने वाला।

आणापेति (क्रि.) : आज्ञा देता है।

आणि (स्त्री.) : मेख, अर्गल, नाभि।

आतङ्क (पु.) : रोग, बीमारी, भय।

आतत (नपुं.) : एक प्रकार का ढोल।

आततवितत (नपुं.) : आतत-वितत नाम के दोनों प्रकार के ढोल।

आततायी (पु.) : जो वध आदि अत्याचार करने के लिए उद्यत रहे।

आतत्त (वि.) : तप्त, तपाया हुआ।

आतपत्त (नपुं.) : छाता।

आतप (पु.) : धूप।

आतपाभाव (पु.) : धूप का अभाव, छांव।

आतपति (क्रि.) : चमकता है।

आतप्प (पु.) : प्रयत्न, प्रयास।

आताप (पु.) : चमक, गर्मी।

आतापन (नपुं.) : काय-क्लेश, आत्म-पीड़ा।

आतापी (वि.) : प्रयत्नशील।

आतापेति (क्रि.) : (अपने आप को) शारीरिक कष्ट देता है।

आतुमा : कुसीनारा तथा श्रावस्ती के बीच का एक नगर।

आतुर (वि.) : रोगी, बीमार।

आदर (पु.) : गौरव।

आददाति / आदाति (क्रि.) : लेता है।

आदान (नपुं.) : ग्रहण करना।

आदायी (पु.) : ग्रहण करने वाला।

आदास (पु.) : मुँह देखने का शीशा।

आदासतल (नपुं.) : शीशे का तला, शीशे का पृष्ठ।

आदि (पु.) : आरंभ।

आदिकम्मिक (वि.) : आरंभ करने वाला।

आदिकल्याण (वि.) : आरंभ में कल्याणकारक।

आदिम (वि.) : पहला।

आदिच्च (पु.) : सूर्य, सूरज।

आदिच्चपथ (पु.) : आकाश।

आदिच्चबन्धु (पु.) : सूर्यवंशी, बुद्ध का एक नाम।

आदिच्चुपट्ठान-जातक : तपस्वियों के आश्रम को नष्ट-भ्रष्ट करनेवाले बंदर की जातक कथा (१७५)।

आदितो (क्रि.वि.) : आरंभ से।

आदित्त (कृ., वि.) : जलता हुआ।

आदित्त-जातक : सोवीर राष्ट्र के रोरुव के राजा भरत की कथा (४२४)।

आदिन्न (वि.) : गृहीत, लिया हुआ।

आदियति (क्रि.) : ग्रहण करता है।

आदिसति (क्रि.) : कहता है, घोषणा करता है।

आदीनव (पु.) : दुष्परिणाम, दोष।

आदु (अ.) : या, लेकिन।

आदेति (क्रि.) : लेता है, ग्रहण करता है।

आदेय्य (वि.) : अनुकूल।

आदेय्यवचन (नपुं.) : स्वागत।

आदेवना (स्त्री.) : रोना-पीटना।

आदेस (पु.) : आदेश।

आदेस : अक्षर-विशेष के स्थान पर किसी दूसरे व्यंजन का शत्रुवत् आ बैठना।

आदेसना (स्त्री.) : भविष्यवाणी करना, अनुमान लगाना।

आधानगाही (पु.) : दुराग्रही।

आधार (पु.) : सहारा।

आधावति (क्रि.) : दौड़ता है।

आधावन (नपुं.) : दौड़।

आधिपच्च (नपुं.) : स्वामित्व।

आधुनाति (क्रि.) : धुन डालता है, हिला देता है।

आधूत (वि.) : हिलाया गया।

आधेय्य (वि.) : धारण करने योग्य।

आन / आण (नपुं.) : आश्वास।

आनक (पु.) : भेरी।

आनण्य (नपुं.) : ऋण-मुक्ति।

आनन (नपुं.) : चेहरा।

आनन्तरिक (वि.) : ठीक बाद में घटने वाला, बिना किसी अंतर के घटने वाला।

आनन्द (पु.) : प्रीति, प्रसन्नता।

आनन्द : भगवान बुद्ध के प्रधान शिष्यों में से एक, जिन्होंने अनन्य भाव से भगवान बुद्ध की सेवा की थी।

आनन्द-बोधि : जेतवन-द्वार पर भिक्षु आनन्द द्वारा रोपा गया बोधि वृक्ष।

आनापान (नपुं.) : आश्वास-प्रश्वास।

आनाय (पु.) : जाल।

आनिसंस (पु.) : शुभ परिणाम।

आनिसद (नपुं.) : नितंब, कूल्हा।

आनीत (वि.) : लाया हुआ।

आनुपुब्बी (स्त्री.) : क्रम से।

आनुभाव (पु.) : प्रताप, तेज।

आनेञ्ज (वि.) : स्थिर, अचंचल।

आनेति / आनयति (क्रि.) : लाता है।

आप (पु., नपुं.) : जल, पानी।

आपगा (स्त्री.) : नदी।

आपज्जति (क्रि.) : पाता है, मिलता है, भोगता है, (किसी परिस्थिति से) गुजरता है।

आपण (पु.) : बाजार।

आपण : अंगुत्तराप जनपद का एक नगर, शायद राजधानी।

आपणिक (पु.) : व्यापारी, दुकानदार।

आपतति (क्रि.) : गिरता है।

आपतन (नपुं.) : गिरावट।

आपत्ति (स्त्री.) : विनय का उल्लंघन, अपराध।

आपदा (स्त्री.) : दुःख, कष्ट, दुर्भाग्य।

आपन्न (वि.) : अनुप्राप्त।

आपन्नसत्ता (स्त्री.) : गर्भिणी, गर्भवती।

आपाण (नपु.) : श्वास लेना, प्रश्वास।

आपाणकोटिक (वि.) : प्राण रहने तक।

आपाथ (पु.) : इंद्रिय का गोचर क्षेत्र।

आपाथगत (वि.) : इंद्रिय-गोचर होना।

आपादक (पु.) : बच्चे की देखभाल करने वाला।

आपादिका (स्त्री.) : दाई।

आपादेति (क्रि.) : दूध पिलाती है।

आपान (नपुं.) : पेय-भवन।

आपानक (वि.) : पियक्कड़।

आपानीय (वि.) : पीने योग्य।

आपानीयकंस (पु.) : सुरा-पात्र।

आपायिक (वि.) : नारकीय।

आपुच्छति (क्रि.) : पूछता है, अनुज्ञा चाहता है।

आपुच्छा (स्त्री.) : अनुज्ञा।

आपूरति (क्रि.) : भरता है, संपूर्ण होता है।

आपूरण (नपुं.) : पूर्ति।

आपेति (क्रि.) : बहता है।

आपोधातु (स्त्री.) : जलीय तत्त्व।

आफुसति (क्रि.) : प्राप्त करता है, साक्षात करता है।

आबद्ध (वि.) : बंधा हुआ।

आबन्धक (वि.) : बांधने वाला।

आबन्धति (क्रि.) : बांधता है।

आबाध (पु.) : रोग।

आबाधिक (वि.) : रोगी।

आबाधित (वि.) : बाधित, दलित, दबाया हुआ।

आबाधेति (क्रि.) : दबाता है, हैरान करता है।

आभत (वि.) : लाया हुआ।

आभरण (नपुं.) : गहना, अलंकार।

आभरति (क्रि.) : लाता है।

आभस्सर (वि.) : प्रकाशमान।

आभा (स्त्री.) : प्रकाश, रोशनी।

आभाकर (पु.) : सूर्य, सूरज।

आभास (पु.) : रोशनी।

आभाति (क्रि.) : चमकता है।

आभावेति (क्रि.) : अभ्यास करता है।

आभिदोसिक (वि.) : गत रात्रि से संबंधित।

आभिधम्मिक (वि.) : अभिधम्म का जानकार।

आभिन्दति (क्रि.) : काटता है।

आभिसमाचारिक (नपुं.) : छोटे-मोटे कर्तव्य।

आभिसेकिक (वि.) : अभिषेक संबंधी।

आभुजति (क्रि.) : झुकाता है।

आभुजन (नपुं.) : झुकाना।

आभुजी (स्त्री.) : भोजपत्र।

आभोग (पु.) : विचार।

आम (अ.) : हां।

आम / आमक (वि.) : कच्चा, जो पका नहीं।

आमगन्ध (पु.) : १. मांस, २. दुर्गंध, कच्चे / सड़े हुए मांस की सी गंध।

आमकसुसान (नपुं.) : कच्चा-श्मशान।

आमट्ठ (वि.) : स्पृष्ट, छुआ हुआ, हाथ लगाया हुआ।

आमण्ड (पु.) : एरंड का पौधा।

आमण्डलीय (वि.) : मंडल के समान।

आमत्तिक (नपुं.) : मिट्टी का बर्तन।

आमद्दन (नपुं.) : पीसना, मर्दन करना।

आमन्तन (नपुं.) : निमंत्रण, आमंत्रण, संबोधित करना।

आमन्तित (वि.) : निमंत्रित, संबोधित किया हुआ।

आमन्तेति (क्रि.) : निमंत्रित करता है, संबोधित करता है।

आमय (पु.) : रोग।

आमलक (नपुं.) : आंवला।

आमसति (क्रि.) : स्पर्श करता है।

आमसन (नपुं.) : स्पर्श करना, मलना।

आमा (स्त्री.) : दासी।

आमासय (पु.) : पेट।

आमिस (नपुं.) : भोजन, मांस; (वि.) : भौतिक।

आमिसगरु (वि.) : भौतिक चीजों को महत्त्व देने वाला।

आमिसदान (नपुं.) : भौतिक आवश्यकताओं की पूर्ति।

आमुञ्चति (क्रि.) : धारण करता है।

आमुत्त (वि.) : धारण किये हुए।

आमेण्डित (नपुं.) : घोषित, घोषणा, उद्गार।

आमो (अ.) : हां।

आमोद (पु.) : आनंदित होना, प्रमुदित होना।

आमोदति (क्रि.) : प्रमुदित होता है।

आमोदना (स्त्री.) : प्रमुदित होना।

आमोदमान (वि.), आनंदित, प्रमुदित।

आमोदेति (क्रि.) : प्रमुदित करता है।

आय (पु.) : आमदनी, लाभ।

आयकम्मिक (पु.) : आय एकत्र करने वाला।

आयकोसल्ल (नपुं.) : आमदनी बढाने में कुशल होना।

आयमुख (नपुं.) : आमदनी का साधन।

आयत (वि.) : लंबा।

आयतन (नपुं.) : क्षेत्र, इंद्रिय, स्थिति।

आयतनिक (वि.) : क्षेत्र-संबंधी।

आयति (स्त्री.) : भविष्य।

आयतिक (वि.) : भावी।

आयतिका (स्त्री.) : नली।

आयत्त (वि.) : अधीन, निभृत, (नपुं.) : मलकीयत, स्वामित्त्व।

आयस (वि.) : लोह-निर्मित।

आयसक्य (नपुं.) : अगौरव, अपमान।

आयस्मन्त (वि.) : आयुष्मान, आदरणीय।

आयाग (पु.) : यज्ञ संबंधी दान।

आयाचक (वि.) : मांगने वाला, याचना करने वाला।

आयाचति (क्रि.) : मांगता है।

आयाचना (स्त्री.) : मांग, प्रार्थना।

आयाचमान (वि.) : प्रार्थना करते हुए, याचना करते हुए।

आयाचिका (स्त्री.) : याचना करने वाली स्त्री।

आयाचितभत्त-जातक : वृक्ष-देवता ने पशु-हत्या की निंदा की संबंधी जातक (१९)।

आयात (कृ., वि.) : आगत।

आयाति (क्रि.) : आता है।

आयाम (पु.) : लंबाई।

आयामति (क्रि.) : फैलता है।

आयास (पु.) : कष्ट, परेशानी।

आयु (नपुं.) : उमर।

आयुक (वि.) : आयुवाला।

आयुकप्प (पु.) : जीवन-भर।

आयुक्खय (पु.) : आयु का क्षय।

आयुसङ्खय (पु.) : आयु-समाप्ति।

आयुसङ्खार (पु.) : जीवन, आयु की लंबाई।

आयुत्त (वि.) : जुता हुआ।

आयुत्तक (पु.) : एजेण्ट (मुनीम), ट्रस्टी (धरोहर रखने वाला)।

आयुध (नपुं.) : हथियार, शस्त्र।

आयुवन्त (वि.) : अधिक आयु वाला।

आयुस्स (वि.) : आयु-संबंधी।

आयूहक (वि.) : क्रियाशील।

आयूहति (क्रि.) : प्रयत्न करता है, परिश्रम करता है।

आयूहन (नपुं.) : प्रयत्न, परिश्रम।

आयूहापेति (क्रि.) : अन्य से प्रयत्न करवाता है।

आयोग (पु.) : अनुरक्ति, प्रयत्न, बंधन।

आर (पु.) : सूई।

आरग्ग (नपुं.) : सूई का सिरा।

आरकत्त (नपुं.) : दूरीपन।

आरका (अ.) : दूरी।

आरकूट (पु.) : पीतल।

आरक्खक (पु.) : पहरेदार।

आरक्खा (स्त्री.) : पहरा, हिफाजत।

आरञ्ञक / आरञ्ञिक (वि.) : आरण्यक, अरण्य (जंगल) में रहने वाला।

आरञ्ञकत्त (नपुं.) : अरण्य में रहने का भाव।

आरञ्जित (नपुं.) : खरोंच, (वि.) : हल चलाया गया।

आरति (स्त्री.) : दूरी, त्याग।

आरद्ध (वि.) : आरंभ किया गया।

आरद्धचित्त (वि.) : जिसने अपना चित्त जीत लिया हो।

आरद्धविरिय (वि.) : प्रयत्नशील।

आरब्भ (अ.) : संबंध में, बारे में।

आरब्भति (क्रि.) : १. आरंभ करता है, २. वध करता है, ३. कष्ट पहुंचाता है।

आरभन (नपुं.) : आरंभ करना।

आरंभ (पु.) : शुरुआत।

आरम्मण (नपुं.) : इंद्रियों का विषय, जैसे – चक्षु का विषय 'रूप'।

आरा (अ.) : दूर।

आराचारी (वि.) : दूर रहने वाला।

आराधक (पु.) : प्रसन्न करने वाला।

आराधना (स्त्री.) : निमंत्रण, प्रसन्न करना।

आराधेति (क्रि.) : निमंत्रण देता है, प्रसन्न रखता है।

आराधित (वि.) : निमंत्रित, प्रसन्न कृत।

आराम (पु.) : आनंद, बगीचा, विहार।

आरामपाल (पु.) : माली।

आरामवत्थु (नपुं.) : बगीचे का स्थान।

आरामिक (पु.) : विहार-सेवक, (वि.) विहार-संबंधी।

आरामता (स्त्री.) : आसक्ति।

आरामदूसक-जातक : बंदरों द्वारा सात दिन तक बगीचे के सींचे जाने की कथा (४६)।

आराव (पु.) : चिल्लाहट, रोना।

आरुण्ण (नपुं.) : रोना, पश्चाताप करना।

आरुप्प (वि.) : आकार-रहित, (नपुं.) : रूप-विहीन स्थिति।

आरुहति (क्रि.) : चढ़ता है।

आरुहन (नपुं.) : चढाई।

आरुहन्त (कृ.) : चढता हुआ।

आरूळ्ह (कृ., वि.) : चढा हुआ।

आरोग्य (नपुं.) : स्वास्थ्य।

आरोग्यमद (पु.) : स्वास्थ्य का अहंकार।

आरोग्यसाला (स्त्री.) : अस्पताल, दवाखाना।

आरोचना (स्त्री.) : घोषणा।

आरोचापन (नपुं.) : किसी दूसरे के द्वारा घोषणा कराना।

आरोचापेति (क्रि.) : किसी दूसरे के द्वारा घोषणा कराता है।

आरोचित (कृ., वि.) : सूचित।

आरोचेति (क्रि.), सूचना देता है।

आरोदना (स्त्री.) : रोना-धोना, विलाप करना, दुःख व्यक्त करना।

आरोपन (नपुं.), दोष लगाना।

आरोपित (वि.) : जिस पर दोष लगाया गया हो।

आरोपेति (क्रि.) : दोषारोपण करता है।

आरोह (पु.) : ऊपर चढ़ना, वृद्धि, ऊंचाई।

आरोहणीय (वि.) : चढ़ने योग्य।

आरोहक (पु.) : चढ़ने वाला।

आरोहति (क्रि.) : चढ़ता है।

आरोहन (नपुं.) : चढ़ाई।

आलकमंदा / आलका : कुबेर की पुरी, एक पौराणिक नगर का नाम।

आलग्गित (वि.) : लगा हुआ, लटकता हुआ।

आलग्गेति (क्रि.) : लगा रहता है, लटका रहता है।

आलपति (क्रि.) : बातचीत करता है।

आलपन (नपुं.) : बातचीत, संबोधन करना।

आलम्ब (पु.) : सहारा, लटके रहने का आधार।

आलम्बति (क्रि.) : लटकता है, पकड़े रहता है, सहारा लिए रहता है।

आलम्बन (नपुं.) : लटकना, आधर।

आलम्बर (पु.) : एक प्रकार की भेरी।

आलय (पु.) : स्थान, इच्छा, आसक्ति।

आलवालक (नपुं.) : उपजाऊ जमीन।

आलस (नपुं.) : आलस्य।

आलान (नपुं.) : हाथी बांधने का स्तंभ।

आलाप (पु.) : बातचीत।

आलि (स्त्री.) : एक प्रकार की मछली, तटबंध, खाई।

आलिखति (क्रि.) : आलेखन करता है, चित्र बनाता है।

आलिङ्गति (क्रि.) : आलिंगन करता है, गले लगाता है।

आलित्त (वि.) : लिप्त।

आलिन्द (पु.) : घर का बरामदा।

आलिम्पन (नपुं.) : लीपना।

आलिम्पित (वि.) : लीपा हुआ।

आलिम्पेति (क्रि.) : लीपता है।

आली (स्त्री.) : सखी।

आलु (नपुं.) : जमीकन्द।

आलुम्पति (क्रि.) : खोद डालता है।

आलुळति (क्रि.) : हलचल करता है।

आलेप / आलेपन (पु., नपुं.) : लेप।

आलोक (पु.) : प्रकाश, उजाला।

आलोकन (नपुं.) : १. खिडकी, २. बाहर देखना।

आलोकसन्धि (पु.) : झरोखा।

आलोकित (वि.) : देखा हुआ।

आलोकेति (क्रि.) : बाहर देखता है।

आलोप (पु.) : कौर, आहार-पिंड।

आलोळ (पु.) : हलचल।

आलोळेति (क्रि.) : हलचल करता है, (छाछ) बिलोता है।

आवज्जति (क्रि.) : आवर्जन करता है, विचार करता है।

आवज्जेति (क्रि.) : ध्यान लगाता है।

आवट्ट (वि.) : आवृत्त, ढका हुआ।

आवट्टति (क्रि.) : उलटता है, पलटता है ।

आवट्टन (नपुं.) : १. आवर्तन, २. किसी भूत-प्रेत का सिर आना।

आवट्टनी (स्त्री.) : जादू, आवर्तनी-माया।

आवट्टेति (क्रि.) : जादू कर देता है।

आवत्त (वि.) : पीछे लौटा हुआ।

आवत्तक (वि.) : पीछे लौटने वाला।

आवत्तति (क्रि.) : वापस लौटता है, पीछे मुड़ता है।

आवत्तन (नपुं.) : वापस लौटना।

आवत्तिय (वि.) : जो वापस लौट सके या वापिस लौटाया जा सके।

आवत्थिक (वि.) : योग्य, मौलिक।

आवपति (क्रि.) : भेंट करता है।

आवपन (नपुं.) : बोना, बखेरना।

आवर (वि.) : बाधक।

आवरण (नपुं.) : परदा, ढक्कन।

आवरणीय (वि.) : परदा रखने के योग्य।

आवरति (क्रि.) : बाधा उपस्थित करता है, रूकावट पैदा करता है।

आवरित (वि.) : बाधित।

आवरिय (पू.क्रि.) : बाधा उपस्थित कर, परदा डाल कर।

आवली (स्त्री.) : पंक्ति, माला।

आवसति (क्रि.) : वास करता है, रहता है।

आवसथ (पु.) : निवास-स्थान।

आवहति (क्रि.) : लाता है।

आवाट (पु.) : गड्ढा।

आवहन (नपुं.) : लाना।

आवाप (पु.) : कुम्हार का आवा।

आवास (पु.) : निवास-स्थान, घर।

आवाह-विवाह (नपुं.) : सगाई-विवाह।

आवासिक (वि.) : नैवासिक, रहने वाला।

आवि (अ.) : प्रकट रूप से, सबकी आंखों के सामने।

आविकत (वि.): आविष्कृत, प्रकट।

आविज्झति (क्रि.) : चारों ओर से घेर लेता है।

आविज्झन (नपुं.) : चक्कर काटना।

आविञ्जति (क्रि.) : बिलोता है।

आविञ्जनक (वि.) : लटकता हुआ।

आविट्ठ (वि.) : प्रविष्ट।

आविद्ध (वि.) : बींधा गया, घेरा गया।

आविभाव (पु.) : प्रकट होता है।

आविल (वि.) : गन्दला, मलिन।

आविलत्त (नपुं) : गन्दला या मैला होने का भाव, हलचल, खलबली।

आविसति (क्रि.) : प्रवेश करता है।

आवुणाति (क्रि.) : पिरोता है, धागा बांधता है।

आवुत (वि.) : घिरा हुआ।

आवुध (नपुं.) : हथियार, आयुध।

आवुसो (अ.) : सम्बोधन-पद, मित्र!, आयुष्मान!

आवेठन (नपुं.) : लपेटना।

आवेठेति (क्रि.) : लपेटता है।

आवेणिक (वि.) : विशेष, असाधारण।

आवेला (स्त्री.) : फूलों का गजरा।

आवेल्लित (वि.) : टेढा।

आवेसन (नपुं.) : प्रवेश-द्वार।

आसङ्क-जातक : राजा ने लड़की के नाम का पता लगाकर उसका पाणि-ग्रहण किया। लड़की का नाम था आसङ्का (३८०)।

आसङ्कति (क्रि.) : शंका करता है, संदेह करता है।

आसङ्का (स्त्री.) : शंका, संदेह।

आसङ्कित (वि.) : आशंकित।

आसङ्ग (नपुं.) : १. आसक्ति, चिपकना; २. वस्त्र।

आसंस (वि.) : चाहने वाला, इच्छा करने वाला।

आसंसा (स्त्री.) : इच्छा, कामना।

आसज्ज (पू.क्रि.) : प्राप्तकर पहुंचकर, समीप जाकर।

आसज्जति (क्रि.) : आसक्त होता है, क्रोधित होता है, विरोध करता है।

आसज्जन (नपुं.), निग्रह करना, अपमानित करना, आसक्त होना।

आसति (क्रि.) : बैठता है।

आसत्त (वि.) : आसक्त।

आसन (नपुं.) : बैठने का आसन।

आसनसाला (स्त्री.) : बैठने का स्थान।

आसन्दि (स्त्री.) : कुर्सी, चौकी।

आसन्न (वि.) : जो समीप हो, (नपुं.) : पड़ोस।

आसभ (वि.) : वृषभ, बैल, बैल के समान।

आसय (पु.) : १. आशय, २. आश्रय, निवासस्थान।

आसव (पु.) : आस्रव, जो बहे, अकुशल-विचार।

आसवक्खय (पु.) : आस्रवों का क्षय।

आससान (वि.) : इच्छा करते हुए, आशा करने वाला।

आसा (स्त्री.) : आशा, इच्छा।

आसाभङ्ग (पु.) : निराश होना।

आसाटिका (स्त्री.) : मक्खी का अंडा।

आसादेति (क्रि.) : अपमानित करता है।

आसार (पु.) : अतिवृष्टि।

आसाळ्ह (पु.) : आषाढ का महीना।

आसि (भू.क्रि.) : (वह) था।

आसिञ्चति (क्रि.) : छिडकता है।

आसिट्ठ (वि.), आशीर्वाद प्राप्त ।

आसित्त (कृ.) : सींचा हुआ।

आसित्तक (नपुं.) : मसाला।

गन्धिक / गन्धी (वि.) : सुगंधि वाला।

गन्धोदक (नपुं.) : सुगंधित जल।

गब्बित (वि.) : गर्वित, अहंकारी।

गब्भ (पु.) : अंदरूनी भाग, गर्भ।

गब्भगत (वि.) : गर्भाधान हुआ।

गब्भपरिहरण (नपुं.) : गर्भ-संरक्षण।

गब्भपातन (नपुं.) : गर्भ-पात।

गब्भमल (नपुं.) : बच्चे के जन्म के समय उसके शरीर के साथ लगा हुआ घृणित अंश।

गब्भर (नपुं.) : गुफा।

गब्भवुट्ठान (नपुं.) : प्रसव।

गब्भासय (पु.) : गर्भाशय, बच्चादानी।

गब्भिनी (स्त्री.) : गर्भिणी स्त्री।

गमन (नपुं.) : जाना।

गमनकारण (नपुं.) : जाने का कारण।

गमनन्तराय (पु.) : गमन में बाधा।

गमनागमन (नपुं.) : जाना आना।

गमनीय (वि.) : जाने योग्य।

गमिक (वि.) : जानेवाला।

गमिकवत्त (नपुं.) : यात्रा की तैयारी।

गमेति (क्रि.) : भेजता है, समझता है।

गम्भीर (वि.) : गहरा।

गम्भीरावभास (वि.) : गंभीरता की प्रतीति।

गम्म (वि.) : गँवार, ग्राम्य।

गय्ह (वि.) : ग्रहण करने योग्य।

गय्हति (क्रि.) : ग्रहण करता है।

गया : बोधि-वृक्ष तथा बनारस के बीच की सड़क पर स्थित प्रसिद्ध नगर।

गयासीस : गया के पास का एक पर्वत।

गरहति (क्रि.) : दोष देता है, निंदा करता है।

गरहन (नपुं.) : दोषारोपण।

गरहित-जातक : एक बंदर कुछ समय तक आदमियों में रहा। उसने जंगल में वापिस पहुंच कर अपने साथियों के सामने आदमियों के गर्हित जीवन का वर्णन किया (२१९)।

गरही (पु.) : दोषारोपण करनेवाला।

गरु (वि.) : भारी, गंभीर, सन्मान्य।

गरुक (वि.) : भारी, गंभीर

गरुकत (वि.) : सन्मानित।

गरुकरोति (क्रि.) : आदर करता है, सम्मान करता है।

गरुकातब्ब (वि.) : सम्मान के योग्य।

गरुकार (पु.) : सम्मान।

गरुगब्भा (स्त्री.) : गर्भिणी।

गरुट्ठानीय (वि.) : आचार्य।

गरुत्त (नपुं.) : गुरुत्व।

गरुळ (पु.) : एक काल्पनिक पक्षी।

गल (पु.) : गला।

गलग्गाह (पु.) : गले से पकड़ना।

गलति (क्रि.) : बहता है।

गलनाळी (स्त्री.) : गले की नाली।

गलप्पमाण (वि.) : गले तक।

गलवाटक (पु.) : गले का घेरा।

गलित (वि.) : बहा हुआ।

गव (पु.) : वृषभ, बैल, सांड।

गवक्ख (पु.) : गवाक्ष, झरोखा।

गवज / **गवय** (पुं.) : नील गाय।

गवपान (नपुं.) : खीर (दूध-भात)।

गवाघातन (नपुं.) : गो-हत्या।

गवि (पु.) : हव्य-सामग्री, घी।

गवेसक (वि.) : खोजनेवाला।

गवेसति (क्रि.) : खोजता है।

गवेसन (नपुं.) : गवेषणा, खोजना।

गवेसी (पु.) : खोजने वाला।

गह : (पु.) जो ग्रहण करता है, ग्रह (मंगल-ग्रह आदि); (नपुं.) : घर।

गहकारक (पु.) : घर का निर्माता।

गहकूट (नपुं.) : घर का शिखर।

गहट्ठ (पु.) : गृहस्थ, सांसारिक व्यक्ति।

गहण (नपुं.) : ग्रहण करना।

गहणिक (वि.) : अच्छी पाचन-शक्ति वाला।

गहणी (स्त्री.) : पाचन-शक्ति।

गहन (वि.) : घना।

गहनट्ठान (नपुं.) : जंगल में ऐसा स्थान जहां घूमना दुष्कर हो।

गहपतानी (स्त्री.) : गृह-पत्नी।

गहपति (पु.) : गृहपति।

गहपति-जातक : एक गृहस्थ की पत्नी, गाँव के मुखिया से फँसी थी। गृहस्थ जान गया। उसने मुखिया को पीटा (१९९)।

गहपतिमहासाल (पु.) : धनी गृहपति।

गहित (वि., कृ.) : गृहीत।

गळगळायति (क्रि.) : गल-गल शब्द करते हुए बरसता है।

गळोचि (स्त्री.) : गड्डुच।

गाथा (स्त्री.) : दो पंक्तियों का छन्द-विशेष, तिपिटक के नौ अंगों में से एक।

गाध : (वि.) गहरा, (पु.) गहराई।

गाधति (क्रि.) : दृढ (खड़ा) रहता है।

गान (नपुं.) : गाना।

गाम (पु.) : गाँव, ग्राम।

गामक (पु.) : एक छोटा गाँव।

गामघात (पु.) : गाँव की लूट।

गामजन (पु.) : गाँव के लोग।

गामजेट्ठ / गामभोजक (पु.) : गाँव का मुखिया।

गामणी (पु.), गांव की मुखिया, ग्रामणी।

गामदारक (पु.) : गाँव का लड़का।

गामदारिका (स्त्री.) : गाँव की लड़की।

गामद्वार (नपुं.) : गाँव का दरवाजा।

गामधम्म (पु.) : ग्राम्य-धर्म, मैथुन-धर्म।

गामवासी (पु.) : ग्राम-वासी।

गामसीमा (स्त्री.) : गाँव की सीमा।

गामी (वि.) : जाने वाला।

गायक (पु.) : गाने वाला।

गायति (क्रि.) : गाता है।

गायन (नपुं.) : गाना।

गायिका (स्त्री.) : गाने वाली ।

गारय्ह (वि.) : निंदनीय।

गारव (पु.) : गौरव।

गावी (स्त्री.) : गौ, गाय।

गावुत (नपुं.) : गव्यूति, दूरी का माप।

गावो (पु, बहुवचन) : पशु, मवेशी।

गाह (पु.) : पकड़, दृष्टि, मत।

गाहक / गाही (वि.) : लेने वाला, ग्रहण करने वाला, ग्राहक।

गाहति (क्रि.) : भीतर जाता है, डुबकी लगाता है।

गाहन (नपुं.) : भीतर जाना, डुबकी लगाना।

गाहपच्च (पु.) : गार्हपत्य, गृहपतित्व।

गाहापक (वि.) : ग्रहण करने वाला।

गाहापेति / गाहेति (क्रि.) : ग्रहण करवाता है।

गाळ्ह (वि.) : मजबूत, कसा हुआ।

गिङ्गमक (नपुं.) : आभरण- विशेष।

गिज्झ (पु.) : गीध।

गिज्झकूट : राजगृह (राजगिर) के पास का गृध्र-कूट पर्वत।

गिज्झ-जातक : कृतज्ञ गीधों ने जहाँ-तहाँ से लोगों के आभूषण आदि उठा-उठा लाकर सेठ के मकान में गिराने आरंभ किये (१६४)।

गिज्झ-जातक : सुपत्त गीध ने अपने पिता का कहना न मान जान गँवाई (४२७)।

गिज्झति (क्रि.) : लोभ करता है।

गिञ्जका (स्त्री.) : ईंट।

गिञ्जकावसथ (पु.) : ईंटों का बना घर।

गिद्ध (वि.) : लुब्ध।

गिद्धि (स्त्री.) : लोभ, आसक्ति।

गिद्धी (वि.) : लोभी।

गिनि (पु.) : अग्नि, आग।

गिम्ह (पु.) : गरमी, गरमी का मोसम ।

गिम्हान (पु.) : गरमी का समय।

गिम्हिक (वि.) : ग्रीष्म ऋतु संबंधी।

गिरग्गसमज्जा (स्त्री.) : समय-समय पर मनाया जाने वाला पहाड़वाला उत्सव।

गिरा (स्त्री) : वाणी।

गिरि (पु.) : पर्वत।

गिरिगब्भर (नपुं.) / **गिरिगुहा** (स्त्री.) : पर्वत-गुफा।

गिरिदन्त-जातक : अपने शिक्षक को लंगड़ाता देख घोड़ा भी लंगड़ाने लगा (१८४)।

गिरिब्बज : मगधों की पूर्व राजधानी।

गिरिराज (पु.) : मेरू पर्वत।

गिरिसिखर (नपुं.) : गिरि-शिखर।

गिलति (क्रि.) : निगल जाता है।

गिलन (नपुं.) : निगलना।

गिलान (वि.) : रोगी, बीमार।

गिलानपच्चय (पु.) : रोगी का पथ्य।

गिलानभत्त (नपुं.) : रोगी का भोजन।

गिलानसाला (स्त्री.) : रोगी-शाला।

गिलानालय (पु.) : रोग का बहाना।

गिलानुपट्ठान (नपुं.) : रोगी की सेवा।

गिलायति (क्रि.) : रोगी होता है, दर्द करता है।

गिलित (वि.) : खाया हुआ, निगला गया।

गिही (पु.) : गृहस्थ।

गिहीबन्धन (नपुं.) : गृही-बंधन।

गिहीभोग (पु.) : गृहस्थ के भोग।

गिहीव्यञ्जन (नपुं.) : गृहस्थ की विशेषताएं।

गिहीसंसग्ग (पु.) : गृहस्थों के साथ संसर्ग।

गीत (नपुं.) : गाना।

गीतरव / गीतसद्द (पु.) : गीत की आवाज।

गीवा (स्त्री.) : गर्दन, ग्रीवा।

गीवेय्यक (नपुं.) : गर्दन का गहना।

गुग्गुलु (पु.) : गुग्गल, गुग्गुल का पेड़।

गुञ्ञा (स्त्री.) : रत्ती-भर (तौल)।

गुण (पु.) : सद्गुण या दुर्गुण, धागा। (संख्या के साथ : **दिगुण** - दोहरा, द्विगुण)।

गुणक (वि.) : जिसके सिरे पर गाँठ हो।

गुणकथा (स्त्री.) : प्रशंसा \।

गुणकित्तन (नपुं.) : आत्म-प्रशंसा।

गुणगण (पु.) : गुणों का समूह।

गुणवन्तु (वि.) : गुणवान।

गुणानुपेत (वि.) : गुणी।

गुणहीन (वि.) : गुण-रहित।

गुण-जातक : शेर को गीदड़ ने दलदल में से निकाला (१५७)।

गुण्ठिक (वि.) : ढका हुआ।

गुण्ठिका (स्त्री.) : धागे का गोला।

गुण्ठेति (क्रि.) : लपटेता है।

गुत्त (वि.) : संरक्षित।

गुत्तद्वार (वि.) : संयतेन्द्रिय।

गुत्ति (स्त्री.) : संरक्षक।

गुत्तिक (पु.) : चौकीदार।

गुत्तिल-जातक : आचार्य गुत्तिल तथा उसके शिष्य मूसिल का मुकाबला (२४३)।

गुद (नपुं.) : गुदा।

गुम्ब (पु.) : झाड़ी।

गुम्बिय-जातक : सार्थवाह ने अपने सार्थ को जंगल की कोई भी चीज बिना उससे पूछे खाने के लिए मना किया (३६६)।

गुय्ह (वि.) : रहस्य, छिपाने योग्य।

गुय्हभण्डक (नपुं.) : पुरुष-लिंग अथवा स्त्री-लिंग।

गुरु (पु.) : शिक्षक, अध्यापक, आचार्य।

गुरुदक्खिणा (स्त्री.) : गुरु की दक्षिणा।

गुहा (स्त्री.) : गुफा।

गुळ (नपुं.) : गुड़, गोली, गेंद।

गुळकीळा (स्त्री.) : गोलियों की क्रीड़ा।

गुळिका (स्त्री.) : गोली।

गूथ (नपुं.) : गोबर, गूँह।

गूथपाणक (पु.) : गूँह में रहनेवाला कीड़ा।

गूथभक्ख (वि.) : गूँह खाने वाला।

गूथभाणी (पु.) : बुरा बोलने वाला।

गूथपाण-जातक : गोबर के कीड़े ने शराब पी ली। उसे नशा चढ गया (२२७)।

गूहति (क्रि.) : छिपाता है।

गूहन (नपुं.) : छिपाव।

गूहित (वि.) : छिपा हुआ।

गूळ्ह (वि.) : छिपा हुआ, गूढ।

गेण्डुक (पु.) : गेंद।

गेध (पु.) : लोभ, स्वार्थ।

गेधित (कृ.) : लुब्ध।

गेय्य (वि.) : गाने योग्य, तिपिटक के नौ अंगों में से एक, गेय्य अंश।

गेरुक (नपुं.) : गेरू का रंग।

गेलञ्ञ (नपुं.) : रोग, बीमारी।

गेह (पु., नपुं.) : घर, मकान, निवास।

गेहङ्गन (नपुं.) : घर का आंगन।

गेहजन (पु.) : परिवार के सदस्य।

गेहट्ठान (नपुं.) : घर के लिए जगह।

गेहद्वार (नपुं.) : घर का दरवाजा।

गेहनिस्सित (वि.) : घर पर आश्रित।

गेहप्पवेसन (नपुं.) : गृह-प्रवेश का संस्कार।

गेहसित (वि.) : गृही-जीवन संबंधी।

गो (पु., स्त्री.) : गाय, बैल।

गोकण्टक (नपुं.) : पशुओं के खुर।

गोकण्ण (पु.) : मृगविशेष।

गोकुल (नपुं.) : गो-घर, गौ-शाला।

गोगण (पु.) : पशु-समूह, मवेशी।

गोघातक (पु.) : कसाई।

गोकुलिक : वज्जिपुत्तकों का एक उपभेद।

गोचर (पु.) : चरागाह, विचरण स्थान।

गोचरगाम (पु.) : भिक्षाटन क्षेत्र।

गोच्छक (पु.) : गुच्छा।

गोट्ठ (नपुं.) : गौओं का बाड़ा।

गोण (पु.) : बैल, वृषभ।

गोणक (पु.) : एक प्रकार का बैल, ऊन का गलीचा।

गोतम (वि.) : गोतम-गोत्र का, शाक्यों का गोत्र।

गोतमी (स्त्री.) : गोतम गोत्र की।

गोत्त (नपुं.) : गोत्र, कुल।

गोत्रभू / गोत्तभू (वि.) : एक पारिभाषिक शब्द। वह जो सांसारिक न रहा, बल्कि निर्वाण जिसका उद्देश्य हो गया हो।

गोध-जातक : तपस्वी ने गोह-मांस के लोभ से गोह की हत्या करनी चाही (१३८)।

गोध-जातक : गोह-बच्चे ने गिरगिट-बालिका से यारी की (१४१)।

गोध-जातक : गोह ने ढोंगी तपस्वी को आश्रम त्यागने पर मजबूर किया (३२५)।

गोध-जातक : राजकुमार तथा उसकी भार्या को शिकारियों ने गोह का मांस दिया (३३३)।

गोधा (स्त्री) : गोह ।

गोधुम (पु.) : गेहूँ।

गोनस (पु.) : विषैला सर्प ।

गोपक (पु.) : पहरेदार, चौकीदार।

गोपानसी (स्त्री.) : कड़ियाँ, शंखलियाँ।

गोपानसिवकं : शहतीर की तरह टेढ़ा।

गोपाल / गोपालक (पु.) : ग्वाला, चरवाहा।

गोपी (स्त्री.) : ग्वाले या चरवाहे की स्त्री।

गोपुर (नपुं.) : द्वार।

गोपेति (क्रि.) : रक्षा करता है।

गोपेतु (पु.) : रक्षक।

गोप्फक (नपुं.) : गुलेल, टखना।

गोमय (नपुं.) : गोबर।

गोमिक / गोमी (वि.) : पशुओं का मालिक।

गोमुत्त (नपुं.) : गोमूत्र।

गोयूथ (पु.) : गौओं का झुंड।

गोरक्खा (स्त्री.) : गौ-रक्षा, गौ-पालन।

गोलोमि (स्त्री.) : सफेद दूर्वा, सफेद घास।

गोळक (पु., नपुं.) : गेंद।

गोसीस (पु.) : पीला चंदन।

घ

घंसेति (क्रि.) : रगड़ता है।

घट (पु.) : घड़ा।

घटक (पु., नपुं.) : छोटा बर्तन।

घट-जातक : कोसल नरेश के मंत्री को लेकर सुनाई गई जातक कथा (३५५)।

घट-जातक : किस प्रकार घट पंडित ने अपने भाई वासुदेव का कष्ट दूर किया (४५४)।

घटति (क्रि.) : कोशिश करता है, प्रयास करता है।

घटना (स्त्री.) : मेल।

घटा (स्त्री.) : भीड़।

घटासन-जातक : वृक्ष पर रहनेवाले पक्षियों को मार डालने के लिए जलाशय में रहनेवाले नाग-देवता ने आग भड़काई (१३३)।

घटिका (स्त्री.) : सुराही।

घटी (स्त्री.) : जल-पात्र।

घटीकार (पु.) : कुम्हार।

घटीयति (क्रि.) : संबंधित होता है।

घटीयन्त (नपुं.) : घटी-यंत्र, रहट।

घटेति (क्रि.) : प्रयत्न करता है।

घट्टन (नपुं.) : संघर्ष।

घट्टेति (क्रि.) : चोट पहुंचाता है, रुष्ट करता है।

घण्टा (स्त्री.) : घंटा, घंटी।

घत (नपुं.) : घृत, घी।

घतसित्त (वि.) : जिस पर घी डाला गया हो।

घन (वि.) : मोटा, स्थूल।

घनतम (वि.) : बहुत मोटा, अत्यंत स्थूल।

घनपुप्फ (नपुं.) : फूलों वाला गलीचा।

घनसार (पु.) : कपूर।

घनोपल (नपुं.) : ओले।

घम्म (पु.) : ऊष्णता, गरमी।

घम्मजल (नपुं.) : पसीना।

घम्माभितत्त (वि.) : गरमी से हैरान।

घर (नपुं.) : गृह, घर, मकान।

घरगोळिका (स्त्री.) : छिपकली।

घरणी (स्त्री.) : गृहिणी।

घरबन्धन (नपुं.) : विवाह।

घरमानुस (पु.) : घर के लोग।

घरसप्प (वि.) : धामिन (सांप)।

घराजिर (नपुं.) : घर का आंगन।

घरावास (पु.) : गृहस्थ जीवन।

घस (वि.) : खाने वाला।

घसति (क्रि.) : खाता है ।

घाण (नपुं.) : नाक, नासिका।

घाणविञ्ञाण (नपुं) : घ्राणेन्द्रिय के माध्यम से उत्पन्न होनेवाला ज्ञान।

घात (पु.) / **घातन** (नपुं.) : हत्या, घात।

घातक / **घाती** (पु.) : हत्यारा, लुटेरा।

घातापेति (क्रि.) : हत्या करवाता है, लुटवाता है।

घातेति (क्रि.) : हत्या करता है, लूटता है।

घायति (क्रि.) : सूंघता है।

घायित (वि.) : सूंघा हुआ।

घास (पु.) : भोजन, घास, जानवरों का आहार।

घासच्छादन (नपुं.) : भोजन-वस्त्र।

घासहारक (वि.) : घास लाने वाला।

घुट्ठ (वि.) : घोषित ।

घोटक (पु.) : बिना सधा हुआ घोड़ा।

घोर (वि.) : भयानक।

घोरतर (वि.) : अधिक भयानक।

घोस (पु.) : घोषणा, शब्द।

घोसक (पु.) : घोषणा करने वाला।

घोसापेति (क्रि.) : घोषणा करवाता है।

घोसिताराम : कोसम्बी का प्रसिद्ध विहार।

घोसेति (क्रि.) : घोषणा करता है।

च

च (अ.) : और, तब, अब।

चकित (वि.) : हैरान, भयभीत।

चकोर (पु.) : चकोर, एक पक्षी।

चक्क (नपुं.) : चक्र, चक्का, पहिया।

चक्कङ्कित (वि.) : चक्रांकित, चक्र के निशान वाला।

चक्कपाणी (पु.) : चक्रपाणि, विष्णु, पौराणिक देवता का नाम।

चक्कयुग (नपुं.) : पहियों का जोड़ा।

चक्करतन (नपुं.) : चक्रवर्ती राजा का रत्न-चक्र।

चक्कवत्ती (पु.) : चक्रवर्ती राजा।

चक्कवाक (पु.) : चकवा, चक्रवाक, एक पक्षी।

चक्कवाक-जातक : संतोष सौंदर्य प्रदान करता है जैसे चकवा-चकवी का, और लोभ सौंदर्य नष्ट करता है जैसे कोवे का (४३४)।

चक्कवाक-जातक : ऊपरी जातक के समान (४५१)

चक्कवाळ (पु.) : घेरा, क्षेत्र।

चक्कसमारूळ्ह (वि.) : चक्रों (गाड़ियों), पर चढे हुए।

चक्खु (नपुं.) : आँख, नयन।

चक्खुक (वि.) : आँख वाला।

चक्खुद (वि.) : आँख देने वाला, दृष्टि / ज्ञान देने वाला।

चक्खुधातु (स्त्री.) : दृष्टि।

चक्खुपथ (पु.) : दृष्टिपथ।

चक्खुभूत (वि.) : सम्यक्-दृष्टि वाला।

चक्खुमन्तु (वि.) : आँख वाला।

चक्खुलोल (वि.) : आँख का लोभी, (अनेक चीजें) देखने का लोभी।

चक्खुविञ्ञाण (नपु.) : दृष्टि के द्वारा प्राप्त ज्ञान।

चक्खुसम्फस्स (पु.) : चक्षु-स्पर्श, दृष्टि में आना।

चक्खुस्स (वि.) : आँख को अच्छा लगने वाला या आँख के लिए अच्छा।

चङ्कम (पु.) : चंक्रमण-भूमि, चंक्रमण करना।

चङ्कमन (नपुं.) : चंक्रमण करना।

चङ्कमति (क्रि.) : चंक्रमण करता है।

चङ्गवार (पु.) : दूध छानने का कपड़ा या छलनी।

चङ्गोटक (पु.) : छोटी टोकरी।

चच्चर (नपुं.) : आँगन, चौरस्ता।

चजति (क्रि.) : त्यागता है।

चजन (नपुं.) : त्याग।

चञ्चल (वि.) : अस्थिर, चंचल।

चटक (पु.) : चिड़ियाँ।

चणक (पु.) : चना।

चण्ड (वि.) : भयानक, प्रचंड, भयंकर।

चण्डपज्जोत : बुद्ध का समकालीन अवन्ति-नरेश।

चण्डासोक : सम्राट अशोक को दिया गया एक नाम।

चण्डाल (पु.) : जाति-बहिष्कृत अथवा अस्पृश्य।

चण्डालकुल (नपुं.) : अछूत कुल।

चण्डाली (स्त्री.) : चंडाल स्त्री।

चण्डिक्क (नपुं.) : भयानकता, प्रचंड-भाव।

चतु (वि.) : चार (४)।

चतुक्क (नपुं.) : चार का समूह, चौराहा।

चतुक्कण्ण (वि.) : चतुष्कोण।

चतुक्खत्तुं (क्रि.वि.) : चार बार।

चतुग्गुण (वि.) : चौगुना।

चत्तालीसति (स्त्री.) : चवालीस (४४)।

चतुज्जातिगन्ध (पु.) : चार प्रकार की सुगंधि।

चतुत्तिंसति (स्त्री.) : चौतीस (३४)।

चतुत्थ (वि.) : चौथा।

चतुत्थी (स्त्री.) : पक्ष (पखवाड़े) का चौथा दिन।

चतुद्दस (वि.) : चौदह (१४)।

चतुद्दिसा (स्त्री.), चारों दिशाएँ ।

चतुद्वार (वि.) : चारों द्वार।

चतुद्वार-जातक : इसी कथा का दूसरा नाम महामित्तविन्दक जातक भी है (४३९)।

चतुधा (वि.) : चार तरह से।

चतुनवुति (स्त्री.) : चौरानबे (९४)।

चतुपच्चय (पु.) : भिक्षु की चीवर आदि चार आवश्यकताएं।

चतुपण्णास (स्त्री.) : चौवन (५४)।

चतुपरिसा (स्त्री.) : चार प्रकार की परिषद अर्थात् भिक्खु, भिक्खुणियां, उपासक तथा उपासिकाएं।

चतुप्पद (पु.) : चतुष्पाद, चार पैरों वाला जानवर, पशु।

चतुपोसथिक-जातक : ४४१ वीं जातक का शीर्षक। वहाँ लिखा है कि यह पुण्णक जातक के अंतर्गत है। इस नाम की कोई जातक कथा नहीं है।

चतुब्बण्ण (पु.) : चतुर्वर्ण, चार वर्ण / जाति।

चतुब्बिध / चतुब्भिध (वि.) : चार प्रकार से।

चतुभाणवार : पांच निकायों में से और विशेष रूप से खुद्दकपाठ में से सत्ताईस उद्धरणों का एक संग्रह।

चतुभूमक (वि.) : चार तल्लों का।

चतुमट्ठ-जातक : चित्रकूट पर्वत से आये हंसों की कथा (१८७)।

चतुमधुर (नपुं.) : चार प्रकार के घी, मधु आदि माधुर्य।

चतुर (वि.) : चतुर, होशियार, बुद्धिमान।

चतुरोपधि (पु.) : चार प्रकार के बंधन।

चतुरङ्गिक (वि.) : चार हिस्सों वाला।

चतुरङ्गिनी (स्त्री.) : चार अंगों वाली सेना।

चतुरङ्गुल (वि.) : चार अंगुल भर।

चतुरस्स (वि.) : चौकोर।

चतुरस्सक (पु.) : चार तल्ले का महल।

चतुरंस (वि.) : चतुष्कोण।

चतुरासीति (स्त्री.) : चौरासी (८४)।

चतुवीसति (स्त्री.) : चौबीस (२४)।

चतुसट्ठि (स्त्री.) : चौंसठ (६४)।

चतुसत्तति (स्त्री.) : चौहत्तर (७४) ।

चत्त (वि.) : त्यक्त, त्यागा हुआ, छोड दिया गया।

चन (अ.) : 'कभी कभी' के अर्थ के वाचक, 'कुदाचन' शब्द का एक अंश।

चनं : देखिये **चन** ।

चन्द (पु.) : चाँद, चंद्रमा।

चन्दग्गाह (पु.) : चाँद-ग्रहण।

चन्दमण्डल (नपुं.) : चाँद की तश्तरी।

चन्दकिन्नर-जातक : बनारस-नरेश ने चंदा-किन्नरी पर आसक्त हो चंदा के पति चंद-किन्नर को मार डाला। चंदा-किन्नरी की स्वामिभक्ति संबंधी कथा (४८५)।

चन्दन : (पु.) चंदन का वृक्ष; (नपुं.) चंदन की लकड़ी।

चन्दनसार (पु.) : चंदन का सार।

चन्दाभ-जातक : चंद्र तथा सूर्य पर चित्त एकाग्र करने वाले आभास्वर लोग में उत्पन्न होते है (१३५)।

चन्दनिका (स्त्री.) : नाबदान।

चन्दप्पभा (स्त्री.) : चाँदनी, चंद्रप्रभा।

चन्दभागा (स्त्री.) : चंद्रभागा नदी।

चन्दिका (स्त्री.) : चाँदनी।

चन्दिमा (पु.) : चाँद।

चपल (वि.) : चंचल, अस्थिर।

चपलता (स्त्री.) : चंचलता, अस्थिरता।

चपुचपुकारकं (क्रि.वि.) : चप-चप आवाज करते हुए (भोजन करना)।

चमर / चमरी (पु.) : हिमालय-प्रदेश की सुरागाय।

चमू (स्त्री.) : सेना।

चमूनाथ / चमूपति (पु.) : सेनापति।

चम्पक (पु.) : चंपा।

चम्पा (स्त्री.) : इसी नाम की नदी के किनारे का एक नगर। यह अंग की राजधानी था। वर्तमान भागलपुर।

चम्पेय्यक (वि.) : चंपा संबंधी।

चम्पेय्य-जातक : मगध-नरेश ने चंपा नदी में रहनेवाले नागराज की सहायता से अंग-नरेश को हराया (५०६)।

चम्म (नपुं.) : चर्म, खाल।

चम्मकार (पु.) : चमार, चमड़े का काम करने वाला।

चम्मखण्ड (पु.) : आसन की तरह उपयोग में आने वाला चर्म-खंड।

चम्मपसिब्बक (पु.) : चमड़े का थैला।

चय (पु.) : संग्रह, ढेर।

चर / चरक (पु.) : घूमने वाला, चर-पुरूष (गुप्तचर)।

चरण (नपुं.) : चलना-फिरना, पैर, पांव, आचरण, व्यवहार।

चरति (क्रि.) : चलता-फिरता है, आचरण करता है।

चरहि (अ.) : अभी।

चरापेति (क्रि.) : चलाता है, आचरण कराता है।

चरित : (वि.) चला गया, आचरण किया हुआ; (नपुं.) चरित्र, (जीवन-)चरित।

चरिम (वि.) : अंतिम।

चरिया (स्त्री.) : आचरण, चरित।

चरियापिटक : खुद्दक निकाय के पंद्रह ग्रंथों में से एक। यह खुद्दक निकाय का अंतिम ग्रंथ माना जाता है।

चरु (पु.) : यज्ञीय द्रव्य।

चल (वि.) : अस्थिर।

चलचित्त (वि.) : अस्थिर चित्त।

चलति (क्रि.) : चंचल होता है, कांपता है।

चलन (नपुं.) : हिलना-डोलना, कांपना।

चवति (क्रि.) : गिरता है, पतन होता है, मरता है।

चवन (नपुं.) : पतन, मृत्यु।

चाग (पु.) : भेंट, त्याग।

चागानुस्सति (स्त्री.) : अपनी उदारता का अनुस्मरण।

चागी (पु.) : त्यागी।

चाटि (स्त्री.) : एक बर्तन।

चाटुकम्यता (स्त्री.) : चाटुकारिता, खुशामद।

चातक (पु.) : चातक पक्षी।

चातुद्दसी (स्त्री.) : पक्ष की चतुर्दशी।

चातुद्दिस (वि.) : चारों दिशाओं से संबंधित।

चातुद्दीपक (वि.) : चार द्वीपों पर छाया हुआ।

चातुम्महापथ (पु.) : चारों सड़कों के मिलने की जगह, चौरस्ता।

चातुम्महाभूतिक (वि.) : पृथ्वी, आप, तेज, वायु नाम के चारों महाभूतों से संबंधित।

चातुम्महाराजिक (वि.) : निम्नतम देवलोक में रहने वाले चातुर्महाराजिक देवताओं से संबंधित।

चातुरिय (नपुं.) : चतुराई।

चाप (पु.) : धनुष।

चापल्ल (नपुं.) : चपलता।

चामर (नपुं.) : चँवरी।

चामिकर (नपुं.) : स्वर्ण।

चार (पु.) : चलन।

चारक : (वि.) चलानेवाला, चालक; (पु.) कैदखाना।

चारण (नपुं.) : चलाया जाना, व्यवस्था।

चारिका (स्त्री.) : यात्रा।

चारित्त (नपुं.) : आदत, आचरण, अभ्यास।

चारु (वि.) : सुंदर, आकर्षक।

चारुदस्सन (वि.) : सुंदर।

चारेति (क्रि.) : चलाता है (इन्द्रियों को) दौड़ाता है।

चाल (पु.) : आघात।

चालेति (क्रि.) : चलाता है, हिलाता है, अस्थिर करता है।

चावना (स्त्री.) : गिरावट, हटाना।

चावेति (क्रि.) : गिराता है, हटाता है।

चि (अ.) : **कोचि** - कोई।

चिक्खति (क्रि.) : कहता है, घोषणा करता है।

चिक्खल्ल (नपुं.) : कीचड़, दलदल।

चिकिच्छति / **तिकिच्छति** (क्रि.) : चिकित्सा करता है, चिंतन करता है।

चिङ्गुलायति (क्रि.) : अपने इर्द गिर्द घूमता है।

चिच्चिटायति / **चिटचिटायति** (क्रि.) : चिट-चिट करता है।

चिञ्चा (स्त्री.) : इमली वृक्ष।

चिण्ण (वि.) : अभ्यस्त।

चित (वि.) : एकत्रित।

चितक (पु.) : चिता।

चिति (स्त्री.) : ढेर।

चित्त : (नपुं.) - १. चित्त, मन, विचार; २. चित्र, तस्वीर; (पु.) - चैत्र मास; (वि.) - नानाविध, सुंदर।

चित्तक : (नपुं.) तिलक, (पु.) एक प्रकार का मृग।

चित्तकत (वि.) : सजा हुआ, चित्रकृत।

चित्तकथिक / **चित्तकथी** (वि.) : श्रेष्ठ वक्ता।

चित्तकम्म (नपुं.) : चित्रकला, सज़ावट।

चित्तकार (पु.) : चित्रकार।

चित्तक्खेप (पु.) : चित्त का विक्षेप।

चित्ततर (वि.) : विचित्र-तर।

चित्तता (स्त्री.) : विचित्रता, चित्त-भाव।

चित्तपस्सद्धि (स्त्री.) : चित्त की शांति।

चित्तमुदुता (स्त्री.) : चित्त की कोमलता।

चित्तविक्खेप (पु.) : पागलपन।

चित्तविसुद्धि (स्त्री.) : चित्त की विशुद्धि।

चित्तसन्ताप (पु.) : दुःख।

चित्तसमथ (पु.) : चित्त की एकाग्रता।

चित्तसम्भूत-जातक : चित्त तथा सम्भूत दोनों चंडाल-भाइयों के जाति-अभिमानियों द्वारा पीटे जाने की कथा (४९८)।

चित्तागार (नपुं.) : चित्रागार।

चित्तानुपस्सना (स्त्री.) : चित्तानुपश्यना, चित्त को जानना।

चित्ताभोग (पु.) : विचार।

चित्तीकार (पु.) : आदर, सत्कार।

चित्तुजुकता (स्त्री.) : चित्त का सीधापन।

चित्तुत्रास (पु.) : चित्त का त्रास, भय।

चित्तुप्पाद (पु.) : चित्त की उत्पत्ति।

चिनाति (क्रि.) : ढेर लगाता है, संग्रह करता है।

चिन्तक (वि.) : सोचने वाला, विचारक।

चिन्तन (नपुं.) : सोचना।

चिन्ता (स्त्री.) : चिंता, विचार।

चिन्तामणि (पु.) : इच्छापूर्ति करनेवाली मणि।

चिन्तामय (वि.) : विचारयुक्त।

चिन्तित (वि., कृ.) : विचार किया हुआ, आविष्कृत।

चिन्ती (वि.) : सोचता हुआ, सोचने वाला।

चिन्तेतब्ब / **चिन्तेय्य** (वि.) : विचारणीय।

चिन्तेति (क्रि.) : सोचता है।

चिमिलिका (स्त्री.) : तकिये का खोल।

चिर (वि.) : बहुत देर तक रहने वाला।

चिरकाल (पु.) : दीर्घकाल।

चिरट्ठितिक (वि.) : चिरस्थायी।

चिरतर (वि.) :और भी अधिक देर।

चिरनिवासी (वि.) : देर से रहनेवाला।

चिरपब्बजित (वि.) : देर से प्रव्रजित।

चिरप्पवासी (वि.) : चिरकाल से प्रवास पर गया हुआ।

चिरत्तं (वि.) : चिरकाल का भाव, बहुत देर से।

चिरं (क्रि.वि.) : चिरकाल तक।

चिरस्सं (क्रि.वि.) : अति विलंब, अंत में।

चिराय (क्रि.वि.) : चिरकाल के लिए।

चिरायति (क्रि.) : देर करता है।

चिरेन (क्रि.वि.) : बहुत समय बाद।

चीनपिट्ठ (नपुं.) : लाल सीसा।

चीनरट्ठ (नपुं.) : चीन राष्ट्र।

चीर / चीरक (नपुं.) : छाल, छाल का कपड़ा।

चीरी (स्त्री.) : झींगुर।

चीवर (नपुं.) : बौद्ध भिक्षु का काषाय-वस्त्र।

चीवरकण्ण (नपुं.) : चीवर का कोना।

चीवरकम्म (नपुं.) : चीवर का बनाना।

चीवरकार (पु.) : चीवर बनाने वाला।

चीवरदान (नपुं.) : चीवर अथवा चीवरों का देना।

चीवरदुस्स (नपुं.) : चीवर बनाने के लिए वस्त्र।

चीवररज्जु (स्त्री.) : चीवर टांगने की रस्सी।

चीवरवंस (पु.), चीवर टांगने के लिए बांस।

चुण्ण (नपुं.) : चूर्ण।

चुण्णक (नपुं.) : सुगंधित चूर्ण।

चुण्णकजात (वि.) : चूर्ण बनी हुई, चूर्णकृत।

चुण्णविचुण्ण (वि.) : चूर्ण-विचूर्ण, पीसा हुआ।

चुण्णित (वि.) : चूर्ण किया हुआ।

चुण्णेति (क्रि.) : चूर्ण कर डालता है, पीसता है।

चुत (वि.) : गिरा हुआ।

चुति (स्त्री.) : च्युत होना, अदृश्य हो जाना।

चुदित / **चुदितक** (वि.) : दोषारोपित।

चुद्दस (वि.) : चौदह।

चुन्द : इस नाम का सुनार या लोहार। पावा का निवासी। कुसीनारा के रास्ते में पावा पहुँचने पर भगवान बुद्ध चुन्द कम्मारपुत्त के ही आम्रवन में ठहरे थे। उसी के यहां का भोजन भगवान का अंतिम भोजन सिद्ध हुआ।

चुन्दकार (पु.) : खरादने वाला।

चुबुक (नपुं.) : ठोड़ी।

चुम्बट / **चुम्बटक** (नपुं.) : गेंडुरी।

चुम्बति (क्रि.) : चूमता है।

चुल्ल (वि.) : छोटा।

चुल्लन्तेवासिक (पु.) : छोटा शिष्य।

चुल्लपितु (पु.) : चाचा।

चुल्लुपट्ठाक (पु.) : लघु-सेवक।

चुल्लकसेट्ठि-जातक : मरी चुहिया से आरंभ करके व्योपार द्वारा धनी हो जाने की जातक कथा (४)।

चुल्लकालिङ्ग-जातक : दन्तपुर नरेश कालिङ्ग की युद्ध-लिप्सा की कथा (३०१)।

चुल्लकुणाल-जातक : देखो **कुणाल-जातक**।

चुल्लधनुग्गह-जातक : तक्षशिला के आचार्य ने अपने धनुर्धारी शिष्य से अपनी बिटिया की शादी की (३७४)।

चुल्लधम्मपाल-जातक : रानी राजा का सत्कार करने के निमित्त खड़ी न हो सकी। राजा ने पुत्र के हाथ-पाँव कटवा दिये (३५८)।

चुल्लनन्दिय-जातक : ब्राह्मण ने बूढी बंदरी की हत्या की (२२२)।

चुल्लनारद-जातक : तपस्वी-पुत्र तरूणी पर आसक्त हुआ (४७७)।

चुल्लपदुम-जातक : राजा ने अपने सभी बेटों को देश-निकाला दिया (१९३)।

चुल्लपलोभन-जातक : राजकुमार को स्त्रियों से घृणा थी। धीरे धीरे एक नर्तकी उसे लुभाने में समर्थ हुई (२६३)।

चुल्लबोधि-जातक : माता-पिता के निधन के बाद पति-पत्नी तपस्वी बन गये (४४३)।

चुल्लसुतसोम-जातक : सोम-रस पेय करनेवाले राजकुमार की सोलह हजार रानियों की कथा (५२५)।

चुल्लहंस-जातक : नब्बे हजार सुनहरी बत्तखों के राजा की कथा (५३३)।

चूचुक (नपुं.), स्तन का अगला भाग।

चूलजनक-जातक : देखो **महाजनक-जातक**।

चूलवग्ग : विनय-पिटक के दोनों खन्धकों में से एक।

चूळा (स्त्री.) : सिर के बाल, जूड़ा।

चूळामणि (पु.) : चूड़े या जूड़े में पहनी जानेवाली मणि ।

चूळिका (स्त्री.) : बालों का गुच्छ।

चे (अ.) : यदि।

चेट / **चेटक** (पु.) : सेवक।

चेटिका / **चेटी** (स्त्री.) : सेविका।

चेत / **चेतो** (पु., नपुं.) : चित्त।

चेतना (स्त्री.), इरादा, आशय, उद्देश्य।

चेतयति / **चेतेति** (क्रि.) : विचार करता है।

चेतस (वि.) : मन (**पापचेतस** = पापी मन)।

चेतसिक (वि.) : चैतसिक, चित्तसंबंधी।

चेतापेति (क्रि.) : अदली-बदली करता है।

चेतिय (नपुं.) : चैत्य, धातु-गर्भ।

चेतियगब्भ (पु.) : चैत्य का गर्भ।

चेतियङ्गण (नपुं.) : चैत्य का आंगन।

चेतियपब्बत (पु.) : चैत्य-पर्वत, श्रीलंका के एक पर्वत का नाम।

चेतिय-जातक : चेति-नरेश, अपचर, तथा विश्व के प्रथम मिथ्यावादी की कथा (४२२)।

चेतोखिल (नपुं.) : चित्त-हानि।

चेतोपणिधि (स्त्री.) : निश्चय।

चेतोपरियञाण (नपुं.) : दूसरों के विचारों को जान लेने का ज्ञान।

चेतोपसाद (पु.) : चित्त की प्रसन्नता।

चेतोविमुत्ति (स्त्री.) : चित्त की विमुक्ति।

चेतोसमथ (पु.) : चित्त की शांति।

चेल (नपुं.) : वस्त्र।

चेलवितान (नपुं.) : चंदवा, तंबू, शामियाना।

चेलुक्खेप (पु.) : वस्त्रों का उछालना।

चोच (नपुं.) : केला (फल)।

चोचपान (नपुं.) : केले का पेय।

चोदक (पु.) : दोषारोपक।

चोदना (स्त्री.) : दोषारोपण।

चोदित (वि.) : दोषारोपित।

चोदेति (क्रि.) : दोषारोपण करता है।

चोपन (नपुं.) : चलन।

चोर (पु.) : चोर, डाकू।

चोरघातक (पु.) : जल्लाद।

चोरिका (स्त्री.) : चोरी।

चोरी (स्त्री.) : चोरिणी, चोट्टी।

चोरुपद्दव (पु.) : डाकुओं के द्वारा किया जानेवाला आक्रमण।

चोरेति (क्रि.) : चोरता है।

चोल / चोळ (पु.) : वस्त्र, चीथड़ा।

चोळक (नपुं.) : चीथड़ा।

चोळरट्ठ (नपुं.) : चोळ राष्ट्र।

चोळिय (वि.) : चोळ देश का।

छ

छ (वि.) : छह।

छकन (नपुं.) : अश्वादि की लीद।

छकल (पु.) : बकरा।

छक्क (नपुं.) : छह (चीजों / बातों) का समूह।

छक्खत्तुं (वि.) : छह बार।

छचत्तालीसति (स्त्री.) : छियालीस (४६)।

छट्ठ (वि.) : छठा।

छट्ठी (स्त्री.) : षष्ठी, छटवी विभक्ति।

छड्डुक (वि.) : फेंकने वाला।

छड्डन (नपुं.) : फेंकना।

छड्डनीय (वि.) : फेंकने योग्य।

छड्डापेति (क्रि.) : फिंकवाता है।

छड्डित (वि.) : फिंकवाया गया, छोड़ा / त्यागा गया।

छड्डेति (क्रि.) : फेंकता है, छोड़ता है।

छण (पु.) : त्यौहार, उत्सव।

छत्त (नपुं.) : छाता, छत्र।

छत्तकार (पु.) : छाता बनाने वाला।

छत्तगाहक / **छत्तपाणि** (पु.) : छाता ले चलने वाला।

छत्तदण्ड (नपुं.) : छाते की डंडी।

छत्तनाळि (स्त्री.) : दाते का बेंत।

छत्तमङ्गल (नपुं.) : छत्र चढाने का उत्सव।

छत्तिंसति / छत्तिंसा (स्त्री.) : छत्तीस (३६)।

छत्तुस्सापन (नपुं.) : राजकीय छत्र का उठाना।

छद (पु.) : छदन, ढाँकने का वस्त्र।

छदन (नपुं.) : छत।

छद्दन्त (वि.) : छह दाँतों वाला ।

छद्दन्त-जातक : हस्ति-राज छद्दन्त की कथा (५१४)।

छद्दिका (स्त्री.) : वमन।

छद्धा / छधा (क्रि.वि.) : छह प्रकार से।

छद्वारिक (वि.) : छह इंद्रियों से ससंबंधित।

छनवुति (स्त्री.) : छियानबे (९६)।

छन्द (पु.) : इच्छा, कामना।

छन्दक (नपुं.) : मत, चंदा।

छन्दराग (पु.) : उत्तेजक कामना।

छन्दागति (स्त्री.) : पक्षपात, उत्तेजना के कारण किया हुआ अनुचित आचरण।

छन्न (वि.) : ढका गया; ठिक, योग्य।

छन्न : गौतम बुद्ध का सारथी (बाद में), साथी।

छपञ्ञासा (स्त्री.) : छप्पन (५६)।

छप्पद (पु.) : शहद की मक्खी।

छब्बग्गिय (वि.) : षड्वर्गीय भिक्षु।

छब्बण्ण (वि.) : छह वर्णों का।

छब्बसिक (वि.) : छह-वार्षिक।

छब्बिध (वि.) : छह प्रकार का।

छब्बीसति (स्त्री.) : छब्बीस (२६)।

छमा (स्त्री.) : क्षमा (पृथ्वी), जमीन।

छम्भति (क्रि.) : भय से जड़ीभूत हो जाता है, स्तब्ध हो जाता है।

छम्भितत्त (नपुं.) : स्तंभित होना, जड़ता, बधीरता।

छम्भी (वि.) : स्तंभित, डरा हुआ।

छरस (पु.) : तिखा, मधुर आदि छह रस।

छव (पु.) : शव, लाश, मरा शरीर।

छवकुटिका (स्त्री.) : श्मशान।

छवट्ठिक (नपुं.) : शव की हड्डी।

छवदाहक (पु.) : लाश जलाने वाला ।

छवालात (नपुं.) : चिता की आग, चिता की जलती हुई लकड़ी।

छवक-जातक : राजा ने अपने गले का हार चांडाल को पहनाया (३०९)।

छवि (स्त्री.) : चमड़ी।

छविकल्याण (नपुं.) : चमड़ी का सौन्दर्य।

छविवण्ण (पु.) : चमड़ी का रंग।

छसट्ठि (स्त्री.) : छियासठ (६६)।

छसत्तति (स्त्री.) : छिहत्तर (७६)।

छळङ्ग (वि.) : छह अंगों से युक्त।

छळभिञ्ञा : छह प्रकार के अनुपम ज्ञान (-अभिज्ञा)।

छळंस (वि.) : षट्कोण।

छात (वि.) : भूखा।

छातक (नपुं.) : भूख, अकाल।

छादन (नपुं.) / **छादना** (स्त्री.) : आवरण, आच्छादन, शरीर ढकने के वस्त्र।

छादनीय (वि.) : ढकने योग्य।

छादेति (क्रि.) : ढकता है।

छाप / **छापक** (पु.) : पशु-शावक, पशुओं का छौना, बछड़ा।

छाया (स्त्री.) : छाया, साया, छांव।

छारिका (स्त्री.) : राख।

छाह (नपुं.) : छह दिन।

छिग्गल / **छिग्गळ** (नपुं.) : छिद्र।

छिज्जति (क्रि.) : कटता है, काटा जाता है।

छिद (वि.) : तोड़ता हुआ (बन्धनों को छिन्न-भिन्न करनेवाला)।

छिद्द (नपुं.) : छिद्र, सूराख।

छिद्दक (वि.) : छिद्र वाला।

छिद्दगवेसी (वि.) : दूसरों के दोष खोजने वाला, छिद्रान्वेषी।

छिद्दावच्छिद्दक (वि.) : छिद्रों से भरा हुआ।

छिद्दित (वि., कृ.) : छेदा हुआ।

छिन्दति (क्रि.) : काटता है, छेदता हैं।

छिन्दिय (वि.) : जो काटा जा सके, जो टूट सके।

छिन्न (वि.) : टूटा हुआ, नष्ट हुआ।

छिन्नास (वि.) : निराश।

छिन्नभत्त (वि.) : जिसे आहार न मिलता हो।

छिन्निरियापथ (वि.) : जो चल-फिर न सकता हो।

छुद्ध (वि.) : प्रक्षिप्त, फेंका गया, तुच्छ।

छुपति (क्रि.) : स्पर्श करता है।

छुपन (नपुं.) : स्पर्श।

छुरिका / छूरिका (स्त्री.) : छुरी, चाकू।

छेक (वि.) : दक्ष, होशियार।

छेकता (स्त्री.) : दक्षता, होशियारी।

छेज्ज : (वि.) काट डालने योग्य, (नपुं.) अंग-छेद द्वारा दिया जानेवाला दंड।

छेतब्ब (वि., कृ.) : काट डालने योग्य।

छेत्तु (पु.) : काटने वाला।

छेत्वा / छेत्वान (पू.क्रि.) : काटकर।

छेद (पु.) / **छेदन** (नपुं.) : काट, काटना।

छेदक (पु.) : काटने वाला।

छेदापन (नपुं.) : कटवाना।

छेदापेति (क्रि.) : कटवाता है।

छेप्पा (स्त्री.) : पूँछ, दुम।

ज

जगती (स्त्री.) : (**जगति** - समास पदों में ही) पृथ्वी, दुनिया।

जगतिप्पदेस (पु.) : पृथ्वी-प्रदेश, पृथ्वी पर कोई एक प्रदेश।

जगतिरुह (पु.) : वृक्ष, पेड़।

जग्गति (क्रि.) : देख-भाल करता है, पोषण करता है, जागता रहता है।

जग्गन (नपुं.) / **जग्गना** (स्त्री.) : जागरण।

जग्घति (क्रि.) : मजाक बनाता है, हँसता है।

जग्घना (स्त्री.) : हँसी, मजाक।

जग्घित (नपुं.) : मजाक।

जङ्गम (वि.) : चल (संपत्ति)।

जङ्गल (नपुं.) : अरण्य, रेगिस्तान।

जङ्घपेसनिक : (नपुं.) संदेश-वाहन, (पु.) संदेश-वाहक।

जङ्घमग्ग (पु.) : पगडंडी।

जङ्घा (स्त्री.) : **जाँघ** ।

जङ्घाबल (नपुं.) : जाँघ की शक्ति।

जङ्घाविहार (पु.) : सैर, घूमना।

जङ्घेय्य (नपुं.) : जाँघ-भर ढकने का वस्त्र।

जच्च (वि.) : जन्म-संबंधी।

जच्चन्ध (वि.) : जन्म से अंधा।

जच्चा : जन्म से।

जज्जर / **जज्जरित** (वि.) : जरा से जर्जरित, दुर्बल।

जञ्ञ (वि.) : पवित्र, श्रेष्ठ, आकर्षक, कुलीन।

जट (नपुं.) : मूठ, मुठिया।

जटा (स्त्री.) : जटा (केश), पेड़ों की उलझी डालियाँ (आलंकारिक अर्थ में), कामनाओं का उलझाव।

जटाधर (पु.) : जटाधारी।

जटित (वि.) : उलझा हुआ।

जटी / जटिय / जटिल (पु.) : जटाधारी तपस्वी।

जठर (पु., नपुं.) : पेट।

जठरग्गि (पु.) : जठराग्नि, भूख।

जण्णु / जण्णुक (नपुं.) : घुटना।

जण्णुमत्त (पु.) : घुटने तक गहरा।

जतु (नपुं.) : लाख।

जतुका (स्त्री.) : चमगादड़।

जतुमट्ठक (नपुं.) : लाख-बंद।

जत्तु (नपुं.) : कंधा, कंधे की हड्डी।

जन (पु.) : आदमी, लोग।

जनकाय (पु.) : जनता।

जनक (पु.) : उत्पन्न करनेवाला, पिता।

जनन (नपुं.) : उत्पत्ति, जन्म।

जननी (स्त्री.) : माँ, जननी।

जनपद (पु.) : प्रांत, देश, देहात, काशी-कोसल आदि सोलह जनपद।

जनपदकल्याणी (स्त्री.) : देश की सुंदरतम स्त्री।

जनपदचारिका (स्त्री.) : देश-भ्रमण।

जनसम्मद्द (पु.) : लोगों की भीड़।

जनसन्ध-जातक : जनसंघ की दानशीलता की जातक कथा (४६८)।

जनाधिप (पु.) : राजा।

जनिका (स्त्री.) : माँ, जन्म देनेवाली।

जनित (वि.) : उत्पन्न हुआ।

जनिन्द (पु.) : राजा।

जनेति (क्रि.) : उत्पन्न करता है।

जनेतु (वि.) : उत्पन्न करने वाला।

जनेत्ती (स्त्री.) : माँ, जन्म देनेवाली।

जन्ताघर (नपुं.) : बाष्प-स्नान का घर।

जन्तु (पु.) : जीव।

जप (पु.) : जपना।

जपति (क्रि.) : जाप करता है।

जपन (नपुं.) : जाप करना, अस्पष्ट बोलना, फुसफुसाना।

जपित (वि.) : जप किया हुआ।

जपा (स्त्री.) : जवा, अड़हुल।

जप्पना / जप्पा (स्त्री.) : लोभ, जल्पना।

जम्बार / जम्बीर (पु.) : नींबू, नारंगी।

जम्बाली (स्त्री.) : गंदा तालाब।

जम्बु (स्त्री.) : जामुन।

जम्बुक (पु.) : गीदड़।

जम्बुक-जातक : गीदड़ ने हाथी पर आक्रमण किया। हाथी ने उसे पैरों तले कुचल दिया (५३५)।

जम्बुखादक-जातक : लोमड़ी की खुशामद के चक्कर में कौवे ने लोमड़ी के लिए फल गिराये (२९४)।

जम्बुदीप (पु.) : जामुन का देश, चारों महाद्वीपों में से एक, भारत का प्राचीन नाम।

जम्बुसण्ड (पु.) : जामुन का बगीचा।

जम्बोनद (नपुं.) : सोने (स्वर्ण) का प्रकार।

जम्भति (क्रि.) : अंगड़ाई लेता है, जंभाई लेता है।

जम्भना (स्त्री.) : जंभाई लेना।

जम्म (वि.) : निकृष्ट, तिरस्कृत।

जय (पु.) : विजय।

जयग्गाह (पु.) : विजय, पाँसे का अनुकूल पड़ना।

जयति (क्रि.) : जीतता है।

जयद्दिस-जातक : कम्पिल्ल-नरेश पञ्चाल के पुत्रों को एक चुड़ैल दो बार खा गई (५१३)।

जयपान (नपुं.) : विजय-पान।

जयम्पति (पु.) : पत्नी तथा पति।

जयसुमन (नपुं.) : विजय-सुमन।

जया (स्त्री.) : पत्नी।

जर : (पु.) ज्वर, (वि.) बूढ़ा।

जरग्गव (पु.) : बूढ़ा बैल।

जरता / जरा (स्त्री.) : बुढ़ापा।

जराजज्जर / जराजिण्ण (वि.) : बुढ़ापे से जर्जरित, विकल, दुर्बल।

जरादुक्ख (नपुं.) : बुढ़ापे का दुःख।

जराधम्म (वि.) : ह्रास-धर्म।

जराभय (नपं.) : बुढ़ापे का भय।

जरुदपान-जातक : धन के मोह में अधिक और अधिक खोदने वाले सार्थों ने प्राण गंवाये (२५६)।

जरूदपान (नपुं.) : पुराना कुंआ।

जल (नपुं.) : पानी।

जलगोचर / **जलचर** (पु.) : पानी में रहने वाला, मछली।

जलज (नपुं.) : कमल।

जलति (क्रि.) : चमकता है, जलता है।

जलद (पु.) : बादल।

जलधि / **जलनिधि** (पु.) : समुद्र।

जलन (नपुं.) : चमक, जलना, ज्वलन।

जलनिग्गम (पु.) : जल का बहाव, नाली।

जलाधार (पु.) : जल-संग्रह-स्थल ।

जलालय / **जलासय** (पु.) : झील, जलाशय।

जलाबु (पु.) : गर्भाशय।

जलाबुज (वि.) : गर्भ से उत्पन्न होने वाले।

जलूका (स्त्री.) : जोंक।

जल्ल (नपुं.) / **जल्लिका** (स्त्री.) : गंदगी, मैलापन।

जव (पु.) : गति, शक्ति।

जवति (क्रि.) : दौडता है।

जवन (नपुं.) : दौड।

जवनपञ्ञ (वि.) : क्षिप्र-प्रज्ञा।

जवनहंस-जातक : हंस-राज तथा बनारस-नरेश की मैत्री की कहानी (४७६)।

जवसकुण-जातक : कठफोडे ने शेर के मुंह में से फंसी हुई हड्डी निकाली (३०८)।

जवनिका (स्त्री.) : पर्दा।

जहति / जहाति (क्रि.) : त्यागता है, छोड़ता है।

जहित (वि.) : छोड़ा हुआ, त्यक्त।

जळ (वि.) : जड़, अचेतन।

जागर (वि.) : जागने वाला।

जागरण (नपुं.) : जागते रहना।

जागर-जातक : वृक्ष देवता ने तपस्वी से प्रश्न पूछा (४१४)।

जागरति (क्रि.) : जागता रहता है, पहरा देता है।

जागरिय (नपुं.) : जाग्रत।

जागरियानुयोग (पु.) : जागते रहना।

जाणु (पु.) : घुटना।

जाणुमण्डल (नपुं.) : टखना।

जाणुमत्त (वि.) : घुटने तक।

जात : (वि.) उत्पन्न, घटित; (नपुं.) संग्रह, प्रकार।

जातदिवस (पु.) : जन्म दिन।

जातरूप (नपुं) : सोना।

जातवेद (पु.) : अग्नि।

जातस्सर (पु., नपुं.) : एक प्राकृतिक झील।

जातक (नपुं.) : जन्मकथा, सुत्तपिटक के खुद्दक निकाय का दसवां ग्रंथ, जिसमें बुद्ध के पूर्व जन्मों की कथाओं का वर्णन है।

जातकट्ठकथा : जातक की अट्ठकथा। इसमें जातक के पद्य-भाग का संबंधित गद्य विस्तार है।

जातकभाणक (पु.) : जातक कथा सुनाने वाला।

जातत्त (नपुं.) : उत्पत्ति-भाव।

जाति (स्त्री.) : जन्म, पुनर्जन्म, जाति (वंश-परंपरा)।

जातिक (वि.) : जन्म से नियुक्त, जातिगत, जाति-संबंधी।

जातिकोस (पु.), जावित्री का छिलका।

जातिक्खय (पु.), पुनर्जन्म की संभावना का न रहना।

जातिक्खेत्त (नपुं.) : जन्म-स्थान।

जातित्थद्ध (वि.) : जन्माभिमानी।

जातिनिरोध (पु.) : पुनर्जन्म का निरोध।

जातिफल (नपुं.) : जावित्री।

जातिमन्तु (वि.) : अच्छी जाति का, गुणवान।

जातिवाद (पु.) : जाति (वंश परंपरा) के संबंध में विवाद।

जातिसम्पन्न (वि.) : अच्छी जाति का।

जातिसुमना (स्त्री.) : चमेली।

जातिस्सर (वि.) : पूर्व जन्मों की स्मृति।

जातिहिङ्गुलक (नपुं.) : सेंदूर।

जातु (अ.) : निश्चय से।

जानन (नपुं.) : ज्ञान, पहचान।

जाननक (वि.) : जानने वाला।

जाननीय (वि.) : जानने योग्य।

जानपद / जानपदिक : (वि.) जनपद संबंधी, (पु.) गँवार, देहाती।

जानाति (क्रि.) : जानता है।

जानापेति (क्रि.) : जनवाता है

जानि (स्त्री.) : हानि, पत्नी।

जानिपति (पु.) : पत्नी तथा पति।

जामातु (पु.) : जँवाई, दामाद।

जायति (क्रि.) : उत्पन्न होता है।

जायत्तन (नपुं.) : पत्नीत्व।

जायन (नपुं.) : जन्म, उत्पन्न होना।

जाया (स्त्री.) : पत्नी।

जायापति (पु.) : पत्नी तथा पति।

जार (पु.) : यार, उपपति।

जारत्तन (नपुं.) : यारी, उपपतित्व।

जारी (स्त्री.) : छिनाल, उपपत्नी।

जाल (नपुं.) : (मछली पकडने का आदि) जाल, उलझन।

जालक (पु.) : छोटा जाल, कोंपल।

जालक्खिक (नपुं.) : जालरंध्र।

जालपूव (पु.) : पुआ।

जाला (स्त्री.) : ज्वाला, अग्नि की लपटे।

जालाकुल (वि.) : ज्वालाओं से घिरा।

जालिक (पु.) : जाल का उपयोग करने वाला, मछुआ।

जालिका (स्त्री.) : लोह-कवच, जाली का बना कवच।

जालिनी (स्त्री.) : तृष्णा, आसक्ति, चाहत।

जालेति (क्रि.) : जलाता है।

जिगिंसक (वि.) : इच्छुक।

जिगिंसति (क्रि.) : इच्छा करता है।

जिगुच्छक (वि.) : जिगुप्सा करने वाला, घृणा करने वाला।

जिगुच्छति (क्रि.) : घृणा करता है।

जिगुच्छन (नपुं.) / **जिगुच्छा** (स्त्री.) / **जिगुच्छना** (स्त्री.) : घृणा, अरुचि।

जिघच्छति (क्रि.) : भूखा होता है, खाना चाहता है।

जिघच्छा (स्त्री.) : भूख।

जिञ्जुक (पु.) : जंगली गुंजा, घुंघची।

जिण्ण (वि.) : बूढा, जिर्ण, थका।

जिण्णवसन (नपुं.) : पुराना वस्त्र।

जित (वि.) : जीता हुआ, जीत लिया गया।

जितत्त : (नपुं.) जीत, (वि.) आत्मविजयी।

जिन (पु.) : विजेता, जीतने वाला, बुद्ध।

जिनचक्क (नपुं.) : बुद्ध मत।

जिनपुत्त (पु.) : बुद्ध-पुत्र।

जिनसासन (नपुं.) : बुद्ध की शिक्षा।

जिनाति (क्रि.) : जीतता है।

जिम्ह (वि.) : टेढ़ा, बेईमान।

जिया (स्त्री.) : धनुष की डोरी।

जिव्हा (स्त्री.) : जीभ।

जिव्हग्ग (नपुं.) : जीभ का सिरा।

जिव्हायतन (नपुं.) : रसेन्द्रिय, रसना।

जिव्हाविञ्ञाण (नपुं.) : जिव्हा के द्वारा प्राप्त ज्ञान।

जिव्हिन्द्रिय (नपुं.) : जिव्हा, चखने की क्षमता।

जीन (वि.) : हीन, पुराना।

जीमूत (पु.) : बादल।

जीयति (क्रि.), जरा को प्राप्त होता है, बूढा होता है, पुराना पडता है।

जीरक (नपुं.) : जीरा।

जीरति (क्रि.) : जरा को प्राप्त होता है, घटता है, पुराना पडता है।

जीरण (नपुं.) : जीर्णता।

जीरापेति (क्रि.) : जरा को प्राप्त होने का कारण होता है, हजम कराता है।

जीव (पु.) : जीवन, जीव, प्राणी।

जीवक (पु.) जीने वाला।

जीवक : बुद्ध का समकालीन प्रसिद्ध वैद्य, बुद्ध का अनुयायी भी।

जीवकम्बवन : राजगृह का वह आम्रवन, जो जीवक ने बुद्ध-प्रमुख भिक्षु संघ को दान कर दिया था।

जीवति (क्रि.) : जीता है।

जीवदन्त (पु.) : जीवित हाथी के दाँत।

जीवन (नपुं.) : जीना।

जीविका (स्त्री.) : जीवन-यात्रा का साधन।

जीवित (नपुं.) : जीवन, आयु।

जीवितक्खय (पु.) : जीवन की हानि।

जीवितदान (नपुं.), जीवन का दान।

जीवितपरियोसान (नपुं.) : जीवन का अंत।

जीवितमद (पु.) : जीवन मद।

जीवितवुत्ति (स्त्री.) : जीविका।

जीवितसङ्खय (पु.) : जीवन का अंत।

जीवितसंसय (पु.) : जीवन के लिए खतरा।

जीवितासा (स्त्री.) : जीवनाशा, जीने की आशा।

जीवितिन्द्रिय (नपुं.) : जान, जीवन।

जीवी (पु.) : जीने वाला।

जुण्ह (वि.) : चमकदार।

जुण्हपक्ख (पु.) : शुक्ल पक्ष।

जुण्ह-जातक : राजकुमार जुण्ह ने भिक्षा पात्र तोडने के बदले में राजा बनने पर ब्राह्मण को दान दिया (४५६)।

जुण्हा (स्त्री.) : चाँदनी, चाँदनी रात।

जुति (स्त्री.) : द्युति, चमक।

जुतिक (वि.) : चमकदार।

जुतिधर / **जुतिमन्तु** (वि.) : प्रकाशमान।

जुहति (क्रि.) : आहुति डालता है।

जुहन (नपुं.) : यज्ञ।

जूत (नपुं.) : द्यूत, जुआ।

जूतकार (पु.) : जुआरी।

जे : दासी अथवा नीच कुल की स्त्री को संबोधन करने के लिए अव्यय-पद।

जेगुच्छ (वि.) : घृणित।

जेगुच्छी (पु.) : घृणा करने वाला।

जेट्ठ (वि.) : ज्येष्ठ, बड़ा।

जेट्ठतर (वि.) : ज्येष्ठतर।

जेट्ठभगिनी (स्त्री.) : बड़ी बहन।

जेट्ठभातु (पु.) : बड़ा भाई।

जेट्ठमास : ज्येष्ठ महीना।

जेट्ठापचायन (नपुं.) : बड़ों का सम्मान।

जेट्ठापचायी (वि.) : बड़ों का सम्मान करने वाला।

जेतब्ब / जेय्य (वि., कृ.) : जीतने योग्य।

जेतवन : श्रावस्ती का वह प्रसिद्ध उद्यान, जिसमें अनाथपिण्डिक का जेतवनाराम बना था।

जेति (क्रि.) : जीतता है।

जोतक (वि.) : द्योतक, स्पष्ट करने वाला।

जोतति (क्रि.) : चमकता है।

जोतन (नपुं.) / **जोतना** (स्त्री.) : चमक, व्याख्या।

जोति : (स्त्री.) ज्योति, प्रकाश; (नपुं.) तारा, (पु.) आग।

जोतिपासाण (पु.) : चकमक पत्थर।

जोतिसत्थ (नपुं.) : ज्योतिष शास्त्र।

जोतेति (क्रि.) : प्रकाशित करता है।

झ

झत्वा (पू.क्रि.) : जलाकर।

झस (पु.) : मछली।

झान (नपुं.) : ध्यान।

झानङ्ग (नपुं.) : ध्यान का एक अंग।

झानरत (वि.) : ध्यान-रत।

झानविमोक्ख (पु.) : ध्यान द्वारा विमुक्ति।

झानसोधक-जातक : "न-संज्ञा, न-असंज्ञा" की व्याख्या के संबंध में कथा (१३४)।

झानिक (वि.) : जिसने ध्यान प्राप्त किया है, ध्यान संबंधी।

झापक (पु.) : आग लगाने वाला।

झापन (नपुं.) : आग लगाना।

झापित (वि.) : जलाया गया।

झापेति (क्रि.) : जलाता है।

झाम / झामक (वि.) : जला हुआ।

झायक / झायी (पु.) : ध्यानी, ध्यान लगाने वाला।

झायति (क्रि.) : ध्यान लगाता है, आग जलाता है।

झायन (नपुं.) : ध्यान लगाना, आग जलाना।

ञ

ञत्त (नपुं.) : ज्ञान।

ञत्ति (स्त्री.) : घोषणा।

ञत्वा (पू. क्रि.), जानकर ।

ञापित (वि.) : ज्ञपित, प्रकट, घोषित।

ञाण (नपुं.) : ज्ञान, बुद्धि।

ञाणकरण (वि.) : ज्ञान देने वाला।

ञाणचक्खु (नपुं.) : ज्ञान की आँख।

ञाणजाल (नपुं.) : ज्ञान-दर्शन, संपूर्ण ज्ञान, ज्ञान का विस्तार।

ञाणदस्सण (नपुं.) : ज्ञान-दर्शन, संपूर्ण ज्ञान।

ञाणविप्पयुत्त (वि.) : ज्ञान-शून्य।

ञाणसम्पयुत्त (वि.) : ज्ञान युक्त।

ञाणी (वि.) : ज्ञानी, बुद्धिमान।

ञात (वि.) : ज्ञात, प्रसिद्ध, साक्षात्कृत।

ञातक / ञाति (पु.) : रिश्तेदार।

ञातिकथा (स्त्री.) : रिश्तेदारों की चर्चा।

ञातिक्खय (पु.) : ज्ञतिक्षय, रिश्तेदारों का विनाश।

ञातिधम्म (पु.) : रिश्तेदारों का कर्तव्य।

ञातिपरिवट्ट (नपुं.) : रिश्तेदारों की मंडली।

ञातिपेत (पु.) : मृत रिश्तेदार।

ञातिव्यसन (नपुं.) : रिश्तेदारों का दुःख।

ञातिसङ्गह (पु.) : रिश्तेदारों के साथ सद्व्यवहार।

ञातिसालोहित (पु.) : संबंधी तथा रक्त-संबंधी।

ञातुं (अ.) : जानने के लिए।

ञापन (नपुं.) : घोषणा।

ञापेति (क्रि.) : प्रकट करता है, घोषित करता है।

ञाय (पु.) : व्यवस्था, पद्धति, उचित ढंग।

ञायपटिपन्न (वि.) : सुपथगामी।

ञेय्य (वि.) : ज्ञान का विषय।

ञेय्यधम्म (पु.) : जिसे सीखना या जानना योग्य हो।

ट

टण्क (पु.) : पत्थर काटने की छैनी।

टीका (स्त्री.) : व्याख्या, परिभाषा, अर्थ।

टीकाचरिय (पु.) : अनुटीकाकार, व्याख्याकार, भाष्यकार।

ठ

ठत्वा (पू.क्रि.) : खड़े होकर।

ठपन (नपुं.) / **ठपना** (स्त्री.) : स्थापित करना।

ठपापेति (क्रि.) : स्थापित कराता है।

ठपित (वि.) : स्थापित।

ठपेति (क्रि.) : रखता है, निश्चित करता है।

ठान (नपुं.) : स्थान, कारण, रुकना, खड़े रहना।

ठानसो (क्रि.वि.) : सकारण।

ठानीय (नपुं.) : स्थानीय, स्थान देने योग्य।

ठापक (वि.) : स्थापित करने वाला या रखने वाला।

ठायी (वि.) : स्थायी।

ठित (वि.) : स्थित।

ठितक (वि.) : खड़ा होने वाला।

ठितचित्त (वि.) : स्थित-चित्त ।

ठितट्ठान (नपुं.) : वह स्थान जहाँ कोई (खड़ा) था।

ठितत्त : (नपुं.) स्थितत्व, रुकने का / ठहरने का भाव; (वि.) संयत।

ठिति (स्त्री.) : स्थिति।

ठितिक (वि.) : निर्भर, स्थायी।

ठितिभागीय (वि.) : स्थायित्व से संबंधित।

ड

डंस (पु.) : डांस, एक प्रकार की मक्खी ।

डय्हति (क्रि.) : जलाया जाता है।

डसति (क्रि.) : डंक मारता है, डसता है, काटता है।

डहति (क्रि.) : जलाता है।

डाक (पु., नपुं.) : खाने योग्य पौधे।

डाह (पु.) : चमक, गरमी, जलन, द्वेष, नफरत।

डीयन (नपुं.) : उड़ना।

डेति (क्रि.) : उड़ता है।

त

त (सर्व.) : वह; इसके कुछ रूप है – **सो** (पु.), **सा** (स्त्री.), **तं** (नपुं.)।

तक्क (पु.) : विचार, तर्क।

तक्क (नपुं.) : तक्र, मट्ठा, छाछ, खट्टा।

तक्क-जातक : तपस्वी ने गंगानदी में से डूबती हुई सेठ-कन्या को उबारा (६३)।

तक्कन (नपुं.) : तर्क करना, विचार करना।

तक्कर : (वि.) कर्ता, करने वाला; (पु.) तस्कर, चोर।

तक्करू-जातक : देखे **कक्करू-जातक**।

तक्कळ-जातक / तक्कल-जातक : वसिट्ठक ने अपनी भार्या के कहने से अपने बूढे पिता को मारकर गाड देने की तैयारी की। वसिट्ठक के लड़के ने बाप की आँख खोली (४४६)।

तक्कसिला (स्त्री.) : गन्धार की राजधानी। यहीं प्रसिद्ध तक्षशिला विश्वविद्यालय था।

तक्कसिला-जातक : संभवतः **तेलपत्त-जातक** का ही एक और नाम।

तक्कारी (स्त्री.) : वैजयन्ती, वृक्ष-विशेष।

तक्काल (नपुं.) : उस समय।

तक्कारिय-जातक : ब्राह्मण ने अपनी चुप न रह सकने की सामर्थ्य के कारण अपनी जान को खतरे में डाला (४८१)।

तक्किक / तक्की (पु.) : तार्किक, तर्क करने वाला।

तक्केति (क्रि.) : सोचता है, तर्क करता है।

तक्कोल (नपुं.) : एक प्रकार की सुगंधि।

तगर (नपुं.) : सुगंधित वनस्पति।

तग्गरुक (वि.) : उधर झुका हुआ।

तग्घ (अ.) : निश्चित, यथार्थ रूप से।

तच (पु.) : चमड़ी, त्वचा।

तचगन्ध (पु.) : छाल की सुगंध।

तचपञ्चक (नपुं.) : शरीर के केश, लोम, नख, दन्त तथा त्वचा ये पाँच अवयव।

तचपरियोसान (वि.) : त्वचा तक / से सीमित।

तचसार-जातक : गांव के वैद्य ने लड़कों द्वारा सांप पकड़वाना चाहा। एक बुद्धिमान लड़के ने सांप को मार कर अपनी जान बचाई (३६८)।

तच्छ (वि., नपुं.) : सत्य, यथार्थ।

तच्छक (पु.) : बढई, लकड़ी छीलने वाला।

तच्छति / तच्छेति (क्रि.) : छीलता है।

तच्छन (नपुं.) : छीलना।

तच्छनी (स्त्री.) : वसूला।

तच्छसूकर-जातक : सूअर ने अपने साथियों को संगठित कर एक शेर को मार डाला (४९२)।

तच्छित (वि.) : छिला हुआ।

तज्ज (वि.) : उससे उत्पन्न।

तज्जना (स्त्री.) : तर्जना, भय का कारण, धमकी।

तज्जनीय (वि.) : तर्जना करने के योग्य, आक्षेप / निंदा करने योग्य।

तज्जनी (स्त्री.) : तर्जनी, उंगली।

तज्जारी (स्त्री.) : छत्तीस अणु, लंबाई का एक परिमाण।

तज्जेति (क्रि.) : तर्जना करता है, डराता है, धमकाता है।

तट : (नपुं.) (नदी का) तट, तीर; (पु.) पर्वत या चट्टान की खड़ी दीवार, कगार।

तटतटायति (क्रि.) : तट-तट शब्द करता है।

तट्टक (नपुं.) : थाली, तश्तरी।

तट्टिका (स्त्री.) : छोटी चटाई।

तण्डुल (नपुं.) : चावल के दाने।

तण्डुलनालि-जातक : राजा के मूल्य-निश्चय करने वाले ने पांच सौ घोड़ों की कीमत चावल की नली बताई (५)।

तण्डुलमुट्ठि (पु.) : चावल की मुट्ठी।

तण्हा (स्त्री.) : तृष्णा, प्यास, आसक्ति।

तण्हाक्खय (पु. : तृष्णा का क्षय।

तण्हाजाल (नपुं.) : तृष्णा का जाल।

तण्हादुतिय (वि.) : तृष्णा सहित।

तण्हापच्चय (वि.) : तृष्णा के कारण, तृष्णा से उत्पन्न।

तण्हाविचरित (कृ.) : तृष्णा का विचार।

तण्हासङ्खय (पु.) : तृष्णा का मूलोच्छेद।

तण्हासंयोजन (नपुं.) : तृष्णा का बंधन।

तण्हासल्ल (नपुं.) : तृष्णा-शल्य।

तण्हासोत (पु.) : तृष्णा-स्त्रोत, तृष्णा का प्रवाह।

तण्हीयति (क्रि.) : तृष्णा उत्पन्न करता है।

तत (वि.) : फैला हुआ।

ततिय (वि.) : तृतीय, तीसरा।

ततिया (स्त्री.) : तृतीया, तीसरी।

ततियं (क्रि.वि.) : तीसरी बार।

ततो (अ.) : वहाँ से, उससे, उस लिये।

ततो निदानं (क्रि.वि.) : उस कारण से।

ततोपट्ठाय (अ.) : उस समय से आरंभ करके।

ततोपरं (अ.) : उसके बाद।

तत्त : (नपुं.) तत्त्व, वास्तविकता; (वि.) तपा हुआ।

तत्तक (वि.) : उतने तक, उतने माप तक।

तत्ततो (अ.) : वास्तविक रूप से।

तत्थ / तत्र (क्रि.वि.) : वहाँ, उस स्थान पर।

तथ (वि., नपुं.) : तथ्य, सत्य।

तथता (स्त्री.) : सत्यता।

तथत्त (नपुं.) : सत्यता, उस प्रकार का (जैसा है वैसे) होना।

तथवचन (वि.) : सत्य वचन।

तथा (क्रि.वि.) : वैसे।

तथाकारी (वि.) : वैसा करने वाला।

तथागत (वि.) : भगवान बुद्ध का स्वयं अपने लिए व्यवहार में लाया गया वचन, संबुद्ध, जैसे आया अथवा जैसे गया।

तथागतबल (नपुं.) : तथागत की दस विशिष्ट शक्तियां।

तथाभाव (पु.) : वैसा-पन।

तथारूप (वि.) : इस प्रकार का, इस रूप का, उस प्रकार का।

तथेव (क्रि.वि.) : वैसे ही।

तदग्गे (क्रि.वि.) : इससे आगे।

तदङ्ग (वि.) : वह अंग, वह प्रकरण।

तदत्थं (अ.) : उस उद्देश्य के लिए।

तदनुरूप (वि.) : उसके अनुरूप।

तदह / तदहु (नपुं.) : उसी दिन।

तदहुपोसथे (सप्तमी विभक्ति) : उसी उपोसथ-व्रत के दिन।

तदा (अ.) : उस समय, तब।

तदुपिय (वि.) : उसके अनुरूप।

तदुपेत (वि.) : उसके साथ।

तनय / **तनुज** (पु.) : पुत्र, संतान।

तनया / **तनुया** / **तनुजा** (स्त्री.) : लड़की, कन्या।

तनु / **तनुक** (वि.) : पतला, दुबला।

तनुकत (वि.) : दुबलाया हुआ।

तनुकरण (नपुं.) : दुबलाना।

तनुतर (वि.) : दुर्बलतर।

तनुत्त (नपुं.) / **तनुता** (स्त्री.) / **तनुभाव** (पु.) : पतले होने का भाव।

तनुरूह (नपुं.) : शरीर पर उगे बाल।

तनोति (क्रि.) : फैलाता है।

तन्त (नपुं.) : धागा।

तन्तवाय (पु.) : जुलाहा।

तन्ताकुलकजात (वि.) : धागे की गेंद की तरह उलझा हुआ।

तन्ति (स्त्री.) : सितार की तार, पंक्ति, परंपरा, पवित्र ग्रंथ।

तन्तिधर (वि.) : परंपरा-संरक्षक।

तन्तिस्सर (पु.) : सितार का संगीत।

तन्तु (पु.) : धागा।

तन्दित (वि.) : थका हुआ, सुस्त, अक्रियाशील।

तन्दी (वि.) : आलसी, प्रमादी।

तप (पु., नपुं.) : तपस्या।

तपति (क्रि.) : चमकता है।

तपन (नपुं.) : चमक।

तपनीय : (वि.) अनुताप का कारण, (नपुं.) सोना।

तपस्सिनी (स्त्री.) : तपस्विनी।

तपस्सी (पु.) : तपस्वी, साधु।

तपस्सु / तपुस्स : उत्कल (उक्कल) का एक व्यापारी। वह तथा उसका साथी भल्लुक, ये दोनों ही केवल द्वि-शरणागमन से भगवान बुद्ध के उपासकत्व को प्राप्त हुए।

तपोकम्म (नपुं.) : तपस्या की क्रिया।

तपोदा : राजगृह के बाहर वैभार पर्वत के नीचे एक बड़ा जलाशय।

तपोवन (नपुं.) : तपस्या का स्थान।

तप्पण (नपुं.) : संतोष।

तप्पति (क्रि.) : जलता है, अनुतप्त होता है।

तप्पर (वि.) : तत्पर, समर्पित।

तप्पित (वि.) : संतर्पित, संतुष्ट।

तप्पिय (वि.) : संतुष्ट होने योग्य।

तप्पेति (क्रि.) : संतुष्ट करता है, तृप्त करता है।

तप्पेतु (पु.) : संतुष्ट करने वाला, तृप्त करने वाला, (सम्यक संबुद्ध)।

तब्बहुल (वि.) : अधिकतया वही।

तब्बिपक्ख (वि.) : उसके विपक्ष में।

तब्बिपरीत (वि.) : उसके विपरीत।

तब्बिसय (वि.) : वही विषय।

तब्भाव (पु.) : वही भाव।

तम (पु., नपुं.) : अंधकार, अज्ञान।

तमखन्ध / **तमोखन्ध** (पु.) : अंधकार-समूह।

तमनद्ध / **तमोनद्ध** (वि.) : अंधकाराच्छन्न, अंधकार से घिरा हुआ।

तमनुद / **तमोनुद** (वि.) : अंध कार को दूर करने वाला / नष्ट करने वाला।

तमपरायण / **तमोपरायण** (वि.) : अंधकार की ओर जानेवाला।

तमाल (पु.) : वृक्ष-विशेष।

तम्ब : (नपुं.) तांबा, (वि.) तांबे के वर्ण का।

तम्बकेस (वि.) : ताम्र-वर्ण केश वाला।

तम्बचूल (पु.) : मुर्गा।

तम्बनख (वि.) : ताम्र-वर्ण नाखून वाला।

तम्बनेत्त (वि.) : ताम्र-वर्ण आंखों वाला।

तम्बभाजन (नपुं.) : ताम्र-बर्तन।

तम्बपण्णि : सुप्पारक से विदा होकर विजय राजकुमार तथा उसके साथियों का लंका में प्रथम पदार्पण करने का स्थान।

तम्बूल (नपुं.) : पान का पत्ता।

तम्बूलपसिब्बक (पु.) : पान रखने की थैली।

तम्बूलपेळा (स्त्री.) : पान की पेटी।

तय (नपुं.) : तीन का समूह।

तयो (पु.) : तीन जने।

तयोधम्म-जातक : बंदर-पिता अपनी संतान की स्वयं हत्या कर डालता था (५८)।

तर (वि.) : तैरने वाला, पार करने वाला।

तरङ्ग (पु.) : लहर।

तरच्छ (पु.) : लकड़बग्घा।

तरण (नपुं.) : (तैरकर) पार जाना, उस ओर पहुंचना।

तरणी (स्त्री.) : नौका, नाव।

तरति (क्रि.) : तैरता है, पार करता है।

तरमानरूप (वि.) : जल्दी में होना।

तरल (नपुं.) : कांजी, यवागु।

तरितु (पु.) : पार जाने वाला।

तरु (पु.) : वृक्ष, पेड़।

तरुण (वि.) : नौजवान।

तरुसण्ड (पु.) : वृक्षों का समूह।

तल (नपुं.) : नीचे का स्तर, चौपट स्थान, चौपट छत, किसी हथियार का फल।

तलघातक (नपुं.) : हाथ की चपत, चांटा, थप्पड़।

तलसत्तिक (नपुं.) : (धमकाने के लिए) हाथ उठाना।

तस (वि.) : चञ्चल, अस्थिर, चल, जंगम।

तसति (क्रि.) : कांपता है, भयभीत होता है।

तसर (पु.) : फिरकी, जुलाहे की नाल।

तसिणा / तसिना (स्त्री.) : तृष्णा, प्यास।

तसित (वि.) : कांपता हुआ, भयभीत, प्यासा।

तस्मा (क्रि.वि.) : इसलिए, इस कारण।

तहं / तहिं (क्रि.वि.) : वहां, उस स्थान पर।

तळाक (पु.) : तालाब।

ताण (नपुं.) : त्राण, शरण।

तात (पु.) : पिता, पुत्र (स्नेह-पूर्ण आमंत्रण बडों तथा छोटों, दोनों के लिए)।

तादिस / तादिसक / तादी (वि.) : तादृश, वैसा।

तापन (नपुं.) : जलाना, आत्म-क्लेश।

तापस (पु.) : तपस्वी।

तापसी (स्त्री.) : तपस्विनी।

तापेति (क्रि.) : तपाता है, गरमी पहुँचाता है।

तामबूली (स्त्री.) : तमोली।

तामलित्ति : जिस पत्तन से अशोक ने बोधि वृक्ष की शाखा सिंहल भेजी थी वह स्थान।

तायति (क्रि.) : रक्षा करता है।

तायन (नपुं.) : संरक्षण।

तारका / तारा (स्त्री.) : (आकाश का) तारा।

तारकागण (पु.) : तारा-समूह।

तारकापति (पु.) : चांद।

तारकापथ (पु.) : आकाश।

तारेति (क्रि.) : पार कराता है, सहाय्य करत है, संरक्षण करता है।

तारेतु (पु.) : तरण-सहायक, संरक्षक।

ताल (पु.) : ताड़ का वृक्ष।

तालकन्द (पु.) : ताड़ की कोंपल।

तालक्खन्ध (पु.) : ताड़ वृक्ष का तना।

तालट्ठिक (नपुं.) : ताड़ के भीतर की गुठली।

तालपक्क (नपुं.) : ताड़ का फल।

तालपण्ण (नपुं.) : ताड़ का पत्ता।

तालवण्ट (नपुं.) : पंखा।

तालावत्थुकत (वि.) : जड़ से उखाड़ दिया गया।

तालु (पु.) : तालु।

तालुज (वि.) : तालव्य।

ताव (अ.) : तब तक।

तावकालिक (वि.) : अस्थायी।

तावतक (वि.) : इतना ही, इतनी देर तक ही।

तावता (क्रि.वि.) : तब तक, उस कारण से, उतने से।

तावतिंस : तैंतीस संख्या, केवल समासपदों में जहाँ ३३ देवताओं का जिक्र हो; तावतिंस-देवलोक (तैंतीस देवताओं का)।

तावतिंसभवन (नपुं.) : तैंतीस देवताओं का भवन।

तावदेव (अ.) : उस समय, तुरंत।

तास (पु.) : त्रास, भय, कंपन।

तासेति (क्रि.) : त्रास देता है, सताता है, परेशान करता है।

ताळ (पु.) : चाबी, गीत की ताल, एक वाद्य।

ताळच्छिग्गल / ताळच्छिद्द (नपुं.) : चाबी का छेद।

ताळावचर : (नपुं.) संगीत, (पु.) संगीतज्ञ, संगीत की धून में रहने वाला।

ताळन (नपुं.) : ताड़न, चोट पहुँचाना।

ताळी (स्त्री) : चोट, प्रहार।

ताळित (वि.) : ताड़ित, पीटा गया।

ताळेति (क्रि.) : ताड़ना देता है, पीटता है।

ति (वि.) तीन।

तिक (वि.) : तीन का समूह।

तिकटुक (नपुं.) : तीन मसाले (दवाइयाँ)।

तिकिच्छक (पु.) : चिकित्सक।

तिकिच्छति (क्रि.) : चिकित्सा करता है।

तिकिच्छा (स्त्री.) : चिकित्सा।

तिक्ख (वि.) : तीक्ष्ण, तेज।

तिक्खत्तुं (क्रि.वि.) : तीन बार।

तिक्खपञ्ञ (वि.) : तेज प्रज्ञा वाला।

तिखिण (वि.) : तीक्ष्ण, तेज।

तिगावुत (वि.) : तीन गव्यूति माप।

तिचीवर (नपुं.) : भिक्खु के तीन चीवर।

तिट्ठति (क्रि.) : ठहरता है, रुकता है, खड़ा रहता है।

तिण (नपुं.) : तृण, घास।

तिणगहन (नपुं.) : घास का जंगल, घनी घास।

तिणजाति (स्त्री.) : तृण-जाति, विविध प्रकार की घास।

तिणभक्ख (वि.) : तृण / घास खाकर रहने वाला।

तिणभिसि (स्त्री.) : तिनकों की चटाई, घास की चटाई।

तिणसन्थार (पु.) : तिनकों का बिछौना।

तिणहारक (पु.) : घास बेचने वाला, घसियारा।

तिणागार (नपुं.) : तिनकों की कुटिया, घास की कुटिया।

तिणाण्डूपक (नपुं.) : घास का गद्दा।

तिणुक्का (स्त्री.) : तिनकों की मशाल।

तिण्ण (वि.) : तीर्ण, जो पार उतर गया।

तिण्ह (वि.) : तीक्ष्ण, तेज।

तितिक्खति (क्रि.) : सहन करता है।

तितिक्खा (स्त्री.) : तितिक्षा, सहनशीलता।

तित्त : (वि.) तिखा, तीता, कड़ुवा; तृप्त, संतुष्ट।

तित्तक (वि.) : तिखा, तीता, कड़ुवा।

तित्ति (स्त्री) : तृप्ति।

तित्तिर (पु.) : तीतर।

तित्तिर-जातक : तीतर, बंदर और हाथी की कथा (३७)।

तित्तिर-जातक : बिना मतलब किसी को उपदेश देने के दंड संबंधी कथा (११७)।

निकुञ्ज (पु., नपुं.) : वृक्षों तथा झाड़ियों से ढका घना स्थान।

निकूजति (क्रि.) : कूजता है, आवाज करता है।

निकूजित (वि.) : शब्द किया हुआ।

निकूजमान (वि., कृ.) : शब्द करता हुआ।

निकेतन (नपुं.) : निवासस्थान, घर।

निक्कङ्ख (वि.) : असंदिग्ध, संदेह-रहित।

निक्कड्ढति (क्रि.) : बाहर खींचता है।

निक्कड्डन (नपुं.) : बाहर खींच लाना।

निक्कण्टक (वि.) : निष्कंटक, कांटों या शत्रुओं से रहित।

निक्कद्दम (वि.) : कर्दम-रहित, कीचड़-रहित।

निक्कम (पु.) : प्रयत्न।

निक्करुण (वि.) : करुणा-विहीन।

निक्कसाव (वि.) : अपवित्रता से मुक्त।

निक्काम (वि.) : कामना-रहित।

निक्कारण (वि.) : निष्कारण, बिना कारण के।

निक्किलेस (वि.) : विकार-रहित।

निक्कुज्ज (वि.) : फेंका गया।

निक्कुजित (वि.) : उलट दिया गया, उल्टा।

निक्कुज्जेति (क्रि.) : उलट देता है।

निक्कुह (वि.) : बिना ढोंग के।

निक्कोध (वि.) : क्रोध-रहित।

निक्ख (पु.) : निष्क, स्वर्ण-मुद्रा।

निक्खन्त (वि., कृ.) : (घर से) बाहर निकला हुआ।

निक्खम (पु.) / **निक्खमन** (नपुं.) : निष्क्रमण, चले जाना।

निक्खमति (क्रि.) : (घर से) बाहर जाता है, निकलता है।

निक्खम्म (पू.क्रि.) : निष्क्रमण करके।

निक्खमनीय (पु.) : निष्क्रमणीय, सावन का महीना। इस महीने में बच्चे को बाहर निकालकर सूर्य का दर्शन कराया जाता है।

निक्खामेति (क्रि.) : निकाल बाहर करता है।

निक्खामित (वि.) : निकाला हुआ।

निक्खित्त (वि.) : रखा गया।

निक्खिपति (क्रि.) : रख देता है।

निक्खेप (पु.) / निक्खेपन (नपुं.) : निक्षेप, रख देना, त्यागना।

निखणति / **निखनति** (क्रि.) : खोदता है।

निखात (वि.) : खोदा हुआ, गाड़ा हुआ।

निखादन (नपुं.) : छेनी।

निखिल (वि.) : समस्त, संपूर्ण।

निगच्छति (क्रि.) : अनुभव करता है, सहन करता है।

निगण्ठ : निर्ग्रंथ, जैन संप्रदाय का सन्यासी।

निगण्ठनाटपुत्त / **निगण्ठनाथपुत्त** : बुद्ध के समकालीन छह प्रसिद्ध आचार्यों में से एक। जैनों के अन्तिम तीर्थकर वर्धमान महावीर।

निगति (स्त्री.) : भाग्य, अवस्था, आचरण।

निगम (पु.) : कस्बा।

निगमन (नपुं.) : व्याख्या, उद्धरण, दृष्टान्त।

निगल / **निगळ** (पु.) : हाथी के पैर की जंजीर।

निगूहति (क्रि.) : ढकता है, छिपाता है।

निगूहित / **निगूळ्ह** (वि.) : छिपाया हुआ।

निगूहन (नपुं.) : छिपाना।

निग्गच्छति (क्रि.) : बाहर जाता है।

निग्गण्ठि (वि.) : ग्रन्थि-रहित।

निग्गण्हन (नपुं.) : दोषारोपण।

निग्गण्हाति (क्रि.) : दोषारोपण करता है, डाँटता-डपटता है।

निग्गत (वि.) : बाहर गया हुआ।

निग्गम (पु.) / **निग्गमन** (नपुं.) : बाहर जाना, बाहर निकलना, विदा होना।

निग्गय्ह (पू.क्रि.) : निग्रह करके, दोषारोपण करके।

निग्गय्हवादी (पु.) : निंदा करने वाला, दोषारोपण करने वाला।

निग्गह (पु.) : निंदा, दोषारोपण।

निग्गहित (वि.) : निंदित।

निग्गाहक (पु.) : निग्रह करने वाला, दोषारोपण करने वाला।

निग्गिलति (क्रि.) : निगलता है।

निग्गुण्डि / **निग्गुण्डी** (स्त्री.) : बूटी विशेष।

निग्गुम्ब (वि.) : जहां झाड-झंखाड़ न हो।

निग्घातन (नपुं.) : हत्या, विनाश।

निग्घोस (पु.) : चिल्लाना।

निग्रोध (पु.) : वट वृक्ष, बरगद का पेड़ ।

निग्रोधपक्क (नपुं.) : वट का पका फल।

निग्रोधपरिमण्डल (वि.) : वट के पेड़ का घेरा।

निग्रोधमिग-जातक : निग्रोध मृग ने अपनी जान देकर भी अपने पक्ष की मृगी और उसके बच्चे की प्राण-रक्षा करनी चाही। वह सभी के प्राण बचाने में सफल हुआ (१२)।

निघंस (पु.) / **निघंसन** (नपुं.) : रगड़ना।

निघंसति (क्रि.) : रगड़ता है।

निघंसित (वि.) : रगड़ा हुआ।

निघण्डु (पु.) : निघंटु, पर्याय वचनों का कोश।

निघात (पु.) : मारना, नष्ट करना।

निचय (पु.) : संचय, संग्रह।

निचित (वि.) : संग्रहित।

निचुल (नपुं.) : एक प्रकार का पौधा, मुचलिंदो।

निच्च (वि.) : नित्य, ध्रुव, शाश्वत।

निच्चं (क्रि.वि.) : नित्य, सदैव, लगातार।

निच्चकालं (क्रि.वि.) : सदैव।

निच्चता (स्त्री.) : नित्यता।

निच्चदान (नपुं.) : स्थायी दान।

निच्चभत्त (नपुं.) : सतत भोजन-दान।

निच्चम्म (वि.) : चर्म-रहित।

निच्चल (वि.) : निश्चल, स्थिर।

निच्चसील (नपुं.) : सतत शील-पालन, पंचशील।

निच्चोल (वि.) : निर्वस्त्र, नंगा।

निच्छय (पु.) : निश्चय ।

निच्छरण (नपुं.) : बाहर भेजना, बाहर निकलना।

निच्छरति (क्रि.) : बाहर जाता है, बाहर निकलता है।

निच्छरित (वि.) : बाहर निकला हुआ।

निच्छात (वि.) : बिना भूख के, संतुष्ट।

निच्छारित (वि.) : प्रकट किया हुआ, निकाला हुआ।

निच्छारेति (क्रि.) : प्रकट करता है, बोलता है।

निच्छित (वि.), निश्चित, विचारित, मीमांसित।

निच्छिनाति (क्रि.) : विचार करता है, विमर्षण करता है।

निज (वि.) : स्वकीय, अपना।

निजदेस (पु.) : अपना देश।

निज्जट (वि.) : सुलझा हुआ।

निज्जर (वि.) : जरा-रहित, ह्रास-रहित।

निज्जरेति (क्रि.) : नष्ट करता है, विनाश करता है।

निज्जिण्ण (वि.) : जरा-प्राप्त, ह्रास-प्राप्त।

निज्जिव्ह : (वि.) जिव्हा-विहीन, बिना जीभ के; (पु.) जंगली मुर्गा।

निज्जीव (वि.) : निर्जीव, मरा हुआ।

निज्झान (नपुं.) : अंतर्दृष्टि, ज्ञान।

निज्झापेति (क्रि.) : (किसी को) जीत लेता है, अपनी ओर कर लेता है।

निज्झायति (क्रि.) : ध्यान लगाता है।

निट्ठा (स्त्री.) : अंत, सारांश, निष्ठा।

निट्ठाति (क्रि.) : समाप्त होता है।

निट्ठान (नपुं.) : समाप्ति।

निट्ठापित (वि.) : पूरा कराया हुआ।

निट्ठापेति (क्रि.) : पूरा कराता है, समाप्त कराता है।

निट्ठासि (भू. क्रि.) : समाप्त हुआ।

निट्ठित (वि.) : समाप्त, संपूर्ण।

निट्ठुभति (क्रि.) : थूकता है।

निट्ठुभन (नपुं.) : थूकना, थूक।

निट्ठुभित (वि.) : थूका हुआ।

निट्ठुर (वि.) : निष्ठुर, कठोर, निर्दयी।

निट्ठुरिय (नपुं.) : निष्ठुरता, निर्दयता।

निड्ड / निड्ढ (नपुं.) : नीड़, घोंसला, विश्रामस्थल।

निड्डेति / निड्डायति (क्रि.) : घास-पात हटाता है।

निण्णय (पु.) : निर्णय।

नितम्ब (पु.) : चूतड़, पर्वत का किनारा।

नित्तण्ह (वि.) : तृष्णा-रहित।

नित्तिण्ण (वि.) : पार हुआ, तीर्ण हुआ।

नित्तुदन (नपुं.) : घोंपना, चुभाना।

नित्तेज (वि.) : तेज-रहित।

नित्थरण (नपुं.) : पार हो जाना, तर जाना, समाप्ति।

नित्थरति (क्रि.) : पार होता है।

नित्थुनन (नपुं.) : कराहना।

नित्थुनाति (क्रि.) : कराहता है।

निदस्सन (नपुं.) : उदाहरण, साक्षी, तुलना।

निदस्सित (वि.) : निदर्शित, दर्शाया हुआ।

निदस्सिय (पू.क्रि.) : दर्शाकर।

निदस्सेति (क्रि.) : दर्शाता है।

निदहति (क्रि.) : रखता है, खजाना गाड़ता है।

निदहित (वि.) : निहित, गाड़ा हुआ।

निदाघ (पु.) : सूखा, ग्रीष्म-काल, गरमी।

निदान (नपुं.) : मूल, कारण, उत्पत्ति।

निदानकथा : जातकट्ठकथा का आरंभिक अंश (भूमिका)।

निद्दय (वि.) : निर्दय।

निद्दर (वि.) : दुःख-रहित, भयरहित, निडर।

निद्दा (स्त्री.) : निद्रा, नींद।

निद्दायति (क्रि.) : सोता है।

निद्दायन (नपुं.) : सोना, नींद लेना।

निद्दारामता (स्त्री.) : निद्रा-प्रियता।

निद्दालु / निद्दासीली (वि.) : निद्रालु।

निद्दिट्ठ (वि.) : निर्दिष्ट, निर्देश किया हुआ।

निद्दिसति (क्रि.) : निर्देश करता है।

निद्दुक्ख (वि.) : दुःख-रहित, दुःखमुक्त।

निद्देस (पु.) : विश्लेषणात्मक व्याख्या, खुद्दक निकाय के अंतर्गत गिना जानेवाला एक टीका-ग्रंथ।

निद्दोस (वि.) : निर्दोष, निर्मल।

निद्धन (वि.) : निर्धन, गरीब।

निद्धन्त (वि.) : फूंक मारते हुए, बाहर निकालता हुआ।

निद्धमति (क्रि.) : फूंक मारता है, बाहर निकालता है।

निद्धमन (नपुं.) : नाली, नहर, निगमन।

निद्धमनद्वार (नपुं.) : तालाब के पानी का निकास।

निद्धारण (नपुं.) : निश्चित करना, निर्धारण।

निद्धारित (वि.) : निर्धारित, निश्चित किया हुआ।

निद्धारेति (क्रि.) : निश्चित करता है।

निद्धुनन (नपुं.) : धुनना, पिटना।

निद्धुनाति (क्रि.) : धुनता है, पिटता है।

निद्धुत (वि.) : धुना गया।

निद्धोत (वि.) : धोया हुआ, साफ किया हुआ, तेज किया हुआ।

निद्धोवति (क्रि.) : धोता है, साफ करता है।

निधान (नपुं.) : भंडार, छिपा खजाना।

निधापित (वि.) : रखवाया हुआ।

निधापेति (क्रि.) : रखवाता है, गड़वाता है।

निधाय (पू.क्रि.) : रखकर, गाड़कर।

निधि (पु.) : छिपा खजाना।

निधिकुम्भि (स्त्री.) : खजाने का घड़ा।

निधीयति (क्रि.) : रखा जाता है, गाड़ा जाता है।

निधेति (क्रि.) : रखता है, गाड़ता है, छुपाता है।

निन्दति (क्रि.) : निंदा करता है।

निन्दन (नपुं.) / **निन्दना** (स्त्री.) : अपमान, अगौरव।

निन्दिय (वि.) : निन्दनीय, दोषी।

निन्न : (वि.) निम्न, (नपुं.) निम्न भूमि।

निन्नता (स्त्री.) : निम्नता, झुकाव।

निन्नहुत (नपुं.) : संख्या-विशेष।

निन्नाद (पु.) : स्वर-माधुर्य, लय, ध्वनि।

निन्नादी (वि.) : ऊंची आवाज वाला।

निन्नामित (वि.) : झुका हुआ।

निन्नामेति (क्रि.) : झुकता है।

निन्नेतु (पु.) : निर्णय करनेवाला, निर्णायक।

निपक (वि.) : दक्ष, बुद्धिमान।

निपच्च (पू.क्रि.) : गिरकर।

निपच्चाकार (पु.) : नम्रता।

निपज्ज (पू.क्रि.) : लेटकर ।

निपज्जति (क्रि.) : लेटता है।

निपज्जन (नपुं.) : लेटना।

निपतति (क्रि.) : गिरता है।

निपतित (वि.) : गिरा हुआ।

निपन्न (वि.) : लेटा हुआ।

निपात (पु.) : गिरना, उतरना, अव्यय।

निपातन (नपुं.) : गिराना, नीचे फेंकना।

निपातित (वि.) : गिराया हुआ।

निपाती (वि.) : गिराने वाला, सोने वाला ।

निपातेति (क्रि.) गिरने देता है, गिराता है।

निपान (नपुं.) : पशुओं की जल पीने की जगह।

निपुण (वि.) : दक्ष, होशियार।

निप्पक्क (वि.) : उबला हुआ।

निप्पज्जति / निप्फज्जति (क्रि.) : पूरा होता है, उभरता है, परिणाम लाता है।

निप्पदेस (वि.) : सर्व-व्यापक।

निप्पपञ्च (वि.) : प्रपंच-रहित, निष्प्रपंच, विकारों से मुक्त।

निप्पभ (वि.) : निष्प्रभ।

निप्परियाय (वि.) : बिना किसी भेद के।

निप्पलाप (वि.) : प्रलाप रहित, बकबक न करने वाला।

निप्पाप (वि.) : निष्पाप।

निप्पितिक (वि.) : पिता- विहीन।

निप्पीळन (नपुं.) : पीड़ना, दबाना, निचोड़ना।

निप्पीळेति (क्रि.) : निचोड़ता है।

निप्पुरिस (वि.) : पुरुष-विहीन।

निप्पोथन (नपुं.) : पीटना, मारना ।

निप्फज्जति (क्रि.) : निष्पादन करता है, देखो निप्पज्जति।

निप्फज्जन (नपुं.) : परिणाम, प्रभाव, प्राप्ति।

निप्फत्ति (स्त्री.) : निष्पत्ति, प्राप्ति।

निप्फन्न (वि.) : निष्पन्न, परिणाम।

निप्फल (वि.), निष्फल, परिणामहीन।

निप्फादक (वि.) : निष्पादक, उत्पन्न करने वाला।

निप्फादन (नपुं.) : उत्पत्ति, निर्मिती।

निप्फादेति (क्रि.) : उत्पन्न करता है, पूरा करता है।

निप्फादेतु (पु.) : उत्पन्न करने वाला, उत्पादक।

निप्फोटन (नपुं.) : पीटना।

निप्फोटित (वि.) : पीटा गया, कुचला गया।

निप्फोटेति (क्रि.) : पीटता है ।

निबद्ध (वि.) : बांधा हुआ, निश्चित।

निबद्धं (क्रि.वि.) : नियमित, लगातार।

निबन्ध (पु.) / **निबन्धन** (नपुं.) : बंधन।

निबन्धति (क्रि.) : बांधता है, प्रेरित करता है।

निब्बट्ट (वि.) : बिना बीज के।

निब्बत्त (वि.) : जन्मा हुआ, जिसका पुनर्जन्म हुआ हो, उत्पन्न।

निब्बत्तक / निब्बत्तनक (वि.) : उत्पन्न करने वाला, उत्पादक।

निब्बत्तति (क्रि.) : उत्पन्न होता है, परिणत होता है, जन्म ग्रहण करता है।

निब्बत्तन (नपुं.) : उत्पत्ति, निर्मिती।

निब्बत्तापन (नपुं.) : पुनर्जन्म, जन्म, पुनरुत्पादन, प्रजनन।

निब्बत्ति (स्त्री) : जन्म-ग्रहण करना, प्रकट होना।

निब्बन (वि.) : तृष्णा-रहित, वन-रहित।

निब्बनथ (वि.) : तृष्णा-मुक्त ।

निब्बसन (वि.) : निर्वसन, उतारा हुआ / फेंका हुआ वस्त्र।

निब्बाति (क्रि.) : बुझ जाता है, शांत होता है, तृष्णा-मुक्त होता है।

निब्बान (नपुं.) : निर्वाण, (अग्नि का) बुझ जाना, संपूर्ण मुक्ति।

निब्बानगमन (वि.) : निर्वाण-गामी।

निब्बानधातु (स्त्री.) : निर्वाण-क्षेत्र।

निब्बानपत्ति (स्त्री.) : निर्वाण-प्राप्ति।

निब्बानसच्छिकिरिया (स्त्री.) : निर्वाण का अनुभव करना।

निब्बानसम्पत्ति (स्त्री.) : निर्वाण की प्राप्ति, निर्वाण का सुख।

निब्बानाभिरत (वि.) : निर्वाण-प्राप्ति में अनुरक्त।

निब्बापन (नपुं.) : शांत होना, बुझना।

निब्बापित (वि.) : बुझाया गया।

निब्बापेति (क्रि.) : बुझा देता है।

निब्बायति (क्रि.) : बुझता है, शांत होता है, निर्वाण को प्राप्त होता है।

निब्बाहति (क्रि.) : बाहर करता है।

निब्बाहन (नपुं.) : हटाना, बाहर करना।

निब्बिकार (वि.) : निर्विकार, अपरिवर्तनशील।

निब्बिचिकिच्छ (वि.) : संदेह-रहित, शंका-मुक्त।

निब्बिज्ज (पू.क्रि.) : निर्वेद प्राप्त करके, विरक्त होकर।

निब्बिज्जति (क्रि.) : निर्वेद प्राप्त करता है।

निब्बिज्झति (क्रि.) : बींधता है।

निब्बिदा (स्त्री.) : निर्वेद, अनुत्साह / विरक्ति।

निब्बिन्दति (क्रि.) : निर्वेद-प्राप्त होता है, अनुत्साह / विरक्ति जागती है।

निब्बिन्न (वि.) : अनुत्साहित, विरक्त।

निब्बिस : (नपुं.) मजदूरी, (वि.) निर्विष।

निब्बिसति : (क्रि.) : खोजता है।

निब्बिसेस (वि.) : समान, एक जैसा।

निब्बुति (स्त्री.) : शांति, सुख, विमुक्ति।

निब्बुय्हति (क्रि.) : तैरता है।

निब्बेठन (नपुं.) : उधेड़ना, व्याख्या।

निब्बेठेति (क्रि.) : उधेड़ता है।

निब्बेध (पु.) : घुसेड़ना, बींधना।

निब्बेधिक (वि.) : बींधने वाली।

निब्बेमतिक (वि.) : एकमत।

निब्भय (वि.) : निर्भय, भयरहित।

निब्भोग (वि.) : व्यर्थ, बेकार।

निभ (वि.) : समान।

निभा (स्त्री.) : प्रकाश, चमक-दमक।

निभाति (क्रि.) : चमकता है।

निमन्तक (वि.) : निमंत्रण देने वाला।

निमन्तन (नपुं.) : निमंत्रण।

निमन्तित (वि.) : निमंत्रित।

निमन्तेति (क्रि.) : निमंत्रण देता है।

निमि-जातक : सिर का सफेद बाल दिखाई देने पर अपने अनेक पूर्वजों की तरह निमि राजा ने भी सिंहासन का त्याग कर दिया (५४१)।

निमित्त (नपुं.) : चिन्ह, शकुन, कारण।

निमित्तगाही (वि.) : ऊपरी चिन्हों से आकर्षित।

निमित्तपाठक (पु.) : शकुनों की व्याख्या करने वाला, भविष्यवक्ता।

निमिनाति (क्रि.) : आदान-प्रदान करता है।

निमिस / **निमेस** (पु.) : आँख का झपकना।

निमिसति (क्रि.) : आँख झपकता है, आँख मारता है।

निमीलन (नपुं.) : आँख झपकाना, आँख मारना, बंद करना।

निमीलित (वि.) : बंद, ढका हुआ।

निमीलेति (क्रि.) : आंख झपकता है, आंख बंद करता है ।

निमुग्ग (वि.) : डूबा हुआ, गोता लगाया हुआ।

निमुज्जन (नपुं.) / **निमुज्जा** (स्त्री.) : डुबकी।

निमुज्जति (क्रि.) : डुबकी लगाता है।

निम्ब (पु.) : नीम का पेड़।

निम्मक्खिक (वि.) : मक्खी-रहित।

निम्मज्जन (नपुं.) : निचोड़ना।

निम्मथन (नपुं.) : पीसना।

निम्मथति (क्रि.) : पीस डालता है।

निम्मद्दन (नपुं.) : मर्दित करना, दबा देना।

निम्मल (वि.) : निर्मल।

निम्मंस (वि.) : मांस-रहित।

निम्माण (नपुं.) : रचना, कृति, निर्माण।

निम्मातापितिक (वि.) : अनाथ, माता-पिता रहित।

निम्मातिक (वि.) : माता-विहीन।

निम्मातु (पु.) : निर्माण करने वाला, रचयिता।

निम्मान : (नपुं.) रचना, कृति, निर्माण; (वि.) मान-रहित।

निम्माय (पू.क्रि.) : निर्माण करके।

निम्मिणाति / **निम्मिनाति** (क्रि.) : उत्पन्न करता है, निर्माण करता है, रचता है।

निम्मित (वि.) : निर्मित।

निम्मूल (वि.) : निर्मूल, मूलरहित।

निम्मोक (पु.) : सांप की केंचुल।

निय / **नियक** (वि.) : स्वकीय, अपना।

नियत (वि.) : निश्चित, स्थिर।

नियति (स्त्री.) : भाग्य, किस्मत, आवश्यकता।

नियम (पु.) : मर्यादा निश्चित होना, स्थिर होना।

नियमन (नपुं.) : स्थिरता, नियमाधीन होना।

नियमेति (क्रि.) : नियमित करता है।

नियाम (पु.) : नियम होना, तरीका।

नियामक (पु.) : जहाज का कप्तान, सेनापति, नियम में चलानेवाला ।

नियामता (स्त्री.) : नियमित होना।

नियुञ्जति (क्रि.) : नियुक्त होता है, कार्यरत होता है।

नियुत्त (वि.) : नियुक्त।

नियोग (पु.) : आज्ञा, हुक्म, आवश्यकता।

नियोजन (नपुं.) : नियुक्त करना, आज्ञा देना।

नियोजित (वि.) : प्रतिनिधि।

नियोजेति (क्रि.) : नियुक्त करता है, प्रेरित करता है।

निय्यति / **नीयति** (क्रि.) : ले जाया जाता है।

निय्यातन (नपुं.) : समर्पण, सौंपना।

निय्याति (क्रि.) : बाहर जाता है।

निय्यातु (पु.) : नेता, मार्गदर्शक, बाहर जाने वाला।

निय्यातित (वि.) : समर्पित, सौंपा गया।

निय्यातेति / **निय्यादेति** / **नीयादेति** (क्रि.) : सौंपता है, समर्पित करता है।

निय्यान (नपुं.) : बहिर्गमन, विदाई, मुक्ति ।

निय्यानिक (वि.) : मुक्ति की ओर अग्रसर करने वाला।

निय्यास (पु.) : पेड़ों से निकलने वाला रस, गोंद आदि।

निय्यूह (पु.) : शिखर, द्वार।

निरग्गल (वि.) : बाधा-रहित, मुक्त।

निरङ्करोति / **निराकरोति** (क्रि.) : तिरस्कार करता है, उपेक्षा करता है।

निरत (वि.) : लगा हुआ।

निरत्थ / **निरत्थक** (वि.) : निरर्थक, अर्थहीन।

निरन्तर (वि.) : लगातार।

निरन्तरं (क्रि.वि.) : लगातार।

निरपराध (वि.) : निर्दोष।

निरपेक्ख (वि.) : अपेक्षा-रहित, जिनको परवाह न हो।

निरब्बुद (वि.) : बाधारहित, दुःख-रहित, एक विशाल संख्या, निरय-विशेष।

निरय (पु.) : नरक।

निरयगामी (वि.) : नरक-गामी।

निरयदुक्ख (नपुं.) : नरक का दुःख।

निरयपाल (पु.) : नरक का अधिपति।

निरयभय (नपुं.) : नरक का भय।

निरयसंवत्तनिक (वि.) : नरक की ओर ले जाने वाला।

निरवसेस (वि.) : अवशेष-रहित, संपूर्ण।

निरसन (वि.) : निराहार।

निरस्साद (वि.) : बे-स्वाद।

निराकुल (वि.) : उलझन-रहित, बाधा-रहित।

निरातङ्क / **निरामय** (वि.) : रोग-रहित, निरोग, स्वस्थ।

निरामिस (वि.) : मांस-रहित, अभौतिक।

निरारम्भ (वि.) : बिना पशुओं की हत्या किए।

निरालम्ब (वि.) : निराधार, बेसहारा।

निरालय (वि.) : आसक्ति-रहित, गृह-रहित, बेघर।

निरास (वि.) : आशा-रहित, इच्छा-रहित।

निरासङ्क (/ **निरासंस** वि.), शंका-रहित ।

निरासव (वि.) : आसव-रहित, चित्तमल-रहित।

निराहार (वि.) : आहार-रहित, व्रती।

निरिन्धन (वि.) : ईंधन-रहित।

निरुज्झति (क्रि.) : निरोध को प्राप्त होता है, नष्ट होता है।

निरुज्झन (नपुं.) : निरोध।

निरुत्तर (वि.) : उत्तर-विहीन, सर्वोत्तम।

निरुत्ति (स्त्री.) : निरुक्त-शास्त्र, बोली, व्याकरण संबंधी विश्लेषण।

निरुत्तिपटिसम्भिदा (स्त्री.) : निरुक्त का ज्ञान।

निरुदक (वि.) : जल-रहित।

निरुद्ध (वि.) : निरोध को प्राप्त हुआ।

निरुपद्दव (वि.) : उपद्रव-रहित।

निरुपधि (वि.) : राग-रहित, आसक्ति-रहित।

निरुपम (वि.) : उपमा-रहित, अतुलनीय।

निरुस्सास (वि.) आश्वास-प्रश्वास रहित।

निरुस्सुक (वि.) : औत्सुक्य-रहित, उपेक्षा-युक्त।

निरोग (वि.) : स्वस्थ, रोग-रहित।

निरोज (वि.) : स्वाद-रहित, बे-मजा।

निरोध (पु.) : समाप्त होना, नष्ट होना, पुनरुत्पत्ति का रूक जाना।

निरोधधम्म (वि.) : निरोध-स्वभाव, नष्ट / समाप्त होने का स्वभाव।

निरोधसमापत्ति (स्त्री.) : विज्ञान के निरुद्ध होने की स्थिति (ध्यान की अवस्था)।

निरोधेति (क्रि.) : निरोध को प्राप्त करता है, नष्ट होता है।

निलय (पु.) : घर, निवास-स्थान।

निलीन (वि.) : छिपा हुआ।

निलीयति (क्रि.) : छिपता है।

निल्लज्ज (वि.) : निर्लज्ज, बेशरम।

निल्लेहक (वि.) : चाटने वाला।

निल्लोकेति (क्रि.) : देखता है, निरीक्षण करता है।

निल्लोप (पु.) : लुटना, डाका डालना।

निल्लोलुप (वि.) : लोभ-रहित।

निवत्त (वि.) : रुका हुआ, वापस लौटा हुआ।

निवत्तति (क्रि.) : रूक जाता है, लौट पड़ता है, थम जाता है।

निवत्तन (नपुं.) / **निवत्ति** (स्त्री.) : रुकना, वापिस होना।

निवत्तेति (क्रि.) : रोकता है, लौटाता है।

निवत्थ (वि.) : वस्त्र पहने हुए।

निवसति (क्रि.) : रहता है, वास करता है।

निवह (पु.) : ढेर, संग्रह।

निवातक (नपुं.) : सुरक्षित स्थान।

निवातवुत्ती (वि.) : विनम्र।

निवाप (पु.) : पशुओं का आहार, श्राद्ध।

निवारण (नपुं.) : रोकना।

निवारिय (वि.) : रोकने योग्य।

निवारेति (क्रि.) : रोकता है।

निवारेतु (पु.) : रोकने वाला।

निवास (पु.) : रहना, रहने की जगह।

निवासन (नपुं.) : अन्तर्वसन, अन्दर पहनने का कपड़ा।

निवासभूमि (स्त्री.) : रहने की जगह।

निवासिक / निवासी (पु.) : रहने वाला।

निवासेति (क्रि.) : वस्त्र पहनता है।

निविट्ठ (वि.) : स्थिर हुआ।

निविसति (क्रि.) : स्थिर होता है, घुसता है, रुकता है।

निवुत (वि.) : घिरा हुआ।

निवुत्थ (वि.) : रहा हुआ।

निवेदक (वि.) : निवेदन करने वाला ।

निवेदेति (क्रि.) : निवेदन करता है।

निवेस (पु.) / **निवेसन** (नपुं.): निवास-स्थान, घुसना, रुकना।

निवेसेति (क्रि.) : स्थापित करता है, घुसाता है, निर्धारित करता है ।

निसग्ग (पु.) : देना, प्रकृति, निसर्ग।

निसज्ज (पू.क्रि.) : बैठकर।

निसज्जा (स्त्री.) : बैठना, बैठने का अवसर, बैठने की जगह।

निसद (पु.) : चक्की (विशेष तौर पर चक्की का निचला पाट)।

निसदपोत (पु.) : चक्की का ऊपर का पाट।

निसभ (पु.) : वृषभ, बैल।

निसम्म (पू.क्रि., क्रि.वि.) : विचार करके।

निसम्मकारी (वि.) : सोच-विचारकर करने वाला।

निसा (स्त्री.) : निशा, रात्रि, रात।

निसाकर / निसानाथ (पु.) : चन्द्रमा, चांद।

निसाण (पु.) : सान चढाने का पत्थर, धार लगाने का पत्थर, सिल्ली।

निसामक (वि.) : द्रष्टा, दर्शक, ध्यान लगाकर सुनने वाला।

निसामेति (क्रि.) : सुनता है।

निसित (वि.) : तेज, तीक्ष्ण।

निसिन्न (वि.) : बैठा हुआ।

निसिन्नक (वि.) : बैठने वाला।

निसीथ (पु.) : मध्य-रात्रि।

निसीदति (क्रि.) : बैठता है।

निसीदन (नपुं.) : बैठना, बैठने की चटाई वगैरह।

निसीदापन (नपुं.) : बैठाना।

निसीदापेति (क्रि.) : बैठाता है।

निसूदन (नपुं.) : हत्या करना, वध करना।

निसेध (पु.) : रोक थाम, निषेध।

निसेधक (वि.) : निषेध करने वाला।

निसेधेति (क्रि.) : निषेध करता है।

निसेवति (क्रि.) : संगति करता है।

निसेवन (नपुं.) : संगति करना, उपयोग करना, अभ्यास करना।

निस्सग्ग (पु.) : परित्याग।

निस्सग्गिय (वि.) : परित्याग करने योग्य।

निस्सङ्ग (वि.) : संग-रहित, निर्लोभी।

निस्सज्जति (क्रि.) : त्याग देता है, छोड़ देता है।

निस्सट (वि.) : निकला हुआ, छूटा हुआ, विदा हुआ।

निस्सट्ठ (वि.) : बाहर हुआ, परित्यक्त।

निस्सत्त (वि.) : सत्त्व(प्राणी)-विहीन।

निस्सद्द (वि.) : निशब्द, शांत।

निस्सन्द (पु.) : परिणाम, रिसना।

निस्सय (पु.) : आश्रय, संरक्षण।

निस्सयति (क्रि.), आश्रय ग्रहण करता है, सहारा लेता है।

निस्सरण (नपुं.) : बाहर जाना, बिदाई, मुक्त होना।

निस्सरति (क्रि.) : विदा होता है।

निस्साय (अ.) : उसके द्वारा, उससे, उसके सहारे।

निस्सार (वि.) : सार-रहित।

निस्सारज्ज (वि.) : आश्वस्त, संदेह-रहित, आत्म-विश्वासी।

निस्सारण (नपुं) : बाहर निकालना।

निस्साव (पु.) : चावल का माँड।

निस्सित (वि.) : आश्रित।

निस्सितक (वि.) : अनुयायी, समर्थक, शीशी, आश्रय ग्रहण करने वाला।

निस्सिरीक (वि.) : अभागा, दुःखी, वैभव-हीन ।

निस्सेणि / **निस्सेणी** (स्त्री) : सीढी।

निस्सेस (वि.) : संपूर्ण।

निस्सेसं (क्रि.वि.) : संपूर्ण रूप से।

निस्सोक (वि.) : शोक-रहित।

निहत (वि.) : जिसकी मान-मर्यादा कुचल दी गई हो, नष्ट किया गया।

निहतमान (वि.) : विनम्र, मान-रहित।

निहनति (क्रि.) : मार डालता है, अपमानित करता है।

निहित (वि.) : रखा हुआ, व्यवस्थित, छुपाया हुआ (धन)।

निहीन (वि) : नीच, तुच्छ, थोडा, महत्त्वहीन।

निहीनकम्म (नपुं) : नीच-कर्म, पाप-कर्म।

निहीनपञ्ञ (वि.) : दुर्बुद्धि।

निहीनसेवी (वि.) : कुसंगति में रहने वाला।

निहीयति (क्रि.) : नाश को प्राप्त होता है, नष्ट होता है।

नीघ (पु.) : दुःख, अव्यवस्था।

नीच (वि.) : निकृष्ट, नीच, हीन।

नीचकुल (नपुं.) : नीच जाति।

नीचकुलीनता (स्त्री.) : नीच कुल में जन्म ग्रहण करने का भाव।

नीचासन (नपुं.) : नीचा आसन।

नीत (वि.) : ले जाया गया।

नीतत्थ (पु.) : अनुमानित अर्थ।

नीति (स्त्री.) : कानून, मार्गदर्शन।

नीतीगन्थ (पु.) : नीति-ग्रंथ।

नीतिसत्थ (नपुं.) : नीति-शास्त्र।

नीप (पु.) : कदंब वृक्ष।

नीयति (क्रि.) : ले जाया जाता है।

नीयाति (क्रि.) : बाहर जाता है, बाहर निकलता है।

नीर (नपुं.) : जल, पानी।

नील : (पु.) नीला रंग, (वि.) नीला, नीले रंग का।

नीलकसिण (नपुं.) : ध्यान लगाने के लिए नील-वर्ण गोलाकार।

नीलगीव (नपुं.) : नील-ग्रीवा, मोर।

नीलमणि (पु.) : नीलम।

नीलवण्ण (वि.) : नीलवर्ण, नीले रंग का।

नीलवल्ली (स्त्री.) : नील-वर्ण लता।

नीलसप्प (पु.) : नीला सांप।

नीलिनी / नीली (स्त्री) : नील का पौधा।

नीलुप्पल (नपुं) : नील-कमल।

नीवरण (नपुं.) : बाधा।

नीवरणिय (वि.) : बाधा डालने वाला, बाधक।

नीवार (पु.) : धान्य-विशेष।

नीहट (वि.) : बाहर निकला हुआ।

नीहरण (नपुं) : बाहर निकालना।

नीहरति (क्रि.) : बाहर ले जाता है, बाहर निकालता है, भगा देता है।

नीहार (पु.) : बाहर निकालना, पथ, ढंग।

नीळ (नपुं.) : नीड, घोंसला।

नीळज (पु.) : पक्षी।

नु (अ.) : अधिकतर प्रश्नवाचक सर्वनामों के साथ प्रयोग होता है।

नुद / नुदक (वि.) : निकाल बाहर करने वाला, दूर करने वाला।

नुदति (क्रि.) : दूर हांक देता है, हकेलता है, भगा देता है।

नुन्न (वि.) : हांका गया, भगाया गया।

नूतन (वि.) : नया।

नून (अ.) : निश्चय से।

नूपुर (नपुं.) : पैंजनी, पैर में पहनने का स्त्रियों का गहना।

नेक (वि.) : अनेक।

नेकतिक (पु., वि.) : ठग।

नेकायिक (वि.) : सुत्तपिटक के पांचों निकायों का जानकार, स्मृतिकार।

नेक्ख (नपुं.) : निष्क, स्वर्ण-मुद्रा।

नेक्खम्म (नपुं.) : सांसारिक जीवन का त्याग, सन्यास।

नेक्खम्मवितक्क (नपुं.) : अभिनिष्क्रमण / सन्यास संबंधी विचार, त्याग-संबंधी विचार।

नेक्खम्मसङ्कप्प (पु.) : गृहत्याग संबंधी संकल्प, निवृत्ति / त्याग-संबंधी संकल्प।

नेक्खम्मसुख (नपुं.) : अभिनिष्क्रमण / गृहत्याग का सुख, त्यागने का सुख।

नेगम (वि.) : निगम संबंधी।

नेति (क्रि.) : ले जाता है।

नेतु (पु.) : नेता।

नेत्त : (पु.) पथ-दर्शक, (नपुं.) नेत्र, आंख।

नेत्ततारा (स्त्री.) : आंख का तारा।

नेत्ति (स्त्री.) : तृष्णा, नाली।

नेत्तिक (पु.) : खेत सींचने के लिए नाली बनाने वाला।

नेत्तिंस (पु.) : तलवार।

नेपक्क (नपुं.) : बुद्धिमानी, सूझ-बूझ।

नेपुञ्ञ (नपुं.) : निपुणता, दक्षता।

नेमि (स्त्री.) : पहिये की हाल।

नेमित्तिक (पु.) : ज्योतिषी, भविष्य बताने वाला।

नेमिन्धर (पु.) : पर्वत का नाम।

नेय्य (वि.) : ले जाने योग्य, समझने योग्य।

नेरञ्जरा : एक नदी, बुद्धत्व प्राप्ति के बाद बुद्ध इसी नदी के तट पर थे।

नेयरिक (वि.) : निरय / नरक में उत्पन्न।

नेरु (पु.) : सबसे ऊंचे पर्वत का नाम, मेरु पर्वत।

नेरु-जातक : स्वर्ण-वर्ण नेरु (मेरु) पर्वत की चमक-दमक के कारण किसी ने भी स्वर्ण-वर्ण राजहंस की ओर ध्यान नहीं दिया (३७९)।

नेवासिक (पु.) : रहने वाला।

नेसज्जिक (वि.) : बैठा रहने वाला।

नेसाद (पु.) : निषाद, शिकारी।

नो (अ.) : नहीं।

नोनीत (नपुं.) : मक्खन, नवनीत।

न्यास (पु.) : धरोहर।

न्हात / नहात (वि.) : नहाया हुआ।

न्हान / नहान (नपुं.) : नहाना।

न्हारु / नहारु (पु.) : नस।

प

पकट्ठ (वि.) : अति श्रेष्ठ, महान।

पकत (वि.) : कृत, निर्मित।

पकतञ्ञू (वि.) : प्रकृति का स्वभाव जानने वाला।

पकतत्त (वि.) : सदाचारी।

पकति (स्त्री.) : प्रकृति, प्राकृतिक या मूल रूप, स्वाभाविक या मूल स्थिति।

पकतिक (वि.) : प्राकृतिक।

पकतिगमन (नपुं.) : स्वाभाविक चाल।

पकतिचित्त : (नपुं.) स्वाभाविक चित्त, (वि.) स्वाभाविक चित्त वाला।

पकतिज (पु., नपुं.) : प्रकृति से उत्पन्न।

पकतिसील (नपुं.) : स्वाभाविक शील।

पकप्पना (स्त्री.) : तर्क, योजना, व्यवस्था।

पकप्पेति (क्रि.) : विचार करता है, योजना बनाता है, व्यवस्था करता है।

पकम्पति (क्रि.) : कांपता है।

पकरण (नपुं.) : अवसर, साहित्यिक कृति या व्याख्या।

पकार (पु.) : ढंग, पद्धति, प्रकार।

पकास (पु.), चमक, कथन, व्याख्या, प्रकाश।

पकासक (पु.) : प्रकाशक, घोषणा करने वाला, व्याख्या करने वाला।

पकासति (क्रि.) : प्रकट होता है, प्रकाशित होता है।

पकासन (नपुं.) : प्रकाशन, घोषणा।

पकासित (वि.) : प्रकाशित।

पकासेति (क्रि.) : प्रकट करता है, प्रकाशित करता है।

पकिण्ण (वि.) : बिखरा हुआ, फेंका गया।

पकिण्णक (वि.) : प्रकीर्ण, बिखरा हुआ।

पकित्तित (वि.) : प्रशंसित।

पकित्तेति (क्रि.) : प्रशंसा करता है, व्याख्या करता है।

पकिरति (क्रि.) : बिखेरता है, गिरने देता है।

पकुधकच्चायन : बुद्ध के समकालीन छह तैथिक संप्रदायों में से एक का मुखिया।

पकुप्पति (क्रि.), क्रोधित होता है।

पकुब्बति (क्रि.) : करता है।

पकोटि (स्त्री.) : संख्या-विशेष ।

पकोप (पु.) : क्रोध, विद्वेष।

पकोपन (नपुं.) : क्रोधित करना।

पक्क (वि.) : पका हुआ, उबाला हुआ, पकाया हुआ।

पक्कट्ठित (वि.) : बहुत उबला हुआ।

पक्कम (पु.) / **पक्कमन** (नपुं.) : चले जाना, विदाई ।

पक्कमति (क्रि.) : विदा होता है।

पक्कोसति (क्रि.) : बुलाता है।

पक्कोसन (नपुं.) / **पक्कोसना** (स्त्री.) : बुलावना।

पक्ख (पु., वि) : पक्ष, पहलु, पखवाड़ा (शुक्ल या कृष्ण), जो साफ दिखाई दे, संबंधित, लंगड़ा आदमी।

पक्खन्दति (क्रि.) : कूदता है, छलांग लगाता है।

पक्खन्दन (नपुं.) : कूदना, छलांग मारना, पीछा करना।

पक्खन्दिका (स्त्री.) : अतिसार, दस्त लग जाना, आंव पड़ना।

पक्खन्दी (पु.) : कूदने वाला, छलांग मारने वाला।

पक्खबिलाल (पु.) : चमगादड़।

पक्खलति (क्रि.) : लड़खड़ाता है।

पक्खलन (नपुं.) : लड़खड़ाहट।

पक्खालेति (क्रि.) : धोता है, साफ करता है।

पक्खिक / **पक्खिय** (वि.) : पाक्षिक, पक्ष-संबंधी।

पक्खिकभत्त (नपुं.) : एक पखवाड़े में एक बार दिया जाने वाला भोजन।

पक्खित्त (वि.) : प्रक्षिप्त, फेंका गया, रखा गया।

पक्खिपति (क्रि.) : फेंकता है, रखता है।

पक्खिपन (नपुं.) / **पक्खेप** (पु.) : प्रक्षेपण, फेंकना, रखना।

पक्खी (पु.) : पक्षी।

पखुम (नपुं.) : बरौनी, पलक।

पगब्भ (वि.) : प्रगल्भ, साहसी, दुस्साहसी।

पगाळ्ह (वि.) : डूबा हुआ।

पगाहति (क्रि.) : डुबकी लगाता है, डूबता है।

पगिद्ध (वि.) : अत्यंत लोभी।

पगुण (वि.) : अभ्यस्त, ज्ञान से परिपूर्ण, कंठस्थ किया हुआ।

पगुणता (स्त्री.) : दक्षता, निपुणता।

पगुम्ब (पु.) : झाड़ी।

पगेव (अ.) : समय से अति पूर्व, कहना ही क्या।

पग्गण्हाति (क्रि.) : ग्रहण करता है, धारणकरता है, अनुबल देता है।

पग्गह (पु.) / **पग्गाह** (पु.) / **पग्गहन** (नपुं.) : प्रयत्न, सामर्थ्य, उठाना, धारण करना, पकड़ना, अनुबल देना।

पग्गहित (वि.) : गृहीत, धरा हुआ, पकड़ा हुआ।

पग्घरण (नपुं.) : चूना, रिसना।

पग्घरणक (वि.) : चूता हुआ, रिसता हुआ।

पग्घरति (क्रि.) : चूता है, बूंद-बूंद गिरता है, रिसता है।

पघण (पु.) : घर के सामने का छज्जा।

पङ्क (पु.) : कीचड, गारा, मैला।

पङ्कज / **पङ्केरुह** (नपुं.) : कमल।

पङ्गु / **पङ्गुल** (वि.) : लंगड़ा।

पचति (क्रि.) : पकाता है।

पचन (नपुं.) : पकाना।

पचरति (क्रि.) : अभ्यास करता है, देखता है, चलता है ।

पचलायति (क्रि.) : ऊंघता है।

पचलायिका (स्त्री.) : ऊंघना।

पचापेति (क्रि.) : पकवाता है।

पचारक (पु.) : प्रचारक, विज्ञापक।

पचारेति (क्रि.) : प्रचार करता है।

पचालक (वि.) : झूलता हुआ।

पचिनाति (क्रि.) : चुगता है, (फूल) तोड़ता है, संग्रह करता है।

पचुर (वि.) : प्रचुर बहुत, नाना प्रकार का।

पच्चक्कोसति (क्रि.) : डांट के बदले में डांटता है, निंदा के बदले में निंदा करता है।

पच्चक्ख (वि.) : प्रत्यक्ष।

पच्चक्खकम्म (नपुं.) : प्रत्यक्ष करना, अनुभव।

पच्चक्खाति (क्रि.) : प्रत्याख्यान करता है, निषेध करता है।

पच्चक्खान (नपुं.), प्रत्याख्यान, निषेध, इन्कार।

पच्चग्घ (वि.) : नया, सुन्दर, मूल्यवान, महंगा।

पच्चङ्ग (नपुं.) : प्रत्यंग।

पच्चति (क्रि.) : पकाया जाता है, कष्ट पाता है।

पच्चत्त (वि.) : पृथक्, व्यक्तिगत।

पच्चत्तं (क्रि.वि.) : पृथक्-पृथक्, व्यक्तिगत तौर पर।

पच्चत्थरण (नपुं.) : आस्तरण, अस्तर, बिछाने की चादर।

पच्चत्थिक (पु.) : शत्रु, विरोधी।

पच्चन (नपुं.) : उबलना, कष्ट पाना।

पच्चनिक (पु., वि.) : उल्टा, निषेधात्मक, विरोधी, शत्रु।

पच्चनुभवति / पच्चनुभोति (क्रि.) : अनुभव करता है।

पच्चन्त (पु.) : प्रत्यन्त-देश, सीमा-प्रदेश।

पच्चन्तजनपद : मज्झिम-देश की सीमा से बाहर का प्रदेश।

पच्चन्तवासी (पु.) : प्रत्यन्त देश का वासी, देहाती।

पच्चन्तविसय (पु.) : प्रत्यन्त देश, सरहद के पास वाला प्रदेश।

पच्चन्तिम (वि.) : बहुत दूर स्थित।

पच्चय (पु.) : हेतु, कारण, उद्देश्य, आवश्यकता, साधन, आश्रय।

पच्चयता (स्त्री.) : हेतुत्व।

पच्चयाकार (पु.) : कारणों का प्रकार, कारणों की प्रणाली।

पच्चयिक (वि.) : विश्वसनीय, इमानदार।

पच्चयुप्पन्न (वि.) : कारण से उत्पन्न।

पच्चरी / महापच्चरी : अविद्यमान सिंहली अट्ठकथा।

पच्चवेक्खति (क्रि.) : विचार करता है, विवेचन करता है।

पच्चवेक्खना (स्त्री.) : विचार, विवेचन।

पच्चस्सोसि (भूत क्रि.) : प्रतिश्रुति दी, वचन दिया, स्वीकार किया।

पच्चाकत (वि.) : परित्यक्त, पराजित।

पच्चाकोटित (वि.) : चिकना किया हुआ, इस्त्री किया हुआ।

पच्चागच्छति (क्रि.) : वापिस आता है, पीछे हटता है।

पच्चागमन (नपुं.) : वापसी, लौटना।

पच्चाजायति (क्रि.) : पुनर्जन्म ग्रहण करता है।

पच्चादेस (पु.) : प्रतिक्षेप करना, अस्वीकृति।

पच्चामित्त (पु.) : शत्रु, विरोधी।

पच्चासारेति (क्रि.) : घूमाता है।

पच्चासिंसति (क्रि.) : आशा करता है, इच्छा करता है, इन्तजार करता है।

पच्चाहरति (क्रि.) : वापिस लाता है।

पच्चाहार (पु.) : बहाना, क्षमा याचना।

पच्चुग्गच्छति (क्रि.) : स्वागत करने जाता है।

पच्चुग्गमन (नपुं.) : स्वागत करना।

पच्चुट्ठाति (क्रि.) : सम्मान प्रदर्शित करने के लिए खड़ा होता है।

पच्चुट्ठान (नपुं.) : आदर।

पच्चुदावत्तति (क्रि.) : फिर वापिस लौटता है।

पच्चुपकार (पु.) : प्रत्युपकार, उपकार का बदला।

पच्चुपट्ठाति (क्रि.) : उपस्थित रहता है, सेवा में रहता है।

पच्चुपट्ठान (नपुं.) : सेवा में उपस्थित रहना।

पच्चुपट्ठापेति (क्रि.) : सम्मुख उपस्थित करता है।

पच्चुप्पन्न (वि.) : वर्तमान, मौजूदा।

पच्चूस (पु.) : प्रत्यूष, बहुत सुबह।

पच्चूसकाल (पु.) : सुबह का समय, भोर।

पच्चूह (पु.) : बाधा, रुकावट।

पच्चेक (वि.) : प्रत्येक, पृथक-पृथक।

पच्चेकबुद्ध (पु.) : जिसने बोधि तो प्राप्त की हो लेकिन दूसरों को उस बोधि का उपदेश न दे।

पच्चेति (क्रि.) : परिणाम पर पहुंचता है।

पच्चोरूळ्ह (वि.) : नीचे उतरा हुआ।

पच्चोरोहति (क्रि.) : नीचे उतरता है।

पच्चोसक्कति (क्रि.) : वापिस लौटता है।

पच्चोसक्कना (स्त्री.) : वापिस लौटना।

पच्छतो (अ.) : पीछे से।

पच्छन्न (वि.) : ढका हुआ।

पच्छा (अ.) : बाद में, पीछे।

पच्छाजात (वि.) : बाद में पैदा हुआ।

पच्छाताप / पच्छानुताप (पु.) : पश्चाताप।

पच्छाद (पु.) : रथ का झोल।

पच्छानिपाती (पु.) : बाद में सोने वाला।

पच्छानुतप्पति (क्रि.) : पश्चाताप करता है।

पच्छाबन्ध (पु.) : नाव का डांडा।

पच्छाबाहं (क्रि.वि.) : पीछे हाथ बंधा।

पच्छाभत्तं : (क्रि.वि.) अपराह्न, (नपुं) अपराह्न- भोजन, भोजन के बाद।

पच्छाभाग (पु.) : पिछला भाग।

पच्छाभाव (पु.) : पश्चात-भाव।

पच्छासमण (पु.) : अनुगामी श्रमण।

पच्छाया (स्त्री.) : सायादार हिस्सा।

पच्छि (स्त्री.) : हाथ की टोकरी।

पच्छिज्जति (क्रि.) : छीजता है, बाधित होता है।

पच्छिज्जन (नपुं) : बाधा, रूकावट।

पच्छिन्दति (क्रि.) : छांटता है, काट डालता है।

पच्छिन्न (वि.) : कांटा हुआ, टूटा हुआ।

पच्छिम (वि.) : अंतिम, सबसे पीछे का।

पच्छिमक (वि.) : अंतिम, सबसे निम्न स्तर का।

पच्छेदन (नपुं.) : काटना, तोड़ना।

पजग्घति (क्रि.) : जोर से हंसता है।

पजप्पति (क्रि.) : बक-बक करता है, उत्कट इच्छा करता है।

पजहति (क्रि.) : छोड़ देता है, त्याग देता है।

पजा (स्त्री.) : संतान, प्राणी, मनुष्य, प्रजा।

पजानना (स्त्री.) : ज्ञान, समझ।

पजानाति (क्रि.) : स्पष्ट रूप से जानता है।

पजापति : (पु.) सृष्टि का मालिक, (स्त्री.) जिसके संतान हो।

पजायति (क्रि.) : उत्पन्न होता है।

पजायन (नपुं.) : जन्म, उत्पन्न होना।

पज्ज (नपुं.) : पद्य, काव्य।

पज्जबद्ध (पु.) : काव्य।

पज्जलति (क्रि.) : जलता है।

पज्जलन (नपुं.) : जलना।

पज्जुन्न (पु.) : वर्षा का बादल, इंद्र।

पज्जोत (पु.) : प्रदीप, प्रकाश, चमक-दमक ।

पज्झायति (क्रि.) : जलता है, क्षीण होता हैं, शोकाकुल होता है।

पञ्च (वि.) : पांच।

पञ्चक (नपुं.) : पांच का समूह।

पञ्चकल्याण (नपुं.) : सौंदर्य के पांच चिन्ह।

पञ्चकामगुण (पु.) : पांच इंद्रियों के भोग।

पञ्चक्खत्तुं (क्रि.वि.) : पांच बार।

पञ्चक्खन्ध (पु.) : पांच स्कंध।

पञ्चगरु-जातक : प्रत्येक बुद्ध का उपदेश माननेवाला राजकुमार राजा बना (१३२)।

पञ्चगोरस (पु.) : दूध, दही आदि पांच गोरस पदार्थ।

पञ्चङ्ग / पञ्चङ्गिक (वि.) : पांच अंगों (हिस्सों) से युक्त।

पञ्चङ्गलिक (वि.) : पांच अंगुलियाँ का निशान।

पञ्चचक्खु (वि.) : पांच चक्षुओं वाला।

पञ्चचत्तालीसति (स्त्री.) : पैतालीस (४५)।

पञ्चचूळक (वि.) : सिर में बालों के पांच जूड़ों वाला।

पञ्चतिंसति (स्त्री.) : पैंतीस (३५)।

पञ्चदस (वि.) ; पन्द्रह (१५)।

पञ्चदसी (स्त्री.) : पूर्णिमा।

पञ्चधरण (नपुं.) : तोल-विशेष।

पञ्चधा (अ.) : पांच तरह से।

पञ्चनवुति (स्त्री.) : पंचानबे (९५)।

पञ्चनीवरण : पांच बंधन।

पञ्चपञ्ञासति (स्त्री.) : पचपन (५५)।

पञ्चपण्डित-जातक : यह जातक महाउम्मग्ग जातक के एक अंश के रूप में दिया गया है (५०८)।

पञ्चपतिट्ठित (नपुं.) : पांच अंगों से प्रणाम।

पञ्चप्पकरण : धम्मसङ्गणी व विभङ्ग को छोड़कर अभिधम्मपिटक की शेष पांच पुस्तकों का सामूहिक नाम।

पञ्चबन्धन (नपुं.) : पांच प्रकार का बंधन।

पञ्चबल (नपुं.) : पांच बल।

पञ्चमहापरिच्चाग (पु.) : पांच प्रकार के त्याग।

पञ्चमहानदी (स्त्री.) : गंगा, अचिरवती, यमुना आदि पांच महानदियाँ।

पञ्चमहाविलोकन (नपुं.) : पांच प्रकार का अन्वेषण।

पञ्चवग्गिय : पंचवर्गीय भिक्षु, बुद्ध के प्रथम पांच शिष्यों का सामूहिक नाम। वे पांच शिष्य थे - कोण्डञ्ञ, भद्दिय, वप्प, महानाम, अस्सजि।

पञ्चवण्ण (वि.) : पांच वर्ण।

पञ्चविध (वि.) : पांच गुना, पाच प्रकार के।

पञ्चवीसति (स्त्री.) : पच्चीस (२५)।

पञ्चसट्ठि (स्त्री.) : पैंसठ (६५)।

पञ्चसत (नपुं.) : पांच सौ (५००)।

पञ्चसिख (पु.) : देव-गन्धर्व।

पञ्चसील (नपुं.) : पांच शील, पंचशील।

पञ्चसो (अ.) : पांच तरह से।

पञ्चहत्थ (पु.) : पांच हाथ लंबा।

पञ्चानन्तरिय (नपुं.) : जो पांच दुष्कर्म तुरन्त फल देते हैं – १. मातृ-हत्या, २. पितृ-हत्या, ३. अर्हत्-हत्या, ४. बुद्ध के शरीर को जख्मी करना तथा, ५. संघ की एकता नष्ट करना।

पञ्चाभिञ्ञा (स्त्री.) : पांच असामान्य शक्तियां – १. प्रातिहार्य या करिश्मे रखने की शक्ति, २. दिव्य चक्षु, ३. दिव्य श्रोत्र, ४. दूसरों के विचार जान लेने की शक्ति, तथा ५. पूर्व जन्मों की अनुस्मृति।

पञ्चाल : सोलह महाजनपदों में से एक। उत्तर-पंचाल तथा दक्षिण-पंचाल नामक दो हिस्सों में विभक्त था।

पञ्चालिका (स्त्री.) : गुड़िया, पुतली।

पञ्चावुध (नपुं.) : तलवार, बछ, कुल्हाड़ा आदि पांच शस्त्र।

पञ्चावुध-जातक : पांच हथियारों से युक्त राजकुमार का सिलेसलोम यक्ष से भयानक संघर्ष हुआ। अन्त में यक्ष ने कुमार को विजयी स्वीकार किया (५५)।

पञ्चासीति (स्त्री.) : पचासी (८५)।

पञ्चाह (नपुं.) : पांच दिन।

पञ्चुपोसथ-जातक : कबूतर, सांप, गीदड़ और भालू के परस्पर मैत्रीपूर्ण ढंग से रहने की कथा (४९०)।

पञ्जर (पु., नपुं.) : पिंजरा।

पञ्जलिक (वि.) : नमस्कार करने के लिए हाथ जोडे हुए।

पञ्ञ (वि.) : (समास में) प्रज्ञावान।

पञ्ञता (स्त्री.) : (समास में), प्रज्ञावान होना।

पञ्ञपेति (क्रि.) : घोषित करता है।

पञ्ञत्त (वि.) : बनाया गया नियम, की गई घोषणा।

पञ्ञत्ति / पण्णत्ति (स्त्री.) : संज्ञा, नियम, घोषणा।

पञ्ञवन्तु (वि.) : बुद्धिमान आदमी।

पञ्ञा (स्त्री.) : प्रज्ञा, ज्ञान, अंतर्दृष्टि।

पञ्ञाक्खन्ध (पु.) : प्रज्ञा-स्कन्ध।

पञ्ञाचक्खु (नपुं) : प्रज्ञा-चक्षु।

पञ्ञाण (नपुं.) : चिह्न, निशान।

पञ्ञात (वि.) : प्रकट हुआ।

पञ्ञाधन (नपुं.) : प्रज्ञा-धन।

पञ्ञापक (वि.) : नियुक्त करने वाला।

पञ्ञापन (नपुं.) : घोषणा, (बैठने के लिए आसनों की) व्यवस्था ।

पञ्ञापेति (क्रि.) : नियम बनाता है, व्यवस्था करता है, घोषणा करता है।

पञ्ञापेतु (पु.) : नियम-बद्ध करने वाला, घोषणा करने वाला।

पञ्ञाबल (नपुं.) : प्रज्ञा-बल।

पञ्ञाभेद (पु.) : प्रज्ञा के प्रकार।

पञ्ञायति (क्रि.) : प्रकट होता है, स्पष्ट होता है।

पञ्ञाविमुत्ति (स्त्री.) : प्रज्ञा से विमुक्ति।

पञ्ञासम्पदा (स्त्री.) : प्रज्ञा ही संपत्ति।

पञ्ह (स्त्री.) : प्रश्न, जिज्ञासा।

पञ्हविस्सज्जन (नपुं.) : प्रश्नों का उत्तर देना।

पञ्हव्याकरण (नपुं.) : प्रश्नों का समाधान करना।

पट (पु., नपुं.) : वस्त्र, पहनावा।

पटग्गि (पु.) : प्रति-अग्नि, आग के जवाब में आग।

पटङ्ग / **पतङ्ग** (पु.) : पक्षी, कीट, पतंग, झींगुर।

पटल (नपुं.) : आवरण।

पटलिका (स्त्री.) : ऊनी कढी हुई चादर, दुशाला।

पटह (पु.) : नगाडा।

पटाका (स्त्री.) : पताका, झंडा।

पटि / **पति** : एक उपसर्ग (विरूद्ध, अनुकूल)।

पटिकङ्खति (क्रि.) : इच्छा करता है।

पटिकण्टक (वि., पु) : विरोधी, शत्रु।

पटिकत (वि.) : प्रायश्चित किया गया।

पटिकम्म (नपुं.) : प्रति-कर्म, प्रायश्चित।

पटिकर (वि.) : प्रतिकार।

पटिकरोति (क्रि.) : प्रतिकार करता है, मार्जन करता है।

पटिकस्सति (क्रि.) : पीछे हटता है, पीछे खींचता है।

पटिकार (पु.) : प्रतिकार, इलाज।

पटिकुज्जति (क्रि.) : झुकता है।

पटिकुज्झति (क्रि.) : बदले में क्रोधित होता है।

पटिकुट्ठ (वि.) : घृणित, सदोष, डांट खाया हुआ।

पटिकच्च / **पटिगच्च** (अ.) : पहले से।

पटिक्कन्त (वि.) वापिस लौटा हुआ।

पटिक्कम (पु.) : एक ओर हट जाना, पीछे लौटना।

पटिक्कमति (क्रि.) : पीछे हटता है।

पटिक्कमनसाला (स्त्री.) : विश्राम-शाला।

पटिक्कूल (वि.) : प्रतिकूल।

पटिक्कूलता (स्त्री.) : प्रतिकूलता।

पटिक्कूलसञ्ञा (स्त्री.) : शरीर की गंदगी से संबंधित चेतना, प्रतिकूल संज्ञा।

पटिक्कोसना (स्त्री.) : विरोध-प्रदर्शन।

पटिक्कोसति (क्रि.) : बुरा-भला कहता है, दोषारोपण करता है।

पटिक्खिपति (क्रि.) : प्रतिक्षेप करता है।

पटिक्खेप (पु.) : प्रतिक्षेप, निषेध।

पटिगिज्झति (क्रि.) : इच्छा करता है, लोभ करता है।

पटिगूहति (क्रि.) : छिपाता है, पीछे रखता है।

पटिग्गण्हन / पटिग्गहण (नपुं.) : प्रतिग्रहण, स्वागत।

पटिग्गण्हनक (वि.) : स्वागत करने वाला, प्रतिग्रहण करने में समर्थ।

पटिग्गण्हाति (क्रि.) : लेता है, प्राप्त करता है, स्वीकार करता है।

पटिग्गह (पु.) : जो ग्रहण करे, पात्र (पानी वगैरह का) पीकदान।

पटिग्गहेतु (पु.) : स्वीकार करने वाला, स्वागत करने वाला।

पटिग्गाहक (पु.) : प्रतिग्राहक।

पटिघ (पु.) : क्रोध, विरोध, द्वेष।

पटिघात (पु.) : प्रतिघात, टक्कर।

पटिघोस (पु.) : गूंज।

पटिचरति (क्रि.) : प्रश्नों का जवाब देने से कतराता है, घूमता है।

पटिचोदेति (क्रि.) : बदले में इल्जाम लगाता है।

पटिच्च (पू.क्रि.) : हेतु से।

पटिच्चसमुप्पन्न (वि.) : हेतु से उत्पन्न।

पटिच्चसमुप्पाद (पु.) : प्रतीत्यसमुत्पाद, हेतु से उत्पत्ति का नियम।

पटिच्छति (क्रि.) : स्वीकार करता है, ग्रहण करता है।

पटिच्छन्न (वि.) : ढका हुआ, सुरक्षित।

पटिच्छादक (वि.) : छिपाने वाला।

पटिच्छादन (नपुं.) : छिपाना, आच्छादन।

पटिच्छादनिय (नपुं.) : मांस का सूप।

पटिच्छादेति (क्रि.) : ढकता है, छिपाता है।

पटिजग्गक (पु.) / **पटिजग्गनक** (वि.), देख-भाल रखनेवाला, पालन-पोषण करने वाला।

पटिजग्गति (क्रि.) : पालन-पोषण करता है।

पटिजग्गन (नपुं.) : पालन-पोषण करना।

पटिजग्गिय (वि.) : पालन-पोषण करने योग्य, मरम्मत करने योग्य ।

पटिजानाति (क्रि.) : स्वीकार करता है, वचन देता है, सहमत होता है।

पटिञ्ञ (वि.) : विश्वास दिलाने वाला (जैसे **समणपटिञ्ञ** = झूठ मूठ श्रमण होने की बात करने वाला)।

पटिञ्ञा (स्त्री.) : प्रतिज्ञा, सहमति, अनुमति।

पटिञ्ञात (वि.) : प्रतिज्ञात, सहमत हुआ, मान्यता-प्राप्त, स्वीकृत।

पटिदण्ड (पु.) : प्रतिकार।

पटिददाति (क्रि.) : वापस देता है।

पटिदस्सेति (क्रि.) : अपने आपको प्रकट करता है।

पटिदान (नपुं.) : पुरस्कार।

पटिदिन्न (नपुं.) : वापस दिया हुआ, लौटाया हुआ।

पटिदिस्सति (क्रि.) : दिखाई देता है।

पटिदेसेति (क्रि.) : स्वीकार करता है, मान लेता है, कबूल कर लेता है।

पटिधावति (क्रि.) : पीछे की ओर दौडता है, समीप दौड़ता है।

पटिनन्दति (क्रि.) : प्रसन्न होता है।

पटिनन्दना (स्त्री.) : आनंदित होना।

पटिनासिका (स्त्री.) : बनवाटी नाक।

पटिनिवत्त (वि.) : लौटा हुआ, वापिस आया हुआ।

पटिनिवत्तति (क्रि.) : वापस लौटता है।

पटिनिस्सग्ग (पु.) : परित्याग, छोड़ देना।

पटिनिस्सज्जति (क्रि.) : त्याग देता है, छोड़ देता है।

पटिनिस्सट्ठ (वि.) : त्यागा हुआ, छोड़ दिया गया।

पटिनीत (वि.) : वापस लाया गया।

पटिनेति (क्रि.) : वापस ले जाता है।

पटिपक्ख (वि., पु.) : विरोधी, शत्रु, प्रतिपक्ष।

पटिपक्खिक (वि.) : विरोधी पक्ष का।

पटिपज्जति (क्रि.) : मार्गारूढ होता है, आचरण करता है, व्यवहार करता है।

पटिपज्जन (नपुं.) : पद्धति, अभ्यास, आचरण।

पटिपण्ण (नपुं.) : पत्र का उत्तर।

पटिपत्ति (स्त्री.) : आचरण, अभ्यास, धार्मिक क्रिया-कलाप।

पटिपथ (पु.) : उल्टा रास्ता, सामने का रास्ता।

पटिपदा (स्त्री.) : आचरण, जीवन-मार्ग।

पटिपन्न (वि.) : मार्गारूढ।

पटिपहट (वि.) : उल्टा (बदले में) प्रहार किया गया।

पटिपहरति (क्रि.) : उल्टा प्रहार करता है।

पटिपहिणाति (क्रि.) : वापस भेजता है।

पटिपाटि (स्त्री.) : क्रम।

पटिपादक (पु.) व्यवस्थापक।

पटिपादेति (क्रि.) : व्यवस्था करता है, सामग्री पहुंचाता है।

पटिपादन (नपुं.) : प्रतिपादन, शिक्षण देना।

पटिपीळन (नपुं.) : त्रास देना, पीड़ा देना।

पटिपीळेति (क्रि.) : त्रास देता है, पीड़ा देता है, दमन करता है।

पटिपुग्गल (पु.) : प्रतिस्पर्धी, विरोधी।

पटिपुच्छति (क्रि.) : बदले में प्रश्न पूछता है, सवाल करता है।

पटिपुच्छा (स्त्री.) : बदले में पूछा गया प्रश्न, प्रश्न के उत्तर में पूछा गया प्रश्न ।

पटिपूजना (स्त्री.) : आदर प्रदर्शित करना, गौरव करना।

पटिपूजेति (क्रि.) : आदर करता है, गौरव करता है।

पटिपेसेति (क्रि.) : वापस भेजता है।

पटिपस्सद्ध (वि.) : शांत हुआ।

पटिपस्सद्धि / पटिपस्सम्भना (स्त्री.) : शांति।

पटिपस्सम्भति (क्रि.) : शांत होता है।

पटिबद्ध (वि.) : बंधा हुआ, आकर्षित।

पटिबद्धचित्त (वि.) : अनुरक्त।

पटिबल (वि.) : योग्य, सामर्थ्यवान।

पटिबाहक (वि.) : विरोध करने वाला, रुकावट डालने वाला, हटाने वाला।

पटिबाहति (क्रि.) : दूर करता है, हटाता है, बचाता है।

पटिबिम्ब (नपुं.) : प्रतिबिंब, छाया।

पटिबिम्बित (वि.) : प्रतिबिंबित, जिसकी छाया पड़ी हो।

पटिबुज्झति (क्रि.) : समझता है, जागता है।

पटिबुद्ध (वि.) : ज्ञानी, जागा हुआ।

पटिभय (नपुं.) : डर, भय।

पटिभाग : (वि.) समान, एक जैसा; (पु.), समानता, एकरूपता, मुकाबले का भाग।

पटिभाण / पटिभान (नपुं.) : प्रतिभान, प्रत्युत्पन्न-मति, हाजिरजवाबी।

पटिभाणवन्तु (वि.) : प्रत्युत्पन्न-मति (वाला), क्षिप्र-प्रज्ञ।

पटिभाति (क्रि.) : सूझता है, स्पष्ट होता है।

पटिभासति (क्रि.) : उत्तर देता है, जवाब देता है।

पटिमग्ग (पु.) : विरुद्ध मार्ग।

पटिमण्डित (वि.) : सजा हुआ।

पटिमल्ल (पु.) : मुकाबले का पहलवान।

पटिमा (स्त्री.) : प्रतिमा, मूर्ति।

पटिमानेति (क्रि.) : गौरव करता है, प्रतीक्षा करता है।

पटिमुक्क (वि.), वस्त्र पहने, बँधा हुआ, कपड़े पहने।

पटिमुञ्चति (क्रि.) : वस्त्र धारण करता है, बांधता है।

पटियत्त (वि.) : तैयार किया हुआ, पहुंचाया गया।

पटियादेति (क्रि.) : तैयार करता है, व्यवस्था करता है, सामग्री पहुंचाता है।

पटियोध (पु.) : मुकाबले का योधा, जवाबी युद्ध।

पटिरव (पु.) : प्रतिरव, गूँज।

पटिराज (पु.) : मुकाबले का राजा।

पटिरूप / **पतिरूप** (वि.) : योग्य, ठीक, अनुकूल।

पटिरूपक / **पतिरूपक** (वि.) : मिलती जुलती शक्ल का।

पटिरूपता / **पटिरूपता** (स्त्री.) : स्वरूप की साम्यता।

पटिरोदति (क्रि.) : जवाब में चिल्लाता है, चिल्लाकर जवाब देता है।

पटिरोदन (नपुं.) : जवाब में चिल्लाना, चिल्लाकर जवाब देना।

पटिरोदेति (क्रि.) : जवाब में डांटता है।

पटिरोसति (क्रि.) : जवाब में चिढ़ाता है।

पटिलद्ध (वि.) : प्राप्त।

पटिलभति (क्रि.) : प्राप्त करता है।

पटिलाभ (पु.) : प्राप्ति।

पटिलीन (वि.) : पीछे हटा हुआ, दूर किया गया।

पटिलीयति (क्रि.) : पीछे हटता है, दूर रहता है।

पटिलीयन (नपुं.) : दूर रहना, पीछे हटना।

पटिलोम (वि.) : विरुद्ध।

पटिलोमपक्ख (पु.) : विरोधी-पक्ष।

पटिवचन (नपुं.) : उत्तर, जवाब।

पटिवट्टति / **पटिवत्तति** (क्रि.) : वापस लौटता है।

पटिवत्तन (नपुं.) : पीछे की ओर मुड़ना, वापस लौटना।

पटिवत्तिय (वि.) : पीछे लौटने योग्य।

पटिवत्तु (पु.) : विरुद्ध भाषण करने वाला, खंडन करने वाला।

पटिवत्तेति (क्रि.) : लपेटता है, पीछे हटता है।

पटिवदति (क्रि.) : उत्तर देता है, विरुद्ध बोलता है।

पटिवसति (क्रि.) : रहता है, निवास करता है।

पटिवातं (क्रि.वि.) : हवा के विरुद्ध।

पटिवाद (पु.) : प्रतिवाद, आरोपित दोष का खंडन।

पटिविंस (पु.) : हिस्सा, भाग।

पटिविजानाति (क्रि.) : पहचानता है, जानता है।

पटिविज्झति (क्रि.) : बींधता है, समझता है।

पटिविदित (वि) : ज्ञात, सुनिश्चित।

पटिविद्ध (वि.) बींधा हुआ, समझ लिया गया।

पटिविनेति (क्रि.) : दूर करता है, वश करता है, झुकाता है।

पटिविनोदन (नपुं.) : हटाना, निकाल बाहर करना।

पटिविनोदेति (क्रि.) : हटाता है, निकाल बाहर करता है।

पटिविभजति (क्रि.) : बाँटता है।

पटिविरत (वि.) : विरक्त, अलग, अलिप्त।

पटिविरमति (क्रि.) : विरत रहता है, अलिप्त रहता है।

पटिविरुज्झति (क्रि.) : विरुद्ध होता है, झगड़ा करता है।

पटिविरुद्ध (वि.) : विरुद्ध।

पटिविरूहति (क्रि.), फिर से उगता है।

पटिविरूळ्ह (वि.) : फिरसे उगा हुआ, फिरसे बढ़ा हुआ।

पटिविरोध (पु.) : विरोध-भाव, दुश्मनी, शत्रुता।

पटिविस्सक (पु.) : पड़ोसी।

पटिवेदेति (क्रि.) : जनाता है, ज्ञात कराता है।

पटिवेध (पु.) : बींधना, भीतर घुसना, समझना, (ज्ञान-)प्राप्ति।

पटिसङ्कत (वि.) : चुकता कर दिया गया।

पटिसंयुत्त (वि.) : संबंधित।

पटिसंवेदेति (क्रि.) : सहन करता है, अनुभव करता है।

पटिसंहरण (नपुं.) : सिकोड़ना, त्याग देना, हटा लेना।

पटिसंहरति (क्रि.) : सिकोड़ता है, त्याग देता है, हटा लेता है।

पटिसंहार (पु.) : सिकोड़ना, त्याग देना, हटा देना।

पटिसङ्करण / **पटिसङ्खरण** / **पटिसङ्खार** (नपुं.) : प्रतिसंस्करण, मरम्मत।

पटिसङ्करोति / **पटिसङ्खरोति** (क्रि.) : प्रतिसंस्कार करता है, मरम्मत करता है।

पटिसङ्खा (स्त्री.) : विचार, फैसला।

पटिसङ्खान (नपुं.) : विचार करना, मीमांसा करना।

पटिसञ्चिक्खति (क्रि.) : विचार करता है, मीमांसा करता है।

पटिसन्थार (पु.) : मैत्रीपूर्ण स्वागत।

पटिसन्दहति (क्रि.) : पुनर्मिलन होता है।

पटिसन्धातु (पु.) : मेल कराने वाला, शांति-संस्थापक।

पटिसन्धान (नपुं.) : पुनर्मिलन।

पटिसन्धि (स्त्री.) : पुनर्जन्म ग्रहण करना, गर्भधारणा।

पटिसम्भिदा (स्त्री.) : मीमांसापूर्ण ज्ञान।

पटिसम्भिदामग्ग : खुद्दक निकाय का बारहवां ग्रंथ। वास्तव में इसकी गणना अभिधम्म ग्रंथों में की जानी चाहिए।

पटिसम्मोदति (क्रि.) : मैत्रीपूर्ण बातचीत करता है।

पटिसरण (नपुं.) : शरण-स्थान, सहायता, संरक्षण।

पटिसल्लान (नपुं.) : एकांत जीवन।

पटिसल्लानसारूप्प (वि.) : एकांत जीवन या ध्यान के लिए अनुकूल ।

पटिसल्लीयति (क्रि.) : एकांत जीवन व्यतीत करता है, ध्यानाभ्यास करता है।

पटिसमेति (क्रि.) : व्यवस्थित करता है, दूर रहता है।

पटिसासन (नपुं.) : प्रत्युत्तर।

पटिसेध (पु.) / **पटिसेधन** (नपुं.) : प्रतिषेध करना, इन्कार करना, नकार देना।

पटिसेधक (वि.) : प्रतिषेध करने वाला।

पटिसेधेति (क्रि.) : दूर रखता है, दूर हटाता है, मना करता है।

पटिसेवति (क्रि.) : अनुकरण करता है, सेवन करता है, उपयोग में लाता है।

पटिसेवन (नपुं.) : अभ्यास करना, अनुकरण करना, उपयोग में लाना।

पटिसोतं (क्रि.वि.) : स्त्रोत (बहाव) के विरुद्ध।

पटिस्सत / **पतिस्सत** (वि.) : विचारवान।

पटिस्सव (पु.) : वचन, स्वीकृति।

पटिस्सुणाति (क्रि.) : वचन देता है, सहमत होता है।

पटिस्सुत (वि.) : स्वीकृत।

पटिहञ्ञति (क्रि.) : चोट खाता है।

पटिहत (वि.) : चोट खाया हुआ।

पटिहनन (नपुं.) : विरोध, संघर्ष।

पटिहनति (क्रि.) : रगड़ खाता है।

पटिहार (पुं.) : द्वार, दरवाजा।

पटु (वि.) : होशियार, कुशल (आदमी)।

पटुता (स्त्री.) / **पटुत्त** (नपुं.) : दक्षता, कुशलता।

पटोल (पु.) : परवल, चिचिंडा।

पट्ट / **पट्टक** (नपुं.) : तख्ता, वस्त्र, रेशमी वस्त्र, पट्टी।

पट्टन / **पत्तन** (नपुं.) : नदी तट के पास का नगर।

पट्टिका (स्त्री.) : पट्टी।

पट्ठपेति (क्रि.) : स्थापित करता है।

पट्ठान (नपुं.) : प्रस्थान।

पट्ठानप्पकरण : अभिधम्म पिटक का अंतिम ग्रंथ। इसमें भौतिक तथा अभौतिक चीजों के २४ प्रकार के पच्चयों अथवा हेतुओं का विस्तृत विवेचन है।

पट्ठाय (अ.) : आरम्भ करके, तब से, उस समय से।

पठति (क्रि.) : पढ़ता है।

पठन (नपुं.) : पढ़ना।

पठम (वि.) : पहला।

पठमं (क्रि.वि.) : पहली बार।

पठमज्झान (नपुं.) : प्रथम ध्यान।

पठमतरं (क्रि.वि.) : सबसे पहले, यथासम्भव जल्दी।

पठवी / **पथवी** (स्त्री.) : भूमि, पृथ्वी।

पठवीकम्प / **पठवीकम्पन** (नपुं.) : भूकंप।

पठवीकसिण (नपुं.) : ध्यानाभ्यास करने के लिए मिट्टी का बना गोलाकार।

पठवीचलन (नपुं.) / **पठवीचाल** (पु.) : भूकंप।

पठवीधातु (स्त्री.) : पृथ्वी-धातु।

पठवीसम (वि.) : पृथ्वी-समान।

पण (पु.), शर्त, दुकान।

पणक (पु.) : शैवाल-विशेष, सिवाल।

पणमति (क्रि.) : प्रणाम करता है, झुकता है, पूजा करता है।

पणय (पु.) : विश्वास, याचना, प्रणय।

पणव (पु.) : ढोल।

पणाम (पु.) : प्रणाम, नमस्कार।

पणामेति (क्रि.) : चलता करता है, भगा देता है, फैला देता है, झुकाता है।

पणिदहति (क्रि.) : इच्छा करता है, आकांक्षा करता है।

पणिधान (नपुं.) / **पणिधि** (स्त्री.) : आकांक्षा, दृढ संकल्प।

पणिधाय (पू.क्रि.) : संकल्प करके।

पणिपात (पु.) : दंडवत लेट जाना, पूजा।

पणिय (नपुं.) / **पण्य** (पु.) : पण्य, बेचने की चीज, व्यापारी।

पणिहित (वि.) : संकल्प-युक्त, कांक्षित।

पणीत (वि.) : श्रेष्ठ, बढ़िया, प्रणीत ।

पणीततर (वि.) : श्रेष्ठतर, और भी बढ़िया।

पणेति (क्रि.) : दंडित करता है, निकालता है, रास्ते पर ले जाता है।

पण्डक (पु.) : हिजड़ा, नपुंसक।

पण्डर (वि.) : श्वेत, सफेद, फीका, हल्का पीला।

पण्डर-जातक : सांपों की गरूडों से अपने-आपको बचाये रखने की युक्ति (५१८)।

पण्डव (पु.) : पर्वत-विशेष।

पण्डिच्च (नपुं.) : पांडित्य।

पण्डित (वि.) : विद्वान, बुद्धिमान।

पण्डितक (पु.) : बनावटी पंडित, पांडित्य-दंभ वाला।

पण्डु (वि.) : पीला, पीलापन लिये हुए।

पण्डुकम्बल (नपुं.) : पाण्डु रंग का कम्बल।

पण्डुपलास (पु.) : सूखा पत्ता।

पण्डुरोग (पु.) : पाण्डु-रोग, पीलिया।

पण्डुरोगी (पु.) : पाण्डु-रोग वाला, पीलिया का रोगी।

पण्डुकम्बलसिलासन : देवेन्द्र शक्र के बैठने का आसन, सफेद आसन।

पण्डू : दक्षिण भारत की एक जाति - पाण्ड्य।

पण्ण / **पण्णक** (नपुं.) : पत्ता, पत्र, चिट्ठी।

पण्णकुटि (स्त्री.) : पर्ण-कुटी, पेड़ों के पत्तों से बनी कुटी।

पण्णछत्त (नपुं.) : पत्तों का छाता, पत्तों का पंखा, पत्तों की छत।

पण्णरस (वि.) : पंद्रह।

पण्णसन्थर (पु.) : पत्तों का बिछौना।

पण्णसाला (स्त्री.) : आश्रम, कुटिया, पत्तों की झोपड़ी।

पण्णाकार (पु.) : भेंट।

पण्णासा (स्त्री.) : पचास।

पण्णिक (पु.) : पत्ते बेचनेवाला, सब्जी बेचने वाला।

पण्णिक-जातक : पिता ने लड़की के सतीत्व की परीक्षा ली (१०२)।

पण्हि (पु., स्त्री.) : एड़ी।

पतति (क्रि.) : गिरता है, फिसलता है।

पतन (नपुं.) : गिरना, गिरावट।

पतनु (वि.) : अत्यंत दुबला-पतला।

पतरति (क्रि.) : आगे बढ़ता है, पार करता है।

पताका (स्त्री.) : झंडा।

पताप (पु.) : प्रताप, तेजस्विता।

पतापवन्तु (वि.) : प्रतापी, तेजस्वी।

पतापेति (क्रि.) : तपाता है।

पतारेति (क्रि.) : आगे बढ़ाता है, पार ले जाता है।

पति (पु.) : पति, स्वामी।

पतिकुल (नपुं.) : पति का खानदान।

पतिट्ठहति / पतिट्ठाति (क्रि.) : प्रतिष्ठित होता है, स्थापित होता है।

पतिट्ठा (स्त्री.) : प्रतिष्ठा, सहायता, आश्रय-स्थान।

पतिट्ठातब्ब / पतिट्ठितब्ब (वि., कृ.) : प्रतिष्ठा के योग्य, स्थापित करने योग्य।

पतिट्ठान (नपुं.) : प्रतिष्ठान, स्थापना।

पतिट्ठापित (वि.) : प्रतिष्ठापित, स्थापित किया हुआ।

पतिट्ठापेति (क्रि.) : प्रतिष्ठित कराता है।

पतिट्ठापेतु (पु.) : स्थापित करने वाला।

पतिट्ठित (वि.) : प्रतिष्ठित, स्थापित।

पतित (वि.) : गिरा हुआ।

पतितिट्ठति (क्रि.) : खड़ा होता है, दुबारा खड़ा होता है।

पतिदान (नपुं.) : प्रतिदान, दान का बदला दान।

पतिबोध (पु.) : जागरण, ज्ञान।

पतिब्बता (स्त्री.) : प्रतिव्रता।

पतीचि (स्त्री.) : पश्चिम दिशा।

पतीर (नपुं.) : किनारा।

पतोद (पु.) : बैलों को हांकने की लकडी, पैणी, लाठी।

पतोदक : (नपुं.) प्रेरणा, (वि.) प्रेरक।

पतोदकलट्ठि (स्त्री.) : बैलों को हांकने की लाठी।

पत्त : (वि.) प्राप्त हुआ, (पु.) पात्र, भिक्षा-पात्र; (नपुं) पत्ता, पंख।

पत्तक्खन्ध (वि.) : गिरे हुए कन्धों वाला, निराश, बुझा-बुझा सा।

पत्तगत (वि.) : पात्र-गत, पात्र में पडा हुआ।

पत्तगन्ध (पु.) : पत्तों की गंध।

पत्तगाहक (पु.) : (दूसरे का), भिक्षा पात्र लेकर चलने वाला।

पत्तथविका (स्त्री.) : भिक्षा-पात्र लटकाने की झोली।

पत्तपाणी (वि.) : जिसके हाथ में भिक्षा-पात्र हो।

पत्तपिण्डिक (वि.) : एक ही पात्र में से खाने वाला।

पत्तब्ब (वि.) : प्राप्त करणीय।

पत्ताधारक (पु.) : पात्र का आधार।

पत्तानीक (नपुं.) : चार-चार जनों की पैदल सेना।

पत्तानुमोदना (स्त्री.) : प्राप्त पुण्य का अनुमोदन (=देवताओं तथा स्वर्गस्थ संबंधियों को दान) ।

पत्ति : (पु.) पैदल सैनिक, (स्त्री.), प्राप्ति, पत्ती, पेड़ का पत्तों वाला भाग।

पत्तिक (वि.) : हिस्सेदार, पैदल चलने वाला, पैदल सैनिक, पात्रवाला।

पत्तिदान (नपुं.) : पुण्य अथवा हिस्से का प्रदान।

पत्तुं (अ.) : प्राप्त करने के लिए।

पत्थ (पु.) : प्रस्थ, धान्य अथवा किसी तरल पदार्थ का माप, एकांत स्थान।

पत्थट (वि.) : ज्ञात, विख्यात, फैलाया हुआ।

पत्थद्ध (वि.) : कठोर, चट्टान की तरह सीधा।

पत्थना (स्त्री.) : प्रार्थना, कामना, इच्छा।

पत्थयति / पत्थेति (क्रि.) : इच्छा करता है, कामना करता है, प्रार्थना करता है।

पत्थयान (वि.) : इच्छा करते हुए, कामना करते हुए।

पत्थर (पु.) : पत्थर, शिला, पत्थर का सामान।

पत्थरति (क्रि.) : फैलाता है।

पत्थिव (पु.) : पार्थिव, राजा।

पथ (पु.) : मार्ग, रास्ता, श्रेणी, क्षेत्र (गणनपथ = गिनती)।

पथावी (पु.) : पथिक, पैदल यात्री।

पथिक (पु.) : राही, यात्री।

पद (नपुं.) : कदम, वचन, पदवी, स्थान, हेतु, कविता का अनुच्छेद।

पुरेक्खार (पु.) : पुरस्कार (आगे बढाना), आदर करना, भक्ति करना।

पुरेचारिक (वि.) : आगे-आगे चलने वाला।

पुरेजव (वि.) : आगे-आगे दौड़ने वाला।

पुरेजात (वि.) : पूर्वोत्पन्न।

पुरेतरं (क्रि.वि.) : अन्य सबसे आगे या पहले।

पुरेभत्त (नपुं.) : सवेरे का नाश्ता, कलेवा।

पुरोगामी (पु.) : आगे चलने वाला।

पुरोहित (पु.) : पुरोहित।

पुलव / **पुलवक** / **पुळवक** (पु.) : कीड़ा।

पुलिन (नपुं.) : बालू, बालू-सहित किनारा ।

पूग : (पु.) (पेशों की) परिषद; (नपुं.) ढेर।

पूगरुक्ख (पु.) : सुपारी का पेड़।

पूजना / **पूजा** (स्त्री.) : पूजा, भक्ति-पूर्ण भेंट।

पूजनेय्य / **पूजारह** (वि.) : पूजा के योग्य, पूजनीय।

पूजित (वि.) : गौरवान्वित।

पूजिय (वि.) : पूजनीय, पूज्य।

पूजियमान (कृदन्त), पूजा किया जाता हुआ।

पूजेति (क्रि.) : पूजा करता है, सम्मान करता है, गौरव करता है।

पूति / **पूतिक** (वि.) : सड़ा हुआ, दुर्गंध-युक्त।

पूतिकाय (पु.) : शरीर, जो की गंदगी से भरा होता है।

पूतिगन्ध (पु.) : बदबू।

पूतिमच्छ (पु.) : सड़ी मछली।

पूतिमुख (वि.) : दुर्गंधयुक्त मुँह वाला।

पूतिमुत्त (नपुं.) : गो-मूत्र।

पूतिलता (स्त्री.) : लता-विशेष।

पूतिमंस-जातक : पूतिमंस सिगाल ने बकरियों को मार खाने की साजिश की (४३७)।

पूप / पूव (पु., नपुं.) : पूआ।

पूपिय / पूविक (पु.) : पूए बेचने वाला।

पूय (पु.) : पीप।

पूर (वि.) : पूर्ण।

पूरक (वि.) : पूर्ति करने वाला।

पूरापेति (क्रि.) : पूर्ण करता है।

पूरेति (क्रि.) : पूर्ति करता है।

पेक्खक (वि.) : देखने वाला।

पेक्खण (नपुं.) : दृश्य देखना।

पेक्खति (क्रि.) : देखता है।

पेखुण (नपुं.) : मोर का पिछला पंख।

पेच्च (अ.) : मरणांतर।

पेटक : (नपुं.) टोकरी, पिटारी; (वि.) पिटक संबंधी।

पेत : (वि.) मृत, (पु.) भूत-प्रेत।

पेतकिच्च (नपुं.) : अन्त्येष्टि, अंतिम संस्कार।

पेतयोनि (स्त्री.) : प्रेत-योनि।

पेतलोक (पु.) : प्रेत-लोक, मृतावास।

पेतवत्थु (नपुं.) : प्रेत -कथा, खुद्दक निकाय का सातवाँ ग्रंथ जो प्रेत-लोक की कथाओं से

समन्वित है।

पेत्तणिक (वि.) : पिता की सम्पत्ति पर जीने वाला।

पेत्तिक (वि.) : पैतृक, परंपरागत।

पेत्तिविसय (पु.), पितर-लोक।

पेत्तेय्य (वि.) : पिता का सम्मान करने वाला।

पेत्तेय्यता (स्त्री.) : पितृ-भक्ति।

पेम (नपुं.) : प्रेम।

पेमनीय (वि.) : प्रेम-पात्र।

पेय्य : (वि.) पीने योग्य; (नपुं.) पेय पदार्थ।

पेय्यवज्ज (नपुं.) : प्रिय वाणी।

पेय्याल (नपुं.) : बीच में से वाक्यांश छोड दिये रहने का संकेत।

पेलक (पु.) : खरगोश।

पेसक (पु.) : प्रेषक, भेजने वाला।

पेसकार (पु.) : बुनने वाला, बुनकर, जुलाहा।

पेसन (नपुं.) : भेजना।

पेसनकारक (पु.) : नौकर, सेवक।

पेसनकारिका (स्त्री.) : नौकरानी।

पेसल (वि.) : सदाचरण-युक्त।

पेसि / पेसिका (स्त्री.) : मांस-पेशी।

पेसित (वि.) : प्रेषित, भेजा गया।

पेसीयति (क्रि.) : भेजा जाता है।

पेसुञ्ञ (नपुं.) : चुगली, निंदा।

पेसुण (नपुं.) : चुगली खाना।

पेसुणकारक (वि.) : चुगलखोर।

पेसुणिक (पु.) : चुगलखोर, निंदक।

पेसेति (क्रि.) : भेजता है।

पेस्स / **पेसिय** / **पेस्सिक** / **पेस्सिय** (पु.) : नौकर, दूत।

पेळा (स्त्री.) : पेटी।

पोक्खर (नपुं.) : कमल।

पोक्खरणी (स्त्री.) : तालाब।

पोक्खरता (स्त्री.) : सौंदर्य।

पोक्खरपत्त (नपुं.) : कमल-पत्र।

पोक्खरमधु (नपुं.) : कमल-मधु।

पोक्खरवस्स (नपुं.) : पुष्प-वर्षा, ओलों की वर्षा।

पोट्ठपाद (पु.) : आश्विन मास, भगवान बुद्ध के साथ 'आत्मा' को लेकर प्रश्न पूछने वाला परिव्राजक।

पोठन (नपुं.) : पीटता है, चोट पहुँचाता है।

पोठेति / **पोथेति** (क्रि.) : पीटता है, चोट पहुँचाता है, उँगलियाँ चटखाता है।

पोण (वि.) : झुका हुआ।

पोत (पु.) : जानवर का बच्चा, कोंपल, नौका।

पोतक (पु.) : जानवर का बच्चा, बछड़ा।

पोतवाह (पु.) : नाविक।

पोतिका (स्त्री.) : जानवर की बच्ची, बछड़ी।

पोत्थक (पु., नपुं.) : पुस्तक, चित्र का फलक।

पोत्थनिका (स्त्री.) : बछ, कटार।

पोत्थलिका (स्त्री.) : गुड़िया।

पोथुज्जनिक (वि.), सामान्य आदमी से संबंधित।

पोनोब्भविक / **पोनोभविक** (वि.) : पुनर्भव का कारण।

पोराण / **पोराणक** (वि.) : पुराना, प्राचीन।

पोरिस : (नपुं.) पुरुषत्व; (वि.) पुरुष के लायक, पुरुष से संबंधित।

पोरिसाद (वि.) : आदमखोर।

पोरी (पु.) : नागरिक, शहरी, शिष्ट।

पोरोहिच्च (नपुं.) : पुरोहित-कर्म।

पोस : (पु.) पुरुष, (वि.) जिसका पोषण किया जाय।

पोसक (वि.) : पोषण करने वाला।

पोसिका (स्त्री.) : पोषण करने वाली, दायी।

पोसथ (पु.) : देखो **उपोसथ**।

पोसथिक (पु.) : उपोसथ व्रत करने वाला।

पोसन (नपुं.) : पोषण।

पोसावनिक (नपुं.) : पालने-पोसने का खर्चा।

पोसित (वि.) : पोषित, पोषण किया गया, पाला गया।

पोसेति (क्रि.) : पोसता है, पोषण करता है, पालन करता है।

प्लव (पु.) : तैरना, डोंगी।

प्लवङ्गम (पु.) : बंदर।

प्लवन (नपुं.) : कूदना, तैरना।

प्लवति (क्रि.) : तैरता है, कूदते रहता है, भटकते रहता है।

फ

फग्गव (पु.) : शाक का एक प्रकार।

फग्गु (पु.) : निराहार रहने का समय।

फग्गुण : महीने का नाम, फाल्गुण, फागुन।

फग्गुणी (स्त्री.) : फाल्गुणी नक्षत्र।

फण (पु.) : सांप का फन।

फणक / **फनक** (नपुं.) : सांप के फन जैसा।

फणिज्जक (पु.) : एक तरह का पौधा, जंबीर-विशेष।

फणी / **फनी** (पु.) : सर्प, नाग।

फन्दति (क्रि.) : कांपता है, धड़कता है।

फन्दन (नपुं.) / **फन्दना** (स्त्री.) : स्पंदन, हिलना-डुलना, धड़कना।

फन्दन-जातक : स्पंदन वृक्ष के नीचे पड़े शेर पर वृक्ष की शाखा टूट पड़ी। वह चोट खा गया (४७५)।

फरण (नपुं.) : व्याप्ति।

फरणक (वि.) : व्याप्त, व्याप्त करने वाला।

फरति (क्रि.) : व्याप्त करता है, फैलाता है, पूरा करता है।

फरसु (पु.) : कुल्हाड़ी, फरसा।

फरुस (वि.) : परुष, कठोर।

फरुसवचन (नपुं.) : कठोर वचन।

फरुसावाचा (स्त्री.) : कठोर वाणी।

फल (नपुं.) : फल, परिणाम, चाकू आदि का फलक।

फलक (पु., नपुं.) : तख्ता, ढाल।

फलचित्त (नपुं.) : (सोतापत्ति-) मार्ग आदि का (सोतापत्ति-) फल।

फलट्ठ (वि.) : फल-स्थित।

फलति (क्रि.) : फल देता है, फटता है।

फलत्थिक (वि.) : फलार्थी।

फलदायी (वि.) : फल देने वाला, लाभप्रद।

फलरुह (वि.) : फलोत्पन्न।

फलवन्तु (वि.) : फलदार।

फलाफल (नपुं.) : नाना प्रकार के फल।

फलासव (पु.) : फलों का आसव।

फल-जातक : जंगल में से गुजरते हुए सार्थवाह ने अपने कारवाँ को कहा कि बिना उसकी अनुमति के कोई भी किसी फल-फूल को न खाये (५४)।

फली (पु.) : फलदार पेड़।

फलु / फळु (नपुं.) : सरकंडा, बांस आदि की गाँठ।

फलुबीज (नपुं.) : गाँठ, जिससे नया पौधा उगता है।

फस्स (पु.) : स्पर्श।

फस्सेति (क्रि.) : स्पर्श करता है, प्राप्त करता है।

फाणित (नपुं.) : सीरा।

फाणितपुट (पु.) : सीरे का दोना।

फाति (स्त्री.) : बढना, समृद्धि, बढोत्तरी।

फातिकम्म (नपुं.) : मरम्मत, वृद्धि।

फारुसक (नपुं.) : फासला।

फाल (पु.) : हल की फाल।

फालक (पु.) : फाड़ने वाला या तोड़ने वाला।

फालन (नपुं.) : फाड़ना, टुकड़े करना।

फालेति (क्रि.) : फाड़ता है, तोड़ता है, टुकड़े करता है।

फासु : (पु.) आसानी, आराम; (वि.) आरामदेह, सुखदायक।

फासुक (वि.) : सुखद, आसान।

फासुका / **फासुलिका** (स्त्री.) : पसली।

फिय (नपुं.) : चप्पु।

फीत (वि.) : स्फीत, समृद्ध।

फुट (वि.) : स्पृष्ट, व्याप्त।

फुट्ठ (वि.) : स्पृष्ट।

फुल्ल / **फुल्लित** (वि.) : पूर्ण रूप से खिला हुआ।

फुसति (क्रि.) : स्पर्श करता है, पहुंचता है, प्राप्त करता है।

फुसन (नपुं.) / **फुसना** (स्त्री.) : स्पर्श करना ।

फुसितक (नपुं.) : बूँद, स्पर्श।

फुसीयति (क्रि.) : स्पर्श किया जाता है।

फुस्स : (पु.) पौष मास, नक्षत्र विशेष; (वि.) वर्णयुक्त, (नपुं.) शकुन, शुभ मुहूर्त।

फुस्सरथ (पु.) : राज्य-रथ, राज्य का उत्तराधिकारी खोज निकालने के लिए छोड़ा गया रथ।

फुस्सराग (पु.) : पुष्प-राग, पुखराज।

फेग्गु (नपुं.) : छाल, फल्गु।

फेण (नपुं.) : झाग।

फेणपिण्ड (पु.) : झाग-पिंड।

फेणुद्देहक (वि.) : झाग उठाता हुआ।

फेणिल (पु.) : झाग देनेवाला पौधा।

फोट (पु.) / **फोटक** (नपुं.) : फफोला।

फोट्ठब्ब (नपुं.) : स्पर्श का विषय।

फोसित (वि.) : छिड़का हुआ।

ब

बक (पु.) : बगुला।

बक-जातक : बगुले ने मछलियों को ठगा। अंत में एक केकड़े ने उसकी जान ली (३८)।

बक-जातक : बगुले की बगुला-भक्ति की कथा (२३६)।

बकब्रह्म-जातक : भगवान बुद्ध की बकब्रह्मा से भेंट की कथा (४०५)।

बज्झति (क्रि.) : बंधा जाता है, पकड़ा जाता है।

बत्तिंस / **बत्तिंसति** (स्त्री.) : बत्तीस।

बदर (नपुं.) : बेर।

बदरमिस्स (वि.) : बेर-मिश्रित।

बदरा (स्त्री.) : कपास, रुई।

बदरी (स्त्री.) : बेर का पेड़।

बदालता (स्त्री.) : लता-विशेष।

बद्ध (वि.) : बँधा हुआ, फँसा हुआ, दृढ।

बद्धञ्जलिक (वि.) : हाथ जोड़े हुए।

बद्धराव (पु.) : पकड़े गये, या फँसे जानवर की चिल्लाहट।

बद्धवेर (नपुं.) : दृढ वैर।

बधिर (वि.) : बहरा।

बन्ध (पु.) / **बन्धन** (नपुं.) : बंधन, आसक्ति।

बन्धति (क्रि.) : बाँधता है।

बन्धनमोक्ख-जातक : राजा ने रानी का कुशल-समाचार जानने के लिए युद्ध-भूमि से दूत भेजे। रानी ने सभी दूतों के साथ सहवास किया (१२०)।

बन्धनागार (नपुं.) : जेलखाना।

बन्धनागार-जातक : दो बच्चों की माता को छोड़ पति तपस्या करने चला गया (२०१)।

बन्धनागारिक (पु.) : कैदी।

बन्धव / **बन्धु** (पु.) : सगा-संबंधी, भाई-बंद।

बन्धापेति (क्रि.) : बँधवाता है।

बन्धुजीवक (पु.) : पौधा-विशेष।

बन्धुमन्तु (वि.) : रिश्तेदारों वाला।

बन्धुल : कुशीनगर के मल्लों के सेनापति का पुत्र।

बब्बज (नपुं.) : बब्बढ तृण, एक प्रकार की घास।

बब्बु / **बब्बुक** (पु.) : बिलार, बिल्ली।

बब्बु-जातक : धन की लोभी पत्नी मर कर चुहिया बनी (१३७)।

बरिहिस (नपुं.) : कुश घास।

बल (नपुं.) : शक्ति, ताकत, सेना।

बलकाय (पुं) : सेना।

बलक्कार (पु.) : हिंसा, जबरदस्ती, बलात्कार।

बलट्ठ / **बलत्थ** (पु.) : सैनिक।

बलवन्तु (वि.) : शक्तिशाली।

बलाका (स्त्री.) : सारस।

बलि (पु.) : बलि, भूमि-कर।

बलिकम्म (नपुं.) : बलि, आहुति।

बलिपटिग्गाहक (वि.) : आहुति ग्रहण करने वाला।

बलिपुट्ठ (पु.) : कौवा।

बलिवद्द / **बलिबद्द** (पु.) : वृषभ, बैल।

बलिहरण (नपुं.) : कर (टैक्स), उगाहना।

बलिस / बळिस (पु.) : मछली पकड़ने का काँटा।

बली (वि.) : शक्तिशाली ।

बव्हाबाध (वि.) : रोग-बहुल।

बहल (वि.) : मोटा, गहरा।

बहलत्त (नपुं.) : मोटापन, गहराई।

बहि (अ.) : बाह्य, बाहर।

बहिगत (वि.) : बाहर गया हुआ।

बहिद्धा (अ.) : बाहर।

बहिनगर (नपुं.) : नगर के बाहर या बाहर का नगर।

बहिनिक्खमन (नपुं.) : अभिनिष्क्रमण, बाहर जाना।

बहु / बहुक (वि.) : बहुत, अनेक, कई।

बहुकरणीय (वि.) : बहुकृत्य, बहुत कार्य।

बहुकार (वि.) : बहुत उपयोगी।

बहुकिच्च (वि.) : जिसे बहुत काम हो, व्यस्त।

बहुक्खत्तुं (वि.) : अनेक बार।

बहुजन (पु.) : अनेक जन।

बहुजागर (वि.) : बहुत जागृत।

बहुतर (वि.) : अधिक।

बहुत्त (नपुं) : अधिकता, बाहुल्य, बहुत्व।

बहुधन (वि.) : धनी, बड़ा धनवान।

बहुधा (क्रि.वि.) : अनेक प्रकार से।

बहुप्पद (वि.) : अनेक पैरों वाला।

बहुब्बीहि : बहुव्रीहि समास।

बहुभण्ड (वि.) : बहुत सामान वाला।

बहुभाणी (वि.) : बहुत बोलने वाला।

बहुभाव (पु.) : विपुलता।

बहुमत (वि.) : बहु-मान्य।

बहुमान (पु.) / **बहुमानन** (नपुं.) : सम्मान, गौरव।

बहुमानित (वि.) : सम्मानित।

बहुल (वि.) : विपुल।

बहुलता (स्त्री) / **बहुलत्त** (नपुं.): विपुलता।

बहुलीकत (वि.) : अभ्यस्त, ज्यादातर करके।

बहुलीकम्म (नपुं.) / **बहुलीकरण** (नपुं.) / **बहुलीकार** (पु.) : निरंतर अभ्यास।

बहुलीकरोति (क्रि.) : बढाता है।

बहुवचन (नपुं.) : अनेक वचन।

बहुविध (वि.) : अनेक प्रकार का।

बहुसो (क्रि.वि.) : अधिक करके, ज्यादातर ।

बहुस्सुत (वि.) : बहु-श्रुत, पंडित।

बहूपकार (वि.) : बहुत उपकार करने वाला।

बाकुची (स्त्री.) : सोमराजी वृक्ष।

बाण (पु.) : बाण, तीर।

बाणधि (पु.) : तूणीर।

बाधक (वि.) : रोकनेवाला।

बाधकत्त (नपुं.) : बाधकत्व।

बाधति (क्रि.) : बाधक होता है।

बाधन (नपुं.) / **बाधा** (स्त्री.) : बाधा, रुकावट।

बाधित (वि.) : बाधा-युक्त।

बाधेति (क्रि.) : बाधा डालता है, दबाता है।

बारस (वि.) : बारह।

बाराणसी (स्त्री.) : वाराणसी, काशी जनपद की राजधानी।

बाराणसेय्यक (वि.) : वाराणसी का वासी, वाराणसी-निर्मित।

बाल : (वि.) आयु में कम, अज्ञानी, अबोध; (पु.) बच्चा, मूर्ख।

बालक (पु.) : बच्चा।

बालता (स्त्री.) : मूर्खता।

बाला / **बालिका** (स्त्री.) : लड़की, बालिका।

बालिसिक (पु.) : मछुआ।

बाल्य (नपुं.) : बचपन, मूर्खता।

बावीसति (स्त्री.) : बाईस ।

बावेरू-जातक : वाराणसी से बावेरू गये व्यापारियों की कथा (३३९)।

बाहा (स्त्री.) : बाहु, बाजू।

बाहाबल (नपुं.) : बाहु-बल।

बाहित (वि.) : दूर रखा गया, बाहर रखा हुआ।

बाहिर (वि.) बाह्य, बाहरी; (नपुं.) बाहर।

बाहिरक (वि.) : दूसरे मत का।

बाहिरकपब्बज्जा (स्त्री.) : दूसरे मतों के अनुसार प्रव्रज्या।

बाहिरत्त (नपुं.) : बाहर होने का भाव।

बाहिय-जातक : राजा ने प्रसव-वेदना के अनन्तर शिशु जनने वाली देवी को अपनी पटरानी बनाया (१०८)।

बाहु (पु.) : बाजू।

बाहुजञ्ञ (वि.) : बहुजनों का, सार्वजनिक।

बाहुमूल (नपुं.) : बगल।

बाहुलिक (वि.) : विपुलता में वास करने वाला।

बाहुल्ल / **बाहुल्य** (नपुं.) : प्रचुरता, कामोपभोगी जीवन।

बाहुसच्च (नपुं.) : अधिक विद्वत्ता।

बाहेति (क्रि.) : दूर रखता है, दूर करता है।

बाळ्ह (वि.) : अधिक, दृढ़, मजबूत।

बाळ्हं (क्रि.वि.) : अत्यंत, जोर से, अधिकता से।

बिदल (नपुं.) : बाँस।

बिन्दु (नपुं.) : बिंदू, बूंद।

बिन्दुमत्त (वि.) : बूंद भर।

बिन्दुमत्तं (क्रि.वि.) : बिंदुमात्र।

बिन्दुसार : मगध के राजा, अशोक के पिता।

बिब्बोहन / **बिम्बोहन** (नपुं.) : तकिया।

बिम्ब (नपुं.) : छाया, प्रतिमा।

बिम्बा (स्त्री.) : सिद्धार्थ गौतम की पत्नी बिम्बा (यशोधरा)।

बिम्बिका / **बिम्बी** (स्त्री.) : लता-विशेष।

बिम्बिसार : मगध के राजा।

बिल : (नपुं.) सूराख, (चूहे का) बिल।

बिलङ्ग (पु.) : सिरका।

बिलङ्गथालिका (स्त्री.) : एक प्रकार की यंत्रणा / यातना।

बिलसो (क्रि.वि.) : पृथक-पृथक या ढेर करके।

बिल्ल (पु.) : बिल्ल, बेल का पेड़।

बिळार (पु.) : बिल्ला, नर बिल्ली।

बिळारभस्ता (स्त्री.) : (लोहार की) भाथी।

बिळार-जातक : ढोंगी गीदड़ प्रति दिन एक-एक चूहा मारकर खा जाता था। चूहों के नेता ने गीदड़ को मार डाला, शेष चूहों ने उसका मांस खाया (१२८)।

बिळारिकोसिय-जातक : बिलारकोसिय सेठ की कथा, जिसने अपने कंजूसपन के कारण परंपरागत दानशाला नष्ट करा दी थी (४५०)।

बिळारिका (स्त्री.) : बिल्ली।

बिळाली (स्त्री.) : बिल्ली, एक तरह का पौधा।

बीज (नपुं.) : बीज।

बीजकोस (पु.) : फूलों का बीज-कोश।

बीजगाम (पु.) : बीजों का समूह।

बीजजात (नपुं.) : बीज की प्रजाति, बीजों के अलग-अलग विभेद।

बीजबीज (नपुं.) : बीजों से उगाये जा सकने वाले पौधे।

बीभच्छ (वि.) : बीभत्स।

बीरण (नपुं.) : बीरण घास।

बीरणत्थम्भ (पु.) : बीरण घास का जंगल।

बुज्झति (क्रि.) : जानता है, समझता है, बूझता है।

बुज्झन (नपुं.) : बूझना, ज्ञान प्राप्त करना।

बुज्झनक (वि.) : समझदार।

बुज्झितु (पु.) : जागने वाला, बूझने वाला, ज्ञानी।

बुड्ढ (वि.) : वृद्ध।

बुड्ढतर (वि.) : वृद्धतर।

बुद्ध (पु.) : संपूर्ण ज्ञान के प्रतीक, बुद्धत्व-पद का लाभी।

बुद्धकारकधम्म (पु.) : बुद्धत्व प्राप्ति में सहायक विधि।

बुद्धकाल (पु.) : बुद्धोत्पत्ति का काल।

बुद्धकोलाहल (पु.) : बुद्ध के आगमन की पूर्व-सूचना।

बुद्धक्खेत्त (नपुं.) : बुद्ध की शक्ति का सीमा-क्षेत्र।

बुद्धगुण (पु.) : बुद्ध के गुण।

बुद्धघोस : त्रिपिटक के सर्वश्रेष्ठ व्याख्याकार अट्ठकथाचार्य ।

बुद्धङ्कुर (पु.) : जिसका बुद्ध बनना निश्चित है, जिसमें बुद्ध होने के अंकुर है।

बुद्धचक्खु (नपुं.) : बुद्ध की अंतर्दृष्टि।

बुद्धञाण (नपुं.) : अनंत ज्ञान।

बुद्धत्त (नपुं.) : बुद्धत्व।

बुद्धन्तर (नपुं.) : एक बुद्ध और दूसरे बुद्ध के बीच का काल।

बुद्धपुत्त (पु.) : बुद्ध-पुत्र, बुद्ध का श्रावक।

बुद्धबल (नपुं.) : बुद्ध की शक्ति।

बुद्धभाव (पु.), बुद्ध-भाव, बुद्धत्व ।

बुद्धभूमि (स्त्री.) : बुद्ध-भूमिका।

बुद्धमामक (वि.) : बुद्ध-भक्त।

बुद्धरस्मि / बुद्धरंसि (स्त्री.) : बुद्ध के शरीर से निकलनेवाली रश्मियाँ।

बुद्धलीळ्हा (स्त्री.) : बुद्ध-लीला, बुद्ध के गुण।

बुद्धवचन (नपुं.) : बुद्ध की शिक्षा।

बुद्धविसय (पु.) : बुद्ध-क्षेत्र।

बुद्धवेनेय्य (वि.) : बुद्ध के द्वारा ही विनीत बनाया जा सकने वाला।

बुद्धवंस : खुद्दक निकाय का चौदहवाँ ग्रंथ।

बुद्धसासन (नपुं.) : बुद्ध की शिक्षा।

बुद्धानुभाव (पु.) : बुद्ध का प्रताप, बुद्ध का प्रभाव।

बुद्धानुस्सति (स्त्री.) : बुद्ध का अनुस्मरण।

बुद्धारम्मण / **बुद्धालम्बन** (नपुं.) : बुद्ध के गुणों का ध्यान।

बुद्धि (स्त्री.) : बुद्धि, बुद्धिमत्ता।

बुद्धिमन्तु / **बुद्धिसम्पन्न** (वि.) : बुद्धिमान।

बुद्धुप्पाद / **बुद्धोप्पाद** (पु.) : बुद्ध-युग, बुद्ध का जन्म।

बुद्धूपट्ठाक / **बुद्धोपट्ठाक** (वि.) : बुद्ध का सेवक ।

बुध (पु.) : बुद्धिमान आदमी, बुध-ग्रह।

बुब्बुल / **बुब्बुलक** / **बुब्बुळ** (नपुं.) : बुलबुला।

बुभुक्खति (क्रि.) : खाने की इच्छा करता है।

बेलुव (पु.) : बेल-फल का पेड़ ।

बेलुवपक्क (नपुं.) पका हुआ बेल-फल।

बेलुवलट्ठि (स्त्री.) : बेल का गाछ।

बेलुवसलाटुक (नपुं.) : बेल का कच्चा फल।

बोज्झङ्ग (नपुं) : बोधि प्राप्ति के लिए आवश्यक सहायक गुण।

बोध (पु.) / **बोधन** (नपुं.) : बुद्धत्व-प्राप्ति, ज्ञान।

बोधनीय / **बोधनेय्य** (वि.) : बुद्धत्व लाभ कर सकने वाला।

बोधि (स्त्री.) : श्रेष्ठतम ज्ञान, बोधि-वृक्ष।

बोधिङ्गण (नपुं.) : बोधि-वृक्ष का आंगन।

बोधिपक्खिक / **बोधिपक्खिय** (वि.) : बोधिपक्षीय।

बोधिपादप / **बोधिरुक्ख** (पु.) : बोधिवृक्ष, पीपल।

बोधिपूजा (स्त्री.) : बोधि-वृक्ष की पूजा।

बोधिमण्ड (पु.) : बोधि-वृक्ष के नीचे का स्थान जहां सिद्धार्थ गौतम बुद्ध-प्राप्ति के लिए कृत-संकल्प होकर बैठे थे।

बोधिमह (पु.) : बोधिवृक्ष के सम्मान में उत्सव।

बोधिमूल (नपुं.) : बोधि वृक्ष की जड़।

बोधिसत्त : बुद्धत्व-प्राप्ति के लिए कृतसंकल्प प्राणी, बुद्धत्व-प्राप्ति से पूर्व का सिद्धार्थ गौतम बुद्ध का परिचायक नाम।

बोधेति (क्रि.) ज्ञान प्राप्त करता है।

बोधेतु (पु.) : जाग्रत होनेवाला, ज्ञान-लाभी।

बोन्दि (पु.) : शरीर।

ब्यग्घ (पु.) : व्याघ्र।

ब्यञ्जन / **व्यञ्जन** (नपुं.) : स्वरों के अतिरिक्त वर्णमाला के शेष अक्षर; सालन, पकवान।

ब्यापाद (पु.) : क्रोध, द्वेष।

ब्याम (पु.) : व्याम मात्र (माप)।

ब्यामप्पभा (स्त्री.) : बुद्ध के शरीर से निकलने वाली प्रभा।

ब्यूह (पु.) : सेना की रचना-पद्धति।

ब्रहन्त (वि.) : विशाल।

ब्रह्म / **ब्रह्मा** (पु.) : सृष्टि- कर्ता, उच्चतम देवलोक के देव।

ब्रह्मकायिक (वि.) : ब्रह्माओं की मंडली का।

ब्रह्मघोस (वि.) : ब्रह्मा सदृश आवाज।

ब्रह्मचरिया (स्त्री.) : श्रेष्ठ जीवन, विशुद्ध चर्या।

ब्रह्मचारी (वि.) विशुद्ध चर्या वाला, प्रव्रजित।

ब्रह्मजच्च (वि.) : ब्राह्मण-जन्मा।

ब्रह्मञ्ञ (नपुं) / **ब्राह्मञ्ञ** (नपुं) / **ब्रह्मञ्ञता** (स्त्री.) : ब्राह्मण्य, श्रेष्ठ जीवन।

ब्रह्मदण्ड (पु.) : दंड-विशेष, जो छन्न को दिया गया था।

ब्रह्मदेय्य (नपुं.) : राजकीय भेंट, ब्राह्मणों का विशेषाधिकार।

ब्रह्मप्पत्त (वि.) : श्रेष्ठतम अवस्था को प्राप्त।

ब्रह्मबन्धु (पु.) : ब्रह्म का संबंधी, ब्राह्मण।

ब्रह्मभूत (वि.) : सर्वश्रेष्ठ।

ब्रह्मलोक (पु.) : ब्रह्म-लोक, ब्रह्माओं का स्थान।

ब्रह्मविमान (नपुं.) : ब्रह्मा का निवास-स्थान।

ब्रह्मविहार (पु.) : चित्त की वांछनीय स्थिति; (मैत्री, करुणा, मुदिता, उपेक्षा)।

ब्रह्मदत्त-जातक : तपस्वी ने राजा से विदा लेते समय केवल पत्तों का एक छाता और खड़ाऊँ की जोड़ी माँगी (३२३)।

ब्राह्मण (पु.) : ब्राह्मण वर्ण का व्यक्ति, अर्हंत के लिए उपयोजित विशेषण।

ब्रह्मकञ्ञा (स्त्री.) : ब्राह्मण-कन्या।

ब्रह्मवाचनक (नपुं.) : ब्राह्मणों द्वारा किया जाने वाला वेद-पाठ।

ब्राह्मणवाटक (पु.) : ब्राह्मणों के एकत्र होने का स्थान।

ब्रूति (क्रि.) : बोलता है।

ब्रूहन (नपुं.) : वृद्धि।

ब्रूहेति (क्रि.) : बढाता है, वृद्धि करता है।

ब्रूहेतु (पु.) : बढानेवाला।

भ

भक्ख : (वि.) खाने योग्य, (नपुं.) भोजन, खाद्य-पदार्थ।

भक्खक (पु.) : खानेवाला।

भक्खति / भक्खेति (क्रि.) : खाता है, भक्षण करता है।

भक्खन (नपुं.) : खाना।

भग (नपुं.) : भाग्य, योनि।

भगवन्तु : (वि.) भाग्यवान; (पु.), भगवान, बुद्ध का एक विशेषण।

भगिनी (स्त्री.) : बहन।

भग्ग (वि.) : भग्न, टूटा हुआ।

भङ्ग : (नपुं.) टूटना; (पु.) पटुआ।

भङ्गक्खण (नपुं.) : टूटने का क्षण, विघटन होने का क्षण।

भङ्गानुपस्सना (स्त्री.) : वस्तुओं के विनाश के संबंध में अन्तर्दृष्टि ।

भच्च : (पु.) भृत्य, नौकर; (वि.) पालित-पोषित।

भजति (क्रि.) : संगति करता है, ग्रहण करता है।

भजन (नपुं.) : संगति।

भज्जति (क्रि.) : भूँजता है, भूनता है।

भञ्जक / भञ्जनक (वि.) : तोड़ने वाला, खराब करने वाला।

भञ्जति (क्रि.) : तोड़ता है, नष्ट करता है।

भञ्जन (नपुं.) : तोड़ना, विनाश।

भट (पु.) : सैनिक, सिपाही, नौकर।

भटसेना (स्त्री.) : पैदल सेना।

भट्ठ (वि.) : भुना हुआ, गिरा हुआ।

भणति (क्रि.) : बोलता है।

भणे (अ.) : संबोधन-विशेष, भाइयों !

भण्ड / भण्डक (नपुं) : सामान, चीजें।

भण्डति (क्रि.) : झगड़ा करता है।

भण्डन (नपुं.) : कलह, झगड़ा।

भण्डागार (नपुं.) : भंडार, खजाना।

भण्डागारिक (पु.) : भंडारी, खजांची।

भण्डिका (स्त्री.) : गठड़ी।

भण्डु (पु.) : सिरमुंडा।

भण्डुकम्म (नपुं.) : हजामत बनाना।

भत : (वि.) पालित-पोषित; (पु.) नौकर।

भतक (पु.) : भृत्य, मजदूर, नौकर।

भति (स्त्री.) : मजदूरी।

भत्त (नपुं.) : भात।

भत्तकारक (पु.) : रसोइया।

भत्तकिच्च (नपुं.) : भात खाना, भोजन करना।

भत्तकिलमथ (पु.) : भोजनानन्तर आलस्य।

भत्तगाम (पु.) : भेंट या सेवा देनेवाला गांव।

भत्तग्ग (नपुं.) : भोजनालय।

भत्तपुट (नपुं.) : भात का दोना।

भत्तविस्सग्ग (पु.) : भोजन परोसना।

भत्तवेतन (नपुं.) : भोजन और तनख्वाह / मजदूरी।

भत्तवेला (स्त्री.) : भोजन का समय।

भत्तसम्मद (पु.) : भोजनानन्तर तंद्रा।

भत्ति (स्त्री.) : भक्ति।

भत्तिक / **भत्तिमन्त** (वि.) : भक्त।

भत्तु (पु.) : भर्तृ, पति।

भदन्त / **भद्दन्त** (वि.) : गौरवार्ह, पूज्य, जेष्ठ भिक्षु के लिये संबोधन।

भद्द / **भद्र** (वि.) : शुभ, उत्तम।

भद्दक : (नपुं.) भाग्य-संपन्न / अच्छी वस्तु, (वि.) अच्छे गुणों वाला, भाग्यवान।

भद्दकच्चाना : यशोधरा (राहुल माता) का एक और नाम।

भद्दकुम्भ (पु.) : पानी का भरा घड़ा।

भद्ददारु (पु.) : देव-दारु की जाति का वृक्ष।

भद्दपदा (स्त्री.) : भाद्रपद नक्षत्र।

भद्दपीठ (नपुं.) : भद्रासन, उत्तम आसन।

भद्दमुख (वि.) : सुंदर मुख, शिष्ट संबोधन।

भद्दयुग (नपुं.) : श्रेष्ठ जोड़ा।

भद्दसाल-जातक : राजा के उद्यान के श्रेष्ठ भद्रशाल वृक्ष के काटे जाने की कथा (४६५)।

भद्रघट-जातक : शराबी लड़के ने इन्द्रप्रदत्त भद्र-घट भी फोड़ डाला (२९१)।

भद्दा / **भद्दिका** (स्त्री.) : शिष्ट स्त्री।

भद्दिय : अङ्ग जनपद का एक नगर। भगवान बुद्ध अनेक बार वहाँ पधारे थे।

भन्त (वि) : भ्रांत, भ्रमित।

भन्तत्त (नपुं.) : भ्रांत-भाव, गड़बड़ी।

भन्ते : भदन्त का संबोधन रूप।

भब्ब (वि.) : भव्य, योग्य।

भब्बता (स्त्री.) : भव्यता, योग्यता।

भम (पु.) : घूमने वाली चीज।

भमकार (पु.) : घुमाने वाला।

भमति (क्रि.) : घूमता है।

भमर (पु.) : भ्रमर, भौंरा।

भमरिका (स्त्री.) : लट्टू।

भमु / **भमुका** (स्त्री.) : भौं, भौंह।

भय (नपुं.) : डर।

भयङ्कर / **भयानक** (वि.) : भयानक, भयावह।

भयदस्सावी / **भयदस्सी** (वि.) : भयदर्शी ।

भर (वि.) : (समास में), पोषण करने वाला।

भरण (नपुं.) : भरण-पोषण।

भरति (क्रि.) : भरण-पोषण करता है।

भरित (वि.) : भरा हुआ।

भरिया (स्त्री.) : भार्या, पत्नी, औरत।

भरु-जातक : भरु देश के राजा ने तपस्वियों के मुकद्दमें में निर्णय दिया (२१३)।

भल्लाटक / **भल्लातक** (पु.) : वृक्ष-विशेष, लोध।

भल्लाटिक-जातक / **भल्लाटिक-जातक** : भल्लाटिय नरेश के शिकार की कथा (५०४)।

भव (पु.) : अस्तित्व, संसार।

भवग्ग (पु.) : संसार का उच्चतम शिखर।

भवङ्ग (नपुं.) : अचेतन मन।

भवचक्क (नपुं.) : भव-चक्र।

भवतण्हा / **भवनेत्ति** (स्त्री.) : भव-तृष्णा, पुनर्भव / पुनर्जन्म की इच्छा।

भवति (क्रि.) : होता है।

भवदिट्ठि (स्त्री.) : शाश्वत दृष्टि।

भवन (नपुं.) : होना, निवास स्थान।

भवन्त (वि.) : आप लोग, श्रीमान के अर्थ का अरदरयुक्त संबोधन।

भवन्तग / **भवन्तगू** (वि.) : भव के अंत तक पहुँचा हुआ।

भवसंयोजन (नपुं.) : पुनर्जन्म का बंधन।

भवाभव (पु.) : यह या वह जीवन।

भवेसना (स्त्री.) : भवेषणा, भवेच्छा ।

भवोघ (पु.) : पुनर्जन्म रूपी बाढ।

भस्ता (स्त्री.) : धौंकनी।

भस्म (नपुं.) : राख, भस्म।

भस्मच्छन्न (वि.) : राख से ढका हुआ।

भस्स (नपुं.) : बेकार बातचीत।

भस्सति (क्रि.) : गिर पड़ता है।

भस्सपुट (पु.) : चाबुक।

भस्सर (पु.) : चमकदार।

भस्सारामता (स्त्री.) : बेकार बातचीत में रुचि।

भा (स्त्री.) : प्रकाश की चमक।

भाकुटिक (वि.) : भ्राकुटिक, भृकुटि टेढी करने वाला।

भाग (पु.) : हिस्सा।

भागधेय / **भागधेय्य** (नपुं.) : भाग्य।

भागवन्तु (वि.) : हिस्सेवाला, हिस्सेदार।

भागसो (क्रि.वि.) : हिस्सों के अनुसार।

भागिनेय्य (पु.) : भांजा।

भागिनेय्या (स्त्री.) : भांजी।

भागीय (वि.) : (समास में) संबंधित।

भागी (वि.) : हिस्सेदार।

भागीरथी (स्त्री.) : गंगा नदी का एक नाम।

भाग्य (नपुं) : सौभाग्य।

भाजक / **भाजेतु** (पु.) : बाँटने वाला।

भाजन (नपुं.) : बँटवारा, बर्तन, पात्र ।

भाजनविकति (स्त्री.) : नाना प्रकार के बर्तन।

भाजेति (क्रि.) : बाँटता है।

भाणक (पु.) : धर्म-ग्रंथों का पाठ करने वाला, बड़ा मटका।

भाणवार (पु.) : तिपिटक के अनेक भागों में से एक। एक भाणवार आठ सहस्त्र अक्षरों से समन्वित माना जाता है।

भाणी (वि.) : बोलने वाला।

भाति (क्रि.) : चमकता है।

भातिक / **भातु** (पु.) : भाई।

भानु (पु.) : प्रकाश, सूर्य।

भानुमन्तु : (वि.) प्रकाशमान; (पु.) सूर्य।

भायति (क्रि.) : डरता है।

भायापेति (क्रि.) : डराता है।

भार (पु.) : बोझा।

भारनिक्खेपन (नपुं.) : भार उतार कर रख देना।

भारमोचन (नपुं.) : भार-मुक्ति।

भारवाही / भारहार (पु.) : भार ढोने वाला, बोझ ढोने वाला।

भारिक (वि.) : भार-युक्त।

भारिय (वि.) : भारी, गंभीर, गहरा।

भाव (पु.) : स्वभाव।

भावना (स्त्री.) : विकास, ध्यानाभ्यास।

भावनानुयोग (पु.) : ध्यान के अभ्यास में लगना।

भावनामय (वि.) : भावना-युक्त।

भावनाविधान (नपुं.) : ध्यान के अभ्यास की पद्धति।

भावनीय (वि.) : अभ्यास करने योग्य, सम्माननीय।

भावित (वि.) : अभ्यस्त, विकसित।

भावितत्त (वि.) : विशेष अभ्यासी, संयत।

भावी (वि.) : होनेवाला, अनिवार्य।

भावेति (क्रि.) : वृद्धि करता है, अभ्यास करता है।

भासति (क्रि.) : बोलता है, चमकता है।

भासन (नपुं.) : भाषण, उपदेश, व्याख्यान।

भासन्तर (नपुं.) : दूसरी भाषा, भाषान्तर, अनुवाद।

भासा (स्त्री.) : भाषा, बोली।

भासित (नपुं.) : कथन।

भासितु / **भासी** (पु.) : बोलने वाला, कहने वाला।

भासुर (वि.) : चमकदार।

भिक्खक (पु.) : भीख / भिक्षा मांगने वाला।

भिक्खति (क्रि.) : भीख मांगता है, भिक्षा मांगता है।

भिक्खन (नपुं.), भीख मांगना ।

भिक्खा (स्त्री.) : भिक्षा, भोजन का दान।

भिक्खाचरिया (स्त्री.) / **भिक्खाचार** (पु.) : भिक्षाटन।

भिक्खाहार (पु.) : भिक्षु द्वारा प्राप्त आहार।

भिक्खापरम्पर-जातक : राजा को प्राप्त भोजन क्रम से प्रत्येक बुद्ध को प्राप्त हुआ (४९६)।

भिक्खु (पु.) : बौद्ध भिक्षु।

भिक्खुनी (स्त्री.) : बौद्ध भिक्षुणी।

भिक्खुभाव (पु.) : भिक्षु-भाव, भिक्षुत्व।

भिक्खुसङ्घ (पु.) : भिक्षुओं का संघ।

भिङ्क (पु.) : हाथी का बच्चा।

भिङ्कार (पु.) : पानी की झारी।

भिज्जति (क्रि.) : टूट जाता है, नष्ट हो जाता है।

भिज्जन (नपुं.) : टूटना।

भिज्जनधम्म (वि.) : टूटने के स्वभाव वाला।

भित्ति (स्त्री.) : दीवार।

भित्तिपाद (पु.) : दीवार की नींव।

भिन्दति (क्रि.) : तोड़ता है, फोडता है, पृथक पृथक कर देता है।

भिन्दन (नपुं.) : टूटना, फूटना।

भिन्न (वि.) : टूटा हुआ, फूटा हुआ।

भिन्नत्त (नपुं.) : भिन्नत्व।

भिन्नपट (नपुं.) : फटा वस्त्र।

भिन्नभाव (पु.) : पार्थक्य, भिन्नता-भाव।

भिन्नमरियाद (वि.) : सीमोल्लंघित।

भिन्नसील (वि.) : शीलभ्रष्ट।

भिय्यो / **भिय्योसो** (अ.) : अत्यधिक।

भिय्योसो मत्ताय : अत्यधिक, अपनी योग्यता से अधिक।

भिस (नपुं.) : कमल-नालिका।

भिसक्क (पु.) : भिषक, चिकित्सक।

भिस-जातक : पिता के मरने पर सभी भाई तथा उनकी बहन हिमालयाभिमुख हुए (४८८)।

भिसपुप्फ (नपुं.) : कमल का फूल।

भिसपुप्फ-जातक : देवी ने बोधिसत्व को फूल की गंध मात्र सूंघने के लिए गंध-चोर कहा (३९२)।

भिसमुळाल (नपुं.) : कमल मृणाल।

भिसि (स्त्री.) : गद्दा।

भिंसन / **भिंसनक** (वि.) : भयानक, भयंकर।

भीत (वि.) : डरा हुआ।

भीति (स्त्री.) : भय।

भीम / **भीसन** (वि.) : भयानक।

भीमसेन-जातक : भीमसेन का उपयोग कर बौने धनुषधारी ने यश प्राप्त किया (८०)।

भीरु / **भीरुक** (वि.) : डरपोक, कायर, डरने वाला।

भीरुत्ताण (नपुं.) : डरपोक का संरक्षण, डरने वाले के लिए सहारा।

भुक्करण / **भुङ्करण** (नपुं.); **भुक्कार** / **भुङ्कार** (पु.) : (कुत्ते का) भौंकना।

भुङ्करोति (क्रि.) : भौंकता है।

भुज : (पु.) हाथ; (वि.) मुड़ा हुआ।

भुजग / **भुजङ्ग** / **भुजङ्गम** (पु.) : सांप।

भुजपत्त (पु.) : भोज-पत्र।

भुजिस्स (पु.) : स्वतंत्र आदमी।

भुञ्जक (पु.) : खाने वाला या भोगने वाला।

भुञ्जति (क्रि.) : खाता है, भोगता है।

भुञ्जन (नपुं.) : खाना।

भुञ्जनकाल (पु.) : भोजन का समय ।

भुत्त (वि.) : खाया हुआ, भोगा हुआ।

भुत्तावी (वि.) : खाने वाला।

भुम्म (वि.) : भूमि / पृथ्वी से संबंधित, तल्लोंवाला (मकान)।

भुम्मट्ठ (वि.) : भूमि-स्थित।

भुम्मत्थरण (नपुं.) : दरी, बिछावन।

भुम्मन्तर (नपुं.) : भिन्न भूमियाँ।

भुस : (नपुं.) भूसा; (वि.) बहुत, अधिक।

भुसं (क्रि.वि.) : अधिकांश रूप से, अधिक मात्रा में, बार-बार।

भुस्सति (क्रि.) : भौंकता है।

भू (स्त्री.) : पृथ्वी, धरती, जमीन।

भूत : (वि.) हुआ, उत्पन्न हुआ, (पु., नपुं.) प्राणी।

भूतकाय (पु.) : महाभूतों से उत्पन्न शरीर।

भूतगाम (पु.) : वनस्पति।

भूतगाह (पु.) : भूत-प्रेत द्वारा ग्रसित।

भूतत्त (नपुं.) : होने का भाव।

भूतपुब्बं (क्रि.वि.) : पूर्वकाल में।

भूतवादी (वि.) : सत्यवादी।

भूतवेज्ज (पु.) : भूत-प्रेत उतारने वाला, ओझा।

भूतिक (वि.) : भौतिक।

भूमक (वि.) : तल्लोंवाला (मकान)।

भूमि (स्त्री.) : पृथ्वी, धरती, प्रदेश, तल।

भूमिकम्प (नपुं.) / **भूमिकम्पा** (स्त्री.) : भूकंप, भूचाल।

भूमिगत (वि.) : पृथ्वी-स्थित।

भूमितल (नपुं.) : पृथ्वी-तल।

भूमिप्पदेस / **भूमिभाग** (पु.) : जमीन का टुकड़ा।

भूरि : (स्त्री.) प्रज्ञा; (वि.) विपुल।

भूरिदत्त-जातक : तपस्वी के नागकन्या द्वारा भुलाये जाने की कथा (५४३)।

भूरिपञ्ञ / **भूरिमेध** (वि.) : बहुत प्रज्ञा वाला, मेधावान।

भूरिपञ्ह-जातक : महाउम्मग्ग जातक का एक अंश (४५२)।

भूरिविज्जा (स्त्री.) : विपुल विद्या।

भूसन (नपुं.) : भूषण, गौरव, अलंकार।

भूसा (स्त्री.) : सजावट।

भूसापेति (क्रि.) : सजवाता है।

भूसेति (क्रि.) : सजाता है।

भेक (पु.) : मेंढक।

भेज्ज : (वि.) भुरभुरा, जो टूट सके; (नपुं.) टूटना या काटना।

भेण्डिवाल (पु.) : अस्त्र-विशेष।

भेण्डुक (नपुं.) : खेलने की गेंद।

भेत्तु (पु.) : तोड़ने वाला।

भेद (पु.) : मेल का अभाव, अनेकता।

भेदक (वि.) : एकता नष्ट करने वाला।

भेदकर (वि.) : भेद पैदा करने वाला।

भेदन (नपुं.) : टूटना।

भेदनक (वि.) : तोड़ डालने योग्य, फूटने योग्य।

भेदनधम्म (वि.) : टूटने के स्वभाव वाला।

भेदित (वि.) : टूटा हुआ।

भेदेति (क्रि.) : तोड़ता है।

भेरण्ड (पु.) : गीदड़।

भेरण्डक (नपुं.) : गीदड़ की आवाज।

भेरव (वि.) : भयानक, भैरव।

भेरि (स्त्री.) : ढोल, नगाड़ा।

भेरिचारण (नपुं.) : ढोल बजाकर मुनादी कराना।

भेरितल (नपुं.) : ढोल का तल्ला।

भेरिवादक (पु.) : ढोल बजाने वाला।

भेरिवादन (नपुं.) : ढोल का बजाना।

भेरिसद्द (पु.) : ढोल की आवाज।

भेरिवाद-जातक : लड़के ने पिता का कहना न मान ढोल को बार-बार बजाया। डाकुओं ने आकर पिता-पुत्र को लूट लिया (५६)।

भेसज्ज (नपुं.) : दवाई, औषधी।

भेसज्जकपाल (नपुं.) : दवाई का बर्तन।

भेसज्जमत्ता (स्त्री.) : औषधी मात्रा।

भो (अ.) : संबोधन-विशेष।

भोग (पु.) : धन, संपत्ति।

भोगक्खन्ध (पु.) : धन का ढेर।

भोगगाम (पु.) : करदाता गाँव।

भोगमद (पु.) : धन का अभिमान।

भोगवन्तु (वि.) : धनी, धनवान।

भोगी : (पु.) सर्प, धनी आदमी; (वि.) (समास में) भोग भोगनेवाला।

भोग्ग (वि.) : भोग्य।

भोजक (पु.) : खिलाने वाला, कर उगाहने वाला।

भोजन (नपुं.) : खाद्य सामग्री।

भोजनिय (वि.) : खाने योग्य, नरम खाद्य-सामग्री।

भोजाजानीय-जातक : श्रेष्ठ घोड़े की कथा, जिसने जख्मी होने पर भी शत्रु पर आक्रमण किया (२३)।

भोजापेति (क्रि.) : खिलाता है, परोसता है।

भोजी (वि.) : भोजन करनेवाला।

भोजेति (क्रि.) : खिलाता है।

भोज्ज / **भोत्तब्ब** (नपुं.) : खाने योग्य वस्तु ।

भोति : महिला के लिए संबोधन, महोदया।

भोत्तुं (अ.) : खाने के लिए।

भोन्तो : एक संबोधन, ये, हे, अरे ! मान्यवर !

भोवादी (पु.) : ब्राह्मण।

म

मंस (नपुं.) : मांस, गोश्त।

मंसचक्खु (नपुं.) : दिव्य चक्षु आदि से भिन्न भौतिक आँखे ।

मंस-जातक : शिकारी से मांस माँगने की जातक कथा (३१५)।

मंसपुञ्ज (पु.) : मांस का ढेर।

मंसपेसि (स्त्री.) : मांस-पेशी, मांस का टुकड़ा।

मकचि (पु.) : धनुष की डोरी का पटुआ।

मकचिवत्थ (नपुं.) : पटुए का बुना वस्त्र।

मकचिवाक (नपुं.) : पटुए का छिलका।

मकर (पु.) : मगरमच्छ।

मकरदन्तक (नपुं.) : मगरमच्छ के दाँतों के समान।

मकरन्द (पु.) : पुष्प-रेणु।

मकस (पु.) : मच्छर।

मकसवारण (नपुं.) : मसहरी, मशकहरी।

मकस-जातक : बेटे ने बाप के सिर पर बैठा मच्छर हटाने जाकर कुल्हाड़ी से उसका सिर चीर डाला (४४)।

मकुट (पु., नपुं.) : मुकुट, ताज।

मकुल (नपुं.) : फूल की कली।

मक्कट (पु.) : बंदर, वानर।

मक्कटक (पु.) : मकड़ी।

मक्कटकसुत्त (नपुं.) : मकड़ी का जाल।

मक्कट-जातक : बन्दर ने तपस्वी का वल्कल-चीर धारण कर कुटी में रहने वाले एक तपस्वी की कुटी में प्रवेश करना चाहा। उसे सफलता नहीं मिली (१७३)।

मक्कटी (स्त्री.) : बंदरी, वानरी।

मक्ख (पु.) : दूसरे के गुण का मूल्य घटाना, दूसरे का अवमूल्यन।

मक्खण (नपुं.) : (तेल) माखना।

मक्खली-गोसाल : बुद्ध के समकालीन छह भिन्न मतावलम्बी आचार्यों में से एक।

मक्खिका (स्त्री.) : मक्खी।

मक्खित (वि.) : माखा हुआ।

मक्खी (पु.) : दूसरे के गुणों का मूल्य घटानेवाला।

मक्खेति (क्रि.) : माखता है, चुपड़ता है।

मखादेव-जातक : राजा ने सिर में उगे सफेद बाल को 'देव-दूत' समझा, प्रव्रज्या ग्रहण की (९)।

मग (पु.) : चौपाया।

मगध (पु.) : समान भगवान बुद्ध के समय का एक प्रधान राज्य।

मगसिर (नपुं.) : मार्गशीर्ष, नक्षत्र-विशेष।

मग्ग (पु.), रास्ता, सड़क, पथ, मार्ग।

मग्गकिलन्त (वि.) : चलने से थका हुआ।

मग्गकुसल (वि.) : रास्ते का जानकार, मार्ग-कुशल।

मग्गक्खायी (वि.) : रास्ता बताने वाला।

मग्गङ्ग (नपुं.) : सम्यक-दृष्टि आदि आर्य-मार्ग के आठ अंग।

मग्गञाण (नपुं.) : मार्ग के बारे में ज्ञान, मार्ग-ज्ञान।

मग्गञ्ञू / मग्गविदू (वि.) : मार्ग का जानकार, मार्गज्ञ।

मग्गट्ठ (वि.) : मार्गस्थ, मार्ग पर चलने वाला या मार्ग पूरा कर लेने वाला।

मग्गति / मग्गेति (क्रि.) : खोजता है, पता लगाता है।

मग्गदूसी (पु.) : मुसाफिरों को लूटने वाला, डाकू।

मग्गदेसक (वि.) : मार्ग-दर्शक।

मग्गन (नपुं.) / **मग्गना** (स्त्री.) : खोज, तलाश।

मग्गपटिपन्न (वि.) : यात्री, मार्गारुढ।

मग्गभावना (स्त्री.) : आर्य-मार्ग का अभ्यास।

मग्गमूळ्ह (वि.) : मार्ग-भ्रष्ट, रास्ता भूला।

मग्गसच्च (नपुं.) : आर्य-मार्ग नामक सत्य, मार्ग-सत्य।

मग्गिक (पु.) : मार्गारुढ।

मग्गित (वि.) : खोजा हुआ।

मघवन्तु (पु.) : शक्र (इंद्र) का एक और नाम।

मघा (स्त्री.) : मघा नक्षत्र।

मङ्कु (वि.) : उत्साहहीन।

मङ्कुभाव (पु.) : नैतिक दौर्बल्य, उत्साह-हीनता।

मङ्कुभूत (वि.) : मन्दोत्साह, उदास।

मङ्गल (वि.) : शुभ, अच्छा, शुभ-मुहूर्त, शुभ शगुन, समृद्धि।

मङ्गलकिच्च (नपुं.) : मङ्गल-कृत्य, उत्सव।

मङ्गलकोलाहल (पु.) : शुभ-घटना को लेकर कोलाहल / शोरगुल।

मङ्गलदिवस (पु.) : उत्सव का दिन।

मङ्गलपोक्खरणी (स्त्री.) : मंगल-पुष्करणी।

मङ्गलसिन्धव / मङ्गलास्स (पु.) : राजकीय अश्व।

मङ्गलसिलापट्ट (नपुं.) : राज्यासन।

मङ्गलसुपिन (नपुं.) : शुभ-स्वप्न, अच्छा स्वप्न।

मङ्गलहत्थी (पु.) : राजकीय हाथी।

मङ्गल-जातक : चूहे द्वारा काट डाले गये कपड़ों को घर में रखना अशुभ समझ ब्राह्मण ने उन्हें श्मशान-भूमि में फिंकवाना चाहा (८७)।

मङ्गुर : (पु.) नदी की मछली-विशेष; (वि.) पीत-वर्ण, पीले रंग का।

मच्च (पु.) : मर्त्य, आदमी, मनुष्य।

मच्चु (पु.) : मृत्यु, मौत।

मच्चुतर (वि.) : मृत्युंजयी।

मच्चुधेय्य (नपुं.) : मृत्यु-क्षेत्र।

मच्चुपरायण (वि.) : मरणाधीन।

मच्चुपास (पु.) : मृत्यु-पाश।

मच्चुमुख (नपुं.) : मृत्यु-मुख।

मच्चुराज (पु.) : मृत्यु-राज।

मच्चुवस (पु.) : मृत्यु का सामर्थ्य।

मच्चुहायी (वि.) : मृत्यु को जीतने वाला।

मच्छ (पु.) : मछली।

मच्छगुम्ब (पु.) : मछलियों का झुंड।

मच्छण्ड (नपुं.) : मछली का अंडा।

मच्छण्डी (स्त्री.) : गुड़, शक्कर आदि की तरह गन्ने से बनी हुई एक वस्तु, जो मछली के अंडे समान दिखती है।

मच्छमंस (नपुं.) : मत्स्य और मांस, मांस-मछली।

मच्छबन्ध (पु.) : मछुवा।

मच्छ-जातक : मछुआरे ने पकड़ी हुई मछली को पुरोहित ने मुक्त किया (३४)।

मच्छ-जातक : मछली की सत्य-क्रिया से वर्षा हुई (७५)।

मच्छ-जातक : उक्त कथा (३४) से मिलती-जुलती है (२१६)।

मच्छेर / मच्छरिय (नपुं.) : मात्सर्य, कंजूसी।

मच्छरायति (क्रि.) : कंजूसी करता है।

मच्छरी (पु.) : कंजूस।

मच्छा : सोलह जनपदों में से एक जनपद मत्स्य के वासी।

मच्छिक (पु.) : मछलीमार।

मच्छी (स्त्री.) : मछली।

मच्छुद्दान-जातक : मछली के पेट में से रुपयों की थैली वापिस मिली (२८८)।

मज्ज (नपुं.) : मद्य, शराब।

मज्जति (क्रि.) : माँजता है, साफ करता है; नशा करता है।

मज्जना (स्त्री.) : माँजना, घसना।

मज्जप / मज्जपायी (वि.) : मद्यप, शराबी।

मज्जपान (नपुं.), शराब पीना।

मज्जविक्कयी (पु.) : मद्य-विक्रेता, शराब बेचने वाला।

मज्जार (पु.) : मार्जार, बिल्ला।

मज्जारी (स्त्री.) : मार्जारी, बिल्ली।

मज्झ : (पु.) मध्य-भाग; (वि.) बीच का।

मज्झट्ठ / मज्झत्त (वि.) : मध्यस्थ, पक्षपात-रहित।

मज्झण्ह (पु.) : मध्यान्ह।

मज्झत्तता (स्त्री.) : मध्यस्थता, पक्षपात न करना।

मज्झदेस (पु.) : मध्य-देश।

मज्झन्तिक / मज्झन्तिकसमय (पु.) : मध्यान्ह, दोपहर।

मज्झन्तिक (थेर) : अशोक-पुत्र महेन्द्र स्थविर को उपसम्पदा देने वाले महास्थविर। बाद में वे धर्म-प्रचारार्थ काश्मीर-गन्धार की ओर गये।

मज्झिम (वि.) : मध्यम, केन्द्रीय।

मज्झिमदेस : मध्य मण्डल, जिसकी पूर्वी सीमा वर्तमान कंकजोल मानी जा सकती है, जिसके मध्य में वर्तमान सिलई नदी थी, जिसके दक्षिण भाग में हजारी बाग जिले का सेतकण्णिक नाम का कोई कस्बा रहा, जिसकी पश्चिमी सीमा हरियाणा प्रदेश के कर्नाल जिले का थानेसर नाम का कस्बा था और जिसकी उत्तरी सीमा उशीरध्वज नाम का हिमालय का कोई पर्वत-भाग रही।

मज्झिमनिकाय : सुत्त पिटक के पाँच निकायों में से मध्यमाकार के सुत्तों का संग्रह।

मज्झिमपुरिस (पु.) : मध्याकार का आदमी, मध्यम-पुरुष।

मज्झिमयाम (पु.) : अर्ध-रात्रि, मध्य-रात्री।

मज्झिमवय (पु.) : प्रौढ।

मञ्च (पु.) : चारपाई।

मञ्चक (पु.) : छोटी चारपाई।

मञ्चपरायण (वि.) : चारपाई पर पड़ा।

मञ्चपीठ (नपुं.) : चारपाई तथा कुर्सी आदि।

मञ्चवान (नपुं.) : चारपाई का बुनना।

मञ्जरी (स्त्री.) : गुच्छा।

मञ्जिट्ठ / मञ्जेट्ठ (वि.) : मजीठिया रंग।

मञ्जिट्ठा (स्त्री.) : वृक्ष-विशेष।

मञ्जिर (नपुं.) : पांव का आभरण, पांव का गहना।

मञ्जु (वि.) : आकर्षक, प्रियकर।

मञ्जुभाणक (वि.) : प्रियंवद।

मञ्जुस्सर (वि.) : प्रियभाणी।

मञ्जूसक (पु.) : देवताओं का वृक्ष।

मञ्जूसा (स्त्री.) : पेटी।

मञ्जेट्ठी (स्त्री.) : मजीठ (लता)।

मञ्ञति (क्रि.) : कल्पना करता है, संकल्प करता है, विचार करता है।

मञ्ञना (स्त्री.) : मान्यता, कल्पना।

मञ्ञित (नपुं) : मान्य, कल्पित।

मञ्ञे (अ.) : मैं मानता / सोचता हूँ।

मट्ट (वि.) : चिकना, घिसा हुआ, पालिश किया हुआ।

मट्टसाटक (नपुं.) : चिकना वस्त्र।

मट्ठ (वि.) : चिकना, घिसा हुआ, नशा किया हुआ।

मट्ठकुण्डलि-जातक : ब्राह्मण के पुत्रशोक से मुक्त होने की कथा (४४९)।

मणि (पु.) : मणि, जवाहिर।

मणिक (पु.) : बड़ा बर्तन, घड़ा।

मणिकुण्डल (नपुं.) : मणियों की बाली।

मणिक्खन्ध (पु.) : बड़ी भारी मूल्यवान मणि।

मणिपल्लङ्क (पु.) : मणि-जड़ा सिंहासन।

मणिबन्ध (पु.) : कलाई।

मणिमय (पु.) : मणि-निर्मित।

मणिरतन (नपुं.) : मूल्यवान मणि।

मणिवण्ण (वि.) : मणि के रंग का।

मणिसप्प (पु.) : मणि वाला सर्प ।

मणिकण्ठ-जातक : मणिकंठ नाम के सर्प से उसकी मणि मांगने पर सर्प ने तपस्वी को हैरान करना छोड़ दिया (२५३)।

मणिकुण्डल-जातक : राजा ने अपना रनिवास दूषित करनेवाले मंत्री को देश से निकाल बाहर किया (३५१)।

मणिचोर-जातक : राजा ने अपनी मणि गृहस्थ की गाड़ी में छिपाकर, उसे चोर घोषित कराकर, उसकी सुन्दर पत्नी को हथियाना चाहा (१९४)।

मणिसूकर-जातक : सूअरों ने मणि को जितना ही रगड़ा, उतनी ही वह अधिकाधिक चमकी (२८५)।

मण्ड : (पु.) माँड; (वि.) अति स्पष्ट।

मण्डन (नपुं.) : सजावट।

मण्डनजातिक (वि.) : सजावट-प्रिय।

मण्डप (पु.) : मंडप, तंबू।

मण्डल (नपुं.) : घेरा, गोल वेदिका।

मण्डलमाल (पु.) : गोलाकार मंडप।

मण्डलिक (वि.) : प्रदेश (मंडल), से संबंधित।

मण्डलिस्सर (पु.) : मंडल का शासक।

मण्डली (वि.) : मंडल वाला।

मण्डित (वि.) : सजाया हुआ, सुसज्जित।

मण्डुक (पु.) : मेंढक।

मण्डेति (क्रि.) : सजाता है।

मत (वि.) / मतक (पु.) : मृत, मृतक, मरा हुआ।

मतकभत्त (नपुं.) : मृत व्यक्ति के संबंधियों द्वारा दिया जानेवाला दान, श्राद्ध।

मतकवत्थ (नपुं.) : मृत व्यक्ति के संबंधियों द्वारा दान दिया गया वस्त्र।

मतकभत्त-जातक : श्राद्ध करने के इच्छुक ब्राह्मण ने बकरी की बलि देने से पूर्व अपने शिष्यों से कहा कि उसे नहला लाओ (१८)।

मतरोदन-जातक : भाई तथा पिता के मरने पर भी अनित्यता का स्मरण कर बोधिसत्त्व ने एक भी आँसू नहीं गिराया (३१७)।

मतकिच्च (नपुं.) : मृत व्यक्ति के संबंध में करणीय।

मति (स्त्री.) : बुद्धी, मति।

मतिमन्तु (वि.) : बुद्धिमान।

मतिविप्पहीन (वि.) : मूर्ख।

मत्त : (वि.) नशे में चूर, (समास में) मात्रा, मात्र।

मत्तहत्थी (पु.) : नशे में चूर हाथी।

मत्तञ्ञू (वि.) : मात्रज्ञ, मात्रा का जानकार।

मत्तञ्ञुता (स्त्री.) : मात्रज्ञ होना।

मत्ता (स्त्री.) : मात्रा।

मत्तिका (नपुं.) : मृत्तिका, मिट्टी।

मत्तिकापिण्ड (पु.) : मिट्टी का पिंड।

मत्तिकाभाजन (नपुं.) : मिट्टी का बर्तन।

मत्तिघ (पु.) : मातृहत्या।

मत्तेय्य (वि.) : माता की सेवा / आदर करने वाला।

मत्तेय्यता (स्त्री.) : मातृ-भक्ति।

मत्थक (पु.) : मस्तक, शिखर।

मत्थलुङ्ग (नपुं.) : दिमाग।

मत्थु (नपुं.) : दही से पृथक मथा हुआ जल।

मथति (क्रि.) : मथता है।

मथन (नपुं.) : मथना।

मद (पु.) : अहंकार।

मदन : (पु.) कामदेव; (नपुं.) नशा।

मदनीय (वि.) : नशीला।

मदिरा (स्त्री.) : सुरा, धान्य-निर्मित शराब।

मद्दति (क्रि.) : मर्दन करता है, दबाता है, निचोड़ता है, रौंदता है।

मद्दन (नपुं.) : मर्दन करना, रौंदना।

मद्दव : (नपुं.) मार्दव, कोमलता; (वि.) कोमल।

मद्दित (वि.) : मर्दन किया गया, रौंदा गया।

मधु (नपुं.) : मधु, मशहद, सुरा।

मधुक (पु.) : वह पेड़ जिससे मधु तैयार होती है।

मधुकर / **मधुब्बत** (पु.) : शहद की मक्खी।

मधुका (स्त्री.) : मुलहटी, औषधि-विशेष।

मधुगण्ड / **मधुपटल** (पु.) : शहद का छत्ता।

मधुप (पु.) : भ्रमर, भौरा।

मधुपिण्डिका (स्त्री.) : शहद-पिंड।

मधुमक्खित (वि.) : शहद से माखा हुआ।

मधुमेह (पु.) : मधु-मेह, बहुमूत्र रोग।

मधुर : (वि.) मीठा; (नपुं.) मीठी चीज।

मधुरकजात (वि.) : मदहोश।

मधुरत्त (नपुं.) / मधुरता (स्त्री.) : मधुरता, मिठास।

मधुरस्सर : (पु.) मधुर स्वर, (वि.) मधुर-भाषी।

मधुलट्ठिका (स्त्री.) : मुलहठी।

मधुलाज (पु.) : शहद-मिश्रित खील।

मधुस्सव (वि.) : शहद से चूता हुआ।

मध्वासव (पु.) : सुरा।

मन (पु., नपुं.) : मन।

मनं (अ.) : लगभग।

मनक्कार / **मनसिकार** (पु.) : मनोसंकल्प, विचार।

मनता (स्त्री.) : मनो-भाव, (**अत्तमनता** = आनन्दपूर्ण मनोभाव)।

मनन (नपुं.) : सोचना, चिंतन करना।

मनसिकरोति (क्रि.) : मन में रखता है, चिंतन करता है।

मनाप / **मनापिक** (वि.) : मनोनुकूल, आकर्षक, मनभावन।

मनुज (पु.) : मनुष्य।

मनुजाधिप / **मनुजिन्द** (पु.) : नरेन्द्र, राजा।

मनुञ्ञ (वि.) : मनोज्ञ, सुंदर।

मनुस्स (पु.) : मनुष्य।

मनुस्सत्त (नपुं.) : मनुष्यत्व।

मनुस्सभाव (पुं.) : मनुष्य-भाव।

मनुस्सभूत (वि.) : जो आदमी होकर उत्पन्न हुआ।

मनुस्सलोक (पु.) : मनुष्य-लोक।

मनेसिका (स्त्री.) : दूसरे के विचारों का ज्ञान।

मनो (समास में) : मन।

मनोकम्म (नपुं.) : मानसिक कर्म।

मनोजव (वि.) : मन के समान तीव्र गति।

मनोदुच्चरित (नपुं.) : मानसिक दुष्कर्म।

मनोद्वार (नपुं.) : मन रूपी द्वार (इन्द्रिय)।

मनोधातु (स्त्री.) : चित्त।

मनोपदोस (प.) : द्वेष।

मनोपसाद (पु.) : भक्ति।

मनोपुब्बङ्गम (वि.) : जिसका पूर्वगामी मन हो।

मनोमय (वि.) : मन से उत्पन्न।

मनोरथ (पु.) : इच्छा, संकल्प।

मनोरम (वि.) : आनंददायक।

मनोविञ्ञाण (नपुं.) : मनोविज्ञान।

मनोविञ्ञेय्य (वि.) : मन के द्वारा जानने योग्य।

मनोवितक्क (प.) : विचार।

मनोसिला (स्त्री.) : संखिया।

मनोहर (वि.) : सुंदर, आकर्षक।

मनोज-जातक : मनोज ने राजकीय अश्वों पर आक्रमण किया। राजा के धनुर्धारियों द्वारा मारा गया (३९७)।

मन्त (नपुं.) : मंत्र।

मन्तज्झायक (वि.) : मंत्रों का अध्ययन करने वाला।

मन्तधर (वि.) : मंत्रों का जानकार।

मन्तन (नपुं.) / **मन्तना** (स्त्री.) : मंत्रणा, विचार-विमर्श।

मन्ती (पु.) : मंत्री।

मन्तिणी (स्त्री.) : मंत्रिणी।

मन्तु (पु.) : कल्पना करने वाला।

मन्तेति (क्रि.) : मंत्रणा करता है, विचार-विमर्श करता है।

मन्थ (पु.) : मथानी, च्युड़ा।

मन्थर (पु.) : कछुवा।

मन्द (वि.) : मंद(बुद्धि), आलसी।

मन्दत्त (नपुं.) / **मन्दता** (स्त्री.) : मन्द-भाव, मूर्खता, जड़ता।

मन्दं / **मन्दमन्दं** (क्रि.वि.) : धीरे-धीरे।

मन्दाकिनी (स्त्री.) : झील तथा नदी का नाम।

मन्दामुखी (स्त्री.) : अंगीठी।

मन्दार (पु.) : पर्वत-विशेष।

मन्दिय (नपुं.) : मूर्खता, आलस्य।

मन्दिर (नपुं.) : भवन, महल।

मन्धातु-जातक : मन्धाता नरेश की कथा (२५८)।

ममङ्कार (पु.) / ममत्त (नपुं.) : ममत्व, आसक्ति।

ममायना (स्त्री.) : स्वार्थपरता, आसक्ति।

ममायति (क्रि.) : आसक्त होता है।

मम्म / **मम्मट्ठान** (नपुं.) : मर्म-स्थान।

मम्मच्छेदक (वि.) : मर्म-स्थान को चोट पहुंचाने वाला।

मम्मन (वि.) : हकलाने वाला।

मयं (सर्व.) : हम।

मयूख (पु.) : प्रकाश की किरण।

मयूर (पु.) : मोर।

मय्हक-जातक : भाई ने भतीजे को नदी में डुबाकर मार डाला (३९०)।

मरण (नपुं.) : मृत्यु, मौत।

मरणकाल (पु.) : मरने का समय।

मरणचेतना (स्त्री.) : मार डालने का इरादा।

मरणधम्म (वि.) : मरण-स्वभाव, मृत्यु को प्राप्त होने के स्वभाव वाला।

मरणन्त / **मरणपरियोसान** (वि.) : जिसका अंत मृत्यु हो।

मरणभय (नपुं.) : मृत्यु का भय।

मरणमञ्चक (पु.) : जिस चारपाई पर किसी की मृत्यु हुई हो या होनेवाली हो।

मरणमुख (नपुं.) : मृत्यु का मुँह।

मरणसति (स्त्री.) : मरणानुस्मृति, मृत्यु का स्मरण।

मरणसमय (पु.) : मृत्यु का समय।

मरति (क्रि.) : मरता है।

मरिच (नपुं.) : मिर्च।

मरियादा (स्त्री.) : सीमा, नियम।

मरीचि (स्त्री.) : प्रकाश किरण।

मरीचिका (स्त्री.) : मृगतृष्णा, मृगजल।

मरीचिधम्म (वि.) : मृगतृष्णा सदृश।

मरु : (स्त्री.) बालू, कान्तार; (पु.) देवता।

मरुम्ब (नपुं.) : बिलौर।

मल (नपुं.) : मैल, मैला।

मलतर (वि.) : अधिक मैला।

मलय (पु.) : मलय पर्वत।

मलयज (पु.) : चन्दन।

मलिन / मलिनक (वि.) : धब्बेदार, मैला।

मल्ल (पु.) : पहलवान, मल्ल जाति से संबंधित।

मल्लक (पु.) : बर्तन, थैला।

मल्लयुद्ध (नपुं.) : कुश्ती।

मल्लिका (स्त्री.) : चमेली।

मसारगल्ल (नपुं.) : बहुमूल्य पत्थर-विशेष।

मसि (पु.) : कालिख।

मस्सु (नपुं.) : दाढी।

मस्सुक (वि.) : दाढीवाला।

मस्सुकम्म / मस्सुकरण (नपुं.) : हजामत।

मह (पु.) : धार्मिक उत्सव।

महग्गत (वि.) : बहुत ऊँचा, श्रेष्ठ।

महग्घ (वि.) : अत्यन्त मूल्यवान।

महग्घता (स्त्री.) : कीमतीपन।

महग्घस (वि.) : बहुत खाने वाला, भुक्खड़।

महण्णव (पु.) : विशाल समुद्र।

महति (क्रि.) : आदर करता है, गौरव करता है।

महत्त (नपुं.) : महत्त्व, महानता।

महद्धन (वि.) : अत्यंत धनवान।

महनीय (वि.) : आदरणीय।

महन्त (वि.) : महान, बड़ा।

महप्फल (वि.) : महान फल वाला।

महब्बल : (वि.) महान बलशाली; (नपुं.) बड़ी भारी सेना।

महब्भय (नपुं.) : भयंकर भय।

महल्लक (वि.) बूढा, बूढा आदमी।

महल्लकतर (वि.) : वृद्धतर।

महल्लिका (स्त्री.) : वृद्धा स्त्री।

महा : महान; समास पदों में 'महन्त' का 'महा' हो जाता है, और अधिकतर अंतिम 'आ' का ऱ्हस्व स्वर 'अ' में परिवर्तन होता है।

महाअस्सारोह-जातक : युद्ध में हारकर राजा घोड़े पर चढकर भाग गया (३०२)।

महाउक्कुस-जातक : मित्रों ने मित्र की सहायता की (४८६)।

महाउपासक (पु.) : बुद्ध का श्रेष्ठ उपासक।

महाउपासिका (स्त्री.) : बुद्ध की श्रेष्ठ उपासिका।

महाउम्मग्ग-जातक : महोषध पंडित के पाण्डित्य की कथाएँ (५४६)।

महाकण्ह-जातक : शक्र (इंद्र) ने महाकण्ह नाम के अपने कुत्ते को साथ ले दुराचारी मनुष्यों को बुरी तरह भयभीत किया (४६९)।

महाकपि-जातक : बंदर ने नदी पर अपने शरीर का पुल बना, अपनी सारी जाति को अपने शरीर पर से गुजरने देकर यथार्थ नेता का धर्म निभाया (४०७)।

महाकपि-जातक : कृतघ्न आदमी ने बंदर का सिर फोड़ दिया। परहितकामी बंदर ने ऐसे आदमी की भी जान बचाई (५१६)।

महाकरुणा (स्त्री.) : महान दया।

महाकस्सप थेर : भगवान बुद्ध के प्रधान के प्रधान शिष्यों में से एक प्रमुख शिष्य।

महाकाय (वि.), बड़े शरीर वाला।

महागण (पु.) : बड़ी मंडली, बड़ा समूह।

महागणी (पु.) : जिसके अनेक अनुयायी हो।

महाजन (पु.) : जनता।

महाजनक-जातक : मिथिला के महाजनक नाम के राजा के दो पुत्रों के संघर्ष की कथा (५३९)।

महाजनकाय (पु.) : लोगों का बहुत बड़ा समुदाय।

महाजनपद : अनेक स्थलों पर नामांकित सोलह जनपद (राज्य)। वे थे कासी, कोसल, अंग, मगध, वज्जि, मल्ल, चेतिय, वंस, कुरु, पंचाल, मच्छ, सूरसेन, अस्सक, अवंती, गंधार तथा कंबोज । इनमें से प्रथम चौदह मज्झिमदेस (मध्य-मंडल) में हैं, अंत के दो उत्तरापथ में।

महातण्ह (वि.) : बहुत लोभी।

महातल (नपुं.) : भवन के ऊपर की खुली छत।

महाधन (नपुं.) : विशाल धन।

महाधम्मपाल-जातक : चिरंजीवी होने का रहस्य (४४७)।

महाधम्मरक्खित थेर : तृतीय संगीति के बाद अशोक और मोग्गलिपुत्त तिस्स स्थविर द्वारा में भेजे गये धर्म प्रचारक महास्थविर।

महानरक (पु.) : भयानक नरक।

महानस (नपुं.) : रसोई घर।

महानारदकस्सप-जातक : नारद कस्सप ब्रह्मा ने अंगति नरेश को परलोक का विश्वास दिलाया (५४४)।

महानुभाव (वि.) : महान प्रतापी, मान्यवर।

महानेरू / महामेरू : सुमेरू पर्वत का ही एक ओर नाम।

महापजापति गोतमी : सिद्धार्थ गौतम की मौसी का नाम, सिद्धार्थ गौतम की माता महामाया का देहांत होने पर मौसी महापजापति गौतमी ने ही सिद्धार्थ को दूध पिलाकर पाला था। भिक्षुणी-संघ की स्थापना का सारा श्रेय महापजापति गौतमी को ही है।

महापञ्ञ (वि.) : अत्यंत प्रज्ञावान।

महापथ / **महामग्ग** (पु.) : महामार्ग।

महापदुम-जातक : विमाता ने पुत्र पर झूठा लांछन लगाया (४७२)।

महापनाद-जातक : इसकी कथा सुरूचि जातक में आई है (२६४)।

महापलोभन-जातक : इसकी कथा **चुल्लपलोभन-जातक** के ही समान है (५०७)।

महापिङ्गल-जातक : दुष्ट महापिङ्गल नरेश के मरने पर उसकी प्रजा ने खुशियाँ मनाई (२४०)।

महापितु (पु.) : पिता का बड़ा भाई, ताया, ताऊ।

महापुरिस (पु.) : महापुरुष।

महाबोधि-जातक : राजा ने बोधि की न्याय-प्रियता के कारण उसे न्यायाधीश नियुक्त किया (५२८)।

महाभूत (नपुं.) : पृथ्वी, जल, आदि चार महाभूत।

महाभोग (वि.) : ऐश्वर्यशाली।

महामङ्गल-जातक : शकुनों की व्याख्या। वास्तविक महामङ्गल कौन-कौनसे है (४५३)।

महामच्च / **महामत्त** (पु.) : मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री।

महामति (पु.) : महान बुद्धिमान।

महामाया / **माया** : सिद्धार्थ गौतम (बुद्ध) की माता। उसका पिता था देवदह का अञ्जन शाक्य और उसकी माता थी जयसेन की लडकी यशोधरा।

महामुनि (पु.) : महान मुनि, भगवान बुद्ध।

महामेघ (पु.) : वर्षा की तेज बौछाड़।

महामोग्गल्लान थेर : भगवान बुद्ध के दो प्रधान शिष्यों में से एक।

महायञ्ञ / महायाग (पु.) : महान यज्ञ।

महायस (वि.) : महान यशस्वी।

महारक्खित थेर : तीसरी संगीति के अनंतर यवन-देश में धम्म-प्रचारार्थ जाने वाले महास्थविर।

महारट्ठ : तीसरी संगीति के अनंतर महाधम्मरक्खित महारट्ठ (महाराष्ट्र) में ही धम्म-प्रचारार्थ गये।

महारह (वि.) : अत्यंत मूल्यवान।

महाराज (पु.) : महान नरेश, महान राजा।

महालतापसाधन (नपुं.) : स्त्रियों के श्रृंगार में सहायक होने वाली लता।

महावंस : सिंहल द्वीप का प्रसिद्ध ऐतिहासिक महाकाव्य। इसके प्रथम खंड की रचना चौथी शताब्दी में महानाम स्थविर के द्वारा हुई। उसके बाद से इसके उत्तर-कालीन खंडों की भी रचना बराबर होती रही।

महावग्ग : विनय पिटक के पांच ग्रंथों में से एक, जो आगे खन्धकों में विभक्त है।

महावाणिज-जातक : वट वृक्ष की एक शाखा से व्यापारियों को पानी मिला, दूसरी से भोजन, तीसरी से सुंदर लडकियाँ और चौथी से अनेक दूसरी मूल्यवान वस्तुएँ (४९३)।

महाविहार : अनुराधपुर (सिंहल द्वीप) का प्रसिद्ध विहार। शताब्दियों तक यही बौद्ध धर्म का प्रधान केंद्र बना रहा।

महावेस्सन्तर-जातक : देखो **वेस्सन्तर-जातक**।

महासङ्घिक : द्वितीय संगीति के ही समय स्थविरवाद से पृथक हो जाने वाला एक बौद्ध पंथ।

महासत्त (पु.) : महान सत्त्व, महान प्राणी।

महासमुद्द (पु.) : महासमुद्र।

महासर (नपुं.) : बड़ी झील।

महासार / महासाल (पु.) : विशाल धन का स्वामी।

महासार-जातक : एक बंदरी रानी की मोतियों की माला उठा ले गई (९२)।

महासावक (नपुं.) : महाश्रावक, महान शिष्य।

महासीलव-जातक : मंत्री ने राजा के रनिवास को दूषित किया। राजा ने उसे देश-निकाला दे दिया (५१)।

महासुक-जातक : गूलर के वृक्ष के फल रहित हो जाने पर भी तोते ने उसका परित्याग नहीं किया (४२९)।

महासुतसोम-जातक : मनुष्य मांस भोजी राजा की कथा (५३७)।

महासुदस्सन-जातक : महासुदस्सन की मृत्यु का वृत्तांत (९५)।

महासुपिन-जातक : कोसल नरेश प्रसेनजित द्वारा देखे गये सोलह महान स्वप्नों की व्याख्या (७७)।

महाहंस-जातक : रानी की बलवती इच्छा हुई कि स्वर्ण-वर्ण राजहंस उसे सिंहासन पर बैठ धर्मोपदेश दे (५३४)।

महिंसासक : स्थविरवाद से पृथक हो जाने वाला एक और बौद्ध पंथ ।

महिका (स्त्री.) : धुंध।

महिच्छ (वि.) : अत्यंत लोभी।

महिच्छता (स्त्री.) : अत्यधिक लोभ।

महित (वि.) : पूजित।

महिद्धिक (वि.) : महा-ऋद्धिवान।

महिन्द (पु.) : महान इंद्र; भिक्षुणी संघमित्रा के भाई तथा महाराज अशोक के सुपुत्र, जो महामोग्गलिपुत्त तिस्स की प्रेरणा से धम्म-प्रचारार्थ सिंहल पहुंचे थे।

महिला (स्त्री) : स्त्री।

महिलामुख-जातक : महिलामुख नामक राजकीय हाथी की कथा (२६)।

महिस (पु.) : भैंसा।

महिस-जातक : भैंसे ने बंदर द्वारा की गई सभी शरारतों को सहन किया। वह बंदर एक दूसरे भैंसे द्वारा मारा गया (२७८)।

महिसमण्डल : महादेव स्थविर का धर्म प्रचार क्षेत्र, वर्तमान मैसूर।

महिस्सर (पु.) : महेश्वर, महादेव।

मही (स्त्री.) : पृथ्वी, नदी-विशेष।

महीतल (नपुं.) : जमीन की सतह।

महीधर (पु.) : पर्वत।

महीपति / **महीपाल** (पु.) : राजा।

महीरूह (पु.) : वृक्ष, पेड़।

महेसक्ख (वि.) : महाप्रतापशाली।

महेसि (पु.) : महर्षि।

महेसी (स्त्री.) : रानी।

महोघ (पु.) : भयंकर बाढ़।

महोदधि (वि.) : समुद्र, सागर, महासागर ।

महोदर (वि.) : बडे पेट वाला।

महोरग (पु.) : सांपों (नागों) का राजा।

महोसध (नपुं.) : सोंठ, सूखा अदरक।

मा (अ.) : निषेधार्थक, मत, नहीं; (पु.) चांद।

मागध / **मागधक** (वि.) : मगध संबंधी।

मागधी (स्त्री.) : मगध की भाषा, पालि भाषा का प्रारंभिक नाम।

मागविक (पु.) : शिकारी।

मागसिर (पु.) : मार्गशीर्ष महीना।

माघ (पु.) : महीना-विशेष।

माघात (पु.) : हत्या से विरत रहने की आज्ञा।

माणव / **माणवक** (पु.) : तरुण, ब्रह्मचारी, छात्र।

माणविका / **माणवी** (स्त्री.) : तरुणी, ब्रहमचारिणी, छात्रा।

मातङ्ग (पु.) : हाथी का नाम, नीची मानी जाने वाली जाति।

मातली : इंद्र के सारथी का नाम।

मातापितु (पु.) : माता-पिता।

मातापेत्तिक (वि.) : माता-पिता से आगत।

मातापेत्तिभर (वि.) : माता-पिता की सेवा / भरण-पोषण करने वाला।

मातामह (पु.) : नाना।

मातामही (स्त्री.) : नानी।

मातिक (वि.) : माता संबंधी।

मातिका (स्त्री.) : जल-मार्ग; अनुक्रमणिका, पातिमोक्ख नियमावलि।

मातिपक्ख (पु.) : मातृपक्ष।

मातु (स्त्री.) : माता, माँ।

मातुकुच्छि (पु.) : माता की कोख।

मातुगाम (पु.) : नारी, महिला।

मातुघात (पु.) : मातृ-हत्या।

मातुघातक (पु.) : मातृ-हत्यारा।

मातुच्छा / **मातुभगिनी** (स्त्री.) : मौसी।

मातुपट्ठान (नपुं.) : माता की सेवा।

वल्लिभ (पु.) : कद्दू।

वल्ली (स्त्री.) : लता।

वल्लूर (नपुं.) : सूखी मछली।

ववत्थपेति (क्रि.) : व्यवस्था करता है, निश्चित करता है।

ववत्थापन (नपुं.) : व्यवस्थापन, स्थिर करना, निश्चित करना।

ववत्थेति (क्रि.) : विश्लेषण करता है, व्याख्या करता है।

वस (पु.) : अधिकार, प्रभाव।

वसग / **वसङ्गत** (वि.) : जो किसी के अधिकार में हो।

वसति (क्रि.) : वास करता है, रहता है।

वसन (नपुं.) : वस्त्र; रहना, रहने का स्थान।

वसनक (वि.) : रहने वाला।

वसनट्ठान (नपुं.) : निवास-स्थान।

वसन्त (पु.) : वसंत ऋतु।

वसल (पु.) : वृषल, अंत्यज।

वसवत्तक / **वसवत्ती** (वि.) : शक्तिशाली, प्रभावशाली।

वसवत्तन (नपुं.) : वशवर्ती होना, प्रभाव।

वसानुग / **वसानुवत्ती** (वि.) : आज्ञाकारी।

वसा (स्त्री.) : चर्बी।

वसापेति (क्रि.) : बसाता है, ठहरवाता है।

वसिता (स्त्री.) : वश में होना, दक्षता।

वसिप्पत्त (वि.) : जिसने वश में कर लिया।

वसी (वि.) : वश वाला, शक्तिशाली।

वसीकत (वि.) : वशीकृत।

वसीभाव (पु.) : वश में होना।

वसीभूत (वि.) : वश में हुआ।

वसु (नपुं.) : धन।

वसुधा / **वसुन्धरा** / **वसुमति** (स्त्री.) : पृथ्वी।

वस्स (नपुं., पु.) : वर्ष, साल, वर्षा।

वस्सकाल (पु.) : वर्षाकाल।

वस्सग्ग (नपुं.) : भिक्षुओं का ज्येष्ठपन।

वस्सति (क्रि.) : बरसता है, आवाज निकालता है।

वस्सन (नपुं.) : बरसना, जानवर की आवाज।

वस्सान (पु.) : वर्षा रुतु।

वस्सापनक (वि.) : बरसाने वाला।

वस्सापेति (क्रि.) : बरसाता है।

वस्सिक (वि.) : वर्षा ऋतु संबंधी, इतने वर्ष (आयु) वाला।

वस्सिका (स्त्री.) : चमेली ।

वस्सित (वि.) : बरसा हुआ।

वस्सूपगत (वि.) : वर्षा का मौसम बिताने वाला, वस्सावास करने वाला (भिक्षु)।

वहति (क्रि.) : ढोता है, धारण करता है, सहन करता है, बहता है।

वहन (नपुं.) : ढोना, ले जाना, बहना।

वहनक (वि.) : लाता हुआ।

वहितु (पु.) : धारण करने वाला, ले जाने वाला, सहन करने वाला।

वळवा (स्त्री.) : घोड़ी।

वळवामुख (नपुं.) : समुद्र के भीतर की आग।

वंस (पु.) : जाति, नस्ल, वंश-परंपरा, बांस, बांस की मुरली।

वंस : कोसल जनपद के दक्षिण का प्रदेश। यमुना नदी के किनारे स्थित कोसम्बी इसकी राजधानी थी।

वंसकळीर (पु.) : बांस की कोंपल।

वंसज (वि.) : वंश-विशेष में उत्पन्न।

वंसवण्ण (पु.) : वैडूर्य, बहुमूल्य नीला रत्न।

वंसागत (वि.) : वंश-परंपरा से प्राप्त।

वंसानुपालक (वि.) : वंश-परंपरा का रक्षक।

वंसिक (वि.) : वंश संबंधी।

वा (अ.) : या, अथवा।

वाक (नपुं.) : पेड़ की छाल।

वाकचीर (नपुं.) : वल्कल-चीर।

वाकमय (वि.) : वल्कल-छाल निर्मित।

वाकरा / वागुरा (स्त्री.) : हिरण पकड़ने का जाल।

वाक्करण (नपुं.) : बात-चीत।

वाक्य (नपुं.) : शब्दों का सार्थक समूह, फिकरा।

वागुरिक (पु.) : जाल का उपयोग करने वाला।

वाचक (पु.) : शिक्षक अथवा पाठक।

वाचनक (नपुं.) : पाठ।

वाचनामग्ग (पु.) : पाठ करने की पद्धति।

वाचसिक (वि.) : वाणी से संबंधित।

वाचा (स्त्री.) : शब्द, वाणी।

वाचानुरक्खी (वि.) : वाणी का संयमी।

वाचाल (वि.) : व्यर्थ बातचीत करनेवाला, बकवासी।

वाचुग्गत (वि.) : कंठस्थ।

वाचेति (क्रि.) : पढता है, पढाता है, पाठ करता है।

वाचेतु (पु.) : पढने वाला या पढाने वाला।

वाज (पु.) : तीर का पंख, पेय पदार्थ विशेष।

वाजपेय्य (नपुं.) : यज्ञ-विशेष।

वाजी (पु.) : घोडा।

वाट / वाटक (पु.) : घेरा।

वाणिज / वाणिजक (पु.) : व्यापारी।

वाणिज्ज (नपुं.) : व्यापार।

वाणी (स्त्री.) : शब्द, बोल, बात।

वात (पु.) : हवा।

वातग्गसिन्धव-जातक : गधी ने अपने प्रेम-पात्र घोड़े को लतियाया और बाद में उसके वियोग में मर गई (२६६)।

वातघातक (पु.) : वृक्ष-विशेष।

वातजव (वि.) : वायु समान वेग वाला, अत्यंत तेज।

वातपान / वातायन (नपुं.) : खिडकी, झरोखा।

वातमण्डलिका (स्त्री.) : झंझावात।

वातमिग-जातक : वातमिग रस-तृष्णा के कारण पकड़ लिया गया (१४)।

वातरोग / वाताबाध (पु.) : वायु के कारण उत्पन्न बीमारी।

वातवुट्ठि (स्त्री.) : हवा तथा वर्षा ।

वातवेग (पु.) : वायु का जोर।

वातातप (पु.) : हवा तथा धूप।

वाताभिहत (वि.) : वायु से हिलाया हुआ, वायु-ताड़ित।

वाताहट (वि.) : वायु द्वारा लाया गया।

वाति (क्रि.) : बहता है, चलता है।

वातिक (वि.) : वायु से संबंधित।

वातेरित (वि.) : वायु-संचालित।

वाद (पु.) : सिद्धांत, मत, मान्यता।

वादक (पु.), किसी वाद्य यंत्र को बजानेवाला।

वादकाम (वि.) : वाद-विवाद का इच्छुक, शास्त्रार्थ-कामी।

वादक्खित्त (वि.) : वाद-विवाद में उखड़ा हुआ।

वादपथ (पु.) : वाद-विवाद का कारण, वाद-विवाद का आधार।

वादित (वि.) : बजाया हुआ।

वादी (पु.) : मत-विशेष की स्थापना करने वाला।

वादेति (क्रि.) : वाद्य-यंत्र को बजाता है।

वान (नपुं.) : तृष्णा, चारपाई का बुनना।

वानर (पु.) : बंदर।

वानर-जातक : बंदर ने मगरमच्छ को बेवकूफ बनाया (३४२)।

वानरिन्द (पु.) : बंदरों का राजा।

वानरिन्द-जातक : बंदर ने मगरमच्छ को छकाया (५७)।

वानरी (स्त्री.) : बंदरी।

वापी (स्त्री.) : तालाब, पुष्करणी।

वापित (वि.) : बोया गया।

वाम (वि.) : बायां।

वामपस्स (नपुं.) : बायां अंग, (शरीर का) बायां हिस्सा।

वामन / **वामनक** (पु., वि.) बौना।

वाय (पु., नपुं.) : बुनना।

वायति (क्रि.) : बहता है, चलता है, सुगंधि फैलाता है; (कपड़ा) बुनता है।

वायन (नपुं.) : (हवा का), चलना, सुगंधि का फैलना।

वायमति (क्रि.) : प्रयास करता है, कोशिश करता है।

वायस (पु.) : कौवा।

वायसारि (नपुं.) : उल्लू।

वायाम (पु.) : प्रयास, प्रयत्न।

वायित (वि.) : बुना गया, बहाया हुआ।

वायिम (वि.) : बुना हुआ।

वायु (नपुं.) : हवा।

वायेति (क्रि.) : बुनवाता है।

वायो : समास में **वायु** का ही रूपांतर।

वायोकसिण (नपुं.) : चित्तेकाग्रता के लिए 'वायु' को ध्यान का विषय बनाना।

वायोधातु (स्त्री.) : वायु तत्व।

वार (पु.) : बारी, मौका।

वारक (पु.) : मटका, बडा बर्तन।

वारण : (पु.) हाथी, बाज की एक जाति; (नपुं.) वारना, रोकना, हटाना।

वारि (नपुं.) : जल।

वारिगोचर (वि.) : पानी में रहने वाला।

वारिज : (वि.) पानी में उत्पन्न; (पु.) मछली; (नपुं.) कमल।

वारित (वि., कृ.) : हटाया गया, रोका गया।

वारित्त (नपुं.) : न करना, न करने योग्य कार्य ।

वारिद / **वारिधर** / **वारिवाह** (पु.) : बादल।

वारिमग्ग (पु.) : नाली।

वारियमान (वि.) : रोका जाता हुआ, मना किया जाता हुआ।

वारुणी (स्त्री.) : शराब।

वारुणीजातक : शिष्य ने शराब में नमक मिलाया (४७)।

वारेति (क्रि.) : मना करता है, बाधा डालता है, रोकता है।

वाल (पु.) : पूंछ के बाल; (वि.) भयानक, ईर्षालु।

वालकम्बल (नपुं.) : (घोड़े के), बालों का कंबल।

वालग्ग (नपुं.) : बाल का सिरा।

वालण्डुपक (पु., नपुं.) : घोड़े के बालों की बनी कूँची या ब्रश।

वालधि (पु.) : पूंछ, दूम।

वालबीजनी (स्त्री.) : चँवरी।

वालवेधी (पु.) : बाल को बींध सकनेवाला धनुर्धारी।

वालिका / **वालुका** (स्त्री.) : बालू, रेत।

वालिकन्तार / **वालुकन्तार** (पु.) : बालू का रेगिस्तान।

वालिपुञ्ज / **वालुपुञ्ज** (पु.), बालू का ढेर ।

वालिपुलिन / **वालुपुलिन** (नपुं.) : बालू-तट।

वालोदक-जातक : घोड़ों और गधों को अंगूरी पिलाये जाने की कथा (१८३)।

वास (पु.) : रहना, प्रवास, वस्त्र, सुगंधि।

वासचुण्ण (नपुं.) : सुगंधित चूर्ण।

वासट्ठान (नपुं.) : रहने का स्थान ।

वासन (नपुं.) : सुगंधित करना, बसाना।

वासना (स्त्री.) : पूर्व-संस्कार, पूर्वस्मृति।

वासर (पु.) : दिन।

वासव (पु.) : इंद्र।

वासि (स्त्री.) : (बढई का) वसूला या बसूली।

वासिक / **वासी** (पु.) : (समास में) रहने वाला।

वासिजट (नपुं.) : बसूले की मूठ।

वासितक (नपुं.) : सुगंधित चूर्ण।

वासिफल (नपुं.) : बसूले का लोहअंश।

वासेति (क्रि.) : बसाता है, सुगंधित करता है।

वाह : (वि.) ले जाता हुआ, मार्ग दिखाता हुआ; (पु.) नेता, गाड़ी, गाड़ी का भार, माल ढोने वाला पशु, जल-धारा।

वाहक (पु.) : भार ढोने या ले जाने वाला।

वाहन (नपुं.) : गाड़ी।

वाहसा (अ.) : कारण से।

वाहिनी (स्त्री.) : सेना, नदी।

वाही (वि.) : वाहक, ले जाता हुआ।

वाहेति (व.क्रि.) : ले जाता है।

वाळमिग (पु.) : श्वापद, हिंस्र पशु, जंगली जानवर।

विकच (वि.) : विकसित हुआ, खिला हुआ।

विकट : (वि.) परिवर्तित, बदला हुआ; (नपुं.) गंदगी।

विकण्णक-जातक : राजा को जब यह मालूम हुआ कि मछलियां और कछुवे उसके संगीत पर मोहित है, तो उसने उनको रोज खाना खिलाये जाने की व्यवस्था की (२३३)।

विकति (स्त्री.) : विकृति, प्रकार, किस्म।

विकतिक (वि.) : नाना आकार-प्रकार के।

विकत्थक / विकत्थी (पु.) : शेखी बघारने वाला।

विकत्थति (क्रि.) : शेखी बघारता है।

विकत्थन (नपुं.) : शेखी बघारना।

विकन्तति (क्रि.) : काटता है।

विकन्तन (नपुं.) : काटना, काटने का चाकू।

विकप्प (पु.) : विचार, विकल्प, अनिश्चय।

विकप्पन (नपुं.) : अस्थिरता।

विकप्पेति (क्रि.) : संकल्प करता है, व्यवस्था करता है, परिवर्तन करता है।

विकम्पति (क्रि.) : कांपता है।

विकम्पन (नपुं.) : कांपना।

विकरोति (क्रि.) : परिवर्तन करता है।

विकल / विकलक (वि.) : सदोष, अभावपूर्ण।

विकसति (क्रि.) : विकसित होता है।

विकार (पु.) : परिवर्तन, तबदीली, विकृति।

विकाल (पु.) : अनुचित समय, मध्यान्होत्तर तथा रात्रि।

विकालभोजन (नपुं.) : मध्यान्होत्तर तथा रात्रि का भोजन।

विकास (पु.) : फैलाव।

विकासेति (क्रि.) : विकसित करता है, प्रकाशित करता है।

विकिण्ण (वि.) : विकीर्ण, बिखरा हुआ।

विकिण्णकेस (वि.) : बिखरे हुए बाल वाला।

विकिरण (नपुं.) : बिखेरना।

विकिरति (क्रि.) : बिखेरता है, छिड़कता है, फैलाता है।

विकिरीयति (क्रि.) : बिखेरा जाता है।

विकुणित (वि.) : विकृत।

विकुब्बति (क्रि.) : परिवर्तन करता है, प्रातिहार्य (करिश्मे) करता है।

विकुब्बन (नपुं.) : ऋद्धि-बल का प्रदर्शन।

विकूजति (क्रि.) : कूजता है, शब्द करता है, चहचहाता है।

विकूजन (नपुं.) : पक्षियों का कूजना, चहचहाना।

विकूल (वि.) : ढलान।

विकोपन (नपुं.) : कुपित करना, हानि पहुंचाना।

विकोपेति (क्रि.) : कुपित करता है, हानि पहुंचाता है।

विक्कन्त (नपुं.) : विक्रांत-भाव, वीरता।

विक्कन्दति (क्रि.) : चिल्लाता है, चीखता है।

विक्कम (पु.) : विक्रम, शक्ति।

विक्कमन (नपुं.) : प्रयास, गमन।

विक्कय (पु.) : विक्रय, विक्री।

विक्कयभण्ड (नपुं.) : विक्री का सामान।

विक्कयिक / **विक्केतु** (पु.) : विक्रय करने वाला।

विक्किणाति (क्रि.) : बेचता है।

विक्खम्भ (पु.) : व्यास, गोलाकार के एक सिरे से दूसरे सिरे तक मध्यबिंदु में से होकर गुजरती हुई रेखा।

विक्खम्भन (नपुं.) : रोकना, त्यागना, हटाना, दबाना।

विक्खम्भेति (क्रि.) : त्यागता है, हटाता है, दबाता है।

विक्खालेति (क्रि.) : धोता है।

विक्खित्त (वि.) : विक्षिप्त, अस्वस्थ।

विक्खित्तक : (वि.) सर्वत्र बिखरा हुआ; (नपुं.) सर्वत्र बिखरा हुआ मृतक शरीर।

विक्खित्तचित्त (वि.) : अस्वस्थ-चित्त, पागल।

विक्खिपति (क्रि.) : विक्षेप उत्पन्न करता है।

विक्खिपन (नपुं.) / **विक्खेप** (पु.) : विक्षेप, गडबडी।

विक्खेपक (वि.) : गड़बड़ी मचाने वाला, विक्षेप उत्पन्न करने वाला।

विक्खोभन (नपुं.) : विक्षोभ, गड़बड़ी।

विक्खोभेति (क्रि.) : हिलाता-डुलाता है, क्षुब्ध करता है।

विगच्छति (क्रि.) : विदा होता है।

विगत (वि.) : चला गया, विरहित हो गया।

विगतखिल (वि.) : दोष-रहित।

विगतरज (वि.) : रज-रहित।

विगतास (वि.) : तृष्णा-रहित।

विगतासव (वि.) : चित्तमैल रहित, अर्हत।

विगम (पु.) / **विगमन** (नपुं.) : विदा, प्रस्थान।

विगय्ह (पू.क्रि.) : प्रविष्ट होकर, गोता लगाकर।

विगरहति (क्रि.) : निंदा करता है, गाली देता है।

विगलित (वि.) : स्थान से च्युत, पतित।

विगाहति (क्रि.) : प्रविष्ट होता है, डुबकी लगाता है।

विगाहन (नपुं.) : डुबकी लगाना, प्रविष्ट होना।

विग्गय्ह (पू.क्रि.) : विग्रह करके, विश्लेषण करके, झगड़ा करके।

विग्गह (पु.) : झगड़ा, विवाद, शरीर, शब्द-व्युत्पत्ति।

विग्गाहिककथा (स्त्री.) : झगड़े की बातचीत।

विघट्टन (नपुं.) : प्रहार देना ।

विघाटन (नपुं.) : उद्घाटन, विवृत्त करना, ढीला करना।

विघाटेति (क्रि.) : खोलता है, तोड़ता है।

विघात (पु.) : विनाश, दुरावस्था, विद्वेष।

विघातेति (क्रि.) : हत्या करता है, नष्ट करता है।

विघास (पु.) : बचा हुआ भोजन।

विघासाद (पु.) : अवशिष्ट भोजन खाने वाला।

विघास-जातक : तपस्वी ने तपस्वी जीवन का स्वरूप स्पष्ट किया (३९३)।

विचक्खण : (वि.) विचक्षण, चतुर; (पु.) बुद्धिमान आदमी।

विचय (पु.) : (धर्म-) विवेचन, अन्वेषण।

विचरण (नपुं.) : विचरना, घुमना, आना-जाना।

विचरति (क्रि.) : घूमता है, आता-जाता है।

विचार (पु.) / **विचारण** (नपुं.) / **विचारणा** (स्त्री.) : खोजना, चिंतन करना, व्यवस्था करना, योजना बनाना।

विचारक (पु.) : विचार करने वाला, खोज-बीन करने वाला, व्यवस्थापक।

विचारेति (क्रि.) : सोचता है, व्यवस्था करता है, योजना बनाता है।

विचिकिच्छति (क्रि.) : संदेह करता है, हिचकिचाता है।

विचिकिच्छा (स्त्री.) : संदेह, हिचकिचाना।

विचिण्ण / **विचित** (वि.) : सोचा हुआ, चिंतित, चुना हुआ।

विचित्त (वि.) : विचित्र, अलंकृत, सजाया गया।

विचिनन (नपुं.) : विवेचन करना, चुनाव करना।

विचिनाति (क्रि.) : विचार करता है, चुनाव करता है, संग्रह करता है।

विचिन्तिय (पू.क्रि.) : विचार करके।

विचिन्तेति (क्रि.) : विचार करता है, मनन करता है, चिंतन करता है।

विचुण्ण (वि.) : चूर्ण किया गया, टुकड़े-टुकड़े किया गया।

विचुण्णेति (क्रि.) : पीसता है, चूर्ण बनाता है, टुकड़े-टुकड़े करता है।

विच्छिक (पु.) : बिच्छु।

विच्छिद्दक (वि.) : छिद्रों से भरा हुआ।

विच्छिन्दति (क्रि.) : काटता है, रोकता है, बाधक होता है।

विच्छिन्न (वि.) : कटा हुआ, पृथक किया हुआ।

विच्छेद (पु.) : काट, पार्थक्य।

विजटन (नपुं.) : सुलझाना, सुलझावट।

विजटित (वि.) : सुलझाया हुआ।

विजटेति (क्रि.) : सुलझाता है।

विजन (वि.) : जन-रहित, शून्य-स्थान।

विजनवात (वि.) : एकान्त, सूनापन लिये।

विजम्भति (क्रि.) : अंगड़ाई लेता है, जम्हाई लेता है।

विजम्भना (स्त्री.) : अंगड़ाई लेना, जम्हाई लेना।

विजम्भिका (स्त्री.) : जम्हाई, उबासी।

विजय (पु.) : जीत।

विजय : सिंहल-द्वीप का प्रथम महान राजा, सिंह-बाहु तथा सिंह-सीवली की संतान।

विजयति (क्रि.) : जीतता है।

विजहति (क्रि.) : छोड़ता है, त्याग देता है।

विजहन (नपुं.) : परित्याग।

विजहित (वि.) : परित्यक्त।

विजाता (स्त्री.) : जननी, शिशु-माता, जिसने अभी शिशु को जन्म दिया हो।

विजातिक (वि.) : विदेशी, दूसरी जाति का।

विजानन (नपुं.) : ज्ञान, पहचान।

विजानाति (क्रि.) : जानता है, पहचानता है।

विजायति (क्रि.) : जन्म देती है।

विजायन (नपुं.) : जन्म देना।

विजायिनी (स्त्री.) : बच्चे को जन्म दे सकने वाली।

विजित : (वि.) जीता गया; (नपुं.) राज्य।

विजितसङ्गाम (वि.) : संग्राम में विजयी, लड़ाई जीतने वाला।

विजितावी (पु.) : विजयी।

विजिनाति (क्रि.) : जीत लेता है।

विज्जट्ठान (नपुं.) : अध्ययन का विषय।

विज्जति (क्रि.) : विद्यमान होता है, पाया जाता है।

विज्जन्तरिका (स्त्री.) : बिजली कड़कने के बीच का समय।

विज्जा (स्त्री.) : विद्या, ज्ञान।

विज्जाचरण (नपुं.) : विद्या तथा आचरण।

विज्जाधर (वि.) : ओझा, जादू टोना करने वाला।

विज्जाविमुत्ति (स्त्री.) : विद्या द्वारा विमुक्ति।

विज्जु / **विज्जुता** / **विज्जुल्लता** (स्त्री.) : बिजली।

विज्जोतति (क्रि.) : चमकता है।

विज्झति (क्रि.) : बींधता है, छेद करता है, चीरता है।

विज्झन (नपुं.) : बींधना, निशाना लगाना।

विज्झापेति (क्रि.) : (आग) बुझाता है।

विज्झायति (क्रि.) : बुझता है।

विञ्ञत्त (वि.) : सूचित।

विञ्ञत्ति (स्त्री) : सूचना।

विञ्ञाण (नपुं.) : विज्ञान, चेतना।

विञ्ञाणक (वि.) : सचेतन।

विञ्ञाणक्खन्ध (पु.) : विज्ञान-स्कन्ध।

विञ्ञाणट्ठिति (स्त्री.), विज्ञान-स्थिति, चेतना की अवस्था।

विञ्ञाणधातु (स्त्री.) : विज्ञान, चेतना, चित्त, मन।

विञ्ञात (वि.) : विज्ञात, ज्ञात, जाना गया।

विञ्ञातब्ब (वि.) : जानने योग्य, समझने योग्य।

विञ्ञातु (पु.) : जानने वाला।

विञ्ञापक (पु.) : जानने वाला, शिक्षक।

विञ्ञापन (नपुं.) : विज्ञापन, जानकारी।

विञ्ञापय (वि.) : शैक्ष, जिसे सिखाया जा सके।

विञ्ञापित (वि.) : सूचित किया हुआ।

विञ्ञापेति (क्रि.) : सूचित करता है, शिक्षा देता है।

विञ्ञापेतु (पु.) : सूचना देने वाला, शिक्षक।

विञ्ञाय (पू.क्रि.) : जानकर, सीखकर।

विञ्ञायति (क्रि.) : जाना जाता है।

विञ्ञू : (वि.) बुद्धिमान, ज्ञाता, विज्ञ; (पु.) बुद्धिमान आदमी।

विञ्ञुता (स्त्री.) : विज्ञता, विवेक।

विञ्ञुप्पसत्थ (वि.) : बुद्धिमानों द्वारा प्रशंसित।

विञ्ञेय्य (वि.) : जानने योग्य।

विटङ्क (पु., नपुं.), कबूतर का दरबा।

विटप (पु.) : शाखा।

विटपी (पु.) : शाखा वाला, वृक्ष, पेड़।

विडूडभ : पसेनदि (प्रसेनजित) तथा वासभ खत्तिया का पुत्र, प्रसिद्ध सेनापति।

विडोज (पु.) : इंद्र।

वितक्क (पु.), वितर्क।

वितक्कन (नपुं.) : विचार, मनन।

वितक्केति (क्रि.) : विचार करता है, मनन करता है।

वितच्छिका (स्त्री.) : खुजली।

वितच्छेति (क्रि.) : छिलका उतारता है, चिकना करता है।

वितण्डवाद (पु.) : व्यर्थ का वाद-विवाद।

वितत (वि.) : फैलाया हुआ, विस्तृत किया गया।

वितथ (वि., नपुं) : असत्य, अयथार्थ, झूठ।

वितनोति (क्रि.) : फैलाता है।

वितरण (नपुं.) : बांटना।

वितरति (क्रि.) : बांटता है।

वितान (नपुं.) : चंदवा।

वितुदति (क्रि.) : चुभोता है।

वितुदन (नपुं.) : चुभोना।

वित्त (नपुं.) : धन, संपत्ति।

वित्ति (स्त्री.) : प्रीति।

वित्थ (नपुं.) : शराब पीने का पात्र।

वित्थम्भन (नपुं.) : विस्तार।

वित्थम्भेति (क्रि.) : फैलाता है।

वित्थार (पु.) : व्याख्या, विस्तार।

वित्थारकथा (स्त्री.) : टीका।

वित्थारतो (क्रि.वि.) : विस्तार से।

वित्थारिक (वि.) : विस्तारित, फैला हुआ।

वित्थारेति (क्रि.) : विस्तार करता है, फैलाता है।

विदत्थि (स्त्री.) : बालिश्त, नाप-विशेष।

विदहति (क्रि.) : व्यवस्था करता है।

विदारण / **विदालन** (नपुं.) : चीरना-फाड़ना।

विदारित / **विदालित** (वि.) : चीरा गया, फाड़ा गया।

विदारेति / **विदालेति** (क्रि.) : चीरता है, फाड़ता है।

विदित (वि.) : ज्ञात।

विदितत्त (नपुं.) : जान लिये जाने का भाव।

विदिसा (स्त्री.) : कुतुबनुमा का मध्यबिंदु।

विदुग्ग (नपुं.) : कठिन स्थल, कठिनाई से पहुँचा जा सकनेवाला किला।

विदू (वि., पु.) : बुद्धिमान।

विदूर (वि.) : अति दूर।

विदूर-जातक : देखो **सुचिर-जातक**।

विदूसित (वि.) : दूषित, भ्रष्ट।

विदूसेति (क्रि.) : दूषित करता है, भ्रष्ट करता है।

विदेस (पु.) : विदेश।

विदेसिक / **विदेसी** (वि.) : विदेशी।

विदेह : वज्जि जनपद का एक भाग विदेह था, जिसकी राजधानी थी मिथिला नगरी।

विद्दसु (वि.) : बुद्धिमान।

विद्देस (पु.) : शत्रुता, विद्वेष।

विद्ध (वि.) : बींधा गया।

विद्धंसक / विधमक (वि.) : विध्वंस करने वाला।

विद्धंसन (नपुं.) : विध्वंस करना, विनष्ट करना।

विद्धंसेति / विधमति (क्रि.) : विध्वंस करता है, विनष्ट करता है।

विध (वि.) : (समास में) नाना प्रकार का, बहुविध।

विधमन (नपुं.) : विनाश।

विधमेति (क्रि.) : विध्वंस करता है, बिखेरता है।

विधवा (स्त्री.) : जिसके पति का देहांत हो गया हो।

विधा (स्त्री.) : प्रकार, ढंग, अभिमान, अहंकार।

विधातु (पु.) : विधाता, सृष्टि रचयिता।

विधान (नपुं.) : व्यवस्था, आज्ञा, पद्धति।

विधायक (वि.) : व्यवस्था करने वाला।

विधावति (क्रि.) : दौड़ता-भागता है।

विधावन (नपुं.) : दौड़ना-भागना।

विधि (पु.) : ढग, भाग्य, प्रकार, पद्धति।

विधुनाति (क्रि.) : धुनता है।

विधुर (वि.) : विदुर, खरिदने-बेचने में कुशल, तनहा, एकाकी।

विधुरपण्डित-जातक : विधुर पंडित ने, चारों राजाओं में से कौन सबसे ज्यादा शीलवान है, इस प्रश्न का उत्तर दिया (५४५)।

विधूत (वि.) : धुना गया।

विधूपन (नपुं.) : पंखा, पंखा करना, छौंकना, धुआं देना।

विधूपेति (क्रि.) : छौंकता है, धुआं देता है, बिखेरता है।

विधूम (वि.) : धूम्र-रहित, राग-रहित।

विधेय्य (वि.) : आज्ञाकारी।

विनट्ठ (वि.) : विनष्ट।

विनत (वि.) : झुका हुआ।

विनता : गरुडों की माता।

विनद्ध (वि.) : घेरा हुआ, लपेटा हुआ।

विनन्धति (क्रि.) : घेरता है, लपेटता है।

विनन्धन (नपुं.) : लपेटना।

विनय (पु.) : भिक्षु-जीवन के नियम-उपनियम।

विनयधर (वि.) : विनय का विशेषज्ञ।

विनयन (नपुं.) : हटा देना, दूर करना, नियमबद्ध करना, शिक्षित करना।

विनयपिटक : भिक्षुओं के नियम-उपनियमों का संग्रह।

विनयवादी (पु.) : विनय के नियमों के समर्थन में बोलने वाला।

विनळीकत (वि.) : नष्ट किया हुआ।

विनस्सति (क्रि.) : नष्ट होता है।

विनस्सन (नपुं.) : नष्ट होना।

विना (अ.) : रहित।

विनाति (क्रि.) : बुनता है।

विनाभाव (पु.) : पार्थक्य, अलगाव।

विनाम / विनामन (नपुं.) : शरीर का झुकाना।

विनामेति (क्रि.) : झुकाता है।

विनायक (पु.) : महान नेता, बुद्ध।

विनास (पु.) : विनाश।

विनासक (वि.) : विनाश करने वाला।

विनासन (नपुं.) : विनाश करना।

विनासेति (क्रि.) : नष्ट कराता है, दूषित करता है।

विनिग्गत (वि.) : बाहर निकला हुआ।

विनिच्छय (पु.) : विनिश्चय, फैसला।

विनिच्छयकथा (स्त्री.) : विश्लेषणात्मक वार्ता।

विनिच्छयट्ठान (नपुं.) / **विनिच्छयसाला** (स्त्री.) : न्यायालय, कचहरी।

विनिच्छित (वि.) : निश्चय हुआ, फैसला हुआ।

विनिच्छिनन (नपुं.) : फैसला देना।

विनिच्छिनाति / **विनिच्छेति** (क्रि.) : खोज-बीन करता है, फैसला देता है।

विनिधाय (पू.क्रि.) : अनुचित व्यवस्था करके, अनुचित स्थापना करके।

विनिपात (पु.) : दुःख भोगने का स्थान, नरक।

विनिपातिक (वि.) : नरक में गिरने वाला।

विनिपातेति (क्रि.) : नाश का / पतन कारण होता है।

विनिबद्ध (वि.) : संबंधित।

विनिबन्ध (पु.) : बंधन, आसक्ति।

विनिब्भुजति (क्रि.) : पृथक-पृथक करता है, बांटता है।

विनिब्भोग (पु.) : पृथक्करण।

विनिमय (पु.) : अदला-बदली।

विनिमोचेति (क्रि.) : अपने-आपको मुक्त करता है, छुटकारा पाता है।

विनिम्मुत्त (वि.) : विमुक्त।

विनिवट्टेति (क्रि.) : लोट-पोट होता है, फिसलता है।

विनिविज्झति (क्रि.) : बींध डालता है।

विनिविज्झन (नपुं.) : बींधना।

विनिविद्ध (वि.) : बींधा गया।

विनिवेठेति (क्रि.) : बन्धन-मुक्त करता है, सुलझाता है।

विनिवेठन (नपुं.) : बन्धन मुक्त होना या करना, सुलझाना।

विनीत (वि.) : शिक्षित, अभ्यस्त।

विनीलक-जातक : हंस और कौवे के मेल से विनीलक का जन्म हुआ (१६०)।

विनीवरण (वि.) : चित्त-मलों से मुक्त।

विनेति (क्रि.) : शिक्षित करता है।

विनेतु (पु.) : शिक्षक।

विनेयजन (पु.) : बुद्ध द्वारा विनीत किये जानेवाले लोग।

विनेय्य : (पू.क्रि.) हटाकर; (वि.) शिक्षित किये जाने योग्य।

विनोद (पु.) : प्रीति, आनंद।

विनोदन (नपुं.) : हटाना, दूर करना।

विनोदेति (क्रि.) : दूर करता है, हटाता है।

विन्दक (पु.) : अनुभव करने वाला।

विन्दति (क्रि.) : अनुभव करता ।

विन्दियमान (वि.), अनुभव किया जाता हुआ।

विपक्ख (वि.) : विपक्ष, विरोधी।

विपक्खिक (वि.) : विरोधी का पक्षपाती।

विपच्चति (क्रि.) : पकता है, फल देता है।

विपज्जति (क्रि.) : व्यर्थ सिद्ध होता है, विनष्ट होता है।

विपज्जन (नपुं.) : व्यर्थ सिद्ध होना, नष्ट होना।

विपत्ति (स्त्री.) : असफलता, मुसीबत।

विपथ (पु.) : कुमार्ग।

विपन्न (वि.) : विपद्-ग्रस्त।

विपन्नदिट्ठि (वि.) : मिथ्या-दृष्टि वाला।

विपन्नसील (वि.) : शील-भ्रष्ट।

विपरिणत (वि.) : परिवर्तित, रागी।

विपरिणाम (पु.) : परिवर्तन।

विपरिणामेति (क्रि.) : परिवर्तित करता है, बदलता है।

विपरियय / **विपरियाय** / **विपरियेस** (पु.) : विरुद्ध भाव, प्रतिकूल होना।

विपरिवत्तति (क्रि.) : उलट होता है।

विपरिवत्तन (नपुं.) : परिवर्तन, उलट देना।

विपरीत (वि.) : उलटा, बदल दिया गया।

विपरीतता (स्त्री.) : विरोधी भाव।

विपल्लत्थ (वि.) : पलट दिया गया।

विपल्लास (पु.) : पलटा खा जाना, विपर्यास, व्यतिरेक।

विपस्सक (वि.) : अंतर्दृष्टि-वाला।

विपस्सति (क्रि.) : यथाभूत देखता है, अंतर्दृष्टि प्राप्त करता है।

विपस्सना (स्त्री.) : विपश्यना, अंतर्दृष्टि।

विपस्सनाञाण (नपुं.) : विपश्यना-ज्ञान।

विपस्सनाधुर (नपुं.) : विपश्यना-पथ।

विपस्सी (पु.) : विपश्यी, अंतर्दृष्टि-युक्त \।

विपाक (पु.) : परिणाम, फल।

विपिट्ठिकत्वा (पू.क्रि.) : (किसी की ओर) पीठ करके, मुँह फेरकर।

विपिन (नपुं.) : जंगल।

विपुल (वि.) : विशाल।

विपुलता (स्त्री.) / **विपुलत्त** (नपुं.) : विशालता, प्रचुरता, आधिक्य।

विप्प (पु.) : विप्र, ब्राह्मण।

विप्पकत (वि.) : अधूरा।

विप्पकार (पु.) : परिवर्तन, बजाय।

विप्पकिण्ण (वि.) : बिखेरा हुआ।

विप्पकिरति (क्रि.) : चारों तरफ बिखेरना, नष्ट करना।

विप्पकुल (नपुं.) : ब्राह्मण-कुल।

विप्पजहति (क्रि.) : छोड़ देता है, त्याग देता है।

विप्पटिपज्जति (क्रि.) : गलती करता है, दोष-भागी होता है।

विप्पटिपत्ति (स्त्री.) : दुराचरण।

विप्पटिपन्न (वि.) : कुपथ-गामी।

विप्पटिसार (पु.) : पश्चात्ताप।

विप्पमुत्त (वि.) : विमुक्त।

विप्पयुत्त (वि.) : पृथक किया हुआ।

विप्पलपति (क्रि.) : विलाप करता है।

विप्पलाप (पु.) : प्रलाप।

विप्पलुज्जति (क्रि.) : टुकडे-टुकडे हो जाता है।

विप्पवसति (क्रि.) : अनुपस्थित होता है, प्रवास करता है।

विप्पवास (पु.) : अनुपस्थिति, प्रवास।

विप्पवुत्थ (वि.) : अनुपस्थित, प्रवासी।

विप्पसन्न (वि.) : अति स्पष्ट, तेजस्वी, शुद्ध।

विप्पसीदति (क्रि.) : स्पष्ट होता है।

विप्पहान (नपुं.) : प्रहाण, त्याग देना।

विप्फन्दति (क्रि.) : फड़फड़ाता है, हाथ-पैर मारता है।

विप्फन्दन (नपुं.) : संघर्ष करना, फड़फड़ाना, हाथ-पैर मारना।

विप्फार (पु.) : विस्तार।

विप्फारिक / **विप्फारित** (वि.) : विस्तृत, फैलाया हुआ।

विप्फुरण (नपुं.) : व्याप्ति।

विप्फुरति (क्रि.) : व्याप्त होता है, हलचल करता है, कांपता है।

विप्फुलिङ्ग (नपुं.) : स्फुलिंग, अग्निकण।

विफल (वि.) : व्यर्थ, निष्फल।

विबन्ध (पु.) : बंधन।

विबाधक (वि.) : बाधा डालने वाला, हानि पहुंचाने वाला।

विबाधति (क्रि.) : बाधा डालता है, रुकावट डालता है।

विबाधन (नपुं.) : बाधा, रुकावट।

विब्भन्त (वि.) : विभ्रांत।

विब्भन्तक (वि.) : जिसने भिक्षु-जीवन त्याग दिया हो।

विब्भमति (क्रि.) : कुपथगामी होता है, भटक जाता है, भिक्षु-जीवन त्याग देता है।

विभङ्ग (पु.) : बँटवारा, विभाग, वर्गीकरण ।

विभङ्ग : विनय-पिटक के पाराजिक तथा पाचित्तिय दोनों ग्रंथों का सामूहिक नाम।

विभङ्गप्पकरण : अभिधम्मपिटक के सात प्रकरणों में से दूसरा प्रकरण या ग्रंथ।

विभजति (क्रि.) : बँटवारा करता है, वर्गीकरण करता है।

विभज्ज (पू.क्रि.) : विभक्त करके, विश्लेषण करके।

विभज्जवाद (पु.) : युक्तिवाद, विभक्तकरणवाद।

विभज्जवादी (पु.) : थेरवाद का अनुयायी।

विभत्त (वि.) : विभक्त, बँटा हुआ।

विभत्ति (स्त्री.) : वर्गीकरण, विभक्ति(-रूप)।

विभव (पु.) : धन, ऐश्वर्य।

विभाग (पु.) / **विभाजन** (नपुं.) : बँटवारा।

विभात (वि.) : चमकीला, तेजस्वी।

विभाति (क्रि.) : चमकता है।

विभावन (नपुं.) / **विभावना** (स्त्री.) : व्याख्या, भाष्य।

विभावी (वि., पु.) : प्रज्ञावान।

विभावेति (क्रि.) : स्पष्ट करता है।

विभीतक (पु.) / **विभीतकी** (स्त्री.) : बहेड़ा।

विभूत (वि.) : स्पष्ट ।

विभूति (स्त्री.) : प्रताप, ऐश्वर्य।

विभूसन (नपुं.) : आभूषण, सजावट।

विभूसित (वि.) : विभूषित।

विभूसेति (क्रि.) : सजाता है, अलंकृत करता है।

विमति (स्त्री.) : संदेह, शक।

विमतिच्छेदक (वि.) : संदेह की निवृत्ति करने वाला।

विमन (वि.) : असंतुष्ट।

विमल (वि.) : निर्मल, स्वच्छ।

विमान (नपुं.) : भवन।

विमानपेत (पु.) : प्रेत-विशेष।

विमानवत्थु : दिव्य भवनों की कहानियों का खुद्दकनिकाय का एक ग्रंथ।

विमानन (नपुं.) : अनादर, अपमान।

विमानेति (क्रि.) : अनादर करता है।

विमुख (वि.) : लापरवाह।

विमुच्चति (क्रि.) : मुक्त होता है, मुक्त किया जाता है।

विमुच्चन / विमोचन (नपुं.) : मुक्ति, मुक्त करना।

विमुञ्चति (क्रि.) : मुक्त होता है।

विमुत्त (वि.) : विमुक्त।

विमुत्ति (स्त्री.) : विमुक्ति।

विमुत्तिरस (पु.) : मुक्ति-रस।

विमुत्तिसुख (नपुं.) : मुक्ति-सुख।

विमोक्ख (पु.) : विमुक्ति, विमोक्ष।

विमोचक (पु.) : मुक्त करने वाला।

विमोचेति (क्रि.) : मुक्त करता है।

विमोहेति (क्रि.) : मोह में डालता है, भ्रम उत्पन्न करता है।

विम्हय (पु.) : विस्मय, आश्चर्य।

विम्हापक (वि.) : आश्चर्य में डालने वाला, चकित करने वाला।

विम्हापन (नपुं.) : आश्चर्य में डालना।

विम्हापेति (क्रि.) : आश्चर्य उत्पन्न करता है, चकित करता है।

विम्हित (वि.) : विस्मित, चकित।

विय (अ.) : समान, जैसा (तुलनार्थक)।

वियत्त (वि.) : व्यक्त, पंडित।

वियूहति (क्रि.) : हटाता है, बिखेरता है।

वियूहन (नपुं.) : हटाना, बिखेरना।

वियूळ्ह / व्यूळ्ह (वि.) : एकत्रित।

वियोग (पु.) : पृथक होना।

विरचयति (क्रि.) : रचना करता है, निर्माण करता है।

विरचित (वि.) : रचा हुआ।

विरज (वि.) : निर्मल, शुद्ध।

विरज्जति (क्रि.) : वैराग्य को प्राप्त होता है, अनासक्त होता है।

विरज्जन (नपुं.) : विरक्त होना।

विरज्झति (क्रि.) : चूक जाता है।

विरत (वि.) : जो रत न हो।

विरति (स्त्री.) : रति का अभाव, अनासक्ति।

विरत (वि.) : विरक्त, अनासक्त।

विरद्ध (वि.) : चूक गया।

विरमण (नपुं.) : दूर रहना, विरत रहना।

विरमति (क्रि.) : विरत रहता है।

विरल / **विरळ** (वि.) : बिरला, पतला।

विरव / **विराव** (पु.) / **विरवन** (नपुं.): चीख-चिल्लाहट।

विरवति (क्रि.) : चीखता है, चिल्लाता है।

विरह (पु.) : पार्थक्य, शून्यता।

विरहित (वि.) : खाली, शून्य, बिना।

विराग (पु.) : वैराग्य, आसक्ति का अभाव।

विरागता (स्त्री.) : राग का न होना ।

विरागी (वि.) : राग-रहित।

विराजति (क्रि.) : चमकता है।

विराजेति (क्रि.) : दूर करता है, हटाता है, नष्ट करता है।

विराधना (स्त्री.) : असमर्थता, चूक जाना।

विराधेति (क्रि.) : चूक जाता है।

विरिच्चति (क्रि.) : विरेचन किया जाता है।

विरित्त (वि.) : विरेचन हुआ।

विरिय / **वीरिय** (नपुं.) : शक्ति, सामर्थ्य, साहस।

विरियबल (नपुं.) : वीर्य बल।

विरियवन्तु (वि.) : वीर्यवान, सामर्थ्यवान।

विरियसमता (स्त्री.) : न कम और न अधिक प्रयत्न।

विरियारम्भ (पु.) : प्रयत्न का आरंभ।

विरियिन्द्रिय (नपुं.) : वीर्य, प्रयास, प्रयत्न।

विरुज्झति (क्रि.) : विरुद्ध होता है, प्रतिकूल होता है।

विरुद्ध (वि.) : विरोधी।

विरुद्धता (स्त्री.) : विरोधी-भाव।

विरुप (वि.) : कुरुप।

विरुपक्ख : नागों का अधिपति।

विरुपता (स्त्री.) : कुरुपता।

विरूळ्ह (वि.) : उगा हुआ, बढा हुआ।

विरूळ्हि (स्त्री.) : वृद्धि ।

विरूहति (क्रि.), उगता है, बढता है।

विरेक (पु.) / **विरेचन** (नपुं.) : विरेचन, जुलाब।

विरेचेति (क्रि.) : पेट की सफाई करता है।

विरोचति (क्रि.) : चमकता है।

विरोचन (नपुं.) : चमकना।

विरोचक-जातक : गीदड़ ने हाथी पर आक्रमण किया। वह उसके पाँव तले रौंदा गया (१४३)।

विरोचेति (क्रि.) : प्रकाशित करता है।

(विरोचेन्ति, विरोचेसि, विरोचित, विरोचेत्वा) ।

विरोध (पु.) / **विरोधन** (नपुं.) : प्रतिकूल होना, प्रतिकूलता।

विरोधेति (क्रि.) : विरोध करता है, बाधा डालता है।

विलग्ग (वि.) : चिपका हुआ, लगा हुआ।

विलङ्घति (क्रि.) : कूदता है, फांदता है, कलाबाजी खाता है।

विलङ्घेति (क्रि.) : उल्लंघन करता है।

विलपति (क्रि.) : प्रलाप करता है।

विलम्बति (क्रि.) : विलंब करता है, देर लगाता है, लटकता रहता है।

विलम्बन (नपुं.) : मटरगश्ती करना, देर लगाना।

विलम्बेति (क्रि.) : मुंह चिढाता है, शक्ल बनाता है, नीची नजर से देखता है।

विलय (पु.) : विलीन हो जाना, घुलमिल जाना।

विलसति (क्रि.) : चमकता है, खेलता है।

विलसित (वि.) : प्रसन्न-चित्त, शानदार।

विलाप (पु.) : रोना-पीटना, व्यर्थ की बकवास।

विलास (पु.) : सौंदर्य (हास-) विलास, नखरा।

विलासिता (स्त्री.) : नखरा।

विलासिनी (स्त्री.) : स्त्री, महिला।

विलासी (पु.) : विलास-युक्त पुरुष।

विलिखति (क्रि.) : खुरचता है, रगड़ कर चमकाता है।

विलिखित (वि.) : खुरचा हुआ।

विलित्त (वि.) : लेप किया गया।

विलिम्पति (क्रि.) : लेप करता है।

विलिम्पेति (क्रि.) : लेप करता है, अभिषेक करता है।

विलीन (वि.) : घुल-मिल गया, लीन हो गया।

विलीयति (क्रि.) : पिघल जाता है, घुल जाता है, नष्ट हो जाता है।

विलीयन (नपुं.) : घुलना।

विलीव / विलिव (नपुं.) : बांस या सरकंडे की खपची।

विलीवकार (पु.) : टोकरी बनाने वाला।

विलुग्ग (वि.) : टूटा, टुकड़े-टुकड़े हो गया।

विलुत्त (वि) : लूटा गया।

विलून (वि.) : काटा गया।

विलेख (पु.) : उलझन, काटना-पीटना, खरोंच।

विलेपन (नपुं.) : उबटन, लेप, सुगंधित चूर्ण आदि।

विलेपित (वि.) : सुगंधित लेप किया गया।

विलेपेति (क्रि.) : सुगंधित लेप करता है।

विलोकन (नपुं.) : देखना, खोज-बीन करना।

विलोकेति (क्रि.) : देखता है, खोजबीन करता है।

विलोचन (नपुं.) : आंख।

विलोपन (नपुं.) : लूट-मार।

विलोपक (पु.) : लूटमार करने वाला।

विलोम (वि.) : विरुद्ध, प्रतिकूल।

विलोमता (स्त्री.) : प्रतिकूलता, न्यूनता।

विलोमेति (क्रि.) : असहमत होता है, विवाद करता है।

विलोळन (नपुं.) : बिलोना, मथना।

विलोळेति (क्रि.) : बिलोता है, मथता है।

विवज्जन (नपुं.) : त्याग, दूर-दूर रहना।

विवज्जेति (क्रि.) : बचाता है, त्यागता है, छोड़ देता है।

विवट (वि.) : विवृत, खुला, नंगा।

विवट्ट (नपुं.) : उत्तरोत्तर बढते कल्पों के संबंध में 'पलट'।

विवट्टकप्प : उत्तरोत्तर बढता हुआ कल्प (समय विभाग)।

विवट्टति (क्रि.) : पीछे की ओर हटता है, फिर से आरंभ करता है।

विवट्टन (नपुं.) : पीछे हटना, मुड़ जाना।

विवट्टति (क्रि.) : पीछे हटता है, दूसरी ओर जाता है, नष्ट कर देता है।

विवण्ण (वि.) : बदरंग, दुर्बल।

विवण्णेति (क्रि.) : निंदा करता है, बदनामी करता है।

विवदति (क्रि.) : विवाद करता है, झगड़ा करता है।

विवदन (नपुं.) : विवाद, झगड़ा, मतभेद।

विवर (नपुं.) : दरार, सुराग।

विवरण (नपुं.) : उघाड़ना, खोलना, निवारण, व्याख्या करना, व्याख्या।

विवरति (क्रि.) : विवृत करता है, उघाड़ता है, स्पष्ट करता है, विश्लेषण करता है।

विवस (वि.) : बे-वश, असंयत।

विवाद (पु.) : कलह, झगड़ा।

विवादी (पु.) : विवाद करने वाला।

विवादक (पु.) : झगड़ालू।

विवाह (पु.) : शादी, ब्याह, मंगलपरिणय।

विवाहमङ्गल (नपुं.) : शादी-मंगल।

विविच्च (अ.) : पृथक, अलहदा।

विवित्त (वि.) : अकेला, एकांत में।

विवित्तता (स्त्री.) : एकांत का भाव।

विविध (वि.) : नाना प्रकार के।

विवेक (पु.) : एकांत, अकेले में।

विवेचन (नपुं.) : आलोचना, विवेचन।

विवेचेति (क्रि.) : पृथक-पृथक करता है, आलोचना करता है।

विस (नपुं.) : विष, जहर।

विसकण्टक (नपुं.) : विषैला कंटक।

विसधर (पु.) : सांप, विष धारण करने वाला।

विसपीत (वि.) : विष में बुझा हुआ।

विसरुक्ख (पु.) : विष-वृक्ष, जहरीला पेड़।

विसवेज्ज (पु.) : विष-वैद्य।

विससल्ल (नपुं.) : विष में बुझा तीर।

विसञ्ञ (वि.) : बेहोश, अचेतन।

विसञ्ञी (वि.) : बेहोश, अचेतन।

विसट / **विसत** (वि.) : फैला हुआ।

विसत्त (वि.) : विशेष रूप से आसक्त, उलझा हुआ।

विसत्तिका (स्त्री.) : तृष्णा, आसक्ति।

विसद (वि.) : स्पष्ट, साफ, व्यक्त।

विसदकिरिया (स्त्री.) : स्पष्ट करना।

विसदता (स्त्री.) / **विसदभाव** (पु.) : स्पष्टता।

विसभाग (वि.) : भिन्न, विरोधी, असाधारण।

विसम (वि.) : विषम, ऊबड़-खाबड़।

विसय (वि.) : स्थान, प्रदेश, क्षेत्र, (इंद्रियों का) विषय।

विसय्ह (वि.) : जो सहन किया जा सके।

विसय्ह-जातक : उदार दानी विसय्ह सेठ के दान से शक्र का आसन गर्म हो उठा (३४०)।

विसर (पु.) : समूह।

विसवन्त-जातक : सर्प विष-वैद्य ने सर्प को पुनः अपना विष चूसने को कहा (६९)।

विसलित्त (वि.) : विष में बुझा हुआ (तीर)।

विसल्ल (वि.) : शोक-मुक्त।

विसहति (क्रि.) : समर्थ होता है, साहस करता है।

विसंयुत्त (वि.) : जो जुता नहीं, जो पृथक किया गया।

विसंयोग (पु.) : पार्थक्य।

विसंवाद (पु.) : धोखा, झूठ।

विसंवादक (वि.) : अविश्वसनीय।

विसंवादन (नपुं.) : झूठ बोलना, झूठा व्यवहार करना।

विसंवादेति (क्रि.) : वचन-भंग करता है, झूठ बोलता है।

विसंसट्ठ (वि.) : पृथक हुआ।

विसङ्कित (वि.) : संदिग्ध।

विसङ्खार (पु.) : सङ्खार-निरोध।

विसङ्खित (वि.) : नष्ट किया गया।

विसाखा (स्त्री.) : विशाखा नक्षत्र।

विसाखा : भगवान बुद्ध की उदार-चेता दायिका, उपासिकाओं में प्रमुख, मिगारमाता विसाखा।

विसाण (नपुं.) : विषाण, सींग।

विसाणमय (वि.) : सींग का बना।

विसाद (पु.) : विषाद, खेद, उल्लास का अभाव।

विसारद (वि.) : विशारद, दक्ष, संयत।

विसाल (वि.) : विशाल।

विसालक्खी (स्त्री.) : विशालाक्षी।

विसालता (स्त्री.) / **विसालत्त** (नपुं.) : विशालता, विशालत्व।

विसिखा (स्त्री.) : गली, सड़क।

विसिट्ठ (वि.) : विशिष्ट, प्रमुख, असाधारण।

विसिट्ठतर (वि.) : विशिष्टतर।

विसिब्बेति (क्रि.) : उघेड़ता है, सिलाई उखाड़ता है।

विसीदति (क्रि.) : हतोत्साह होता है।

विसीदन (नपुं.) : हतोत्साह होना ।

विसीवन (नपुं.), अपने-आपको गर्माना।

विसीवेति (क्रि.) : अपने-आपको गर्माता है।

विसुज्झति (क्रि.) : स्वच्छ होता है।

विसुद्ध (वि.) : विशुद्ध, परिशुद्ध।

विसुद्धता / **विसुद्धि** (स्त्री.) : विशुद्धि-भाव, पवित्रता।

विसुद्धिदेव (पु.) : सच्चरित्र व्यक्ति।

विसुद्धिमग्ग (पु.) : विशुद्धि का मार्ग।

विसुद्धिमग्ग : संघपाल स्थविर की प्रार्थना पर आचार्य बुद्धघोस द्वारा रचित बौद्ध-धम्म का विश्वकोश।

विसुं (क्रि.वि.) : पृथक-पृथक, अलग-अलग।

विसुंकरण (नपुं.) : पार्थक्य, अलग करना।

विसूक (नपुं) : तमाशा, नाटक।

विसूकदस्सन (नपुं.) : नाटक आदि का देखना।

विसूचिका (स्त्री.) : हैजा।

विसेस (पु., वि.) / **विसेसता** (स्त्री.) : विशेष, भेद-प्राप्ति, विशेषता।

विसेसक (पु.) : विशेष चिन्ह।

विसेसगामी (वि.) : विशेषता की ओर अग्रसर।

विसेसतो (क्रि.वि.) : विशेष रूप से।

विसेसन (नपुं.) : विशेषण।

विसेसभागिय (वि.) : विशेषता की ओर अग्रगामी।

विसेसाधिगम (पु.) : विशेष पद की प्राप्ति।

विसेसिय / **विसेसितब्ब** (वि.) : विशेष व्यवहार का पात्र।

विसेसी (वि.) : विशेषता-युक्त।

विसेसेति (क्रि.) : विशेष करता है, व्याख्या करता है।

विसोक (वि.) : शोक-रहित।

विसोधन (नपुं.) : शुद्धिकरण।

विसोधेति (क्रि.) : शुद्ध करता है।

विसोसेति (क्रि.) : सुखाता है, बिखेर देता है।

विस्सगन्ध (पु.) : कच्चे मांस की सी गंध।

विस्सग्ग (पु.) : दान।

विस्सज्जक / **विस्सज्जनक** (वि.) : देने वाला, बाँटने वाला, प्रश्न का उत्तर देने वाला।

विस्सज्जति (क्रि.) : देता है, बाँटता है, प्रश्नों का उत्तर देता है।

विस्सज्जन (नपुं.) : भेजना, प्रत्युत्तर, खर्चा।

विस्सज्जनीय (वि.) : बाँटने योग्य, उत्तर देने योग्य।

विस्सज्जेति (क्रि.) : उत्तर देता है, बाँटता है, भेजता है, खर्च करता है, बाहर करता है, जाने देता है।

विस्सट्ठ (वि.) : भेजा गया, उत्तरित।

विस्सट्ठि (स्त्री.) : बाहर निकलना।

विस्सत्थ (वि.) : विश्वस्त, विश्वसनीय ।

विस्सन्द (पु.) / **विस्सन्दन** (नपुं.) : उमड़ना, उफान आना।

विस्सन्दति (क्रि.) : उफन जाता है।

विस्समति (क्रि.) : विश्राम करता है, आराम करता है।

विस्सर (वि.) : दुःखपूर्ण स्वर।

विस्सरति (क्रि.) : भूल जाता है।

विस्ससति (क्रि.) : विश्वास करता है।

विस्सास (पु.) : विश्वास, घनिष्ठता।

विस्सासक / **विस्सासिक** / **विस्सासी** / **विस्सासनीय** (वि.): विश्वसनीय।

विस्सासभोजन-जातक : सिंह ने हिरनी की देह को चाटा। उस पर विष चुपड़ा था। वह मर गया (९३)।

विस्सुत (वि.) : विश्रुत, प्रसिद्ध।

विहग / **विहङ्गम** (पु.) : पक्षी, पंछी, चिड़िया।

विहञ्ञति (क्रि.) : दुखित होता है।

विहत (वि.) : मारा गया, धुनी गई (कपास)।

विहनति (क्रि.) : मारता है।

विहरति (क्रि.) : जीता है, (किसी स्थान पर) रहता है।

विहाय (पू.क्रि.) : छोड़कर।

विहार (पु.) : निवास-स्थान, भिक्षुओं के रहने की जगह, बौद्ध प्रतिमा-गृह।

विहारदेवी : दुट्ठगामणी की माता।

विहारिक / **विहारी** (वि.) : रहने वाला या विचरने वाला।

विहिंसति (क्रि.) : कष्ट पहुंचाता है।

विहिंसना / **विहिंसा** (स्त्री.) : क्रौर्य, निर्दयता।

विहित (वि.) : योग्य, उचित, व्यवस्थित।

विहीन (वि) : त्यक्त, विरहित।

विहेठक (वि.) : कष्ट देने वाला, हानि पहुंचाने वाला।

विहेठजातिक (वि.) : तंग करने वाला।

विहेठन (नपुं.) : कष्ट देना।

विहेठियमान (वि.) : दुःख पहुंचाया जाता हुआ।

विहेठेति / **विहेसेति** (क्रि.) : कष्ट देता है।

विहेसक (वि.) : कष्टप्रद।

विहेसा (स्त्री.) : हैरानी।

वीचि (स्त्री.) : लहर, अंतराल, बीच का समय।

वीजति / **वीजेति** (क्रि.) : पंखा करता है।

वीजन (नपुं.) : पंखा करना।

वीजनी (स्त्री.) : पंखा।

वीणा (स्त्री.) : वीणा, सारंगी।

वीणादण्डक (पु.) : वीणा-दंड।

वीणादोणि (स्त्री.) : वीणा-द्रोणि।

वीणाथूण-जातक : बनारस के सेठ की लड़की कुबड़े के साथ भाग गई, बाद में समझा-बुझाकर वापस लाई गई (२३२)।

वीत (वि.) : रहित, बुना हुआ (वायित)।

वीतच्चिक (वि.) : लौ रहित (चमक)।

वीतगेध (वि.) : लोभ-रहित।

वीततण्ह (वि.) : तृष्णा-रहित।

वीतमल (वि.) : मल-रहित।

वीतमोह (वि.) : मोह-रहित, अज्ञान-रहित।

वीतराग : (वि.) राग-रहित, (पु.) अर्हत।

वीतिक्कम (पु.) : व्यतिक्रम, नियम का उल्लंघन।

वीतिक्कमति (क्रि.) : व्यतिक्रमण करता है, नियम का उल्लंघन करता है। `

वीतिच्छ-जातक : प्रति-प्रश्न पूछकर प्रश्नकर्ता को हराया (२४४)।

वीतिनामेति (क्रि.) : समय बिताता है।

वीतिवत्त (वि.) : गुजर गया, खर्च हो गया, जीत लिया गया।

वीतिवत्तेति (क्रि.) : जीत लेता है, समय व्यतीत करता है।

वीतिसारेति (क्रि.) : समय बिताता है, बातचीत करता है।

वीतिहरण (नपुं.) : लंबे-लंबे डग धरना।

वीतिहार (पु.) : डग।

वीतिहरति (क्रि.) : चलता है, टहलता है।

वीथि (स्त्री.) : गली, रास्ता।

वीथिचित्त (नपुं.) : क्रियाशील चित्त।

वीमंसक / **विमंसी** (वि.) : विमर्श करने वाला, परीक्षा करने वाला।

वीमंसन (नपुं.) / **वीमंसा** (स्त्री.) : विमर्श करना, छान-बीन, परीक्षण।

वीमंसति (क्रि.) : विमर्श करता है, खोज-बीन करता है, परीक्षण करता है।

वीर (वि.) : बहादुर।

वीरक-जातक : साविट्ठिक नाम का कौवा वीरक नाम के कौवे का नौकर बन, वीरक की मारी हुई मछलियाँ खाता रहा (२०४)।

वीयति (क्रि.) : बुनता है।

वीसति (स्त्री.) : बीस।

वीसतिम (वि.) : बीसवाँ।

वीहि (पु.) : धान।

वुच्चति (क्रि.) : कहा जाता है।

वुच्चमान (वि) : कहा जाता हुआ।

वुट्ठ (वि.) : बारिश का भीगा, बरसा हुआ।

वुट्ठहति / **वुट्ठाति** (क्रि.) : उठता है, उभरता है।

वुट्ठान (नपुं) : उत्थान, उन्नती।

वुट्ठापेति (क्रि.) : उठवाता है।

वुट्ठि (स्त्री.) : वर्षा, बारिश।

वुट्ठिक (वि.) : वर्षा वाला।

वुड्ढ / **वुद्ध** (वि.) : वृद्ध, ज्येष्ठ, बूढा।

वुड्ढतर (वि.) : वृद्धतर, ज्येष्ठतर।

वुड्ढि / **वुद्धि** (स्त्री.) : वृद्धि, ऐश्वर्य।

वुत्त (वि.) : कहा गया, बोया गया।

वुत्तप्पकार (वि.) : कथनानुसार।

वुत्तप्पकारेन (क्रि.वि.) : उक्त कथनानुसार।

वुत्तवादी (पु.) : दोहराने वाला, कथित बात को कहने वाला।

वुत्तसिर (पु.) : मुंडित सिर वाला।

वुत्ति (स्त्री.) : व्यवहार, आचरण, जीविका।

वुत्तिक / **वुत्ती** (वि.) : (किसी प्रकार की) वृत्ति वाला।

वृत्तिका (स्त्री), वृत्ति का भाव ।

वुत्थ (वि.) : जो रह चुका हो, समय बिताया हुआ।

वुत्थवस्स (वि.) : जिसने वर्षावास किया हो।

वुद्धिप्पत्त (वि.) : आयु प्राप्त, विवाह करने योग्य।

वुद्धियुत्त (वि.) : समृद्ध।

वुय्हति (क्रि.) : ले जाया जाता है।

वुय्हन (नपुं.) : ढोया जाना।

वुसित (वि.) : वास किया।

वुसितत्त (नपुं.) : रहना।

वुसितभाव (पु.) : निवास का भाव।

वुस्सति (क्रि.) : रहा जाता है।

वूपकट्ठ (वि.) : एकांत-सेवी।

वूपसन्त (वि.) : शांति-प्राप्त, उपशांत।

वूपसम (पु.) / **वूपसमन** (नपुं.) : शांति, समाप्ति।

वूपसमेति (क्रि.) : शांत करता है।

वूपसम्मति (क्रि.) : उपशमित होता है, शांत होता है।

वूळ्ह (वि.) : ले जाया गया।

वे (अ.) : वास्तव में, स्थिर रूप से।

वेकल्ल (नपुं.) : विकल-भाव।

वेकल्लता (स्त्री.) : विकलता, अंग-विकृति।

वेग (पु.) : शक्ति, गति, जोर।

वेजयन्त (पु.) : इंद्र के महल का नाम।

वेज्ज (पु.) : वैद्य, चिकित्सक।

वेज्जकम्म (नपुं.) : वैद्य-कर्म, चिकित्सा।

वेठक (वि.) : लपेटने वाला, घेरने वाला।

वेठन (नपुं.) : लपेट, पगड़ी।

वेठियमान (वि.) : लपेटा जाने वाला, मरोड़ा जाने वाला।

वेठेति (क्रि.) : लपेटता है।

वेण (पु.) : टोकरी बनाने वाला।

वेणविक (पु.) : वंशी बजाने वाला।

वेणिक (पु.) : वीणा बजाने वाला।

वेणी (स्त्री.) : बालों की लट।

वेणीकत (वि.) : गुंथा हुआ सिर।

वेणीकरण (नपुं.) : गूंथना, गट्ठर बांधना।

वेणु (पु.) : बांस।

वेणुगुम्ब (पु.) : बांसों का झुंड।

वेणुबलि (पु.) : बांस के रूप में कर चुकता करना।

वेणुवन (नपुं.) : बांसों का वन।

वेतन (नपुं.) : मजदूरी, तनख्वाह।

वेतनिक (नपुं.) : वैतनिक, वेतन पर काम करनेवाला, किराये का टट्टू।

वेतरणी (स्त्री.) : नरक की त्रासदायिनी नदी।

वेतस (पु.) : सरकंडा, नरकट।

वेतालिक (पु.) : राजदरबारी कलाकार, संगीतज्ञ, गायक।

वेति (क्रि.) : लुप्त हो जाता है, अंतर्धान हो जाता है।

वेत्त (नपुं.) : बेंत।

वेत्तग्ग (नपुं.) : बेंत का सिरा।

वेत्तलता (स्त्री.) : बेंत की छड़ी।

वेद (पु.) : धार्मिक भावना, अनुभूति, ब्राह्मणों के 'स्वयं-प्रमाण' माने जानेवाले चार ग्रंथ।

वेदगू (पु.) : उच्चतम ज्ञान प्राप्त।

वेदजात (वि.) : आनंदित।

वेदनक (पु.) : अनुभव करने वाला, भोगने वाला।

वेदनट्ट (वि.) : कष्ट से पीड़ित।

वेदना (स्त्री.) : पीड़ा, इंद्रिय-जनित अनुभूति।

वेदनाक्खन्ध (पु.) : वेदना-स्कन्ध, वेदना समूह।

वेदन्तगू (पु.) : ज्ञान की पराकाष्ठा पर पहुंचा हुआ।

वेदपारगू (पु.) : वेदों के ज्ञान में श्रेष्ठ।

वेदब्भ-जातक : वेदब्भ-मंत्र के जानकार ब्राह्मण की कथा; लोभी डाकुओं ने प्राण गँवाये (४८)।

वेदयित (नपुं.) : अनुभूति, अनुभव।

वेदिका / वेदी (स्त्री.) : वेदिका, मंच।

वेदित (वि.) : अनुभूत, ज्ञात।

वेदियति (क्रि.) : अनुभव किया जाता है।

वेदियमान (वि.) : अनुभव किया जाता हुआ।

वेदेति (क्रि.) : अनुभव करता है, जानता है।

वेदेह (वि.) : विदेह देश का।

वेदेहीपुत्त (पु.) : विदेह की राजकुमारी का पुत्र।

वेध (पु.) / **वेधन** (नपुं.) : बींधना, तीर मारना।

वेधति (क्रि.) : कांपता है।

वेधी (पु.) : बींधनेवाला।

वेनयिक (पु.) : 'विनय' का विशेषज्ञ।

वेनेय्य (वि.) : 'विनीत' बनाया जा सकने वाला, शिक्षणीय।

वेपुल्ल (नपुं.) : विपुलता।

वेपुल्ल : राजगृह के आसपास के पांच पर्वतों में से उच्चतम पर्वत।

वेभङ्गिय (वि.) : बांटने योग्य।

वेभार : राजगृह के चारों ओर के पर्वत शिखरों में से एक।

वेम (पु.) : ढरकी, शटल, ठरकी।

वेमज्झ (नपुं.) : बीच, मध्य।

वेमतिक (वि.) : संदिग्ध।

वेमत्त (नपुं.) : भेद, फरक।

वेमत्तता (स्त्री.) : द्वैध-भाव, भेद।

वेमातिक (वि.) : विमाता वाला, सौतेला।

वेमानिक (वि.) : 'विमान' वाला, दिव्य भवन का स्वामी।

वेमानिकपेत (पु.) : विमान-प्रेत।

वेय्यग्घ (वि.) : बाघ-संबंधी, बाघ के चमड़े से ढका हुआ।

वेय्यञ्जनिक / **व्यञ्जनिक** (वि., पु.) : चिन्हों का जानकार, ज्योतिषि।

वेय्यत्तिय (नपुं.) : स्पष्टता।

वेय्याकरण : (नपुं.) व्याख्या; (पु.) व्याकरण का जानकार, व्याख्याकार।

वेय्याबाधिक (वि.) : कष्टप्रद, दुःखदायी।

वेय्यायिक (नपुं.) : खर्च।

वेय्यावच्च (नपुं.) : सेवा, कर्तव्य।

वेय्यावच्चकर / **वेय्यावतिक** (पु.) : सेवक, नौकर।

वेर (नपुं.) : वैर।

वेरज्जक (वि.) : नाना राज्यों का।

वेरञ्जा : नगर-विशेष, जहां भगवान बुद्ध ने अपना एक वर्षा-वास बिताया।

वेरमणी (स्त्री.) : विरति, अलिप्त रहना, दूर रहना।

वेरम्भवात (पु.) : पर्वत-प्रदेशों में चलने वाली हवा।

वेरिक / वेरी (वि.) : शत्रु, द्वेषी, दुश्मन।

वेरी-जातक : डाकुओं के डर से बैलों को तेज भगाकर धनी व्यापारी सकुशल घर लौट आया (१०३)।

वेरोचन (पु.) : सूर्य।

वेला (स्त्री.) : समय, किनारा, मर्यादा।

वेलातिक्कम (पु.) : सीमा को लाँघ जाना।

वेल्लित (वि.) : टेढा, घुंघराले (बाल)।

वेल्लितग्ग (वि.) : घुँघराले बालों का सिरा ।

वेवचन (नपुं.) : पर्याय वचन, समानार्थी वचन।

वेवण्णिय (नपुं.) : विवरण करना, बदरंग करना।

वेस (पु.) : वेश, भेष।

वेसम्म (नपुं.) : विषमता ।

वेसाख (पु.) : वैशाख महीना। बुद्ध का जन्म, ज्ञान-प्राप्ति, परिनिर्वाण, सभी वैशाख में हुए माने जाते हैं ।

वेसारज्ज (नपुं.) : विशारदता, आत्मविश्वास।

वेसाली : लिच्छवियों की प्रसिद्ध राजधानी वैशाली।

वेसिया / वेसी (स्त्री.) : वेश्या।

वेस्म (नपुं.) : निवास स्थान, घर।

वेस्स (पु) : वैश्य, बनिया, व्यापारी।

वेस्सन्तर-जातक : वेस्संतर राजा की दानशीलता की कथा (५४७)।

वेहास (पु.) : आकाश, आसमान।

वेहासकुटी (स्त्री.) : ऊपर के तल्ले पर हवादार कमरा।

वेहासगमन (नपुं.) : आकाश-गमन।

वेहासट्ठ (वि.) : आकाश-स्थित।

वेळु (पु.) : बांस।

वेळुरिय (नपुं.) : वैडूर्य, एक कीमती रत्न।

वेळुक-जातक : बांस में रखे, पोषित सांप ने सपेरे को काटा (४३)।

वेळुवन : राजगृह के समीप राजा बिंबिसार का प्रमोद-उद्यान, जो बाद में बुद्ध-प्रमुख भिक्षुसंघ को अर्पित कर दिया गया था।

वो (सर्व.) : **तुम्ह** का पर्याय, तुम।

वोकार (पु.) : रूप, वेदना आदि पांच स्कन्ध।

वोकिण्ण (वि.) : मिला-जुला, ढका हुआ।

वोक्कमति (क्रि.) : एक ओर हो जाता है।

वोच्छिज्जति (क्रि.) : कटता है, रोका जाता है।

वोत्थपन (नपुं.) : परिभाषा, व्याख्या।

वोदक (वि.) : जल-रहित।

वोदपन / **वोदान** (नपुं.) / **वोदपना** (स्त्री.) : शुद्धि, विशुद्धी।

वोदपेति (क्रि.) : शुद्ध करता है।

वोमिस्सक (वि.) : मिश्रित।

वोरोपन (नपुं.) : वंचना, वंचित करना।

वोरोपेति (क्रि) : वंचित करता है।

वोलोकेति (क्रि.) : परीक्षा करता है।

वोसित (वि.) : समाप्त, पूरा हुआ।

वोस्सग्ग (पु.) / **वोस्सजन** (नपुं.) : दान, त्यागना, परित्याग।

वोस्सजति (क्रि.) : परित्याग करता है।

वोहरति (क्रि.) : व्यवहार में लाता है, प्रकट करता है।

वोहरियमान (वि.), बुलाया जाता हुआ।

वोहार (पु.) : बुलाना, प्रकट करना, उपयोग, व्यवहार, व्यापार, कानून।

वोहारिक (पु.) : व्यापारी, न्यायाधीश।

वोहारिकामच्च (पु.) : मुख्य न्यायाधीश।

व्यग्घ (पु.) : बाघ।

व्यग्घ-जातक : बाघ और सिंह के जंगल से चले जाने पर लोग जंगल के पेड़ काटने लगे। वृक्ष देवता कुछ न कर सके (२७२)।

व्यञ्जन (नपुं.) : दाल-सब्जी, चिन्ह।

व्यञ्जेति (क्रि.) : प्रकट करता है, व्यक्त करता है, संकेत करता है।

व्यत्त (वि.) : पंडित।

व्यत्ततर (वि.) : बड़ा पंडित, अधिक होशयार।

व्यत्तता (स्त्री.) : पांडित्य, होशियारी।

व्यथति (क्रि.) : कष्ट देता है, दबाता है।

व्यन्तिकरोति (क्रि.) : नष्ट करता है, छोड़ देता है।

व्यन्तिभवति (क्रि.) : नष्ट होता है, रुकता है।

व्यपगच्छति (क्रि.) : विदा होता है।

व्यम्ह (नपुं.) : विमान, महल, भवन।

व्यसन (नपुं.) : दुर्भाग्य।

व्याकत (वि.) : व्याख्यात, स्पष्ट किया गया।

व्याकरण (नपुं.) : व्याकरण, व्याख्या।

व्याकरियमान (वि.) : व्याख्या किया जाता हुआ।

व्याकरोति (क्रि.) : व्याख्या करता है।

व्याकुल (वि.) : गड़बड़ाया हुआ, उलझा हुआ।

व्याख्याति (क्रि.) : सूचित करता है, समझता है।

व्याध (पु.) : शिकारी।

व्याधि (पु.) : रोग, बिमारी।

व्याधित (वि.) : रोगी, बिमार।

व्यापक (वि.) : व्याप्त।

व्यापज्जति (क्रि.) : असफल होता है।

व्यापज्जना (स्त्री.) : असफलता, क्रोध।

व्यापन्न (वि.) : मार्ग-भ्रष्ट।

व्यापाद (पु.) : द्वेष, नफरत।

व्यापादेति (क्रि.) : बिगाड़ता है।

व्यापार (पु.) : पेशा, धंधा, उद्योग।

व्यापारित (वि.) : उत्तेजित।

व्यापित (वि.) : पूरित।

व्यापेति (क्रि.) : व्याप्त होता है, फैलता है।

व्याबाधेति (क्रि.) : हानि पहुंचाता है।

व्याभङ्गी (स्त्री.) : लाठी, मूसल, बहंगी, कांवर।

व्याम (पु.) : लंबाई या गहराई का माप।

व्यावट्ट (वि.) : व्याकृत, संलग्न।

व्यासत्त (वि.) : आसक्त।

व्यासेचन (नपुं.) : सींचना, छिड़कना।

व्याहरति (क्रि.) : बोलता है, बातचीत करता है।

व्यूह (पु.) : सैनिक व्यवस्था, व्यूहरचना।

व्योसित (वि.) : परिपूर्ण।

स

स (वि.) : स्वकीय, अपना, सहित।

सउपादान (वि.) : आसक्ति सहित।

सउपादिसेस (वि.) : शरीर रहते (निर्वाण)।

सक : (वि.) स्वकीय; (पु.) संबंधी; (नपुं.) अपनी निजी संपत्ति।

सकङ्ख (वि.) : शंका-सहित, संदेह-सहित।

सकट (पु., नपुं.) : गाड़ी।

सकटभार / **सकटवाह** (पु.) : गाड़ी का भार।

सकटव्यूह (पु.) : गाड़ियों का (चक्र-)व्यूह।

सकण्टक (वि.) : कंटक-सहित।

सकदागामी (पु.) : धम्म-पथ का ऐसा पथिक, जिसके पुनः एक ही बार और इस संसार में जन्म लेने की संभावना हो।

सकबल (वि.) : अपना बल।

सकमन (वि.) : आनंदित।

सकम्म / **सकिच्च** (नपुं.) : स्वकीय कर्म।

सकम्मक (वि.) : सकर्मक (क्रिया)।

सकरणीय (वि.) : जिसके लिए 'करणीय' शेष हो।

सकल (वि.) : संपूर्ण, तमाम।

सकलिका (स्त्री.) : खमाची।

सकास (पु) : पड़ोस।

सकिञ्चन (वि.) : दुनियावी वस्तुओं का मालिक, आसक्ति-युक्त।

सकिं (क्रि.वि.) : एक बार।

सकीय (वि.) : स्वकीय, अपना।

सकुण / सकुन्त (पु.) / **सकुणी** (स्त्री.) : पक्षी, पंछी।

सकुणग्घी (पु.) : बाज, पंछी।

सकुणग्घी-जातक : बटेर ने अपनी चतुराई से बाज की जान ली (१६०)।

सकुण-जातक : पक्षिराज ने पक्षियों को सावधान किया कि उनके घोंसलों में आग लगने वाली है (३६)।

सक्क : (वि.) योग्य, समर्थ, संभव; (पु.) शाक्य वंश, देवेंद्र शक्र।

सक्कच्च (पूर्व.क्रि.) : भली भांति तैयारी करके।

सक्कच्चकारी (पु.) : सावधानी बरतने वाला।

सक्कच्चं (क्रि.वि.) : सावधानी से।

सक्कत (वि.) : सत्कृत, सम्मानित।

सक्कत्त (नपुं.) : शक्रत्व, देवेंद्र शक्र जैसी स्थिति।

सक्करोति (क्रि.) : सत्कार करता है, आदर करता है, आतिथ्य करता है।

सक्का (अ.) : शक्य, संभव।

सक्काय (पु.) : विद्यमान शरीर, सत्काय ।

सक्कायदिट्ठि (स्त्री.) : आत्म-दृष्टि।

सक्कार (पु.) : सत्कार, आदर, सन्मान ।

सक्कुणाति / सक्कोति (क्रि.), समर्थ होता है।

सक्कुणेय्यत्त (नपुं.) : संभावना।

सक्खरा (स्त्री.) : शर्करा, शक्कर, कंकर।

सक्खलि / सक्खलिका (स्त्री.) : छिद्र।

सक्खि (अ.) : आमने-सामने।

सक्खिक / सक्खी (वि.) : साक्षी, गवाह।

सक्खिदिट्ठ (वि.), आमने-सामने दिखाई दिया।

सक्खिपुट्ठ (वि.), गवाह के रूप में पूछा गया।

सक्कपुत्तिय : शाक्य-पुत्र, बौद्ध भिक्षुओं को दिया गया नाम।

सक्कमुनि : भगवान बुद्ध का ही एक नाम, शाक्यमुनि।

सक्कसीह (पु.) : गौतम बुद्ध का एक अधिवचन।

सख / **सखि** (पु.) : मित्र।

सखिल (वि.) : मधुर भाषी।

सख्य (नपुं.) : सखा-भाव, मैत्री।

सगब्भ (वि.) : गर्भवती।

सगह / **सगाह** (वि.) : भयानक जंतुओं (घड़ियालों) से युक्त।

सगामेय्य (वि.) : एक ही ग्राम के।

सगारव (वि.) : गौरव सहित (व्यक्ति)।

सगारवं (क्रि.वि.) : गौरव सहित।

सगारवता (स्त्री.) : आदर, गौरव, सम्मान।

सगोत्त (वि.) : एक ही गोत्र के।

सग्ग (पु.) : स्वर्ग, सुखावस्था।

सग्गकाय (पु.) : स्वर्गीय सभा।

सग्गमग्ग (पु.) : स्वर्ग-मार्ग, सुख का मार्ग।

सग्गलोक (पु.) : ड्वर्ग-लोक, स्वर्ग-प्रदेश।

सग्गसंवत्तनिक (वि.) : स्वर्गाभिमुख।

सग्गवासी (पु.) : देवतागण, सुख को प्राप्त।

सग्गुण (पु.) : सद्गुण।

सङ्कट (नपुं.) : तंग स्थान।

सङ्कटीर (नपुं.) : कूड़े कचरे का ढे।

सङ्कड्ढति (क्रि.) : एकत्र करता है, खींचता है।

सङ्कति (क्रि.) : संदेह करता है, शंका करता है।

सङ्कन्तति (क्रि.) : चारों ओर से काटता है।

सङ्कन्तिक (वि.) : सांक्रान्तिक, एक अवस्था में से दूसरी में जाने वाला।

सङ्कन्तिकरोग (पु.) : छूत की बीमारी।

सङ्कप्प (पु.) : इरादा, संकल्प।

सङ्कप्प-जातक : राजा के बाहर गए रहने पर तपस्वी ने रानी के शरीर का नग्न अंश देख, उस पर आसक्त हो गया (२५१)।

सङ्कप्पेति (क्रि.) : संकल्प करता है।

सङ्कमति (क्रि.) : संक्रमण करता है।

सङ्कमन (नपुं.) : रास्ता, पुल।

सङ्कम्पति (क्रि.) : कांपता है।

सङ्कर (वि.) : आनंद-दायक, मिश्रित।

सङ्कलन (नपुं.) : संग्रह।

सङ्कस्स : बुद्धकालीन एक बौद्ध स्थल, जो उत्तर प्रदेश में है।

सङ्का (स्त्री.) : शंका, संदेह।

सङ्कायति (क्रि.) : शंका करता है।

सङ्कार (पु.) : कूड़ा-करकट।

सङ्कारकूट (पु.) : कूड़े-करकट का ढेर।

सङ्कारचोळ (नपुं.) : कूड़े-कचरे के ढेर पर से उठाया गया चिथड़ा।

सङ्कारट्ठान (नपुं.) : कूड़ा-कचरा फेंकने की जगह।

सङ्कास (वि.) : समान, एक जैसा।

साखा (स्त्री.) : शाखा।

साखानगर (नपुं.) : उपनगर।

साखापलास (नपुं.) : शाखा तथा पत्ते।

साखाभङ्ग (पु.) : शाखा का टूटना।

साखामिग (पु.) : बन्दर।

साखी (पु.) : वृक्ष, पेड़।

सागतं (अ.) : स्वागत।

सागर (पु.) : समुद्र, सागर।

सागार (वि.) : घर में रहने वाला।

सागल : राजा मिलिंद की राजधानी।

साचरियक (वि.) : आचार्य के साथ।

साचियोग (नपुं.) : कुटिलता।

साटक (पु.) : वस्त्र, कपड़ा।

साटिका (स्त्री.) : वस्त्र, भिक्षु का वस्त्र।

साठेय्य (नपुं.) : शठता।

साण (नपुं.) : सन या सन का कपड़ा।

साणि (स्त्री.) : परदा।

साणिपसिब्बक (पु.) : सन का थैला।

साणिपाकार (पु.) : सन की दीवार।

सात : (नपुं.) आनंद, आराम; (वि.) आनंददायक।

सातकुम्भ (नपुं.) : स्वर्ण, सोना।

सातच्च (नपुं.) : सातत्य, लगातार लगे रहना।

सातच्चकारी (पु.) : लगातार कार्यरत।

सातच्चकिरिया (स्त्री.) : लगातार लगे रहना।

साततिक (वि.) : लगातार लगे रहने वाला।

सातिरेक (वि.) : अतिरेक के साथ, हद से ज्यादा।

सातोदिका : सुरट्ठ (सूरत) में एक नदी।

सात्थ / सात्थक (वि.) : उपयोगी, अर्थ-सहित।

साथलिक (वि.) : शिथिल, ढीला-ढाला।

सादर (वि.) : आदर सहित, जो आदर दर्शाता हो।

सादरं (क्रि.वि.) : आदर के साथ, प्रेमपूर्वक।

सादियति (क्रि.) : स्वीकार करता है, आनंद उठाता है, अनुमति देता है।

सादियन (नपुं.) / **सादियना** (स्त्री.) : स्वीकृति, अंगीकार करना।

सादिस (वि.) : सदृश, समान।

सादु (वि.) : स्वादिष्ट, मधुर।

सादुतर (वि.) : अधिक स्वादिष्ट, अधिक मधुर।

सादुरस (वि.) : स्वादिष्ट रस, स्वादिष्ट वस्तु।

साधक (वि.) : जो घटित / प्रमाणित हो सके, पूरा करने वाला, साध्य करने वाला।

साधन (नपु.) : प्रमाण, सहायक-कृति, कर्ज-मुक्ति।

साधारण (वि.) : सामान्य।

साधिक (वि.) : अधिकता लिए, अधिक मात्र में।

साधित (वि.) : प्रमाणित, घटित, कर्ज-मुक्त।

साधिय (वि.) : जो संपन्न किया जा सके, जो प्रमाणित किया जा सके।

साधीन-जातक : मिथिला के साधीन नामक राजा की दानशीलता का वर्णन (४९४)।

साधु : (वि.) अच्छा, लाभप्रद, शीलसंपन्न; (अ.) हां, बहुत अच्छा।

साधुकं (क्रि.वि.) : अच्छी तरह।

साधुकम्यता (स्त्री.) : कार्य के भली प्रकार संपन्न होने की इच्छा।

साधुकार (पु.) : 'बहुत अच्छा किया' कहने का भाव।

साधुकीळन (नपुं.) : एक पवित्र त्यौहार।

साधुरूप (वि.) : अच्छे स्वभाव का।

साधुसम्मत (वि.) : आदर प्राप्त, भले आदमियों द्वारा प्रशंसित।

साधुसील-जातक : ब्राह्मण ने आचार्य का उपदेश मानकर अपनी चारों लड़कियां शीलसंपन्न व्यक्ति को दी (२००)।

साधेति (क्रि.) : (कार्य) सिद्ध करता है, (बात को) प्रमाणित करता है, कर्ज उतारता है।

सानु (पु., नपुं.) : ऊंची भूमि।

सानुचर (वि.) : अनुचरों सहित।

सानुवज्ज (वि.) : सदोष, दोषयुक्त।

साप (पु.) : शाप।

सापतेय्य (नपुं.) : संपत्ति, धन।

सापत्तिक (वि.) : आपत्ति प्राप्त, जिसने विनय के नियमों का उल्लंघन किया हो।

सापद (नपुं.) : श्वापद, जानवर।

सापदेस (वि.) : कारण सहित।

सापेक्ख / सापेख (वि.) : अपेक्षा-सहित, आशावान।

साम : (वि.) श्याम, काला; (पु.) : शांति।

साम-जातक : राजा दशरथ द्वारा श्रमण कुमार की हत्या की कथा से मिलती जुलती कथा (५४०)।

सामं (अ.) : स्वयं, अपने आप।

सामग्गी (स्त्री.) : एकता, मेल-जोल।

सामग्गिय (नपुं.) : एकता का भाव।

सामच्च (वि.) : मंत्रियों या मित्रों सहित।

सामञ्ञ (नपुं.) : श्रमण-भाव, श्रामण्य।

सामञ्ञता (स्त्री.) : श्रमणों के प्रति आदर का भाव।

सामञ्ञफल (नपुं.) : श्रमण-जीवन का फल।

सामणक (वि.) : श्रमण के लिए योग्य अथवा आवश्यक।

सामणेर (पु.) : श्रामणेर, भिक्षु का शिष्य, भिक्षु बनने से पूर्व की अवस्था वाला।

सामणेरी (स्त्री.) : श्रामणेरी, भिक्षुणी की शिष्या, भिक्षुणी बनने से पूर्व की अवस्था वाली।

सामत्थिय (नपुं.) : सामर्थ्य, योग्यता।

सामन्त : (नपुं.) पास-पड़ोस; (वि.) पड़ोस-संबंधी।

सामयिक (वि.) : धार्मिक कर्तव्य, समय संबंधी, अस्थायी।

सामा : (स्त्री.) श्यामा (तुलसी); काले रंग की स्त्री।

सामाजिक (पु.) : सदस्य (समाज अथवा परिषद का)।

सामिक / **सामी** (पु.) : पति, स्वामी, मालिक।

सामिनी (स्त्री.) : स्वामिनी, मालकिन।

सामिवचन (नपुं.) : षष्ठी विभक्ति।

सामिस (वि.) : मांस सहित, आहार सहित, भौतिक।

सामीचि (स्त्री.) : उचित, योग्य, मैत्रीपूर्ण आचरण।

सामीचिकम्म (नपुं.) : उचित कार्य, मैत्रीपूर्ण व्यवहार।

सामीचिपटिपन्न (वि.) : उचित पथ पर आरूढ।

सामुद्दिक (वि.) : समुद्र पर रहने वाला, समुद्र की यात्रा करने वाला।

सायक (वि.) : चखने वाला।

सायण्ह / **सायण्हकाल** / **सायण्हसमय** (पु.) : संध्या-काल, शाम, सांझ।

सायति (क्रि.) : चखता है।

सायन (नपुं.) : चखना, स्वाद लेना।

सायनीय (वि.) : चखने योग्य, स्वाद लेने योग्य।

सार : (पु.) तत्व, वृक्ष का सारभाग; (वि.) आवश्यक, श्रेष्ठ, समर्थ।

सारक्ख (वि.) : आरक्षा सहित, संरक्षित।

सारगन्ध (पु.) : वृक्ष के सार की सुगंधि।

सारगवेसी (वि.) : सार खोजने वाला।

सारज्जति (क्रि.) : आसक्त होता है।

सारज्जना (स्त्री.) : आसक्ति।

सारणीय / साराणीय (वि.) याद कराने योग्य, मैत्रीपूर्ण (संवाद)।

सारत्त (वि.) : अनुरक्त।

सारथि / सारथी (पु.) : रथ हांकने वाला।

सारद / सारदिक (वि.) : शरद ऋतु संबंधी।

सारद्ध (वि.) : उत्साही।

सारमय (वि.) : (लकड़ी के) सार से निर्मित।

सारमेय (पु.) : कुत्ता।

सारसूचि (स्त्री.) : मजबूत लकड़ी की बनी सुई।

सारम्भ (पु.) : क्रोध, उत्तेजना, कलह, विवाद।

सारम्भ-जातक : नन्दिविसाल-जातक की ही पुनरुक्ति (८८)।

सारवन्तु (वि.) : सारवान।

सारस (पु.) : सारस पक्षी।

साराग (वि.) : रागयुक्त।

सारिबा (स्त्री.) : सारसपरिल्ला नामक रक्तशोधक पौधा।

सारिपुत्त : भगवान बुद्ध के दो प्रमुख शिष्यों में से एक। उनका एक नाम उपतिस्स भी है। 'सारि' नाम की माता के पुत्र होने से ही वह सारिपुत्त कहलाये।

सारी (वि.) : (समासों में) वितरण करने वाला, अनुसरण करने वाला।

सारी : सारिपुत्त की माता का नाम। पूरा नाम था 'रूपसारी'।

सारीरिक (वि.) : शारीरिक, शरीर से संबंधित।

सारुप्प (वि.) : योग्य, ठीक, उचित।

सारेति (क्रि.) : घूमाता है, चलाता है, याद दिलाता है।

साल (पु.) : श्याल, साला, शाल-वृक्ष।

सालय (वि.) : आलय सहित, आसक्ति सहित।

सालरुक्ख (पु.) : शाल-वृक्ष।

साललट्ठि (स्त्री.) : शाल का पौधा।

सालवन (नपु.) : शाल-वृक्ष।

सालक-जातक : एक सपेरे ने सालक नाम का बंदर पाला था। वह बंदर सांप से खेलता था। यही सपेरे की जीविका का साधन था (२४९)।

साला (स्त्री.) : शाला, भवन।

सालाकिय (नपुं.) : आंख का चिकित्साशास्त्र, आंख में सलाई डालना।

सालि (पु.) : शालि, धान।

सालिका (स्त्री.) : सारिका, मैना।

सालिकेदार-जातक : तोता अपने माता-पिता के लिए धान ले जाता था (४८४)।

सालिक्खेत्त (नपुं.) : धान का खेत।

सालिगब्भ (पु.) : पकती हुई शालि, धान की फसल।

सालित्तक-जातक : बातूनी पुरोहित की कथा (१०७)।

सालित्तकसिप्प (नपुं.) : गुलेल से पत्थर फेंकने की विद्या।

सालिभत्त (नपुं.) : चावल का भोजन।

सालियजातक : गांव के वैद्य ने लड़के को सांप पकड़ने को भेजा। सांप ने वैद्य की ही जान ली (३६७)।

सालुक (नपुं.) : जल-कमल की जड़।

सालूक-जातक : सालूक सुअर को खिला-पिलाकर उसका वध किये जाने की कथा (२८६)।

सालोहित (पु.) : रक्त-संबंधी, रिश्तेदार।

सावक (पु.) : सुनने वाला, शिष्य, श्रावक।

सावकत्त (नपुं.) : श्रावकत्व, शिष्य-भाव।

सावकसङ्घ (पु.) : शिष्यों का समूह।

सावज्ज : (वि.) सदोष; (नपुं.) सदोषपन।

सावज्जता (स्त्री.) : सदोष होने का भाव।

सावट्ट (वि.) : भंवर-सहित।

सावण (नपुं.) : घोषणा, सावन का महीना।

सावत्थी (स्त्री.) : श्रावस्ती, कोसल जनपद की राजधानी।

सावसेस (वि.) : अवशेष सहित, अपूर्ण।

साविका (स्त्री.) : शिष्या, श्राविका।

सावेति (क्रि.) : सुनाता है, घोषणा करता है।

सावेतु (पु.) : सुनाने वाला।

सासङ्क (वि.) : आशंका-सहित, संदिग्ध।

सासति (क्रि.) : शिक्षा देता है, शासन करता है।

सासन (नपुं.) : शिक्षण, आज्ञा, संदेश, सिद्धांत।

सासनकर / **सासनकारक** / **सासनकारी** (वि.) : शिक्षा के अनुसार चलनेवाला ।

सासनहर (पु.) : संदेश-वाहक।

सासनान्तरधान (नपुं.) : (बुद्ध-) शासन का लोप।

सासनावचर (वि.) : धर्मानुयायी।

सासनिक (वि.) : बुद्ध-शासन संबंधी।

सासप (पु.) : सरसों के दाने।

सासव (वि.) : आस्रव-सहित, चित्त-मैल युक्त।

साहत्थिक (वि.) : अपने हाथ से किया।

साहस (नपुं.) : हिंसा, दुस्साहस, मनमानी करना।

साहसिक (वि.) : हिंसक या असभ्य।

साहु (अ.) : **'साधु'** शब्द के समान, अच्छा।

साळव (पु.) : कच्ची साग-सब्जी का भोजन।

सिकता (स्त्री.) : बालू।

सिक्का (स्त्री.) : छीका।

सिक्खति (क्रि.) : सीखता है, अभ्यास करता है।

सिक्खन (नपुं.) : शिक्षण, अभ्यास।

सिक्खा (स्त्री.) : शिक्षा, नियम पालन।

सिक्खाकाम (वि.) : उपदेशानुसार चलने का इच्छुक।

सिक्खापक / सिक्खापनक (पु.) : शिक्षक।

सिक्खापद (नपुं.) : शील संबंधी नियम।

सिक्खापन (नपुं.) : शिक्षण।

सिक्खासमादान (नपुं.) : शील ग्रहण करना।

सिक्खित (वि.) : शिक्षित।

सिखण्ड (पु.) : मोर के सिर की कलंगी।

सिखण्डी (पु.) : मोर।

सिखर (नपुं.) : शिखर।

सिखरी (पु.) : शिखर वाला, पर्वत।

सिखा (स्त्री.) : शिखा, (दीपक की) लौ।

सिखी (पु.) : आग; मोर।

सिगाल / सिङ्गाल (पु.) : गीदड़।

सिगालक (नपुं.) : गीदड़ की आवाज।

सिगाल-जातक : गीदड़ ने ब्राह्मण की चादर में मल-मूत्र त्याग दिया (११३)।

सिगाल-जातक : आदमी ने मरे होने का नाटक किया। गीदड़ भाँप गया। आदमी गीदड़ की जान न ले सका (१४२)।

सिगाल-जातक : गीदड़ हाथी के पेट में जाकर कैद हो गया (१४८)।

सिगाल-जातक : गीदड़ ने शेरनी को अपना प्रेम निवेदन किया। शेरनी ने इसे अपना अपमान समझा (१५२)।

सिग्गु (पु.) : वृक्ष-विशेष।

सिङ्ग (नपुं.) : सींग।

सिङ्गार (पु.) : सिंगार, श्रृंगार रस।

सिङ्गिवेर (नपुं.) : अदरक।

सिङ्गी : (वि.) सींग वाला; (स्त्री.) सोना, सुवर्ण।

सिङ्गीनद (नपुं.) : सोना, सुवर्ण।

सिङ्गीवण्ण (वि.) : सुनहरा।

सिङ्घति (क्रि.) : नस लेता है, सूंघता है।

सिङ्घाटक (पु., नपुं.) : चौरस्ता।

सिङ्घाणिका (स्त्री.) : नाक की सीढ।

सिज्झति (क्रि.) : घटित होता है, सफल होता है, लाभान्वित होता है।

सिज्झन (नपुं.) : घटना का होना, सफल होना।

सिञ्चक (वि.) : सींचने वाला।

सिञ्चति (क्रि.), सींचता है।

सिञ्चन (नपुं.) : सींचना।

सित : (वि.) श्वेत, सफेद, निर्भृत, आसक्त; (नपुं.) स्मित, मुस्कराहट।

सित्त (वि.) : सिंचित।

सित्थ (नपुं.) : मोम, भात का कण।

सित्थावकारकं (क्रि.वि.) : भात के दाने बिखेर-बिखेरकर।

सित्थक (नपुं.) : मोम।

सिथिल (वि.) : ढीला-ढाला।

सिथिलत्त (नपुं.) : शिथिलता, ढीलापन।

सिथिलभाव (नपुं.) : ढीलापन।

सिद्ध (वि.) : समाप्त, पूरा हुआ, उबला हुआ, पका हुआ।

सिद्धत्थ : (वि.) जिसका अर्थ सिद्ध हो गया; (पु.) शाक्य-मुनि गौतम बुद्ध का नाम।

सिद्धत्थक (नपुं.) : सरसों के दाने।

सिद्धि (स्त्री.) : सफलता।

सिनान (नपुं.) : स्नान, नहाना।

सिनिद्ध (वि.) : चिकना, नरम।

सिनेरु : सिनेरु या सुमेरु पर्वत।

सिनेह / स्नेह (पु.), प्रेम; तेल, चिकनाई।

सिनेहन (नपुं.) : चिकना करना।

सिनेहबिन्दु (नपुं.) : तेल की बूंद।

सिनेहेति (क्रि.) : स्नेह करता है, तेल चुपड़ता है।

सिन्दी (स्त्री.) : खजूर।

सिन्दूर (पु.) : (माथे पर लगाने का) सिंदूर।

सिन्धव : (वि.) सिन्ध सम्बन्धी; (पु.) सिन्धव नमक; सिन्धव घोड़ा।

सिन्धु (पु.) : समुद्र।

सिन्धु (स्त्री.) : हिमालय से निकल कर अरब सागर में गिरने वाली बड़ी नदी।

सिन्धुरट्ठ (नपुं.) : सिन्धु-राष्ट्र।

सिन्धुसङ्गम (पु.) : जहाँ नदी समुद्र में गिरती है।

सिपाटिका (स्त्री.) : फली, छोटी संदूक।

सिप्प (नपुं.) : शिल्प, हुनर, कला।

सिप्पट्ठान (नपुं.) : शिल्प की शाखा।

सिप्पसाला (स्त्री.) : शिल्प-शाला।

सिप्पायतन (नपुं.) : शिल्प की शाखा या आधार।

सिप्पिक / **सिप्पी** (पु.) : शिल्पी, कलाकार।

सिप्पिका (स्त्री.) : सीपी।

सिब्बति / **सिब्बेति** (क्रि.) : सीता है।

सिब्बन (नपुं.) : सीना।

सिब्बनी (स्त्री.) : सियून, उत्कट अनुराग।

सिब्बापेति (क्रि.) : सिलवाता है।

सिम्बलि / **सिम्बली** (स्त्री.) : सेमल का पेड़।

सिर (पु., नपुं.) : सिर।

सिरा (स्त्री.) : शिरा, नस।

सिरि / सिरी (स्त्री.) : भाग्य, ऐश्वर्य, धन।

सिरि-जातक : मुर्गे का मांस खाने वाला पीलवान राजा बना, उसकी पत्नी रानी बनी और तपस्वी राजा पुरोहित बना (२८४)।

सिरिकाळकण्णि-जातक : **सिरिकाळकण्णिपञ्ह** का ही एक और नाम (१९२)।

सिरिकाळकण्णि-जातक : बनारस के व्यापारी ने एक पलंग ऐसे ही किसी के लिए बिछवाकर रखा था, जो उसकी अपेक्षा अधिक शुद्ध-पवित्र हो (३८२)।

सिरिगब्भ (पु.) : धनी आदमी का शयनागार।

सिरिधर / सिरिमन्तु (वि.) : धन-संपन्न, ऐश्वर्यवान।

सिरिमन्द-जातक : **सिरिमन्दपञ्ह** के लिए ही एक और नाम (५००) । सेनक तथा महोसध पंडित के बीच लक्ष्मी तथा सरस्वती में से कौन अधिक श्रेष्ठ है, इस प्रश्न को लेकर जो विवाद हुआ था, वही सिरिमन्दपञ्ह कहलाता है।

सिरिविलास (पु.), ठाट-बाट।

सिरिसयन (नपुं.) : राजकीय शय्या।

सिरिंसप (नपुं) : रेंगता हुआ प्राणी, सांप।

सिरीस (पु.) : सिरस का पेड़।

सिरोजाल (वि.) : सिर ढकने की जाली।

सिरोमणि (पु.) : सिर की मणि।

सिरोरुह (पु., नपुं.) : सिर के बाल।

सिरोवेठन (नपुं.) : पगड़ी।

सिला (स्त्री.) : शिला, पत्थर।

सिलागुळ (नपुं.) : पत्थर का गोला।

सिलाघति (क्रि.) : प्रशंसा करता है, डींग मारता है।

सिलाघा (स्त्री.) : प्रशंसा।

सिलात्थम्भ (पु.) : पत्थर का खंभा।

सिलापट्ट (नपुं.) : पत्थर की पटरी।

सिलापाकार (पु.) : पत्थर की चारदीवारी।

सिलामय (वि.) : शिला-निर्मित।

सिलिट्ठ (वि.) : चिकना।

सिलिट्ठता (स्त्री.) : चिकनापन, चिकनाहट।

सिलुच्चय (पु.) : चट्टान, बड़ा पत्थर।

सिलुत्त (पु.) : धामिन, एक सांप।

सिलेस (पु.) : पहेली, श्लेषालंकार, लेसदार चीज।

सिलेसुम (पु.) : कफ, बलगम।

सिलोक (पु.) : प्रसिद्धि, श्लोक।

सिव : (वि.) कल्याण (स्थल), सुरक्षित (स्थान); (पु.) शिव (महादेव)।

सिवि-जातक : राजा शिवि की, अपना शरीर तक दान दे देने की कथा (४९९)।

सिविका (स्त्री.) : पालकी।

सिसिर : (पु.) शीत ऋतु, ठंडक; (वि.) ठंडा।

सिस्स (पु.) : शिष्य, विद्यार्थी ।

सीघ (वि.) : शीघ्र, तेज।

सीघं (क्रि.वि.) : शीघ्र, जल्दी, तेजी से।

सीघगामी (वि.) : शीघ्र-गामी।

सीघतरं (क्रि.वि.) : अधिक शीघ्रता से।

सीघसीघं (क्रि.वि.) : बहुत जल्दी।

सीघसोत (वि.) : शीघ्र-स्रोत।

सीत / सीतल : (वि.) ठंडा; (नपुं.) ठंड या ठंडक।

सीतभीरुक (वि.) : शीत से भयभीत, ठंड से त्रस्त।

सीता (स्त्री.) : हल की लकीर।

सीतिभाव (पु.) : शीतलता, शांति।

सीतिभूत (वि.) : शांतिभाव को प्राप्त, शमथ-प्राप्त।

सीतोदक (नपुं.) : ठंडा जल।

सीदति (क्रि.) : डूब जाता है, नीचे बैठ जाता है, हार मान लेता है।

सीदन (नपुं.) : डूबना।

सीन (वि.) : डूबा हुआ।

सीपद (नपुं.) : फील पाँव।

सीमट्ठ (वि.) : सीमा के भीतर स्थित।

सीमन्तिनी (स्त्री.) : औरत।

सीमा (स्त्री.) : सीमा, मर्यादा, भिक्षुओं का विनय-कर्म करने के लिए निर्धारित सीमा।

सीमाकत (वि.) : सीमित।

सीमातिग (वि.) : सीमा को लांघ गया।

सीमासमुग्घात (पु.) : पहले की सीमा को तोड़ दिया जाना।

सीमासम्मुति (स्त्री.) : नयी सीमा की स्थापना।

सीर (पु.) : हल, खेती का औजार।

सीरङ्ग (पु.) : हल का मुख्य भाग।

सील (नपुं.) : शील, सदाचार।

सीलकथा (स्त्री.) : शील की व्याख्या।

सीलक्खन्ध (पु.) : शील-स्कन्ध।

सीलगन्ध (पु.) : शील की सुगंधि।

सीलब्बत (नपुं.) : शील-व्रत।

सीलभेद (पु.), शील-भङ्ग, शीलपरिच्छेद।

सीलमय (वि.) : शीलवान, शील-संबंधी।

सीलवन्तु (वि.) : शील का पालन करने वाला।

सीलविपत्ति (स्त्री.) : शील की मर्यादा का उल्लंघन, दुराचार।

सीलविपन्न (वि.) : शील-भङ्ग करने वाला।

सीलसम्पत्ति (स्त्री.) : शील-पालन, सदाचार।

सीलसम्पन्न (वि.) : शीलवान, सदाचारी।

सीलन (नपुं.) : संयत रहना, विनय के अधीन रहना।

सीलवनाग-जातक : सीलव नागराज ने पथभ्रष्ट आदमी को उपकृत किया। दुष्ट ने सीलव नागराज के ही दांतों को जड़ तक उखाड़ा (७२)।

सीलवीमंस-जातक : तपस्वी ने शील का महत्व समझा (३३०)।

सीलवीमंस-जातक : तपस्वी ने रुपये की चोरी कर इस बात को प्रत्यक्ष किया कि विद्या की अपेक्षा भी शील की अधिक प्रतिष्ठा है (३६२)।

सीलवीमंसन-जातक : पुरोहित ने उक्त ढंग से ही विद्या-बल से भी शील-बल का महत्त्व समझा (८६)।

सीलवीमंसन-जातक : प्रथम सीलवीमंस जातक के ही समान कथा (२९०)।

सीलवीमंसन-जातक : ब्राह्मण ने अपने पांच-सौ शिष्यों में से जो सचमुच शीलवान था उसे ही अपनी कन्या प्रदान की (३०५)।

सीलानिसंस-जातक : नाई ने प्राणि-हत्या की। शीलवान उपासक ने अपने पुण्य का कुछ हिस्सा नाई को दे उसकी भी जान बचाई (१९०)।

सीलिक (वि.) : स्वभाव वाला, प्रकृति वाला।

सीली (वि.) : (समास में) शीलवाला, स्वभाव वाला।

सीवथिका (स्त्री.) : कच्चा श्मशान।

सीस (नपुं.) : शीर्ष, सिर; उच्चतम शिखर; धान की बाली; लेख का शीर्षक, सीसा।

सीसकपाल / **सीसकटाह** (पु.) : खोपड़ी।

सीसच्छवि (स्त्री.) : सिर की चमड़ी।

सीसच्छेदन (नपुं.) : सिर का काट डालना ।

सीसपरम्परा (स्त्री.) : एक सिर पर का भार दूसरे सिर पर लेना।

सीसप्पचालन (नपुं.) : सिर का हिलाना-डुलाना।

सीसवेठन (नपुं.) : पगड़ी।

सीसाबाध (पु.) : सिर का दर्द।

सीह (पु.) : सिंह, शेर।

सीहचम्म (नपुं.) : सिंह की चमड़ी।

सीहनाद (पु.) : सिंह-गर्जना।

सीहनादिक (वि.) : सिंह की तरह गर्जने वाला।

सीहपञ्जर (पु.) : सिंह का पिंजरा, झरोखा।

सीहपोतक (पु.) : शेर का बच्चा।

सीहविक्कीळित (नपुं.) : शेर का खेल।

सीहसेय्या (स्त्री.) : सिंह-शय्या, दाहिनी करवट पर।

सीहस्सर (वि.) : सिंह के समान स्वर वाला।

सीहहनु : (वि.) सिंह के समान जबड़े वाला; (पु.) शाक्य-मुनि गौतम बुद्ध के पितामह।

सीहकोट्ठक-जातक : शेर और गीदड़ी के संयोग से एक सिंह-बच्चा पैदा हुआ, जिसका स्वर गीदड़ का था (१८८)।

सीहचम्म-जातक : शेर की खाल ओढ कर चरते फिरते रहने वाले गधे को किसानों ने मार डाला (१८९)।

सीहबाहु : सिंहलद्वीप पर राज्य करने वाले राजा विजय का पिता।

सीहळ (वि.) : सिंहल द्वीप का रहिवासी।

सीहळदीप (नपुं.) : सिंहल द्वीप, लंका द्वीप।

सीहळभासा (स्त्री.) : सिंहल लोगों की भाषा।

सीहासन (नपुं.) : सिंहासन।

सु (उप.) : अच्छा।

सुक (पु.) : तोता।

सुक-जातक : तोते ने पिता के उपदेश की अवज्ञा की ओर जान गँवाई (२५५)।

सुकट / सुकत (वि.) : सुकृत, शुभ कर्म।

सुकर (वि.) : आसान, सुकर।

सुकुमार (वि.) : मृदु, कोमल, मुलायम।

सुकुमारता (स्त्री.) : मृदुभाव, कोमलता।

सुकुसल (वि.) : अत्यन्त दक्ष, सुकुशल।

सुक्क : (वि.) शुक्ल, सफेद; (नपुं.) शुभ कर्म।

सुक्कपक्ख (पु.) : महीने का शुक्ल पक्ष।

सुक्ख (वि.) : सूखा, अकाल।

सुक्खति (क्रि.) : सूखता है।

सुक्खन (नपुं.) : सूखना।

सुक्खापन (नपुं.) : सुखाना।

सुक्खापेति (क्रि.) : सुखाता है, सुखवाता है।

सुख (नपुं.) : सुख, आराम।

सुखं (क्रि.वि.) : सुखपूर्वक, आसानी से, आराम से।

सुखकाम (वि.) : सुख की इच्छा वाला।

सुखत्थिक / सुखत्थी (वि.) : सुखार्थी।

सुखद (वि.) : सुखदायक।

सुखनिसिन्न (वि.) : सुखपूर्वक बैठा हुआ।

सुखपटिसंवेदी (वि.) : सुख का अनुभव करने वाला।

सुखप्पत्त (वि.) : सुख प्राप्त।

सुखभागिय (वि.) : सुख में हिस्सा बंटाने वाला।

सुखयानक (नपुं.) : सुखद-यान, आरामदेह गाड़ी।

सुखविपाक (वि.) : सुख-फलदायी।

सुखविहरण (नपुं.) : सुखपूर्वक रहना।

सुखविहारी-जातक : राज्य-त्याग के बाद सुखपूर्वक विचरने वाले तपस्वी की कथा (१०)।

सुखसम्फस्स (वि.) : सुखद स्पर्श।

सुखसम्मत (वि.) : 'सुख' माना गया।

सुखसंवास (पु.) : सुखद संगति, सुखद सहवास।

सुखायति (क्रि.) : सुखी होता है।

सुखावह (वि.) : सुखद।

सुखित (वि.) : सुखी।

सुखुम (वि.) : सूक्ष्म, बारीक।

सुखुमतर (वि.) : बहुत सूक्ष्म ।

सुखुमत्त (नपुं.) : सूक्ष्मत्व, बारीकपन।

सुखुमाल (वि.) : सुकुमार, कोमल प्रकृति।

सुखुमालता (स्त्री.) : सुकुमारता।

सुखेति (क्रि.) : सुखित करता है।

सुखेधित (वि.) : सुख से पालित-पोषित।

सुगत : (वि.) सुगति-प्राप्त; (पु.) भगवान बुद्ध।

सुगतालय (पु.) : तथागत का निवासस्थान, सुगत की नकल।

सुगति (स्त्री.) : अच्छी अवस्था, सुखी लोक।

सुगती (वि.) : शुभ-कर्म करने वाला।

सुगन्ध (पु., वि.) : सुगंध, सुगंधि।

सुगन्धिक / **सुगन्धी** (वि.) : सुगंध सहित।

सुगहन (नपुं.) : सुग्रहण, भली प्रकार ग्रहण करना।

सुगुत्त / **सुगोपित** (वि.) : सुरक्षित।

सुग्गहित (वि.) : सुगृहीत, भली प्रकार धारण किया गया (पाठ)।

सुङ्क (पु.) : चुंगी, कर, शुल्क।

सुङ्कघात (पु.) : चुंगी-कर से बच निकलना।

सुङ्कट्ठान (नपुं.) : चुंगी घर।

सुङ्किक (पु.) : कर उगाहने वाला।

सुचरित (नपुं.) : सदाचरण।

सुचि (वि.) : पवित्र।

सुचिकम्म (वि.) : शुभ-कर्म करने वाला।

सुचिगन्ध (वि.) : सुगंध युक्त।

सुचिजातिक (वि.) : सफाई पसंद करने वाला।

सुचिवसन (वि.) : शुद्ध वस्त्रों वाला, साफ कपड़ों वाला।

सुचित्त / सुचित्तित (वि.) : अति विचित्र, सुचित्रित।

सुच्चज-जातक : रानी ने पूछा "यदि यह पर्वत सोने का हो जाये, तो क्या इसमें से मुझे कुछ दोगे ?" राजा का उत्तर था, "कण मात्र नहीं।" (३२०)।

सुच्छन्न (वि.) : अच्छी तरह ढका हुआ, अच्छी तरह छाया हुआ।

सुजन (पु.) : भला आदमी, सज्जन।

सुजा (स्त्री.) : यज्ञ में काम आनेवाली श्रुवा या लकड़ी की कड़छी; शुक्र की पत्नी का नाम।

सुजात (वि.) : सुजन्मा, अच्छे कुल में जन्मा।

सुजात-जातक : पुत्र ने कर्कश-भाषी माता को सुधारा (२६९)।

सुजात-जातक, राजा ने मिठाई बेचने वाली लड़की की मधुर वाणी सुन, उसे बुलाकर अपनी रानी बना लिया (३०६)।

सुजात-जातक : सुजात ने अपने शोकमग्न पिता के शोक को दूर किया (३५२)।

सुजाता : ऊरुवेला के पास के सेनानी गांव के मुखिया की लड़की, जिसने गौतम बुद्ध को वृक्ष-देवता मान खीर से संतर्पित किया था।

सुज्झति (क्रि.) : शुद्ध होता है।

सुञ्ञ (वि.) : शून्य।

सुञ्ञगाम (पु.) : शून्य-ग्राम, खाली गांव।

सुञ्ञता (स्त्री.) : शून्यता।

सुञ्ञागार (नपुं.) : शून्यागार, एकांत स्थल।

सुट्ठु (अ.) : अच्छा।

सुट्ठुता (स्त्री.) : अच्छापन।

सुण (पु.) : कुत्ता।

सुणाति (क्रि.) : सुनता है।

सुणिसा / सुण्हा (स्त्री.) : पुत्रवधू, बहू।

सुत (पु., नपुं) : पुत्र, लड़का; धर्म-ग्रंथ; (वि.), सुना हुआ।

सुतत्त (वि.) : भली प्रकार गर्म किया गया।

सुतधर (नपुं.) : बहु-श्रुत, धर्म-ग्रंथ को कंठस्थ करने वाला।

सुतनु (वि.) : सुंदर शरीर वाला।

सुतन-जातक : पुत्र ने आदमखोर यक्ष के पास जाना स्वीकार किया (३९८)।

सुतप्पय (वि.) : आसानी से सन्तुष्ट हो सकने वाला।

सुतवन्तु (वि.) : बहु-श्रुत, विद्वान।

सुति (स्त्री.) : श्रुति, अनु-श्रुति; वैदिक परंपरा; आवाज।

सुतिहीन (वि.) : बहरा।

सुत्त : (वि.) सोया हुआ; (नपुं.) धागा, बुद्धोपदेश, (व्याकरण का) सूत्र।

सुत्तकन्तन (नपुं.) : सूत कातना।

सुत्तकार (पु.) : सूत्तों का रचयिता।

सुत्तगुळ (नपुं.) : सूत का गोला।

सुत्तन्त (पु., नपुं.) : बुद्धोपदेश या प्रवचन।

सुत्तन्तिक (वि.) : सारे सुत्तपिटक या उसके एक हिस्से को कंठस्थ करने वाला ।

सुत्तनिपात : सुत्त पिटक के खुद्दक निकाय के ग्रंथों में से एक।

सुत्तपिटक : तीन पिटकों में से एक पिटक।

सुत्तमय (वि.) : सूत्र-निर्मित।

सुत्ति (स्त्री.) : सीप, घोंघा।

सुदं (अ.) : सर्वनाम, क्रियाविशेषण आदि के साथ प्रयोग में आने वाला एक शब्द प्रयोग, इसका कोई निश्चित अनुवाद नहीं है।

सुदन्त (वि.) : सुशिक्षित।

सुदस्स (वि.) : आसानी से देखा गया।

सुदस्सन (वि.) : सुदर्शन, सुंदर रूप वाला।

सुदिट्ठ (वि.) : भली प्रकार देखा गया।

सुदिन्न (वि.) : भली प्रकार दिया गया।

सुदुक्कर (वि.) : जो बड़ी कठिनाई से किया जा सके।

सुदुत्तर (वि.) : जिससे बड़ी कठिनाई से पार पाया जा सके।

सुदुद्दस (वि.) : जो बड़ी कठिनाई से देखा जा सके।

सुदुब्बल (वि.) : अत्यंत दुर्बल।

सुदुल्लभ (वि.) : अत्यंत दुर्लभ।

सुदेसित (वि.) : भली प्रकार उपदिष्ट।

सुद्द (पु.) : शूद्र, वर्ण व्यवस्था में चौथे वर्ण का।

सुद्ध (वि.) : शुद्ध, पवित्र, साफ।

सुद्धता (स्त्री.) / **सुद्धत्त** (नपुं.) : शुद्धता।

सुद्धाजीव (वि.) : शुद्ध आजीविका वाला।

सुद्धावास (पु.) : शुद्ध निवास स्थल, शुद्धावास – ब्रह्मलोक का आवास।

सुद्धावासिक (वि.) : शुद्धावास में रहने वाला।

सुद्धि (स्त्री.) : शुद्धि, पवित्रता।

सुद्धिमग्ग (पु.) : पवित्रता का मार्ग।

सुद्धोदन : कपिलवस्तु का शाक्य राजा तथा शाक्यमुनि गौतम बुद्ध के पिता।

सुधन्त (वि.) : अच्छी तरह फूंका गया या साफ किया गया।

सुधम्मता (स्त्री.) : अच्छा स्वभाव।

सुधा (स्त्री.) : अमृत; चूना।

सुधाकम्म (नपुं.) : चूना पोतना।

सुधाकर (पु.) : चंद्रमा।

सुधाभोजन-जातक : कंजूस कोसिय की कथा (५३५)।

सुधी (पु.) : बुद्धिमान आदमी।

सुधोत (वि.) : अच्छी तरह धोया गया ।

सुनख (पु.) : कुत्ता।

सुनखी (स्त्री.) : कुत्ती।

सुनख-जातक : मालिक के सो जाने पर कुत्ता भाग गया (२४२)।

सुनहात / **सुन्हात** (वि.) : अच्छी प्रकार नहाया हुआ।

सुनिसित (वि.) : भली प्रकार तेज किया गया।

सुन्दर (वि.) : आकर्षक, सुंदर।

सुन्दरतर (वि.) : अधिक सुंदर।

सुन्दरिका : कोसल जनपद की नदी।

सुनापरन्त : सुप्पारक पत्तन (बंदरगाह) के आसपास का प्रदेश।

सुपक्क (वि.) भली प्रकार पका हुआ।

सुपण्ण (पु.) : गरुड।

सुपत्त-जातक : सुपत्त कौवे की कथा (२९२)।

सुपति (क्रि.) : सोता है।

सुपरिकम्मकत (वि.) : अच्छी तरह से माँजा हुआ या साफ किया हुआ।

सुपरिहीन (वि.) : अत्यंत दुबला-पतला।

सुपिन / **सुपिनक** / **सुपिनन्त** (नपुं.) : स्वप्न, सपना।

सुपिनपाठक (पु.) : स्वप्नों की व्याख्या करने वाला।

सुपुप्फित (वि.) : फूलों से ढका हुआ, पूरी तरह से खिला हुआ।

सुपोठित / सुपोथित (वि.) : भली प्रकार पीटा गया।

सुप्प (पु., नपुं.) : सूप, छाज।

सुप्पटिपन्न (वि.) : सुप्रतिपन्न, सुमार्ग पर आरूढ।

सुप्पटिविध (वि.) : भली प्रकार समझ लिया गया।

सुप्पतिट्ठित (वि.) : भली प्रकार प्रतिष्ठित।

सुप्पतीत (वि.) : अच्छी तरह प्रसन्न।

सुप्पधंसिय (वि.) : आसानी से दबा दिया गया।

सुप्पबुद्ध : महामायादेवी तथा महापजापति गौतमी का भाई।

सुप्पभात (नपुं.) : सुप्रभात।

सुप्पवेदित (वि.) : भली प्रकार संतुष्ट।

सुप्पसन्न (वि.) : भली प्रकार प्रसन्न, श्रद्धावान।

सुप्पार : सुप्पारक, सुप्पारा बंदरगाह।

सुप्पारक-जातक : अंधे नाविक के मार्गदर्शन की कथा (४६३)।

सुप्फस्सित (वि.) : ठीक तरह से लगा हुआ।

सुबहु (वि.) : अत्यंत।

सुब्बच / सुवच (वि.) : आज्ञाकारी, विनम्र।

सुब्बत (वि.) : सदाचार-परायण।

सुब्बुट्ठि (स्त्री.) : सु-वृष्टि, पर्याप्त वर्षा।

सुभ (वि.) : शुभ, शुभ (मुहूर्त), अच्छा लगने वाला।

सुभकिण्ण : देवताओं की एक जाति।

सुभग (वि.) : सौभाग्यपूर्ण।

सुभगकरण (नपुं.) : सौभाग्यकरण, (किसी को) प्रिय बनाना अथवा वश में कर लेना।

सुभद्द थेर : भगवान बुद्ध परिनिवृत्त होने को थे। उस समय उन्होंने सुभद्द परिव्राजक को उपदेश दिया। यह भगवान बुद्ध क जीवन काल में उन्हीं के द्वारा दीक्षित उनका अंतिम शिष्य था।

सुभनिमित्त (नपुं.) : शुभ शकुन, सुंदर वस्तु।

सुभर (वि.) : जिसका आसानी से भरण-पोषण किया जा सके, जिसका किसी पर अधिक भार न हो।

सुभिक्ख (वि.) : सुभिक्ष, जहां आहार की कमी न हो।

सुमङ्गल-जातक : सुमङ्गल माली ने प्रत्येक-बुद्ध को हिरन समझ तीर का निशाना बनाया (४२०)।

सुमति (पु.) : बुद्धिमान आदमी।

सुमन (वि.) : प्रसन्न, प्रसन्न-चित्त।

सुमनपुप्फ (नपुं.) : चमेली का फूल।

सुमनमुकुल (नपुं.) : चमेली का कोंपल।

सुमनमाला (स्त्री.) : चमेली की माला।

सुमन सामणेर : भिक्षुणी संघमित्रा का पुत्र सुमन श्रामणेर। महास्थविर महिन्द्र के साथ यह भी सिंहल-द्वीप गया था।

सुमना (स्त्री.) : चमेली, प्रसन्न वदन स्त्री।

सुमनोहर (वि.) : अत्यंत आकर्षक।

सुमानस (वि.) : प्रसन्न चित्त।

सुमापित (वि.) : सुनिर्मित।

सुमुत्त (वि.) : सुविमुक्त, अच्छी तरह से विमुक्त।

सुमेध / सुमेधस (वि.) : बुद्धिमान।

सुमेरु : सुमेरु पर्वत।

सुयिट्ठ (वि.) : अच्छी तरह से आहुति दी गई।

सुयुत्त (वि.) : सुयुक्त, अच्छी तरह से नियुक्त किया गया।

सुर (पु.) : देवता, एक मानवी समूह।

सुरत (वि.) : भक्त, आसक्त, प्रेमी।

सुरत्त (वि.) : अच्छी तरह से रंगा हुआ, अत्यंत लाल।

सुरनदी (स्त्री.) : देवताओं की नदी।

सुरनाथ (पु.) : देवताओं का राजा।

सुरपथ (पु.) : आकाश।

सुरभि (वि.) : सुगंधित।

सुरभिगन्ध (पु.) : सुगंध।

सुररिपु (पु.) : देवताओं का शत्रु, असुर।

सुरसेन : सोलह महाजनपदों में से एक। इसकी गिनती मच्छ जनपद के साथ होती है।

सुरा (स्त्री.) : नशीला द्रव, शराब।

सुराघट (पु.) : शराब का घड़ा।

सुराधुत्त (पु.) : शराब के नशे में मस्त।

सुरापान (नपुं.) : शराब का पीना।

सुरापायिका (स्त्री.) : शराबी औरत।

सुरापीत (वि.) : जिसने शराब पी ली हो।

सुरामद (पु.) : शराब का नशा।

सुरामेरय (नपुं.) : सुरा तथा अन्य नशीले पदार्थ।

सुरासोण्ड / **सुरासोण्डक** (पु.) : शराबी।

सुरापान-जातक : तपस्वियों ने शराब पी ली और नंगे होकर नाचने लगे (८१)।

सुरिय (पु.) : सूर्य।

सुरियुग्गमन (पु.) : सूर्योदय।

सुरियग्गाह (पु.) : सूर्यग्रहण।

सुरियत्थङ्गम (पु.) : सूर्यास्त।

सुरियमण्डल (नपुं.) : सूर्य के इर्द-गिर्द का चक्कर।

सुरियरंसि / सुरियरस्मि (स्त्री.) : सूर्य की किरणे।

सुरुचि-जातक : सुरुचि कुमार तथा सुमेधा के गृहस्थ जीवन का वर्णन (४८९)।

सुरुङ्गा (स्त्री.) : जेलखाना, कैदखाना।

सुरुसुरुकारकं (क्रि.वि.) : खाते समय सुर-सुर की आवाज करना।

सुरूप / सुरूपी (वि.) : सुंदर।

सुरूपिनी (स्त्री.) : सुंदरी।

सुलद्ध (वि.) : सुलाभ।

सुलभ (वि.) : जो आसानी से मिल सके।

सुलसा-जातक : सुलसा वेश्या ने कृतघ्न सत्तक डाकू को चट्टान से गिराकर मार डाला (४१९)।

सुव (पु.) : तोता।

सुवण्ण : (नपुं.) स्वर्ण, सोना; (वि.) अच्छे रंग का, सुंदर।

सुवण्णकार (पु.) : सोनार, सोने का काम करने वाला।

सुवण्णगब्भ (पु.) : सोना रखने के लिए सुरक्षित कमरा।

सुवण्णगुहा (स्त्री.) : सुनहरी गुफा।

सुवण्णता (स्त्री.) : सुवर्णता।

सुवण्णपट्ट (नपुं.) : स्वर्ण-पट्ट, सोने का पट्ट।

सुवण्णपीठक (नपुं.) : स्वर्ण-पीठिका।

सुवण्णमय (वि.) : सोने का बना।

सुवण्णभिङ्कार (पु.) : सोने की झारी।

सुवण्णवण्ण (वि.) : सुनहरे रंग का।

सुवण्णहंस (पु.) : सुनहरा हंस।

सुवण्णकट्टक-जातक : केकड़े ने सांप तथा कौवे की हत्या कर किसान के प्राणों की रक्षा की (३८९)।

सुवण्णभूमि : तीसरी संगीति के बाद सोण तथा उत्तर स्थविरों की प्रचारभूमि।

सुवण्णमिग-जातक : शिकारी ने हिरणी के आत्म-त्याग की भावना से प्रभावित हो हिरण तथा हिरणी दोनों को मुक्त किया (३५९)।

सुवण्णहंस-जातक : लोभी पत्नी ने स्वर्ण-हंस के सभी पर एक साथ नोच लेने चाहे (१३६)।

सुवत्थि (स्त्री.) : स्वस्ति, कल्याण।

सुवम्मित (वि.) : भली प्रकार कवच पहने।

सुववत्थापित (वि.) : सुनिश्चित।

सुवाण (पु.) : कुत्ता, श्वान।

सुवाणदोणि (स्त्री.) : कुत्ते की नाँद या कठौती।

सुविजान (वि.) : आसानी से समझ में आने वाला।

सुविञ्ञापय (वि.) : जिसे आसानी से शिक्षित किया जा सके।

सुविभत्त (वि.) : भली प्रकार विभक्त या व्यवस्थित।

सुविम्हित (वि.) : अत्यंत चकित।

सुविलित्त (वि.) : भली प्रकार लेप किया गया, सुगंधित।

सुविसद (वि.) : साफ-साफ, अत्यंत स्पष्ट।

सुवुट्ठिक (वि.) : पर्याप्त वर्षा-युक्त।

सुवे (क्रि.वि.) : कल (आनेवाला)।

सुसङ्खत (वि.) : सुसंस्कृत, अच्छी तरह तैयार किया गया।

सुसञ्ञत (वि.) : पूर्ण रूप से संयत।

सुसण्ठान (वि.) : भले आकार-प्रकार का।

सुसमारद्ध (वि.) : अच्छी प्रकार से आरंभ किया गया।

सुसमाहित (वि.) : पूर्ण रूप से संयमित।

सुसमुच्छिन्न (वि.) : पूर्णरूप से उखाड़ दिया गया।

सुसान (नपुं.) : श्मशान, मरघट।

सुसानगोपक (पु.) : श्मशान पालक, मरघट का पहरेदार।

सुसिक्खित (वि.) : पूर्णरूप से शिक्षित, अच्छी तरह शिक्षित।

सुसिर : (नपुं.) खोंडर; (वि.) पोलवाला, छिद्रयुक्त।

सुसीम-जातक : सुसीम राजा के पुरोहीत का पुत्र तीन दिन में बनारस से तक्षशिला जाकर हस्ति-विद्या सीख आया (१६३)।

सुसीम-जातक : राजा ने राजमाता को अपने पुरोहित को सौंपा (४११)।

सुसील (वि.) : सुशील।

सुसु : (पु.) शिशु, बालक; (वि.) शिशु-स्वभाव वाला।

सुसुका (स्त्री.) : एक प्रकार की मछली।

सुसुक्क (वि.) : अत्यंत सफेद।

सुसुनाग : कालाशोक का पिता तथा मगध-राजा।

सुसुद्ध (वि.) : अत्यंत परिशुद्ध।

सुस्सति (क्रि.) : बिखर जाता है, सूख जाता है।

सुस्सरता (स्त्री.) : मधुर स्वर होना, सुस्वरता।

सुस्सूसति (क्रि.) : अच्छी तरह सुनता है।

सुस्सूसा (स्त्री.) : सुनने की इच्छा, आज्ञाकारिता।

सुस्सोन्दी-जातक : सुस्सोन्दी रानी गरुड से प्रेम करने लगी (३६०)।

सुहज्ज (नपुं.) : सुहृदयता, मैत्री।

सुहद (पु.) : मित्र, दोस्त।

सुहनु-जातक : महासोण तथा सुहनु अश्वों के बीच मित्रता स्थापित हो गई (१५८)।

सुहित (वि.) : संतुष्ट।

संसुमार (पुं.) : मगरमच्छ।

संसुमारगिरि : भग्ग जनपद का एक प्रसिद्ध नगर।

संसुमार-जातक : बंदर ने मगरमच्छ को छकाया (२०८)।

सूक (पु.) : जौ की सींक।

सूकर (पु.) : सूअर।

सूकरपोतक (पु.) : सूअर का बच्चा।

सूकरमंस (नपुं.) : सूअर का मांस।

सूकर-जातक : सूअर ने शेर को युद्ध के लिए ललकारा (१५३)।

सूकरिक (पु.) : कसाई, सूअरों की हत्या करने वाला।

सूचक (वि.) : सूचना देने वाला।

सूचन (नपुं.) : सूचना।

सूचि (स्त्री.) : सुई, बालों में लगाने का कांटा, बंद दरवाजे के पीछे लगाई जानेवाली लकड़ी।

सूचिका (स्त्री.) : सुई, अर्गला।

सूचिकार (पु.) : सुई बनाने वाला।

सूचिघटिका (स्त्री.) : अर्गला को संभालने वाली साकल।

सूचिघर (नपुं.) : सुई रखने की डिबिया।

सूचिमुख (पु.) : मच्छर।

सूचिलोम (वि.) : सुई जैसे कड़े बालों वाला।

सूचिविज्झन (नपुं.) : मोची का टेकुआ, सूजा।

सूचि-जातक : सुनार ने एक ऐसी सुई बनाई, जिसके एक के बाद एक सात घर (खोल) बनाये (३८६)।

सूजु (वि.) : सीधा, सरल।

सूत (पु.) : रथ हांकने वाला, सारथी।

सूतिघर (नपुं.) : प्रसूतिघर।

सूद / **सूदक** (पु.) : रसोइया, खाना पकाने वाला।

सून (वि.) : सूजा हुआ, फूला हुआ।

सूना (स्त्री.) : कसाई का थड़ा, वधस्थल।

सूनाघर (नपुं.) : कसाईखाना।

सूनु (पु.) : पुत्र, बेटा, लड़का।

सूप (पु.) : कढी, दाल, पतली।

सूपकार / **सूपिक** (पु.) : रसोइया।

सूपतित्थ (वि.) : अच्छे पत्तन या अच्छे घाटवाला।

सूपधारित (वि.) : सुविचारित।

सूपेय्य (वि.) : सूप (कढी) के लिए योग्य।

सूपेय्यपण्ण (नपुं.) : व्यंजन बनाने के लिए पत्ते।

सूयति (क्रि.) : सुना जाता है।

सूर : (वि.) शूर, बहादुर; (पु.) सूरज, सूर्य।

सूरत (वि.) : मृदु, करुणा करने वाला।

सूरता (स्त्री.) / **सूरत्त** (नपुं.) / **सूरभाव** (पु.) : शूरता, बहादुरी।

सूरिय (पु.) : सूरज, सूर्य।

सूल (नपुं.) : शूल, बर्छी, भाला।

सूलारोपण (नपुं.) : सूली पर चढाना।

सेक (पु.) / **सेचन** (नपुं.) : छिड़काव, छिड़कना।

सेख / **सेक्ख** (पु.) : सीखने वाला, उन्नति-पथ पर आरूढ, वह जो अभी अर्हत नहीं बना।

सेखर (नपुं.) : सिर पर धारण की जाने वाली पुष्प-माला।

सेखिय (वि.) : धार्मिक जीवन में अभ्यास-क्रम से संबंधित।

सेग्गु-जातक : पिता ने सेग्गु नामक अपनी बेटी के शील की परीक्षा की (२१७)।

सेट्ठ (वि.), श्रेष्ठ, बड़ा, महान।

सेट्ठतर (वि.) : श्रेष्ठतर, महान।

सेट्ठसम्मत (वि.) : श्रेष्ठ माना गया।

सेट्ठि / **सेट्ठी** (पु.) : सेठ, श्रेष्ठी, धनी, धनवान।

सेट्ठिट्ठान (नपुं.) : सेठ का पद।

सेट्ठिजाया / **सेट्ठिभरिया** (स्त्री.), सेठ की पत्नी, सेठानी।

सेणि (स्त्री.) : श्रेणि, एक-एक पेशा करने वालों की पृथक-पृथक परिषद।

सेणिय (पु.) : श्रेणि का मुखिया।

सेत : (वि.) श्वेत, सफेद; (पु.) सफेद रंग।

सेतकुट्ठ (नपुं.) : सफेद कोढ।

सेतच्छत्त (नपुं.) : श्वेत छत्र।

सेतपच्छाद (वि.) : श्वेत ओढावन, सफेद रजाई।

सेतकेतु-जातक : जाति-अभिमानी श्वेतकेतु को एक चांडाल ने नीचा दिखाया (३७७)।

सेतट्ठिका (स्त्री.) : वृक्षों का गेरुई रोग।

सेति (क्रि.) : सोता है।

सेतु (पु.) : पुल।

सेद (पु.) : पसीना।

सेदक (वि.) : पसीना आते हुए।

सेदन (नपुं.) : भाप से उबालना।

सेदावक्खित्त (वि.) : पसीने से तर, पसीना-पसीना।

सेदेति (क्रि.) : खौलता है, भाप से उबालता है, सेकता है।

सेन / सेनक (पु.) : चील, बाज।

सेना (स्त्री.) : फौज, सेना।

सेनानायक / सेनापति / सेनानी (पु.) : सेना का संचालक, सेना का प्रमुख।

सेनापच्च (नपुं.) : सेनापति का कार्यालय।

सेनाब्यूह (पु.) : सेना की रचना, चक्रव्यूह।

सेनासन (नपुं.) : शयनासन, सोने के लिए स्थान, निवास स्थान, सोने की व्यवस्था।

सेनासनगाहापक (पु.) : सोने के स्थानों की व्यवस्था करने वाला।

सेनासनचारिका (स्त्री.) : एक शयनासन से दूसरे शयनासन तक चलना।

सेनासनपञ्ञापक (पु.) : शयनासनों का व्यवस्थापक।

सेफालिका (स्त्री.) : शेफालिका, नील सिंधुवार का पौधा, निर्गुडी।

सेम्ह (नपुं.) : श्लेष्मा, कफ।

सेय्य (नपुं.) : श्रेष्ठतर।

सेय्य-जातक : मंत्री ने राजा के रनिवास में गड़बड़ी की। उसे देश निकाला दे दिया गया (२८२)।

सेय्यथापि (अ.) : जैसे की, जिस तरह।

सेय्यथिदं / **सेय्यथीदं** (अ.) : निम्नोक्त के अनुसार।

सेय्या (स्त्री.) : शय्या।

सेय्यो (अ.) : अच्छा, श्रेष्ठ।

सेरिचारी (वि.) : स्वेच्छाचारी, यथारुचि विचरने वाला।

सेरिता (स्त्री.) : स्वैर-भाव, स्वतंत्रता।

सेरिवाणिज-जातक : लोभी सेरिवा बनिये ने मुँह की खाई (३)।

सेरिविहारि (वि.) : जैसे चाहे वैसे रहनेवाला।

सेल (पु.) : शैल, पर्वत।

सेलमय (वि.) : पत्थर का बना।

सेलेय्य (नपुं.) : शिलाजीत, एक औषधी।

सेवक : (पु.) नौकर, सेवा करने वाला; (वि.) सेवा करता हुआ, संगति में रहता हुआ।

सेवति (क्रि.) : सेवा करता है, संगति करता है, उपयोग करता है, अभ्यास करता है।

सेवन (नपुं.) / **सेवना** (स्त्री.) : संगति, सेवा, उपभोग।

सेवा (स्त्री.) : सेवा-टहल।

सेवाल (पु.) : काई।

सेवित (वि.) : उपयोग में लाया गया, अभ्यस्त, संगति में रहा।

सेवी (वि.) : संगति करने वाला, अभ्यास करने वाला।

सेस (वि.) : शेष, बचा हुआ।

सेसेति (क्रि.) : शेष छोड़ता है।

सो (सर्व., पु.) : वह।

सोक (पु.) : शोक, दुक्ख ।

सोकग्गि (पु.) : शोकाग्नि।

सोकपरेत (वि.) : शोकाभिभूत।

सोकविनोदन (नपुं.) : शोक का दूर करना।

सोकसल्ल (नपुं.) : शोक-शल्य।

सोकी (वि.) : शोक करने वाला।

सोख्य (नपुं.) : स्वास्थ्य, सुख।

सोखुम्म (नपुं.) : सूक्ष्मता, बारीकी।

सोगन्धिक (नपुं.) : श्वेत कमल।

सोचति (क्रि.) : शोक करता है, पश्चात्ताप करता है।

सोचना (स्त्री.) : शोक करना, अफसोस करना।

सोचेय्य (नपुं.) : पवित्रता।

सोण (पु.) : कुत्ता।

सोणित (नपुं.) : शोणित, रक्त।

सोणी (स्त्री.) : कुत्ती, कटि प्रदेश।

सोण्ड / **सोण्डक** (वि.) : नशेबाज।

सोण्डा : (स्त्री.) हाथी की सूँड; (वि.) नशेबाज औरत।

सोण्डिक (वि.) : शराब बेचने वाला।

सोण्डिका / **सोण्डी** (स्त्री.) : पर्वतों में प्राकृतिक जलाशय।

सोण्ण (नपुं.) : स्वर्ण, सोना।

सोण्णमय (वि.) : स्वर्ण-निर्मित।

सोत : (नपुं.) कान; (पु.) स्त्रोत, धारा।

सोतद्वार (नपुं.) : कर्णेन्द्रिय।

सोतबिल (नपुं.) : कान का छेद।

सोतवन्तु (वि.) : कान वाला।

सोतविञ्ञाण (वि.) : श्रोत्र-विज्ञान।

सोतविञ्ञेय्य (वि.) : कान द्वारा (सुनने से) जानने योग्य।

सोतायतन (नपुं.) : कर्णेन्द्रिय, कान।

सोतब्ब (वि.) : सुनने योग्य।

सोतापत्ति (स्त्री.) : धम्म-पथ रूपी स्त्रोत में आ पड़ना, धम्म-पथ की पहली मंजिल।

सोतापन्न (वि.) : धर्म-पथ रूपी स्त्रोत में आ पड़ा।

सोतिन्द्रिय (नपुं.) : श्रोत्रेन्द्रिय, कान।

सोतु (पु.) : सुनने वाला।

सोतुकाम (वि.) : सुनने की इच्छा वाला।

सोत्थि (स्त्री.) : स्वस्ति, कल्याण, सुरक्षा, आशीर्वचन।

सोत्थिकम्म (नपुं.) : आशीर्वचन।

सोत्थिभाव (पु.) : स्वस्ति-भाव, कुशलता।

सोत्थिसाला (स्त्री.) : अस्पताल।

सोदक (वि.) : भीगा हुआ, पानी चूता हुआ।

सोदरिय (वि.) : एक ही माता की संतान, सहोदर।

सोधक (वि.) : सफाई करने वाला, शुद्ध करने वाला।

सोधन (नपुं.) : सफाई, शुद्धि।

सोधापेति (क्रि.) : साफ कराता है, शुद्ध कराता है।

सोधित (वि.) : साफ किया गया, शुद्ध किया गया।

सोधेति (क्रि.) : साफ करता है, शुद्ध करता है।

सोनक-जातक : अरिंदम तथा सोनक की कथा (५२९)।

सोनन्द-जातक : नंद ने माता-पिता को कच्चा फल ला दिया था। यह उसके भाई सोन के रोष का कारण हुआ (५३२)।

सोपाक (पु.) : चांडाल जाति का व्यक्ति।

सोपान (पु., नपुं.) : सीढी।

सोपानपन्ति (स्त्री.) : सीढियों की कतार।

सोपानपाद (पु.) : सीढियों का आरंभ।

सोपानफलक (नपुं.) : एक सीढी।

सोपानसीस (नपुं.) : ऊपर की सीढी।

सोप्प (नपुं.) : नींद।

सोब्भ (नपुं.) : गड्ढा, जलाशय।

सोभग्ग (नपुं.) : सौभाग्य, सौंदर्य।

सोभग्गपत्त (वि.) : सौभाग्यवान, सुंदर।

सोभण / सोभन (वि.) : शोभन, चमकने वाला, सुंदर।

सोभति (क्रि.) : चमकता है, सुंदर लगता है।

सोम (पु.) : चन्द्रमा, चांद।

सोमदत्त-जातक : अग्निदत्त के पुत्र सोमदत्त की कथा (२११)।

सोमदत्त-जातक : तपस्वी अपने पोषित सोमदत्त नाम के हाथी के बच्चे की मृत्यु पर दुःखी हुआ (४१०)।

सोमनस्स (नपुं.) : सौमनस्य, प्रसन्नता, सुख।

सोमनस्स-जातक : ठग तपस्वी ने राजकुमार सोमनस्स को दंडित कराना चाहा (५०५)।

सोम्म (वि.) : सौम्य, अनुकूल।

सोरच्च (नपुं.) : विनम्रता।

सोवग्गिक (वि.) : स्वर्ग ले जाने वाला।

सोवचस्सता (स्त्री.) : आज्ञाकारिता, विनम्रता।

सोवण्ण (नपुं.) : सोना।

सोवण्णमय (वि.) : स्वर्ण-निर्मित।

सोवत्थिक (नपुं.) : स्वस्तिक।

सोवीरक (पु.) : कांजी, सिरका।

सोस (पु.) : शोषण, सूखना।

सोसन (नपुं.) : सुखाना।

सोसानिक (वि.) : श्मशान में रहने वाला।

सोसेति (क्रि.) : सुखाता है, सुखवाता है।

सोस्सति (क्रि. – भविष्य.) : सुनेगा।

सोहज्ज (नपुं.) : मित्रता।

स्वाकार (वि.) : अनुकूल प्रकृति वाला, भली प्रकृति वाला।

स्वाक्खात (वि.) : भली प्रकार व्याख्या किया गया, या उपदेश किया गया।

स्वागत (वि.) : स्वागत, कंठस्थ।

स्वागतं (क्रि.वि.) : स्वागत (स्वागत हो!)।

स्वातन (वि.) : (आनेवाले) कल से संबंधित।

स्वातनाय (चतुर्थी विभक्ति) : कल के लिए।

स्वे (क्रि.वि.) : (आनेवाला) कल।

ह

हञ्ञति (क्रि.) : मारा जाता है, हनन किया जाता है, नष्ट किया जाता है।

हञ्ञन (नपुं.) : यातना देना, जान से मार डालना।

हट (वि.) : ले जाया गया।

हट्ठ (वि.) : हृष्ट, संतुष्ट, आनंदित।

हट्ठतुट्ठ (वि.) : प्रसन्न-चित्त।

हट्ठलोम (वि.) : रोमांचित।

हठ (पु.) : हिंसा, जिद।

हत (वि.) : मारा गया, जख्मी हुआ, नष्ट कर दिया गया।

हतन्तराय (वि.) : बाधा-रहित।

हतभाव (पु.) : नष्ट किये जाने का भाव।

हतावकासो (वि.) : शुभाशुभ की सीमा से परे।

हत्थ (पु.) : हाथ, हत्था, हात-भर का माप।

हत्थक : (पु.) हत्था, (वि.) हाथ वाला।

हत्थकम्म (नपुं.) : शारीरिक श्रम।

हत्थगत (वि.) : हस्तगत, जिस पर अपना अधिकार हो।

हत्थगहण (नपुं.) / हत्थ-गाह (पु.) : हाथ से पकड़ना।

हत्थच्छिन्न (वि.) : जिसके हाथ कटे हों।

हत्थच्छेद (पु.) / **हत्थछेदन** (नपुं.) : हाथों का कटना।

हत्थतल (नपुं.) : हथेली।

हत्थपसारण (नपुं.), हाथ फैलाना।

हत्थपास (पु.) : हाथ की लंबाई।

हत्थवट्टक (पु.) : हाथ की गाड़ी।

हत्थविकार (पु.) : हाथ का संचालन।

हत्थसार (पु.) : मूल्यवान वस्तु, चलसंपत्ति।

हत्थापलेखन (नपुं.) : भोजनान्तर हाथ चाटना।

हत्थाचरिय (पु.) : हाथी को सिखाने वाला।

हत्थाभरण (नपुं.) : बाजूबंद।

हत्थारोह (पु.) : पीलवान, महावत।

हत्थि / हत्थी (पु.) : हाथी।

हत्थिकन्तवीणा (स्त्री.) : हाथियों को बुझाने की वीणा।

हत्थिकलभ (पु.) : हाथी का बच्चा।

हत्थिकुम्भ (पु.) : हाथी का मस्तक।

हत्थिकुल (नपुं.) : हाथियों की जाति।

हत्थिक्खन्ध (पु.) : हाथी की पीठ।

हत्थिगोपक (पु.) : महावत।

हत्थिदन्त (पु., नपुं.) : हाथी का दांत।

हत्थिदमक (पु.) : हाथी को संयत रखने वाला।

हत्थिदम्म (पु.) : सिखाया हुआ हाथी।

हत्थिनख (पु.), हस्तिनख नाम का गृहविशेश ।

हत्थिपद (नपुं.) : हाथी का पांव या कदम।

हत्थिपाकार (पु.) : हाथियों की शक्ल उत्कीर्ण की हुई दीवार।

हत्थिप्पभिन्न (वि.) : पगलाया हुआ हाथी।

हत्थिबन्ध / हत्थिमेण्ड (पु.) : महावत, हाथी का रखवाला।

हत्थिमत्त (वि.) : हाथी जितना बड़ा।

हत्थिमारक (पु.) : हाथियों का शिकारी।

हत्थियान (नपुं.) : हाथी की सवारी।

हत्थियुद्ध (नपुं.) : हाथियों का युद्ध।

हत्थिरूपक (नपुं.) : हाथी का चित्र।

हत्थिलेण्ड (पु.) : हाथी की विष्ठा।

हत्थिलिङ्गसकुण (पु.) : हाथी की सूंड सदृश चोंच वाला गीध।

हत्थिसाला (स्त्री.) : हस्ति-शाला।

हत्थिसिप्प (नपुं.) : हस्ति-शिल्प, हाथियों को प्रशिक्षित करने की विद्या / कला।

हत्थिसोण्डा (स्त्री.) : हाथी की सूंड।

हत्थिनी (स्त्री.) : हथिनी।

हदय (नपुं.) : दिल, हृदय।

हदयङ्गम (वि.) : अनुकूल, आकर्षक।

हदयनिस्सित (वि.) : हृदय-आश्रित।

हदयमंस (नपुं.) : हृदय का मांस।

हदयवत्थु (नपुं.) : हृदय का सार।

हदयसन्ताप (पु.) : हृदय का संताप या पश्चात्ताप।

हदयस्सित (वि.) : हृदय-संबंधी।

हनति / हन्ति (क्रि.) : मारता है, चोट पहुंचाता है, जख्मी करता है।

हनन (नपुं.) : मारना, चोट पहुंचाना।

हनु / हनुका (स्त्री.) : दाढ, जबड़ा।

हन्तु (पु.) : जान से मारने वाला, चोट पहुंचाने वाला।

हन्त्वा (पूर्व.क्रि.) : मार डाल कर।

हन्द (अ.) : अच्छा, अब, (मेरी बात पर ध्यान दो, इस अर्थ में अव्यय)।

हम्भो (संबोधन) : अपने समान लोगों को संबोधन करने का ढंग।

हम्मिय (नपुं.) : अनेक तल्लों का मकान।

हय (पु.) : घोड़ा।

हयपोतक (पु.) : बछेड़ा।

हयवाही (वि.) : घोड़ों द्वारा खींची गई (गाड़ी)।

हयानीक (नपुं.) : घुड़सवार सेना।

हर (वि.) : ले जाने वाला, लाने वाला।

हरण (नपुं.) : ले जाना।

हरणक (वि.) : ले जाता हुआ, ले जाया जा सकने वाला (पदार्थ)।

हरति (क्रि.) : ले जाता है, चुरा लेता है, लूट लेता है।

हरायति (क्रि.) : लज्जित होता है, चिंतित होता है।

हरिण (पु.) : मृग, हिरन।

हरित : (वि.) हरा, ताजा; (नपुं.) सागसब्जी।

हरितत्त (नपुं.) : हरितपन, हरियाली।

हरितब्ब (वि) : ले जाये जाने योग्य।

हरिताल (नपुं.) : पीली हरताल, हरिताल।

हरितु (पु.) : ले जाने वाला।

हरित्तच (वि.) : सुनहरे रंग का।

हरिस्सवण्ण (वि.) : सुनहरी झलक वाला।

हरीतक (नपुं.) / **हरीतकी** (स्त्री.) : हरड़।

हरे (संबोधन) : अपने से निम्नस्तरीय व्यक्ति को संबोधित करने के लिए शब्द।

हल (नपुं.) : (खेत जोतने का) हल।

हलं (अ.) : पर्याप्त।

हलाहल (नपुं.) : हलाहल, विष।

हलिद्दा / **हलिद्दी** (स्त्री.) : हल्दी।

हवे (अ.) : निश्चय से, सचमुच।

हव्य (नपुं.) : आहुति।

हसति (क्रि.) : मुस्कराता है, हँसता है।

हसन (नपुं.) : हँसी।

हसित (वि., नपुं.) : मुस्काया, हँसी।

हसितुप्पाद (पु.) : मुस्कराहट।

हस्स (नपुं.) : हास्य, हँसी, मजाक।

हंस (पु.) : हंस पक्षी।

हंसति (क्रि.) : रोमांचित होता है।

हंसन (नपुं.) : रोमांचित होना।

हंसपोतक (पु.) : हंस का बच्चा।

हंसी (स्त्री.) : हंसिनी।

हंसेति (क्रि.) : रोमांचित करता है।

हा (अ.) : अफसोस!

हाटक (नपुं.) : सोना, स्वर्ण ।

हातब्ब (वि) : त्याज्य, त्यागना चाहिए।

हातुं (अ.) : त्याग देने के लिए।

हानभागिय (वि.) : छोड़ने के अनुकूल ।

हानि (स्त्री.) : नुकसान।

हापक (वि.) : हानि का कारण, हानि पहुंचाने वाला।

हापन (नपुं.) : हानि ।

हापेति (क्रि.) : उपेक्षा करता है, विलंब करता है, कम कर देता है।

हायति (क्रि.) : घटाता है, व्यर्थ नष्ट करता है।

हायन (नपुं.) : कमी, ऱ्हास, वर्ष।

हायी (वि.) : छोड़ देने वाला।

हार (पु.) : फूलों की माला या मोतियों आदि की माला।

हारक (वि.) : हटाता हुआ, ले जाता हुआ।

हारिका (स्त्री.) : हटाती हुई, ले जाती हुई।

हारिय (वि.) : ले जाया जा सकने वाला।

हास (पु.) : हँसी।

हासकर (वि.) : आनंद-प्रद।

हासेति (क्रि.) : प्रसन्न करता है, हँसाता है।

हि (अ.) : निश्चय से, वास्तव में ।

हिक्का (स्त्री.) : हिचकी।

हिङ्गु (नपुं.) : हींग।

हिङ्गुलक (नपुं.) : सिंदूर।

हित : (नपुं.) भलाई; (वि.) उपयोगी; (पु.) मित्र।

हितकर (वि.) : हित करने वाला, लाभदायक।

हितावह (वि.) : हितकर ।

हितेसी (पु.) : हितैषी, हित चाहने वाला।

हिन्ताल (पु.) : खजूर।

हिम (नपुं.) : बर्फ।

हिमवन्तु (वि.) : हिमालय पर्वत।

हिय्यो / **हीयो** (क्रि.वि.) : कल (गुजरा हुआ)।

हिरञ्ञ (नपुं.) : सोना।

हिरि (स्त्री.) : लज्जा, संकोच।

हिरिमन्तु (वि.) : शर्मीला, संकोची।

हिरीयति (क्रि.) : लज्जा करता है।

हिरीयना (स्त्री.) : लज्जा, संकोच।

हिरोत्तप्प (नपुं.) : लज्जा-भय (पाप से), लज्जा तथा पापभीरुता।

हिंसति (क्रि.) : हिंसा करता है, चोट पहुंचाता है, चिढाता है।

हिंसन (नपुं.) / **हिंसना** / **हिंसा** (स्त्री.) : हिंसा करना, चोट पहुंचाना, चिढाना, मारना।

हिंसापेति (क्रि.) : कष्ट दिलवाता है, हिंसा करवाता है।

हीन (वि.) : नीच, घटा हुआ।

हीनजच्च (वि.) : हीन-जन्मा।

हीनाधिमुत्तिक (वि.) : मंदोत्साह, नीची ओर झुकाव वाला।

हीयति (क्रि.) : हानि को प्राप्त होता है, त्याग दिया जाता है।

हीर / **हीरक** (नपुं.) : खमाची।

हीळन (नपुं.) / **हीळना** (स्त्री.) : घृणा करना।

हीळेति (क्रि.) : घृणा करता है।

हुङ्कार (पु.) : हुंकार, 'हुं' की आवाज।

हुत (नपुं.) : आहुति।

हुतासन (नपुं.) : अग्नि, आग, अंगार।

हुत्त (नपुं.) : यज्ञ, होम।

हुत्वा (पू.क्रि.) : होकर।

हुरं (क्रि.वि.) : दूसरे लोक में, परलोक में।

हे (अ.) : संबोधन के लिए शब्द।

हेट्ठतो (क्रि.वि.) : नीचे से।

हेट्ठा (क्रि.वि.) : नीचे।

हेट्ठाभाग (पु.) : नीचे का हिस्सा।

हेट्ठामञ्चे (क्रि.वि.) : चारपाई के नीचे।

हेट्ठिम (वि.) : नीचला।

हेठक (वि.) : कष्ट पहुंचाने वाला।

हेठेति (क्रि.) : कष्ट पहुंचाता है।

हेतु (पु.) : कारण, हेतु, उद्देश।

हेतुक (वि.) : कारण से संबंधित।

हेतुप्पभव (वि.) : कारण से उत्पन्न।

हेतुवाद (पु.) : हेतुफल का सिद्धांत।

हेम (नपुं.) : सोना।

हेमजाल (नपुं.) : स्वर्ण-जाल।

हेमन्त (पु.) : हेमंत ऋतु, ठंड का मौसम।

हेमन्तिक (पु.) : हेमंत ऋतु संबंधी।

हेमवण्ण (वि.) : सुनहरे रंग वाला।

हेमवतक (वि.) : हिमालय का, हिमालय में रहने वाला।

हेरञ्जिक (पु.) : सुनार।

हेसा (स्त्री.) : घोड़े का हिनहिनाना।

हेसारव (पु.) : घोड़े के हिनहिनाने की आवाज।

होति (क्रि.) : होता है।

होम (नपुं.) : आहुति।

होमदब्बि (स्त्री.) : यज्ञ करने की करछी, यज्ञ करने की कड़छी।

होरा (स्त्री.) : घंटा (समय)।

होरापाठक (पु.) : ज्योतिषी, भविष्य कथन करने वाला।

होरायन्त (नपुं.) : बड़ी घडी।

होरालोचन (नपुं.) : घड़ी।